सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-314 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 09 मई 2025
10 ज़िक़ादा 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com




## न्यूज डायरी

### कई शहरों में पाकिस्तानी हमलों के बीच, आईपीएल मैच रद्द



**धर्मशाला।** पाकिस्तान से हमलों के बीच धर्मशाला में आईपीएल मैच रद्द कर दिया गया। यह मैच पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जा रहा था। जिस वक्त मैच रद्द किया गया, तब पंजाब की पारी का 11वां ओवर फेंका जा रहा था। अचानक से खेल रुका और अंपायरों ने खिलाड़ियों को मैदान से बाहर जाने के लिए कह दिया। इसके बाद मैदान की फ्लडलाइट्स बुझा दी गईं और दर्शकों को बाहर निकाला जाने लगा। गौरतलब है कि पाकिस्तान ने जम्मू से जैसलमेर तक कई शहरों पर हमला बोला है। हालांकि भारतीय सेना ने सभी हमलों को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया है। इन हमलों के बाद बॉर्डर पर स्थित विभिन्न शहरों में ब्लैकआउट घोषित कर दिया गया है।

### यूपी के सभी सात एयरबेस पर हाईअलर्ट, हवाई पट्टियों पर सुरक्षा बलों को उतारा गया



**लखनऊ।** देश की सीमा पर तनाव के बीच प्रदेश में आंतरिक सुरक्षा के लिए भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। प्रमुख सैन्य एवं रणनीतिक महत्व के प्रतिष्ठानों, अयोध्या, मथुरा, काशी सहित आस्था के प्रमुख केंद्रों, ऐतिहासिक और राष्ट्रीय गरिमा से जुड़े अन्य स्थलों में सुरक्षा बढ़ाने के साथ सतर्कता के निर्देश दिए गए हैं। नेपाल से जुड़े सीमावर्ती गांवों के लोगों से अपील की जा रही कि कोई संदिग्ध दिखने पर तुरंत सूचित करें। स्थानीय दुकानों से खरीदारी के लिए आने वाले नेपाली लोगों पर भी नजर रखी जा रही है। पुलिस बल और एसएसबी की संयुक्त गश्त चल रही है। सीमा से 500 मीटर पहले ही वाहनों को रोककर चेकिंग की जा रही है। लखनऊ के बीकेटी, सहारनपुर के सरसावा, अयोध्या, आगरा, प्रयागराज, बरेली और हिंडन के एयरबेस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। एक्सप्रेसवे पर बनी हवाई पट्टियों पर भी सुरक्षा बलों को उतार दिया गया है।

# भारत ने आठ मिसाइलें और कई ड्रोन मार गिराए

## ऑपरेशन सिन्दूर

- जम्मू से जैसलमेर तक पाकिस्तान का हर हमला रहा नाकाम
- छंब क्षेत्र में सात से आठ धमाके हुए
- पाक सैनिकों ने कुपवाड़ा और बारामूला में की गोलाबारी




**श्रीनगर।** गुरुवार की रात करीब साढ़े आठ बजे पाकिस्तान ने जम्मू को निशाना बनाते हुए ड्रोन से हमला किया है, भारतीय वायु रक्षा तोपें जवाबी फायरिंग कर रही हैं। पाकिस्तानी हमले को भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया है।

जम्मू एयरपोर्ट पूरी तरह से सुरक्षित है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, रक्षा सूत्रों ने बताया है कि पाकिस्तान ने सतवारी, सांबा, आरएसपुरा और अरनिया सेक्टर में आठ मिसाइलें दागीं, सभी को भारतीय वायु रक्षा इकाइयों ने निष्क्रिय कर दिया है। जम्मू में स्थानीय लोगों के मुताबिक रुक-रुककर धमाकों की आवाज सुनी गई है। शुरू में लोगों को लगा कि मॉक ड्रिल हो रही है। लेकिन धमाके की आवाज सुनाई देने के बाद ड्रोन अटैक की खबरें आ गईं। लोगों ने घरों की सारी लाइटें बुझा दीं। जिस समय हमला किया गया उस वक्त कोई खाना बना रहा था तो कोई शहर में जा रहा था। हर जगह यही चर्चा अब तो हालत बिगड़ने वाले हैं। अपने-अपने तरीके से सब घटना के बारे में एक दूसरे को बता रहे हैं। सब फोन कर एक दूसरे का हाल पूछने में लगे रहे। हर तरफ चर्चा है कि अब तो पाकिस्तान को बर्बाद करके ही लड़ाई थमनी चाहिए। धमाकों की आवाज सुने जाने के बाद सायरन के साथ जम्मू एयरपोर्ट, आरएसपुरा और सांबा में ब्लैकआउट किया गया है। सांबा कस्बे के आसपास गोले गिरने की खबर है। छंब क्षेत्र में सात से आठ धमाके हुए हैं। मढ़ मिश्रीवाला में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया गया है। फिलहाल मढ़ क्षेत्र में बिजली बंद कर दी गई है। राजौरी शहर के पास हवा में दिखे कई गोले देखे गए हैं। पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार को दावा किया कि भारत ने कराची और लाहौर जैसे बड़े शहरों सहित कई स्थानों को निशाना बनाने के लिए ड्रोन हमले किए हैं।

भारत ने पाकिस्तान के जिन इलाकों को निशाना बनाया है, उन जगहों पर इस्राइल से मिले हार्पी ड्रोन का इस्तेमाल किया है।

## पठानकोट में धमाके, एयरबेस सुरक्षित, इंटरनेट बंद, चंडीगढ़ और गुरदासपुर में ब्लैकआउट



**गुरदासपुर।** भारत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला का बदला ऑपरेशन सिंदूर से लिया है। भारत की इस कार्रवाई से पड़ोसी मुल्क बौखलाया हुआ है। ऐसे में पंजाब में अब हाई अलर्ट है। पंजाब के सीमावर्ती जिला गुरदासपुर में अब रोजाना रात को ब्लैक आउट रहेगा। वहीं पठानकोट में भी जिला प्रशासन ने ब्लैक आउट कर दिया है। जानकारी मिल रही है कि पठानकोट बॉर्डर एरिया में धमाके हुए हैं। हालांकि पठानकोट एयरबेस पूरी तरह सुरक्षित है। गुरदासपुर के साथ पठानकोट में भी ब्लैक आउट कर दिया गया है। पठानकोट में सभी दुकानें और इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। इसके अलावा फिरोजपुर, अमृतसर, जालंधर, बटाला, फाजिल्का और अबोहर में भी ब्लैक आउट कर दिया गया है। इसके अलावा पंजाब हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में भी रात साढ़े नौ बजे सायरन बजने की आवाज गूंजी और तुरंत पूरे शहर में ब्लैक आउट कर दिया गया। चंडीगढ़ के डीसी निशांत कुमार यादव का कहना है कि चंडीगढ़ में ड्रोन अटैक का अलर्ट है। इसलिए ब्लैक आउट कर दिया गया है। इसके अलावा मोहाली और पंचकूला में भी ब्लैक आउट कर दिया गया है। मोहाली में दो घंटे के लिए ब्लैक आउट रहेगा।

# लेह में लगी धारा 163

## सार्वजनिक जगहों पर ड्रोन यूएवी उड़ाने पर लगा प्रतिबंध



**लेह।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए लेह जिले में ड्रोन या मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) को उड़ाने पर प्रतिबंध लगा दिया। अधिकारियों ने विश्वसनीय जानकारी और राष्ट्र विरोधी तत्वों द्वारा ड्रोन या यूएवी के संभावित दुरुपयोग को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया है। लेह के जिला मजिस्ट्रेट संतोष सुखदेव ने स्थानीय लोगों, पर्यटकों या निजी व्यक्तियों द्वारा ड्रोन और यूएवी उड़ाने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया और कहा कि आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित कानूनों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लोगों की सुरक्षा को देखते हुए यह आदेश भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ढांचे पर मिसाइल हमले किए जाने के एक दिन बाद जारी किया गया। आदेश में कहा गया है कि सार्वजनिक सुरक्षा, सुरक्षा प्रतिष्ठानों और आम जनता के लिए खतरे की आशंका को देखते हुए, लेह के पुलिस अधीक्षक ने आम जनता और पर्यटकों द्वारा ड्रोन और यूएवी उड़ाने पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी करने का अनुरोध किया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए उन्होंने कहा कि लेह जिले के संपूर्ण अधिकार क्षेत्र में स्थानीय लोगों, पर्यटकों या किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार के ड्रोन या यूएवी को उड़ाना, चलाना या उपयोग करना सख्त वर्जित है। आदेश में यह भी कहा गया है, 'कोई भी व्यक्ति जो इस आदेश का उल्लंघन करते हुए किसी ड्रोन या यूएवी को उड़ते हुए देखता है तो उसे तुरंत पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) या पुलिस अधिकारियों को इसकी सूचना देनी चाहिए।


## सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, यूपी और राजस्थान की सरकारों को लगाई फटकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान की सरकारों को फटकार लगाई है। यह फटकार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड्स में रिक्तियों को लेकर लगाई गई। सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में 55 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं। सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि रिक्तियों की वजह से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड काम नहीं कर पा रहे हैं और लगभग खत्म होने के कगार पर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के मुख्य सचिवों को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने राजधानी दिल्ली और इससे लगते राज्यों यूपी, हरियाणा और राजस्थान के मुख्य सचिवों को अवमानना नोटिस जारी किया है। नोटिस में सुप्रीम कोर्ट ने उसके अगस्त 2024 के निर्देशों का पालन न करने की बात कही है। जिसमें अदालत ने इस साल 30 अप्रैल तक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड्स में रिक्तियां भरने का निर्देश दिया था।

## हाईकोर्ट जजों की नियुक्ति में देरी, सरकार को सुप्रीम निर्देश

### कॉलेजियम की सिफारिशों को दी जाए मंजूरी



**नई दिल्ली।** देश के उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिए हैं कि वह हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति पर कॉलेजियम की सिफारिशों को शीघ्रता से मंजूरी दे।

कोर्ट ने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कई सिफारिशें केंद्र के पास लंबित हैं। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट में लंबित मामलों को लेकर भी चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि देश के उच्च न्यायालयों में 7,24,192 आपराधिक अपीलें लंबित हैं। इसमे अकेले इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 2.7 लाख मामले लंबित हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बताया था कि नवंबर 2022 से अब तक हाईकोर्ट जजों के लिए सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 221 नामों का अनुमोदन किया है। इसमें से 29 नाम केंद्र सरकार के पास लंबित हैं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित न्यायाधीशों के नाम, उच्च न्यायालयों या शीर्ष अदालत के वर्तमान या सेवानिवृत्त न्यायाधीशों से उनके संबंध और सरकार द्वारा स्वीकृत प्रस्तावों की संख्या की जानकारी साझा की थी। सुप्रीम कोर्ट ने बताया था कि कॉलेजियम ने नौ नवंबर 2022 से 10 नवंबर 2024 तक उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए 330 नामों का अनुमोदन किया था।

### पड़ोसी मुल्क के दावों पर भारत का जवाब, विदेश मंत्रालय ने दी कार्रवाई की जानकारी

# जन्म से ही झूठा है पाकिस्तान : विदेश सचिव

- पाकिस्तान ने हमेशा आतंकियों का बचाव किया
- पुंछ में गुरुद्वारे को निशाना बनाया
- आतंकियों के जनाजे में पाक सेना शामिल हुई



**नई दिल्ली।** भारत ने गुरुवार को पाकिस्तान के हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया है। आज हुई कार्रवाई को लेकर विदेश मंत्रालय ने जानकारी साझा की है।

विदेश मंत्रालय की इस प्रेस कॉन्फ्रेंस को कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह और विदेश सचिव विक्रम मिसरी शामिल हुए। कर्नल सोफिया ने बताया कि, गुरुवार को भारत के सीमावर्ती राज्यों के कई ठिकानों को निशाना बनाया था। जिसे नाकाम कर दिया गया था। इन हमलों में ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया था। विदेश मंत्रालय की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया था। जबकि पाकिस्तान ने सात-आठ मई को उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई ठिकानों पर ड्रोन हमले करने प्रयास किया गया। इसे वायु रक्षा प्रणालियों ने निष्क्रिय किया। यह पाकिस्तानी हमलों का प्रमाण है। इसके जवाब में भारत ने लाहौर में एक वायु रक्षा प्रणाली को निष्क्रिय किया। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने एलओसी पर गोलीबारी बढ़ा दी है। इसमें 15 लोगों की मौत हो गई। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि भारत ने करारा जवाब दिया है। पाकिस्तान के रडार सिस्टम को हमने निशाना बनाया। लाहौर का एयर डिफेंस सिस्टम नष्ट कर दिया गया। पहलगाम हमले का भारतीय सेना ने जवाब दिया है। विक्रम मिस्री ने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री और पूर्व विदेश मंत्री ने माना है कि उनका आतंकी संगठनों के साथ कैसा रिश्ता है। उनकी छवि आतंक समर्थक की है। पाकिस्तान पहलगाम हमले की जांच की मांग कर रहा है, हम सभी को पाकिस्तान का इतिहास पता है। हम पहले भी आतंकी हमलों की जांच के सारे सबूत दे चुके हैं। मुंबई, पुलवामा, पठानकोट के हमलों को लेकर भी हमने सबूत दिए थे, लेकिन कुछ नहीं हुआ। पाकिस्तान ने हमेशा आतंकियों का बचाव किया है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि सात मई को केवल आतंकी शिविरों को ही निशाना बनाया गया। हमने किसी सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया है। पाकिस्तान ने भारत के पुंछ में सिख गुरुद्वारे पर हमला किया। सिख समुदाय को निशाना बनाया।

# अब सिफारिश नहीं, पारदर्शिता ही पहचान: योगी

- नवनियुक्त शिक्षकों से सीएम योगी की दो-टूक सेवा में आए हैं तो समर्पण दिखाएं, प्रेरणा बनें
- वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के 23 राजकीय विद्यालयों में मिनी स्टेडियम का शिलान्यास भी किया




लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी ने 543 शिक्षकों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लोकभवन में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित 543 नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों से अपेक्षा की कि वे अपनी योग्यता, समर्पण और नवाचार से न केवल बच्चों का मार्गदर्शन करें, बल्कि उनके लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनें। मुख्यमंत्री ने दो-टूक कहा कि अक्सर देखा गया है कि सरकारी सेवा में आने से पहले लोग ऊंचे आदर्शों की बातें करते हैं, लेकिन सेवा में आने के बाद उनका समर्पण कम हो जाता है। यह न सिर्फ गलत है, बल्कि समाज और राष्ट्र के साथ अन्याय भी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले आठ वर्षों में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत प्रदेश में आठ लाख युवाओं को विभिन्न सरकारी सेवाओं में नियुक्ति मिली है। अकेले माध्यमिक शिक्षा विभाग में 40 हजार से अधिक नियुक्तियां हुई हैं। वर्ष 2024 में ही आठ शिक्षकों का चयन हुआ, जिनमें से गुरुवार को 550 को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। योगी आदित्यनाथ ने पारदर्शी चयन प्रक्रिया की सराहना करते हुए कहा, किसी भी चयन में सिफारिश की कोई गुंजाइश नहीं रही। यह पूर्णतः निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया है, जिस पर कोई सवाल नहीं उठ सकता। मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की शिक्षा व्यवस्था पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि उस समय माध्यमिक शिक्षा नकल के लिए बदनाम थी और परीक्षाएं ठेके पर होती थीं। अब हालात बदल चुके हैं। 56 लाख परीक्षार्थियों की परीक्षा सिर्फ 14 दिनों में संपन्न हुई और 15 दिन में परिणाम भी घोषित कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने 'ऑपरेशन कायाकल्प', 'प्रोजेक्ट अलंकार जैसी योजनाओं की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से विद्यालयों के इंफ्रास्ट्रक्चर में व्यापक सुधार हुआ है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अटल टिंकरिंग लैब और सूचना लैब योजना से जुड़े विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को प्रमाण पत्र दिए। साथ ही वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के 23 राजकीय विद्यालयों में मिनी स्टेडियम का शिलान्यास भी किया।

## सर्वदलीय बैठक

### राहुल गांधी ने उठाई विशेष सत्र की मांग

# सेना के साथ खड़ा है विपक्ष : खड़गे


- सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और उसके बाद की स्थिति पर दी जानकारी
- सीमा के निकट लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए : मल्लिकार्जुन खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के बाद कहा कि विपक्ष देश के सशस्त्र बलों के साथ खड़ा है और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की।

उन्होंने यह भी कहा कि इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सर्वदलीय बैठक में नहीं आना दुख की बात है। खड़गे ने संवाददाताओं से कहा, हम चाहते थे कि इस बैठक में प्रधानमंत्री जी पधारें और आतंकवादियों के खिलाफ की गई कार्रवाई को लेकर अपनी बात रखें। लेकिन वह नहीं आए। पिछली बैठक में भी नहीं आए थे। यह बहुत दुख की बात है।÷ उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी दलों के लोग और दूसरे दलों के लोगों ने एक स्वर में कहा था कि वो हर कदम पर सरकार और सेना के साथ हैं। खड़गे ने कहा कि सभी ने यह मुद्दा उठाया कि सीमा के निकट लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए और जम्मू कश्मीर में जो लोग मारे गए हैं उनके परिवारों का ख्याल रखा जाए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पाकिस्तान में सिर्फ आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा, ÷हमने पूरा समर्थन दिया है।÷ उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी ने कहा कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए जिसका अच्छ संदेश जाएगा। खड़गे का कहना था कि विशेष सत्र की मांग पर सरकार ने कोई जवाब नहीं दिया। सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता और उसके बाद की स्थिति को लेकर सर्वदलीय बैठक में सभी दलों के नेताओं को जानकारी दी। गत 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों और विपक्षी नेताओं की पिछले एक पखवाड़े में यह दूसरी बैठक थी। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, एस जयशंकर, जे पी नड्डा और निर्मला सीतारमण ने बैठक में सरकार का प्रतिनिधित्व किया, जबकि कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय और द्रमुक के टी आर बालू तथा कई अन्य विपक्षी नेता शामिल थे।

## दुनिया ने देखा भारत का शौर्य : राजनाथ सिंह



**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अकल्पनीय सटीकता के साथ अंजाम दिया। राजनाथ ने कहा कि इस अभियान में बड़ी संख्या में आतंकवादी मारे गए। दिल्ली स्थित डीआरडीओ में आयोजित नेशनल क्वालिटी कॉन्क्लेव में रक्षा मंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम देने में दिखाए गए साहस और वीरता के लिए भारतीय सशस्त्र बलों को बधाई दी। राजनाथ ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' को इस तरह से अंजाम दिया गया कि आम नागरिकों को न्यूनतम क्षति हो और यह हमारे 'सख्त' और 'पेशेवर' रूप से प्रशिक्षित सशस्त्र बलों और उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों के कारण संभव हो सका।

## गंगोत्री मार्ग पर हेलीकॉप्टर क्रैश पायलट समेत छह लोगों की मौत

उत्तराखंड में बड़ा हादसा



**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के देहरादून से उत्तरकाशी जनपद अंतर्गत स्थित श्री गंगोत्री धाम की यात्रा पर श्रद्धालुओं को ले जा रहा एक हेलीकॉप्टर के गुरुवार को दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से छह लोगों की मौत हो गयी। हेलीकाप्टर में पायलट सहित कुल सात लोग सवार थे। इनमें से छह लोगों के शव बरामद हुए हैं जबकि एक यात्री सुरक्षित है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के सेनानायक (कमांडेंट) आईपीएस, अर्पण यदुवंशी ने बताया कि आज सुबह लगभग 08:50 बजे गंगनानी क्षेत्र में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली। इस पर पोस्ट भटवाड़ी से मुख्य आरक्षी नवीन कुमार के नेतृत्व में टीम तत्काल रवाना की गई जबकि पोस्ट उजेली से उपनिरीक्षक पुष्कर जीना के नेतृत्व में दूसरी टीम रवाना हुई। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ टीम भटवाड़ी ने घटनास्थल पर पहुंचकर देखा कि हेलीकॉप्टर लगभग 200 से 250 मीटर गहरी खाई में गिरा हुआ है। उन्होंने बताया कि टीम ने घटनास्थल पर बेस बनाकर खाई में उतरने का रेस्क्यू कार्य प्रारंभ कर दिया है।दूसरी ओर राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से मिली जानकारी के अनुसार हेलीकॉप्टर में कुल 7 व्यक्ति सवार थे। जिनमें 1 पायलट और 6 यात्री शामिल हैं। जिनमें पायलट रॉबिन सिंह सहित कुल छह लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं।

# निर्माण कार्य में ढिलाई पर सख्त हुए सीडीओ

## कार्यदाई संस्था को नोटिस, 45 दिन में काम पूरा करने का अल्टीमेटम



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिले में निर्माण कार्यों की सुस्त रफ्तार पर अब शिकंजा कसना शुरू हो गया है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने बीएसए प्रवीण तिवारी संग गुरुवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय राजापुर और कोरिया जंगल स्थित निर्माणाधीन उच्चीकृत विद्यालय भवन का औचक निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था को कड़े निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान सीडीओ अभिषेक कुमार ने निर्माण स्थल पर उपयोग की जा रही सामग्री–ईंट, टाइल्स और सीमेंट का मौके पर सैंपल लिया और उसकी गुणवत्ता की जांच के निर्देश दिए। उन्होंने पाया कि कार्यस्थल पर मैनपावर की उपलब्धता कम है और निर्माण कार्य की रफ्तार भी अत्यंत धीमी चल रही है। इस लापरवाही पर नाराज़गी जताते हुए सीडीओ ने कार्यदायी संस्था सीएनडीएस को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्य हर हाल में 45 दिनों के भीतर गुणवत्ता सहित पूरा होना चाहिए सीडीओ ने निर्देश दिया कि कार्यदायी संस्था प्रत्येक निर्माण गतिविधि के लिए अलग-अलग टाइम स्लॉट तय किए, ताकि गर्मी की छुट्टियों के बाद विद्यालय की कक्षाएं सुचारु रूप से संचालित हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि राजापुर में संचालित विद्यालय में पहले से ही ओवरक्राउडिंग है, इसलिए नए भवन का समय पर पूर्ण होना अत्यंत आवश्यक है इसके बाद सीडीओ ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, राजापुर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वाटर कूलर बंद पाया गया, जिस पर उन्होंने तत्काल उसे क्रियाशील करने के निर्देश दिए। वहीं प्रथम तल पर अत्यधिक गर्मी को देखते हुए मूवेबल कूलर लगाने का आदेश भी दिया गया। सीडीओ ने स्पष्ट किया कि छात्राओं की शिक्षा और सुविधा में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# संदीप वर्मा ने रिहाई के लिए वकीलों को किया धन्यवाद

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी ।**1 मई 2025 को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव/ राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन पर लगातार हो रहे प्राण घातक हमले के विरोध में ज्ञापन देने के कार्यक्रम में समाजवादी महिला सभा की जिलाध्यक्ष प्रख्याति खरे और महासचिव आरती जनवार व समाजवादी साथियों द्वारा सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला जलाया गया था इसी क्रम में छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष संदीप वर्मा, रमन मनार, सुधाकर लाला भी इस आताताई सरकार के खिलाफ अपना मुखर विरोध प्रदर्शित किया। जिस पर आताताई सत्ता के इशारे पर संदीप वर्मा एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष छात्रसंघ युवराज दत्त महाविद्यालय लखीमपुर /सदस्य जिला पंचायत खीरी, सुधाकर लाला जिला महासचिव छात्रसभा, रमन मनार जिला सचिव छात्रसभा को पुलिस ने जेल भेज दिया।

जबकि महिला सभा की चारों महिलाओं को छोड़ दिया। जिस पर पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल यादव, दोनों सांसद आनंद भदौरिया व उत्कर्ष वर्मा, पूर्व विधायक रामसरन, पूर्व विधायक विनय तिवारी, पूर्व विधायक सुनील कुमार भार्गव, पूर्व जिला अध्यक्ष अनुराग पटेल, पूर्व एम एल सी शशांक यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष मो0 कयूम खा तथा बार के अध्यक्ष कमलाकांत दीक्षित, महामंत्री राजीव पांडे सहित पूरे अधिवक्ता साथियों को बहुत बहुत धन्यवाद साथ ही तीनों समाजवादी साथियों का केश लड़ रहे हाई कोर्ट के अधिवक्ता धीरेन्द्र सिंह व अरविंद वर्मा, सिविल कोर्ट के अधिवक्ता सुरेंद्र कुमार, यदुवेन्द्र वर्मा उर्फ पम्मू, इसरार अहमद, हरजीत सिंह, रियाजुल्ला खां, अंसार महलूद, अशोक कश्यप, प्रवीन यादव, उमेश गिरि, यशमोहन पटेल, उत्तम वर्मा, संजय वर्मा, अभय प्रताप सिंह बन्टी, भूपेन्द्र सिंह वर्मा, शेखू मिर्जा, गुरूप्रीत सिंह, विनय मिश्रा, प्रशान्त लाला सहित सभी समाजवादी साथियों का आभार व बहुत बहुत धन्यवाद।

## चोरी किये हुए सोने चांदी के जेवरात व 25,700 रू0 नगद बरामद कर घटना का किया सफल अनावरण

**लखीमपुर-खीरी।** थाना धौरहरा पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 08.05.2025 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 243/2025 धारा 305(ए)/331(4)/317(2) बीएनएस व मु0अ0सं0 246/2025 धारा 305(ए)/331(4)/317(2) बीएनएस व मु0अ0सं0 268/2025 धारा 109(1) बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त सुरेन्द्र चौहान पुत्र कन्धई निवासी ग्राम गवारी थाना थानगांव जनपद सीतापुर को लालजीपुरवा मोड़ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी के 01 जोड़ी कान का बाला, 01 जोड़ी पाजेब, 01 जोड़ी पायल व 25,700/- रूपये नगद बरामद हुआ है। अभियुक्त को गिरफ्तार करके आवश्यक कार्रवाई करते हुए चालन न्यायालय भेजा गया ज्ञातव्य है कि कुछ दिन पूर्व थाना क्षेत्र के ग्राम अमेठी व ग्राम परसापुरवा में अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना का सफल अनावरण करने हेतु टीम गठित कर संदिग्ध वाहन व्यक्ति चोकिंग की जा रही थी। दिनांक 5.5.2025 को चेकिंग के दौरान अभियुक्त धनमेश्वर पुत्र चेतराम को पुलिस मुठभेड़ मे गिरफ्तार किया गया था तथा शेष अभियुक्तगण रंजीत, सुरेन्द्र उपरोक्त व जगतू मौके से भागने में सफल हुए थे। अभि0 धनमेश्वर के कब्जे से चोरी के कुछ समान बरामद हुए थे। आज दिनांक 8.5.25 को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सुरेंद्र चौहान पुत्र कन्धई निवासी ग्राम गवारी थाना थानगांव जिला सीतापु को रात्रि में लालजीपुरवा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया व कब्जे से चोरी किये हुए सोने चांदी के जेवरात व 25,700 रू0 नगद बरामद हुआ है। अभियुक्त द्वारा अपने जुर्म का इकबाल किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा हेतु भेजा जा रहा है।

## खेत और शारदा नहर में कई गोवंशों के अवशेष मिलने से इलाके में फैला रोष

**लखीमपुर-खीरी।** थाना भीरा क्षेत्र के गांव गदियाना के निकट खेत और शारदा नहर में कई गोवंशों के अवशेष मिलने से इलाके में रोष फैल गया। बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने अवशेषों को जेसीबी की मदद से नहर से बाहर निकलवाया और उसे जमींदोज किया पुलिस ने ग्राम प्रधान की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है गुरुवार की सुबह गांव गदियाना के ग्रामीण खेतों की तरफ गए थे। इस दौरान उन्हें गांव के सीताराम के खेत में कई गोवंशीय पशुओं के अवशेष दिखाई दिए। खून से कुछ जमीन लाल थी कुछ अवशेष करीब दो सौ मीटर दूर बह रही शारदा नहर में भी देखे गए। इससे लोगों में हड़कंप मच गया। गौकशी की सूचना मिलते ही लोगों में भारी आक्रोष पनप गया। ग्राम प्रधान समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोग हंगामा कर नाराजगी जताने लगे। सूचना पाकर फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे एसओ ने उत्तेजित ग्रामीणों को किसी तरह से समझा बुझाकर शांत कराया और घटना में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर लोग शांत हुए। पुलिस ने पशु चिकित्सक और जेसीबी बुलवाई। जेसीबी की मदद से शारदा नहर में फेंके गए अवशेषों को बाहर निकाला। पुलिस ने अवशेषों को जमींदोज कर दिया है। पुलिस ने ग्राम प्रधान गदियाना अखिलेश बाजपेई की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है थाना भीरा क्षेत्र में गौकशी की घटनाएं पुलिस की लापरवाही के कारण रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि करीब एक छह दिन पहले भी गौकशी की घटना हुई थी। कसाई गोवंशीय पशुओं के अवशेषों से भरा थैला इसी जगह पर डालकर भाग गए थे। इस घटना की सूचना भी पुलिस को दी गई थी, लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। नतीजतन एक बार फिर गोकशी हो गई। लोगों ने पुलिस की गश्त पर भी सवाल उठाए हैं। एक हफ्ते भर में दो बार हुई घटना के बाद से लोगों में पुलिस के प्रति भी काफी नाराजगी है।

## बाइक की लाइट आंख पर बार-बार मारने का विरोध करना पड़ा काफी महंगा

**लखीमपुर-खीरी । शहर** के मोहल्ला शिव कॉलोनी में खाली पड़े मैदान में टहल रहे युवक को बाइक की लाइट आंख पर बार-बार मारने का विरोध करना काफी महंगा पड़ गया। आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज की और जान से मारने की नियत से उस पर गोली चला दी। गनीमत रही कि वह बाल-बाल बच गया किसी तरह से उसने मौके से भाग कर अपनी जान बचाई। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर जांच तेज कर दी है मोहल्ला शिव कॉलोनी निवासी समीर खां ने बताया कि वह बुधवार की शाम वह अपने घर वापस आया और गाड़ी खड़ी कर कुछ देर बाद घर के पीछे खाली पड़े मैदान में टहलने चला गया। रात करीब 9~40 बजे उसके मोहल्ले का ही मोईन खां, रोहित वर्मा और आयुष अपनी बाइक से आ गए। आरोपी बाइक की हेड लाइट बार-बार उसकी आंखों पर लगाने लगे। उसने जब लाइट आंख पर मारने का विरोध किया तो तीनों आरोपी भड़क गए और गाली गलौज करते हुए गोली मार देने की धमकी देने लगे। इसी बीच आयुष दौड़कर अपने घर चला गया और वहां से तमंचा उठाकर ले आया। उसने तमंचा मोईन को दे दिया। मोईन ने जान से मारने के इरादे पर उस पर गोली चला दी। गोली चलने पर जब वह भागा तो रोहित ने उसे पकड़ लिया, लेकिन किसी तरह से वह छबूटकर अपने घर पहुंचा और अपनी जान बचाई। गोली चलने की आवाज से मोहल्ले में हड़कंप मच गया। तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। उस पर आरोपी तमंचा लहराते और धमकाते हुए मौके से भाग गए। उसने यूपी 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर जब तक पुलिस पहुंचती आरोपी जा चुके थे। पीड़ित ने घटना की तहरीर कोतवाली

# सेवा, समर्पण व संघर्ष की प्रतिमूर्ति थे पं.श्याम बिहारी मिश्रः टण्डन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** व्यापारियों के मसीहा व प्रेरणास्त्रोत पं.श्याम बिहारी मिश्रा की 87वीं जयंती के अवसर पर प्रभु जी की रसोई में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की जिला इकाई के पदाधिकारियों ने गरीब व जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क भोजन वितरित किया। स्थानीय गांधी पार्क स्थित प्रभु जी की रसोई के प्रांगण में व्यापारी प्रतिनिधियों ने पं.श्याम बिहारी मिश्रा के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके द्वारा दिये गये संदेशों के अनुरूप संगठन के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करने का संकल्प दोहराया और गरीब व जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क भोजन वितरित किया। जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन ने कहा कि पं.श्याम बिहारी मिश्रा देश के व्यापारियों के पथ प्रदर्शक थे। उन्होंने कहा कि श्री मिश्रा चार बार कानपुर के बिल्हौर संसदीय क्षेत्र से चुनाव जीतकर लोकसभा में पहुंचे लेकिन उनके द्वारा हमेशा व्यापारी हितों के लिए संघर्ष किया गया। जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन ने जीएसटी के सरलीकरण व इसकी दरों को कम करने, आयकर धारा की 43बी के संशोधन को वापस लेने और ऑनलाईन टेऻडिंग पर भी अंकुश लगाने समेत अन्य समस्याओं को लेकर व्यापारियों को संघर्ष के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर रमेश अरोडा, कर्नल संजय मिडढा, राजीव अग्रवाल, संजय महेश्वरी, मुरली खन्ना, अशोक मलिक, नितिन भारद्वाज, हरविन्दर मोहन, संजय गर्ग आदि मौजूद रहे।

## पक्षियों को आसरा- पार्कों में लगाये गए दो सौ घोंसले

**सहारनपुर।** भीषण गर्मी के चलते महापौर डॉ. अजय कुमार के निर्देश पर 'पर्यावरण और हम' कार्यक्रम के तहत पक्षियों को दाना-पानी और आसरा (घोंसला) उपलब्ध कराने का अभियान नगर निगम द्वारा लगातार जारी है। अभियान के तहत शहर के विभिन्न पार्कों में घोंसले, बर्ड फीडर और पॉट रखे जा रहे हैं।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सुखद पहल करते हुए पक्षियों को दाना पानी और घोंसले उपलब्ध कराने का अभियान गत सप्ताह शुरु किया था। अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने बताया कि अभियान के तहत नगर निगम द्वारा गांधी पार्क, संजय गांधी पार्क, रायवाला स्थित प्रभाकर उद्यान, ऑफिसर्स कॉलोनी, महाराणा पार्क सहित अनेक पार्कों एवं उद्यानों में दो सौ से अधिक घोंसले लगवाए गए हैं एवं पानी के पॉट रखवाए गए हैं। बड़े वृक्षों पर एयर लिफ्टर की मदद से घोंसले लगाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लुप्त होती गौरया की प्रजातियों को बचाने की दिशा में यह एक सकारात्मक प्रयास है।

अपर नगरायुक्त ने बताया कि अभियान के तहत अधिकारियों एवं सरकारी कार्यालयों के परिसर तथा देहरादून रोड, दिल्ली रोड व डीएम आवास रोड जैसे सघन वृक्षों वाले मार्गो पर भी घोंसले लगवाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि विभिन्न स्थानों पर करीब 50 बर्ड फीडर भी लगवाए गए हैं।

## पति पत्नी में हुई कहासुनी पत्नी ने खाया जहर हुई मौत

**लखीमपुर-खीरी ।थाना** खीरी क्षेत्र के गांव भानपुर में गुरुवार की सुबह बच्चे के स्कूल जाने को लेकर पति पत्नी में कहासुनी हो गई। इसके बाद पत्नी ने जहर खा लिया। गंभीर हालात में महिला को परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां पर उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## कम्पनी वेन्डर ठेकेदारो का लम्बे समय से नहीं कर रही भुगतान



**सहारनपुर।** लम्बे समय से भुगतान न किए जाने के विरोध में वेन्डर ठेकेदारों आज जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और प्रशासनिक अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपते हुए एनकेजी इनफरास्ट्रक्चर लिमिटेड कम्पनी को पूरा भुगतान करने के लिए निर्देशित करने की मांग की। कम्पनी के वेन्डर ठेकेदारों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि वह जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सहारनपुर में कार्य कर रही कम्पनी एन.के.जी. इनफरास्ट्रक्चर लिमिटेड में कार्यरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि लम्बे समय से हम सभी ठेकेदारो का भुगतान नही किया जा रहा है। अधिकतर ठेकेदारो ने कर्ज पर पैसा लेकर लगा रखा है तथा सभी ठेकेदारो की आर्थिक स्थिति बहुत दयनीय हो गई है। हम ठेकेदारो से जुडे हुये मजदूर वर्ग के पैसे भी नही दिये जा रहे है। जिसके कारण हर रोज ठेकेदारो के घर पंचायत हो रही है, जिसके कारण ठेकेदार बहुत ज्यादा मानसिक तनाव में है। इस सम्बन्ध में जब हम ठेकेदार लोग गाजियाबाद एन.के.जी. के ऑफिस में पैसे मांगने जाते है तब वहां से हमे वहां से भगा दिया जाता है। इस सम्बन्ध में हम सभी लोग कई बार जल निगम के अधिशासी अभियन्ता (ग्रामीण) से मिल चुके है तथा उनके द्वारा भी कम्पनी को भुगतान के लिये कई बार निर्देशित किया जा चुका है। परन्तु कम्पनी भुगतान नही कर रही है। उन्होंने मांग की कि एन.के.जी. कम्पनी को पूरा भुगतान करने के लिए निर्देशित किया जाये। ज्ञापन देने वालो में आयुष गर्ग, खुशी मलिक, सुभाष सिंह, काजल, संजीव, अमित, शहनवाज, सद्दाम, फैयाज, असलम, जुबेर आदि मौजूद रहे।

## वार्डो का विकास ही शहर का विकासः महापौर

# दो वार्डो में 84 लाख से बनेगी सीसी रोड व नालियां, महापौर ने किया शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज शहर के दो वार्डो वार्ड 26 व वार्ड 33 में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्यो का पूजा अर्चना के बाद सड़क पर गेंती मारकर व नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। उक्त कार्यो पर करीब 84 लाख रुपये की लागत आयेगी। वार्ड 26 में एक लाख रुपये की लागत से विकसित होली चौक स्थल का फीता काटकर लोकार्पण भी किया गया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने आज शहर के विकास की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए दो वार्डो में सीसी सड़कों एवं नालियों के निर्माण का शुभारंभ किया। वार्ड 26 में 15 लाख रुपए एवं 25 लाख रुपए की लागत से निर्मित दो सड़कों के निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर विधिवत शुभारंभ किया गया। वार्ड 33 स्थित सेंट्रल पार्क कॉलोनी में 18.58 लाख रुपये एवं अनुराग विहार में 25 लाख रुपये की लागत से निर्मित सड़क-नाली के निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया गया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि वार्डो का विकास ही शहर का विकास है। सड़कों एवं नालियों आदि का निर्माण आम जन के जीवन की गुणवत्ता में सुधार की प्रक्रिया है। नगर निगम अपने संसाधनों का संतुलित उपयोग करते हुए शहर के विकास की दिशा में लगातार काम कर रहा है। हमारा संकल्प है कि नगर का प्रत्येक वार्ड विकास की मुख्यधारा से जुड़े और नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं लगातार मिलती रहें। उन्होंने कहा कि यह कार्य क्षेत्रवासियों की काफी समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए शुरु कराया गया है। इससे क्षेत्रीय लोगों को न केवल आवागमन में सुविधा मिलेगी, बल्कि क्षेत्र की सफाई और जल निकासी व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी।

# निस्वार्थ सेवा से प्राप्त होती है खाटू श्याम की कृपाः रिंकल



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** चुलकाना धाम से पधारे रिंकल पुजारी ने कहा कि निस्वार्थ सेवा से खाटू श्याम की कृपा प्राप्त होती है। राधा विहार स्थित चमत्कारी श्री खाटू श्याम मंदिर के वार्षिकोत्सव उपलक्ष में भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया। चुलकाना धाम से पधारे मुख्य पुजारी रिंकल पुजारी का चमत्कारी श्री खाटू श्याम मंदिर सेवा समिति की ओर से स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। रिंकल पुजारी ने कहा कि श्याम बाबा ने जहां पर शीश का दान दिया, वही चुलकाना धाम है। वहां की मिट्टी आज भी बाबा श्याम के बलिदान की अमर कथा सभी श्याम प्रेमियों को प्रेरित करती है। श्याम बाबा की शरण में आने पर सभी संकट और दुख कट जाते हैं। उन्होंने कहा कि कलयुग में श्याम ही हारे का सहारा है। इस दौरान वृंदावन से पधारी हरिदास मीनू शर्मा ने खाटू श्याम और भगवान श्री कृष्ण के मधुर भजनों से भक्तों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। हापुड़ से पधारे संजू पागल ने अपनी मधुर आवाज से श्याम भजनों के माध्यम से सभी लोगों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। इस अवसर पर रमेश शर्मा, अजब सिंह चौहान, अनिल नारंग, अनिल काम्बोज, मुकेश काम्बोज, सागर गुप्ता, ऋषभ शर्मा, रमेश,भूपेंद्र पुंडीर, जगदीश कश्यप, वर्षा, किरण, बबली, संगीता, सपना, कुसुम आदि समेत भारी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद रहे।

## विश्व थैलेसीमिया दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

**सहारनपुर।** वंशिका थैलेसीमिया सोसाइटी के तत्वावधान में विश्व थैलेसीमिया दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। हकीकत नगर बड़ा चौक स्थित बारातघर में वंशिका थैलेसीमिया सोसाइटी के पदाधिकारियों द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ समाजसेवी महेंद्र तनेजा ने किया। शिविर में संस्था के पदाधिकारियों ने लोगो से अपील की कि थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी से जूझते बच्चों की मदद करें और रक्तदान करने के लिए आगे आये। शिविर मे संस्था संस्थापक जितेंद्र परूथी ने कहा कि रक्तदान महादान है और हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए।

# 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित



*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। 'एक राष्ट्र एक चुनाव' को लेकर आयोजित अखिल भारतीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में वक्ताओं ने इसके फायदे गिनवाते हुए आमजन को जागरूक किया। महाराज सिंह कॉलेज में आयोजित अखिल भारतीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ.योगेश कुमार गुप्ता ने 'एक राष्ट्र एक चुनाव' को लेकर आमजन को जागरूक किया और इससे होने वाले फायदों से आमजन को अवगत कराया। इस दौरान जावेद खान सरोहा, डॉ.कुदसिया अंजुम, विक्रान्त जैन और सारिका गुप्ता ने निर्णायक की भूमिका निभाई और प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संयोजक प्रो.पूनम यादव, प्रो.प्रवीन कादयान, डॉ.नीटू कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्रो.दिनकर मलिक, प्रो. सन्दीप कुमार, प्रो.रामकुमार, प्रो.निर्दोष मित्तल, प्रो.अजय शर्मा, डॉ.गुरदेव सिंह, प्रो.अशोक डिमरी, प्रो.केके डे और प्रो.आरबीएस रावत आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# डीएम सिंघली नदी को पुनर्जीवित करने में लापरवाही करने वालों पर भड़के

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सख्त निर्देश दिए कि अभिलेखों के अनुसार हुए चिन्हांकन में खुदाई कार्य में तेजी लाई जाए। जिस स्थान पर चिन्हांकन लम्बित है उसे शीघ्रता से पूर्ण करें।



जिलाधिकारी मनीष बंसल आज यहां कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में तहसील नकुड़ में सिंघली या खोखरी नदी के पुनरुद्धार के कार्य की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनपद में नदियों को जीवित करने हेतु उनके जीर्णोद्धार की दिशा में लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए अभिलेखों के अनुसार यथाशीघ्र चिन्हांकन कराना सुनिश्चित करें। कम गहराई एवं चौडाई पर नाराजगी व्यक्त करते हुए खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि अभिलेखों के अनुसार खुदाई के कार्य में लापरवाही न बरती जाए। उन्होने लेखपालों एवं टेक्निकल असिसटेन्ट को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य समय से पूर्ण नहीं होने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सिंचाई विभाग को मौके पर जाकर निरंतर कार्य के पर्यवेक्षण करते हुए फीडबैक देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, उपजिलाधिकारी नकुड़ श्रीमती संगीता राघव, पीडी डीआरडीए प्रणय कृष्ण, डीसी एनआरएलएम इन्द्रपाल सिंह, खण्ड विकास अधिकारी गंगोह अमित कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आधा दर्जन चिकित्सा इकाइयों का हुआ निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



- बीएमजीएफ और जपाइगो की दो सदस्यीय टीम के साथ सीएमओ ने किया दौरा
- सही संदर्भन और गुणवत्तापूर्ण आवश्यक जांचों के लिए होगा काम

**गोरखपुर।** जिले की चिकित्सा इकाइयों में लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए दो दिनों में आधा दर्जन से अधिक इकाइयों का निरीक्षण किया गया है। इस कार्य में तकनीकी सहयोग मिल सके, इसके लिए बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ) और जपाइगो की दो सदस्यीय टीम को भी इन इकाइयों को दिखाया गया।

टीम के साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने भी इन इकाइयों का दौरा किया। उन्होंने बताया कि इन संस्थाओं के तकनीकी सहयोग से सही संदर्भन और गुणवत्तापूर्ण आवश्यक जांचों (डाइग्नोसिस) की दिशा में काम किया जाएगा। सीएमओ ने बताया कि डॉ गरिमा और डॉ संजय की टीम को साथ लेकर बुधवार को उन्होंने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बसंतपुर, आयुष्मान आरोग्य मंदिर कालेपुर, पिपराईच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और पिपराईच ब्लॉक के अगया आयुष्मान आरोग्य मंदिर का दौरा किया। टीम के दोनों सदस्य पिपराईच ब्लॉक के महराजी आयुष्मान आरोग्य केंद्र भी गये। टीम ने वहां पर ओपीडी, मातृ शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, नियमित टीकाकरण समेत सभी सेवाओं की स्थिति को देखा और मौजूद लाभार्थियों के रिकॉर्ड को भी समझा। इसी क्रम में, गुरूवार को टीम ने जिला अस्पताल और भटहट ब्लॉक के कर्महा बुजुर्ग गांव के आयुष्मान आरोग्य मंदिर को देखा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के साथ टीम ने बैठक भी की है। दो दिन के निरीक्षण के निष्कर्षों के आधार पर प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाएगी। सीएमओ डॉ झा ने बताया कि इस निरीक्षण और भावी कार्ययोजना का उद्देश्य है कि स्वास्थ्य सेवाओं में मनपसंद चुनाव का अधिकार लाभार्थी को प्राप्त हो सके। उन्हें नजदीकी केंद्र पर इलाज मिले और पास में उपलब्ध सेवाओं के लिए भीड़भाड़ में भटकने की जरूरत न पड़े। लाभार्थी के लिए अपेक्षित सेवा और जांच हेतु सही स्थान पर उनका संदर्भन हो और उन्हें समस्त सेवाएं सुविधाजनक माहौल में मिल सकें। जिला अस्पताल में प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ संजय, आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर डीसीपीएम रिपुंजय पांडेय और संबंधित चिकित्सा इकाइयों पर उनके प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों की मदद से टीम की विजिट सफल हुई। डॉ झा ने बताया कि यथाशीघ्र प्रभावी कार्ययोजना को अंतिम रूप देकर काम शुरू कर दिया जाएगा।

## एमजीयूजी के नर्सिंग स्टूडेंट्स ने आपातकालीन सेवाओं के लिए किया मॉकड्रिल

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के फैकल्टी ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल के विद्यार्थियों के समूह स्टूडेंट नर्सेज एसोसिएशन ने गुरुवार को नेशनल स्टूडेंट नर्सेज डे के अवसर पर आपातकालीन सेवाओं के लिए एक मॉकड्रिल का आयोजन किया। इस मॉकड्रिल में सभी छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और आपातकालीन परिस्थितियों को किस प्रकार प्रभावी ढंग से संभालना है, इसका अभ्यास किया। अभ्यास के माध्यम से उन्होंने यह सीखा कि ऐसी स्थितियों में कैसे शांत रहकर त्वरित निर्णय लेना है, घायलों की प्राथमिकता के अनुसार छंटाई (ट्रायेज) कैसे करनी है तथा जीवन रक्षक सहायता कैसे प्रदान करनी है। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने अनुभव किया कि किसी आपदा या आपात स्थिति में समय प्रबंधन, प्रभावी संचार, मानसिक स्थिरता, संसाधनों का समुचित उपयोग और सहयोग की भावना कितनी आवश्यक होती है। ने न केवल छात्रों की व्यवहारिक क्षमता को मजबूत किया, बल्कि उन्हें आपातकालीन प्रबंधन, टीमवर्क, नेतृत्व और त्वरित प्रतिक्रिया जैसी महत्वपूर्ण दक्षताओं से भी परिचित कराया। इसके साथ ही, छात्रों ने यह भी आपातकालीन उपकरणों के प्रयोग, रेस्क्यू की मूल विधियों और पीड़ितों को भावनात्मक सहयोग देने जैसे मानवीय पहलुओं का भी अभ्यास किया।

## संयुक्त टीम गठित कर करें राजस्व सम्बंधित मामलों का निस्तारण

**अमेठी।** गुरुवार को डी एम संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई की। जनसुनवाई में कुल 15फरियादी आए। सबसे अधिक 12प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग से सम्बंधित रहे। डी एम ने संयुक्त टीमें गठित करके सभी मामलों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फरियादियों को बार बार इधर उधर न भटकना पड़े, सभी अधिकारी यह अवश्य सुनिश्चित करें। जनसुनवाई में दो शिकायतें पुलिस विभाग से संबंधित रहीं।विकास, विद्युत और पंचायती राज विभाग से संबंधित दर्खास्तों की संख्या इकाई में रही।

## निधन पर शोकसभा



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति चौक डिपो के प्रदीप कुमार वर्मा (अध्यक्ष) ने बताया की चौक डिपो के वितरक आकाश शर्मा के पिता प्रदीप शर्मा उम्र लगभग 56 वर्ष का निधन 8 मई को प्रातः काल हो गया इनका अंतिम संस्कार गुलाला घाट चौक में किया गया। इन्होंने अपने पीछे तीन पुत्र आकाश शर्मा, अंकित शर्मा, अंकुश शर्मा वह हरा भरा परिवार छोड़ गए हैं। चौक डिपो के अध्यक्ष व वितरक उपस्थित होकर श्रद्धांजलि कर परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

## पूर्व मंत्री सर्वेश अंबेडकर अपने क्षेत्र में सुख और दुख में कार्यकर्ताओं से मिलकर हाल-चाल जाना



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद की सुरक्षित कायमगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व सपा प्रत्याशी प्रत्याशी पूर्व मंत्री सर्वेश अंबेडकर सुख-दुख में शामिल हुए इसी क्रम में ग्राम हथौड़ा के प्रधान राजवीर सिह यादव के बेटे के तिलक और भतीजी की शादी में शामिल हुए इसके अलावा क्षेत्र के ग्राम कुतबुद्दीन पुर में राजीव सिह यादव प्रधान के नौजवान भतीजे की मोटरसाइकिल दुर्घटना में हुई दुखद मृत्यु पर घर जाकर दुख व्यक्त कर परिवार को ढांढस बंधाया।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक हुई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में जिला सड़क सुरक्षा समिति व हिट एंड रन दुर्घटनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ए0आर0टी0ओ0 प्रवर्तन द्वारा अवगत कराया गया कि शकुरुल्लाहपुर आर0ओ0 वी सेतु निगम बाँदा से सेतु निगम फर्रुखाबाद इकाई को हस्तांतरित हो गया है,108 व 102 एम्बुलेन्स सेवा का रिस्पॉन्स टाइम कम हुआ है,माह अप्रैल में जनपद में कुल 36 मार्ग दुर्घटना हुई है जिनमे मृतको की संख्या 24 है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मार्ग दुर्धटनाओ में कमी लाई जाये, यातायात नियमों का पालन न करने बालो पर कार्यवाही की जाये तिर्वा कॉलोनी बाले मार्ग व उस पर टूटी हुई पुलिया नगर पालिका तत्काल बनबाई जाये, हिट एंड रन के केसों व सार्वजनिक सेवायनो से घटित दुर्घटनाओं में मृतक व घायलों की विस्तृत जाँच आख्या उपलब्ध कराई जाये जिससे उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उपजिलाधिकारी सदर, अधिशासी अभियंता लोकनिर्माण विभाग व संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## आपरेशन सिंदूर के तहत बच्चों ने निकाली रैली




**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा स्थित ओपी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण और आपरेशन सिंदूर के माध्यम से मुंह तोड़ जवाब देने के लिए जागरूकता रैली निकाली। यह रैली थाना सहजनवा से रेलवे स्टेशन तक निकली और बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण और आपरेशन सिंदूर के माध्यम से मुंह तोड़ जवाब देने के लिए लोगो को जागर किया। इस दौरान बच्चों के हाथ में तरह तरह स्लोगन लिखे तख्तियां और बैनर थे। रेलवे स्टेशन के पास बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण और आपरेशन सिंदूर पर नुक्कड़ नाटक किया गया। तथा राष्ट्रगान के साथ रैली का समापन हुआ। विद्यालय के प्रबंधक अभिषेक गुप्ता ने इस तरह के आयोजन के लिए लोगो को धन्यवाद व्यक्त किया।

## सोलह करोड़ की लागत से बनेगा फायर स्टेशन

**गोरखपुर।** क्षेत्र के लोगो के लिए आगजनी से राहत भरी खबर है। सहजनवा, बखिरा मुख्य मार्ग से सटे पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत तिवरान के मौजा चौरी मे चेयरमैन प्रभाकर दुबे के प्रयास से एक एकड़ दो डसमिल जगह चिन्हित किया गया है। जो करीब सोलह करोड़ की लागत से यहा फायर स्टेशन का निर्माण किया जायेगा और यहा ट्रेनिग सेंटर भी बनने की उम्मीद है। बताते चले की प्रति वर्ष आगजनी के कारण किसानो के फसल और घर जलने से करोड़ो का नुकसान होता है। क्षेत्र के लोगो की काफी समय से मांग थी की ब्लॉक स्तर पर फायर बिग्रेड की गाड़ी उपलब्ध कराया जाय जिससे आगजनी होने तुरंत आग पर काबू पाया जा सके।

# अलीगढ़ में भीषण सड़क हादसे में दरोगा समेत चार पुलिसकर्मी और कैदी की मौत

अवधनामा संवाददाता




**अलीगढ़।** अलीगढ़ जिले में सड़क हादसे की दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। इस सड़क हादसे में फिरोजाबाद जेल से बुलंदशहर न्यायालय पेशी पर ले जाए जा रहे एक गैंगस्टर आरोपी समेत चार पुलिसकर्मियों की दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया कि हादसा अलीगढ़ के थाना लोधा क्षेत्र में चिकावटी मोड़ के पास हुआ है।

पुलिस वैन एक खड़े कैंटर में जा घुसी. इस घटना ने न केवल पुलिस विभाग बल्कि आम जनमानस को भी झकझोर कर रख दिया है। जानकारी के अनुसार फिरोजाबाद जेल से एक सरकारी पुलिस वैन में एक सब-इंस्पेक्टर, चार सिपाही और एक गैंगस्टर आरोपी को बुलंदशहर कोर्ट में पेशी के लिए ले जाया जा रहा था. वैन अलीगढ़ जिले के लोधा थाना क्षेत्र के चिकावटी गांव पहुंची, तभी वह एक खड़े हुए कैंटर से टकरा गई।

यह टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैन के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. वैन में सवार लोगों को बाहर निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। इस सड़क हादसे में सब-इंस्पेक्टर रामसजीवन, कांस्टेबल बालवीर, कांस्टेबल रघुवीर, ड्राइवर कांस्टेबल चंद्रपाल और आरोपी गुलशनवर की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं सिपाही शेरपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें तुरंत अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। मामले की सूचना पर एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक स्वयं मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया. उन्होंने मीडिया को बताया कि यह हादसा बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है. उन्होंने बताया कि फिरोजाबाद से बुलंदशहर पेशी पर ले जाए जा रहे आरोपी गुलशनवर की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात था, लेकिन चिकावटी मोड़ के पास खड़े एक कैंटर से टक्कर के कारण यह हादसा हो गया। एसपी सिटी के अनुसार, हादसे में जिन पुलिसकर्मियों की मौत हुई है, उनमें सब-इंस्पेक्टर रामसजीवन और तीन सिपाही शामिल हैं. सभी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. साथ ही मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है. घायल सिपाही की हालत गंभीर बताई जा रही है।

वही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अलीगढ़ संजीव सुमन द्वारा एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मौका मुआयना किया गया एवं सारी विधिक प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र शवों के पोस्टमार्टम कराने हेतु निर्देशित किया गया. सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले जवानों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढ़स बंधाया एवं शोक संवेदना व्यक्त की।

## रेडक्रास दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आयोजन जिला अस्पताल परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेवाभावी सदस्यों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे उन्हें समाज सेवा के लिए प्रोत्साहन मिला। साथ ही टीबी रोगियों को पोषण पोटली का वितरण भी किया गया ताकि उनके उपचार में पोषण की कमी न हो। रेडक्रॉस कार्यालय का लोकार्पण भी अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। वहीं, रक्तदान शिविर का आयोजन कर जनमानस को रक्तदान के महत्व से अवगत कराया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि रेडक्रॉस की भूमिका को सराहते हुए कहा कि संस्था आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवा और मानवीय सहायता में अहम योगदान देती है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे रेडक्रॉस जैसे संगठनों से जुड़कर समाज सेवा में भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर सीएमएस आनंद उपाध्याय, युद्धवीर कंथरिया, डॉ नरेश कुमार वर्मा, डॉ ममता स्वर्णकार, डॉ देवेंद्र विटोरियो, लक्ष्मण दास बाबानी, महावीर तरसोलिया, चिकित्सा विभाग के अधिकारी, रेडक्रॉस से जुड़े स्वयंसेवक व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में लेखपाल की दर्दनाक मौत, मचा कोहराम

अवधनामा ब्यूरो



मृतक लेखपाल अर्जुन की फाइल फोटो

- तमकुहीराज तहसील में तैनात थे लेखपाल अर्जुन
- तुर्कपट्टी पटहेरवा मार्ग पर ठाकुर चौराहे के समीप पीछे से कार ने मारी ठोकर

**कुशीनगर।** तुर्कपट्टी पटहेरवा मार्ग पर गुरुवार दोपहर ठाकुर चौराहे के समीप तुर्कपट्टी के तरफ से आ रहे एक बाइक सवार लेखपाल को मारुति वैन ने पीछे से ठोकर मार दिया। जिससे लेखपाल की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मारुति वैन को कब्जे में ले लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

जानकारी के अनुसार नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के कुकुरहा गांव निवासी अर्जुन कुशवाहा (40) तमकुही तहसील में लेखपाल के पद पर कार्यरत थे। वह बाइक से तमकुहीराज तहसील जा रहे थे। ठाकुर चौराहे पर पीछे से आ रही मारुति वैन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। आस पास के ग्रामीणों ने तुरंत तुर्कपट्टी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। मृतक की पहचान के बाद परिजनों और तमकुहीराज तहसील प्रशासन को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने मारुति वैन को जब्त कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है। उधर मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां वितरित की गयी

अवधनामा संवाददाता




**उरई (जालौन)।** भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन एवं राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय जालौन नगर के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर मुख्य बाजार स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पूजा सिंह राजपूत एवं भारत विकास परिषद के संरक्षक एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्याक्ष सतीश सिंह सेंगर, महिला संयोजिका श्रीमती ऊषा गुप्ता, श्रीमती अनीता माहेश्वरी द्वारा मां सरस्वती, भगवान धन्वंतरि एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया।

अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में उपस्थित डॉक्टर पूजा सिंह राजपूत ,प्रशिक्षु डॉक्टर आयुष, आदि ने वात व्याधि , चर्म रोग ,विषम ज्वर, कास, प्रतिश्याय, उदररोग,गृध्रसी, अतिसार, शिराशूल,आरमदी पथरी, ग्रहणी ,प्रदर आदि रोगों से ग्रस्त रोगियों का उपचार किया गया।

शिविर में चीफ फार्मासिस्ट सुरेश चंद्र वर्मा, स्टाफ नर्स प्रियंका सिंह राहुल पाठक,अजीत सिंह, शानू आदि ने रोगियों को दवा वितरण की। भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन के अध्यक्ष मृत्युंजय श्रीवास्तव, सचिव प्रेम गुप्ता कल्लू, कोषाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ,निवर्तमान अध्यक्ष पवन अग्रवाल, संतोष सोनी, विष्णुअग्रवाल, संयोजक सुनील गुप्ता, संरक्षक अनिल माहेश्वरी, मनोज बाथम, गौरव गुप्ता, अनिल खकसीस, पंकज अग्रवाल, अश्विनी द्विवेदी, श्याम जी गुप्ता अध्यक्ष भारतीय उद्योग व्यापार मंडल आदि सदस्यों ने शिविर की सफलता में उल्लेखनीय योगदान दिया। श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में आयोजित आज के शिविर में 410 से अधिक रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवा का वितरण किया गया।

## मिट्टी लदा डंफर पोल से टकराया पोल टूट कर कार पर गिरा

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के लूचूई में मध्य रात्रि 1.30 बजे के करीब अनियंत्रित मिट्टी लदा डंफर बिजली के पोल से टकरा गया। जिससे पोल टूट कर पास खड़ी कार पर गिर गया। जिससे कार भी क्षतिग्रस्त हो गया है। कार में सवार लोग बाल बाल बच गए। पोल टूट कर गिरते समय जो तार थे वह आपस में सट गए। विद्युत प्रवाहित होने के कारण भीषण आग का रूप ले लिया। जिससे बुझाने के लिए किसी ने हिम्मत नहीं जुटाई। ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को फोन कर सप्लाई बंद कराया बाद में ग्रामीणों ने अपने प्रयास से आग को बुझाकर राहत की सांस लिया। पोल टूटने से करीब 150 घरों के लोग बिजली कटने से करीब 12 घंटे अंधेरे के साए में रहे। वहीं सुबह कार चालक अपनी कार लेकर चला गया। इस संदर्भ में अधिशाषी अभियंता अंकित कुमार ने कहा कि विद्युत सप्लाई की व्यवस्था की जा रही है और डंफर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जायेगा।

## हर घर जल परियोजना की धीमी प्रगति पर लगाई फटकार



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल परियोजना की प्रगति की समीक्षा बैठक की। बैठक में निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर असंतोष जताते हुए उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं मेसर्स जीबीपीआर लिमिटेड और मेसर्स बीजीसीसी लिमिटेड को निर्देश दिए कि मैनपावर बढ़ाकर कार्यों को हर हाल में पूरा किया जाए।उन्होंने कहा कि जहां नियमित जलापूर्ति हो रही है, उन गांवों में जल्द से जल्द हर घर जल सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाए। साथ ही, जल रिसाव की समस्याओं वाले क्षेत्रों में विशेष टीम गठित कर त्वरित मरम्मत कार्य सुनिश्चित किया जाए ताकि प्रत्येक घर को स्वच्छ एवं नियमित जल आपूर्ति मिल सके। जिलाधिकारी ने कार्यदायी एजेंसियों को कार्यों की गति बढ़ाने हेतु मैनपावर बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों व खण्ड विकास अधिकारियों को आदेशित किया कि वे गांवों में जल कनेक्शन, जल का दबाव, अंतिम छोर तक आपूर्ति, क्लोराजेसन तथा रिसाव की स्थिति का भौतिक निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि दूषित पानी होने पर सम्बंधित पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी इस अवसर पर में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण अंचल गुप्ता, अधिशासी अभियंता विद्युत प्रथम जितेंद्र नाथ, द्वितीय महेन्द्र नाथ भारती सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# भारत में 30 गीगावॉट की कुल क्षमता वाले घरेलू सोलर मार्केट के लिए हस्क ने बीम लॉन्च की

अवधनामा संवाददाता




**गोरखपुर।** हस्क ने खास तौर पर भारत में घरेलू छतों पर लगाए जाने वाले सोलर के लिए बीम के लॉन्च की घोषणा की। यह कंपनी बेहतरीन ग्राहक सेवा और उत्कृष्ट टेक्नोलॉजी मुहैया कराएगी। बीम पर हस्क का पूरा मालिकाना हक है और बीम पूरे देश में घरेलू ग्राहकों को टारगेट करेगी और इसके लिए सोलर सिस्टम डिज़ाइन के क्षेत्र में हस्क की दो दशकों की विशेषज्ञता, टेक्नोलॉजी डिज़ाइन, इंस्टालेशन और सर्विस का पूरा लाभ उठाएगी।

बीम के प्रॉडक्ट की पूरी रेंज इस तरह डिज़ाइन की गई है कि सभी घरों या ग्राहकों की जरूरतों को पूरा कर सके। सही साइज़ के सिस्टम का सुझाव देने से लेकर जगह के हिसाब से सोलर के साइज़ को कस्टमाइज़ करने, बिजली जनरेशन से जुड़ा डेटा ऐक्सेस करने जैसी सुविधाओं के साथ बीम सभी घरेलू उपभोक्ताओं को उनकी जरूरतों के हिसाब से शानदार सेवाएं उपलब्ध कराएगी। उपभोक्ता या ग्राहक अपनी जरूरतों का आसानी से आकलन कर सकते हैं, अपने लिए प्रॉडक्ट चुन सकते हैं, खरीदी और इंस्टालेशन बुक कर सकते हैं। यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और रिमोट लोकेशन से भी की जा सकती है।

बीम अभी शुरुआत में दो प्रॉडक्ट, ऑरा और इटेर्निया उपलब्ध करा रही है। इनके जरिए सपाट छतों के लिए समाधान उपलब्ध कराए जा रहे हैं और भारत में ज्यादातर छतें इस तरह की ही होती हैं। इसके अलावा, अपने पार्टनर के जरिए बीम कम ब्याज वाली फाइनेंस सुविधा भी दे रहा है और सब्सिडी और नेट मीटरिंग बिलिंग के लिए पूरी तरह सहायता दे रहा है।

हस्क की चीफ कमर्शियल ऑफिसर (सीसीओ) और बीम की प्रमुख अनुभा शुक्ला कहती हैं, पीएम सूर्य घर योजना की सब्सिडी, कम ब्याज पर लोन, और 15 दिनों की सरल एप्लीकेशन प्रोसेस की मदद से भारत में घरेलू सोलर के विकास के लिए आदर्श स्थितियां बनाई गई हैं, लेकिन फिर भी यह इंडस्ट्री धीमी गति से आगे बढ़ रही है, कई सेगमेंट में बंटी हुई है, सुव्यवस्थित नहीं है और घरेलू उपभोक्ताओं या ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने की स्थिति में फिलहाल नहीं हैं। बीम शुरुआत में उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र को टारगेट कर रही है। हस्क के सीईओ और को-फाउंडर मनोज सिन्हा कहते हैं, बीम का एआई पर आधारित डिजिटल प्लैटफॉर्म सोलर लगवाने की पूरी प्रक्रिया को बहुत आसान बना देता है। यह बिल्कुल उसी तरह है जैसे 15 साल पहले आईफोन ने मोबाइल कॉमर्स में क्रांति ला दी थी। श्री सिन्हा आगे कहते हैं, हस्क की मंजिल यह नहीं है, बल्कि हम बीम की मदद से भारत के एनर्जी सेक्टर को वर्चुअल पॉवर प्लांट में बदलने का सपना रखते हैं जिससे देश में ऐसा एनर्जी सेक्टर बनेगा जिसमें सभी को जोड़ा जाएगा और सभी को शामिल किया जाएगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था की तरह ऊर्जा का निर्माण और उसकी खरीद-फरोख्त लोगों के हाथों में होगी। पीएम सूर्य घर योजना के तहत भारत सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2027 तक 1 करोड़ घरेलू इंस्टालेशन कर लिए जाएं जिनकी कुल क्षमता 30 गीगावॉट की होगी।

## सड़क दुर्घटना में मृत पुलिसकर्मियों को दी गई शोक सलामी, एसएसपी ने दी श्रद्धांजलि



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** गुरूवार को जनपद फिरोजाबाद से 1-उनि राम संजीवन, 2-हे0कां0 चालक चंद्रपाल सिंह, 3-हे0कां0 55 बलबीर सिंह, 4-हे0कां0 19 रघुवीर सिंह, 5-हे0कां0 132 शेरपाल सिंह मय मुलजिम गुलशनवर पुत्र इशरत को फिरोजाबाद से स्पे0 जज गैंगस्टर एक्ट मुजफ्फरनगर यू0पी0 सरकारी गाड़ी नम्बर यूपी 83 जी 0687 से लेकर जा रहे थे। जनपद अलीगढ़ में खेरेश्वर चौराहे के पास गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होंने के कारण 1-उ0नि0 राम संजीवन, 2-हे0कां0 चालक चंद्रपाल सिंह, 3-हे0कां0 55 बलबीर सिंह, 4-हे0कां0 19 रघुवीर सिंह व 5-मुलजिम गुल सनवर पुत्र इशरत की असामयिक मृत्यु हो गई। जनपद पुलिस द्वारा सभी शवों का पोस्टमार्टम करवाया गया। वाद पोस्टमार्टम पुलिस लाइन में मृत पुलिसकर्मियों के लिए शोक सलामी का आयोजन किया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज अलीगढ़ प्रभाकर चौधरी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अलीगढ़ संजीव सुमन, पुलिस अधीक्षक नगर मृगांक शेखर पाठक, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अमृत जैन सहित अन्य अधिकारियों तथा परिजनों द्वारा पुलिस लाइन में मृतकों के पार्थिव शरीर को पुष्पचक्र व रीट अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। सेरिमोनियल गार्द द्वारा शोक सलामी दी गई, साथ ही अधिकारियों द्वारा कंधा देकर अन्तिम विदाई दी गई एवं परिजनों को सांत्वना देकर हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया गया।

## भारत सरकार को पद्म पुरस्कारों के लिए प्रदेश सरकार द्वारा भेजे जाएंगे ऑनलाइन आवेदन

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** भारत सरकार द्वारा आगामी वर्ष 2026 के लिए गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 को दी जाने वाली पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री की उपाधियों के लिए ऑनलाइन माध्यम के तहत प्रस्ताव भेजे जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। अपर जिलाधिकारी नगर अमित कुमार भट्ट ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि संबंधित महानुभाव व महानुभावों के बारे में संस्तुतियाँ राज्य सरकार द्वारा ऑनलाइन माध्यम से भारत सरकार को भेजी जानी है। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया है कि विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट एवं उत्कृष्ट उपलब्धि, योगदान एवं सेवा के लिये महानुभावों का नाम उनके व्यक्तित्व व कृतित्व के संबंध में ''साइटेशन'' (02 प्रतियों में) उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि मण्डलायुक्त द्वारा प्रस्तुत पत्र एवं निर्धारित प्रारूप की छायाप्रति संलग्न कर इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि अपनी-अपनी तहसील अन्तर्गत अनुमन्य व्यक्ति या व्यक्तियों का प्रस्ताव तैयार करते हुये निर्धारित प्रारूप में अपनी संस्तुति सहित स्पष्ट आख्या प्रत्येक दशा में 30 मई तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कोई अनुमन्य व्यक्ति न होने के संबंध में भी आख्या उपलब्ध करायें।

# महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने किया जनौरा व कल्याण सिंह वार्ड भ्रमण, नाला व सड़क निर्माण का दिलाया भरोसा



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नगर निगम के ÷नगर की सरकार आपके द्वार÷ अभियान के अंतर्गत गुरुवार को महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने जनौरा और कल्याण सिंह वार्ड का दौरा कर नागरिकों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान महापौर के स्वागत में स्थानीय नागरिकों ने पलक-पांवड़े बिछाए और माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। महापौर ने लोगों को नाला और सड़क निर्माण समेत कई विकास कार्यों का भरोसा दिलाया।सुबह 7 बजे से शुरू हुए इस अभियान में नगर निगम की टीम, अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार के नेतृत्व में पक्का तालाब पर एकत्र हुई। यहां शिविर में पार्षद धर्मेंद्र सिंह, महानगर उपाध्यक्ष युवा मोर्चा गौरव सिंह उर्फ गोलू और भाजपा नेता अनुराग त्रिपाठी, राकेश सिंह,रामजी सिंह, अजय राज सिंह ने महापौर का स्वागत किया। महापौर ने मंत्रेश्वर मंदिर में दर्शन कर वार्ड भ्रमण की शुरुआत की।भ्रमण के दौरान जलभराव, जलापूर्ति, नाली निर्माण, अतिक्रमण और सफाई जैसी समस्याओं को नागरिकों ने प्रमुखता से उठाया। भाग्यनारायण सिंह ने सड़क चौड़ीकरण और 300 मीटर लंबे नाले के निर्माण की मांग की, जिस पर महापौर ने सकारात्मक विचार का आश्वासन दिया। मीना कनौजिया और राधा द्वारा उठाई गई जलभराव की समस्या के समाधान के लिए पंप लगवाने और सफाई के निर्देश दिए गए।

महापौर ने कई स्थानों पर जलकल और नगर निगम अधिकारियों को स्टैंड पोस्ट, नाली निर्माण और पाइपलाइन बिछाने जैसे कार्यों के लिए तत्काल कार्यवाही के आदेश दिए। वहीं, सफाई कर्मचारियों द्वारा की जा रही सफाई और एंटी लार्वा छिड़काव कार्य की उन्होंने सराहना की।

कल्याण सिंह वार्ड में पार्षद सूर्यकुमार तिवारी ने बारातघर के पास अतिक्रमण की समस्या उठाई। परिक्रमा मार्ग पर हेम वर्मा ने नाले पर अतिक्रमण की ओर ध्यान आकर्षित कराया, जिस पर महापौर ने तुरंत अतिक्रमण हटवाने का निर्देश दिया।

लोकार्पण भी किया गया÷

महापौर ने भ्रमण के दौरान गांधी नगर क्षेत्र में 8 लाख और चुंगी नाका क्षेत्र में 7 लाख की लागत से बनी नई सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी किया यह जानकारी जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने दी।अंतिम पड़ाव में पेट्रोलियम एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेश सिंह के आवास पर महापौर का स्वागत भगवान श्रीराम के चित्र व अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। इस अवसर पर कई गणमान्य नागरिक, नगर निगम अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

महापौर ने कहा कि नगर की जनता के सुझावों और आवश्यकताओं के अनुसार योजनाएं बनाई जाएंगी और अयोध्या को स्वच्छ, सुंदर व विकसित बनाने के हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

## नवागत एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने संभाला चार्ज

**अयोध्या।** नवागत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर ने गुरुवार को रामनगरी अयोध्या में अपना कार्यभार संभाल लिया। इस अवसर पर पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों ने उन्हें सलामी दी। चार्ज ग्रहण करने के बाद एसएसपी ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसुनवाई सबसे ऊपर है। साथ ही कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करना, अपराध नियंत्रण और पुलिस वेलफेयर के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।एसएसपी डॉ. ग्रोवर ने बताया कि उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक शुरू कर दी है और इसके बाद शहर के विभिन्न थानों का निरीक्षण भी किया जाएगा। अयोध्या की संवेदनशीलता और धार्मिक महत्व को लेकर उन्होंने कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि उन्हें इस ऐतिहासिक और विश्वविख्यात नगरी में सेवा करने का अवसर मिला है।

# दो दिवसीय कला कार्यशाला का भव्य शुभारंभ, देशभर के कलाकार ले रहे भाग

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारतीय कला दिवस, टैगोर जयंती एवं सागर कला भवन स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अयोध्या स्थित सागर कला भवन में 12 दिवसीय दसवां स्वदेश उत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर चित्रकला, मूर्तिकला, रंगोली, भित्ति चित्रण समेत विविध कला विधाओं की कार्यशाला आरंभ की गई। उद्घाटन समारोह में श्री लक्ष्मी चेरीटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष आशीष श्री, संरक्षक श्री लक्ष्मी देवी, महामंत्री जितेंद्र कुमार प्रजापति एडवोकेट, लोको पायलट संजय यादव, प्रतिभा यादव, विजय पांडेय, शैलेश शर्मा, रिंकी यादव एवं बसंत राम आदि गणमान्य अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में स्वदेश संस्थान भारत एवं सागर कला भवन के अध्यक्ष एस. बी. सागर प्रजापति व सचिव/कोषाध्यक्ष आशीष प्रजापति ने



अतिथियों को अंगवस्त्र, पट्टिका एवं स्मारिका भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही श्री लक्ष्मी चेरीटेबल ट्रस्ट को एक सिलाई मशीन भेंट की गई, जिससे बालिकाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाया जा सके।कार्यशाला में भारत के विभिन्न राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, गुजरात, दिल्ली, बिहार, कर्नाटक और तमिलनाडु से आए 51 कलाकारों ने भाग लिया। अयोध्या से वंदना निषाद, ऋषभ वर्मा, आंचल सोनकर, रवि साहू, प्रिंस विश्वकर्मा आदि कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यशाला के अंतर्गत निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी 12 मई बुद्ध पूर्णिमा के दिन आयोजित की जाएगी, जिसका अवलोकन राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किया जाएगा। 18 मई को समापन समारोह में प्रतिभागी कलाकारों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम में आशीष श्री ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने एवं समाज सेवा की भावना जागृत करने का संदेश दिया। संजय यादव ने जीवन को एक कला बताते हुए लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी।

## शिवदयाल जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर में कन्या भारती का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** शिवदयाल जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज तुलसीनगर अयोध्या में आज कन्या भारती का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डा. मंजूषा पांडेय (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) मंजूषा हॉस्पिटल एवं प्रधानाचार्य अवनि कुमार शुक्ल तथा डॉ.उपेन्द्र मणि (सह -सेवा प्रमुख) ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर , पुष्पार्चन कर किया। बहन अर्पिता कश्यप द्वारा प्रस्तुत गीत एक बात पूछतीं हूं बताओ न बाबू जी.....को सुनकर उपस्थित सभी लोग भावुक हो गए। अतिथि परिचय एवं स्वागत प्रधानाचार्य ने कराया।सर्वप्रथम कन्या भारती की निर्वाचित अध्यक्ष हर्षिता मिश्रा का शपथ ग्रहण हुआ तत्पश्चात परिषदों और विभाग प्रमुख बहनों का शपथ् ग्रहण हुआ । तदुपरान्त कन्या भारती अध्यक्ष बहन हर्षिता मिश्रा द्वारा कन्या भारती की बहनों का परिचय करवाया गया।शपथ ग्रहण पूर्ण होने के पश्चात मुख्य अतिथि डा .मंजूषा पाण्डेय ने प्रेरक उद्बोधन में अपने जीवन का संस्मरण सुनाया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामना प्रदान करते हुए,उन्होंने कहा कि भारत देश में नारियों को देवी स्वरूपा माना गया है। लड़कियों का नारियों को उतना ही आगे बढ़ाना चाहिए, जितना पुरुषों को आगे बढ़ाया जाता है।

# श्री राम चिकित्सालय के डॉ. इंद्रभान विश्वकर्मा मरीजों की सेवा में समर्पित

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** श्री राम चिकित्सालय, अयोध्या धाम के प्रख्यात पैथोलॉजिस्ट डॉ. इंद्रभान विश्वकर्मा मरीजों की सेवा में अपनी मेहनत और समर्पण के लिए जाने जाते हैं। एमबीबीएस और पैथोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. विश्वकर्मा की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके पास इलाज कराने आने वाले आधे से ज्यादा मरीज संतुष्ट होकर लौटते हैं। भीड़ होने के बावजूद वे हर मरीज को पूरा समय देते हैं और सटीक निदान कर सफल इलाज करते हैं।डॉ. इंद्रभान न सिर्फ अपने कार्य में कुशल हैं बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से भी प्रेरणादायक हैं। कई मरीजों ने बताया कि उन्होंने कई बार अपनी जेब से दवाइयां खरीदकर दी हैं। यह समर्पण उन्हें अन्य डॉक्टरों से अलग



बनाता है। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु, जो श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या आते हैं, यदि बीमार हो जाएं, तो सबसे पहले श्री राम चिकित्सालय और डॉ. इंद्रभान की शरण लेते हैं।

**असामाजिक तत्वों की धमकी के बाद सुरक्षा की मांग**

हाल ही में डॉ. इंद्रभान विश्वकर्मा को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा धमकी देने और रंगदारी मांगने का गंभीर मामला सामने आया। उन्होंने इस संबंध में अयोध्या कोतवाली में मामला दर्ज कराया है और एक्स (पूर्व ट्विटर) के माध्यम से लखनऊ व अयोध्या के उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया। उन्होंने प्रशासन और सरकार से अपील की है कि उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए ताकि वे बिना किसी डर के जनसेवा करते रहें।डॉ. इंद्रभान को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए अमेरिकन एकेडमी ऑफ न्यूरोलॉजी द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है, जो उनकी चिकित्सा क्षेत्र में प्रतिष्ठा को दर्शाता है।

## रेडक्रॉस संस्थापक हेनरी डुनेंट का जन्मदिवस मनाया गया, स्वयंसेवकों ने दी श्रद्धांजलि

**अयोध्या।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी कार्यालय, जिला चिकित्सालय परिसर, अयोध्या में रेडक्रॉस एवं सेंट जॉन एम्बुलेंस के स्वयंसेवकों द्वारा रेडक्रॉस के संस्थापक हेनरी डुनेंट की जयंती श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। स्वयंसेवकों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मानवता की सेवा में उनके योगदान को याद किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता रेडक्रॉस सोसाइटी जनपद अयोध्या के चेयरमैन रामअनुज तिवारी ने की, जबकि संचालन डॉ. हरिनारायण ओझा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. अजय मोहन श्रीवास्तव, पूर्व प्राचार्य, कामता प्रसाद सुंदरलाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं सहायक आयुक्त, रेडक्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश, ने रेडक्रॉस के मूल सिद्धांतों - मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, स्वेच्छा, एकता एवं सार्वभौमिकता - पर प्रकाश डाला।

## शासन द्वारा पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्म श्री की उपाधियाँ हेतु प्रस्ताव आमंत्रित

**आगरा।** अपर जिलाधिकारी (नगर) ने अवगत कराया है कि विगत वर्षों की भाँति आगामी गणतन्त्र दिवस 26 जनवरी, 2026 को पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्म श्री की उपाधियाँ भारत सरकार द्वारा दी जानी हैं। आगामी वर्ष 2026 हेतु भारत सरकार द्वारा उक्त उपाधियों के लिए आनलाइन आवेदन की व्यवस्था की गयी है, जिसके फलस्वरूप सम्बन्धित महानुभाव/महानुभावों के बारे में संस्तुतियाँ महानुभाव/महानुभावों के प्रस्ताव के साथ निर्धारित प्रारूप में दिनांक 20 जून 2025 तक शासन को उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई है। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि उपरोक्त उपाधियों के लिये कोई महानुभाव/ महानुभावों अपना नाम प्रस्तावित करना चाहें तो उनके व्यक्तित्व व कृतित्व के सम्बन्ध में ÷साइटेशन÷ (दो प्रतियों में) तथा निर्धारित प्रारूप में वांछित सूचना के साथ विलम्बतम दिनांक 20 जून 2025 तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में अपर जिलाधिकारी (नगर) के कार्यालय पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### अभ्युदय योजनान्तर्गत सिविल सर्विस, जेईई, नीट, एनडीए, सीडीएस, परीक्षा की तैयारी कराने हेतु पात्र शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित

**आगरा।** जिला समाज कल्याण अधिकारी जीआर प्रजापति ने अवगत कराया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित अभ्युदय योजनान्तर्गत सिविल सर्विस, जेईई, नीट, एनडीए, सीडीएस, एक दिवसीय परीक्षाएं इत्यादि की परीक्षा पूर्व तैयारी हेतु जनपद आगरा में निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जा रही है। उक्त के क्रम में इच्छुक अध्यापन कार्य हेतु योग्य, अनुभवी एवं प्रोफेशनल व्याख्याताओं की सेवाएं अतिथि व्याख्याताओं के रूप में ली जाएंगी। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि व्याख्यान के लिए आमंत्रित किये जाने वाले व्याख्याताओं/विषय विशेषज्ञों को प्रति व्याख्यान की अवधि निर्धारित 90 मिनट होगी तथा प्रति व्याख्यान दर रू0 2 हजार/- शासनादेश में निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप मानदेय का भुगतान किया जायेगा। योग्य एवं अनुभवी व्याख्याताओं को जिला स्तर पर चयन समिति की अनुशंसा से परीक्षण व्याख्यान/ट्रायल लेक्चर के उपरान्त कोचिंग केन्द्र में इम्पैनेलमेन्ट निम्न शर्तों के अधीन किया जायेगा। उपरोक्त सेवाओं से सम्बन्धित परीक्षा पाठ्यक्रम की समुचित जानकारी होनी चाहिए। सिविल सेवा के लिए विश्वविद्यालय, राजकीय डिग्री कालेजो के शिक्षक तथा आई0ए0एस0 (मुख्य) परीक्षा अथवा पी0सी0एस0 (साक्षात्कार) अथवा दो बार पी0सी0एस0 (मुख्य) परीक्षा में शामिल आवेदक आवेदन कर सकते है एवं नीट के लिए सम्बन्धित विषय में एम0एस0सी0 (प्रथम श्रेणी) अथवा एम0बी0बी0एस0 तथा जे0ई0ई0 के लिए सम्बन्धित विषय में एम0एस0सी0 (प्रथम श्रेणी) अथवा एम0टेक0 की डिग्री धारित आवेदक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि प्रतियोगी परीक्षा सिविल सेवा (यू0पी0एस0सी0/ यू0पी0पी0एस0सी0/एन0 डी0ए0/सी0डी0एस0 एवं एक दिवसीय परीक्षा के विषय यथा- इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, विज्ञान और तकनीकी, सी-सैट (हिन्दी, अग्रेजी, गणित एवं रिजनिंग), भारतीय राजव्यवस्था एवं पर्यावरण एवं आपदा प्रबन्धन आदि विषयों एवं जे0ई0ई0, नीट प्रतियोगी परीक्षा के विषय यथा- भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान एवं गणित हेतु आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि इच्छुक प्रवक्ता शैक्षिक एवं अनुभव प्रमाण पत्रों सहित अपना (वायोडाटा) कार्यालय डॉ0 बी0आर0 आम्बेडकर आई0ए0एस0/पी0सी0एस0 परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र खंदारी आगरा में दिनांक 07.05.2025 से दिनांक 21.05.2025 सांय 05:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए कोर्स-को-ऑर्डिनेटर सचिन कुमार के मो0 8791140429 पर सम्पर्क कर सकते है।

# पुलिस और बदमाश के बीच हुई मुठभेड़, मुठभेड़ में बदमाश के लगी पैर में गोली



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** शहर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं के मद्देनजर पुलिस ने अपराधियों की कमर तोड़ने को अभियान छेड़ दिया है। बुधवार देर रात अपराधियों को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने जीआईसी मैदान के पास इनामी बदमाश मिलर उर्फ मिलन को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। उसके पैर में गोली लगी है। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर डीसीपी सिटी के निर्देशन में अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए रात में पूरे शहर में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी के तहत एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी के नेतृत्व में थाना लोहामंडी पुलिस द्वारा जीआईसी मैदान के पास चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस को देख एक बदमाश ने भागने का प्रयास किया। उसे भागते देख पुलिस ने भी उसका पीछा किया। जीआईसी ग्राउंड पर पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लग गई। पुलिस द्वारा मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाश मिलन पर 15 हजार का इनाम घोषित था। पकड़े गए बदमाश पर आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं, जिसमें हत्या का मामला भी दर्ज है। वही पुलिस ने बताया कि शातिर अपराधी मिलन खुद ही गोली मारकर थाने पहुंच जाता था और कहता था की घटना उसके साथ हुई है।पकड़े गए इनामी बदमाश मिलर उर्फ मिलन के पास से पुलिस ने अवैध शस्त्र में एक जिंदा कारतूस, दो खोका कारतूस एवं सफेद धातु के आभूषण बरामद किए हैं।

## डीएम आगरा ने किया नवीन फल एवं सब्जी मंडी का आकस्मिक निरीक्षण, मंडी परिसर में कूड़ा, जलभराव एवं गंदगी मिलने पर व्यक्त की कड़ी नाराज़गी



**आगरा।** जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी द्वारा नवीन फल एवं सब्जी मंडी, सिकंदरा का गुरुवार को आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान मंडी परिसर में कूड़ा, जलभराव एवं गंदगी मिलने पर कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए साफ़ सफाई न होने का कारण पूछा। जिस पर सचिव, मण्डी परिषद ने बताया कि परिसर की साफ सफाई जैम पोर्टल पर निविदा आमंत्रित कर आउटसोर्सिंग के माध्यम से कराई जाती है। जिसके लिए प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने पूर्व में कार्यरत संस्था के द्वारा समुचित साफ सफाई न होने की शिकायत पर कारण जानना चाहा, जिस पर सचिव, मण्डी परिषद ने बताया कि पूर्व में कार्यरत संस्था से साफ सफाई व्यवस्था हेतु लगभग 16 कर्मचारी लगने का अनुबंध था परंतु कार्य करने के लिए मात्र 7 या 8 कर्मचारी ही आते थे जिसके लिए संस्थान को नोटिस भी जारी किया गया था। जिलाधिकारी ने उप निदेशक, मण्डी परिषद को निर्देश दिए कि संस्थान को कार्य में अनियमितता/ शिथिलता बरतने पर जारी किए गए नोटिस के सापेक्ष नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी द्वारा सचिव, मण्डी परिषद को निर्देश दिए कि मण्डी परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाए तथा कूड़ा एकत्रित करने हेतु कूडादान रखवाए जाए, जिससे व्यापारीगण उसमें कूड़ा डाल सके और बाद में कूड़ा एकत्रित कर उसका उचित निस्तारण करते हुए प्रति दिन साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा निगरानी के लिए कंट्रोल रूम बनाया जाए और निगरानी हेतु कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई जाए।

उपस्थित व्यापारी बंधुओं ने जिलाधिकारी से वार्ता में बताया कि मण्डी परिसर में जल निकासी, शौचालय, पेयजल की समस्या के साथ साथ दुकानों और सड़कों की मरम्मत की भी आवश्यकता है। जिलाधिकारी द्वारा उप निदेशक मण्डी परिषद को उपरोक्त समस्याओं को लेकर निर्देश दिए कि समस्याओं के निस्तारण के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए जल्द से जल्द निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी व्यापारियों से अपेक्षा व्यक्त की है कि वह भी अपनी दुकानों पर कूडादान रखे और कूड़े को उसी में डाले, जिसे बाद में संकलित कर उचित निस्तारण कराया जा सके। जिस पर सभी व्यापारियों ने सहर्ष स्वीकृति देते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# ड्रिल प्रतियोगिता सर्वांगीण एवं व्यक्तित्व विकास में सहायक



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** परमहंस पाल पीजी कॉलेज गुरली में आयोजित एनसीसी सयुंक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के आठवे दिन आज प्रातः कैडेट्स के सर्वांगीण और व्यक्तित्व विकास में सहायक ड्रिल प्रतियोगिता करायी गई ।जिसमें कैडेटों ने अपनी परेड की पारंपरिक वेशभूषा में प्रतिभाग कर अपने ट्रेनिंग का प्रदर्शन किया। जिसका निरीक्षण कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मानसिंह , लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा और सीनियर जेसिओ सूबेदार कदम सिंह ने किया । तदुपरांत कैडेटों को फौज में ऑफिसर बनने की प्रक्रिया और उसके बाद की प्रक्रिया को कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट अभिषेक मानसिंह और डेपुटी कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा द्वारा समझाया गया । फौज में प्रवेश कर देश की सेवा करने के लिए प्रेरित भी किया गया । इस मौके पर चारो कंपनी के कंपनी कमांडर ए एन ओ और पी आई स्टाफ भी उपस्थित रहे द्य सायंकाल में कैडेटों को शिक्षा के माध्यम से और उनका प्रशिक्षण कराया गया। उसके आधार पर ÷खजाने की खोज÷ नाम से नेविगेशन एक्सरसाइज भी करायी गई । जिसमें चारों कंपनी के कैडेटों ने प्रतिभाग किया ।सांस्कृतिक संध्या में जनता इंटर कॉलेज माडापार गोरखपुर और महात्मा गांधी इंटर कॉलेज बृजमनगंज महराजगंज के कैडेट्स ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। जिसका अन्य सभी कैडेट्स, ए न ओ और पी आई स्टाफ ने लुत्फ उठाया । कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक मानसिंह, डेपुटी कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा और परमहंस डिग्री कॉलेज के प्रबंधक चंद्रशेखप्रबंध उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया के इस्तेमाल के साथ साइबर अपराध की जानकारी जरूरी

**अमरावती देवी पब्लिक स्कूल बागापार में साइबर थाने की पुलिस ने लगाया चौपाल**



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** बागापार स्थित अमरावती देवी पब्लिक स्कूल में बृहस्पतिवार को साइबर थाने की पुलिस टीम द्वारा चौपाल लगाई गई, जिसमें महिला उत्पीड़न को रोकने व साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने के लिए छात्रों को जानकारी दी गई। उपनिरीक्षक अमित यादव ने छात्रों को विमेन पावर लाइन नंबर 1090, डायल-112, साइबर क्राइम, सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार - प्रसार आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अनजान नंबर या अनजान एप से वीडियो काल रिसीव न करें। किसी भी व्यक्ति के कहने पर मोबाइल में रिमोट एक्सेस ऐप या अन्य कोई एप डाउनलोड न करें। सोशल मीडिया के इस्तेमाल के साथ साइबर अपराध की जानकारी भी बहुत जरूरी है। मुख्य आरक्षी प्रफुल्ल कुमार यादव ने कहा कि जागरूकता ही साइबर ठगी से बचने का सबसे बड़ा उपाय है।केवाईसी अपडेट के नाम पर किसी को भी लिंक अथवा ओटीपी शेयर न करें। महिला आरक्षी पूजा मल्ल ने कहा कि फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि पर आने वाले अनजान लिंक को बिल्कुल टच न करें, इससे आपका नुकसान हो सकता है। किसी भी एप्लिकेशन को डाउनलोड करने से पहले उसकी सत्यता की जांच कर लें, यदि किसी फ्राड के शिकार हो जाएं तो तत्काल 1930 नंबर पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराएं। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक धर्मेंद्र यादव, रवींद्र जैन, प्रधानाचार्य कन्हैया यादव, लालबहादुर यादव, संजय वर्मा, अनुराधा सिंह, हरेंद्र चौधरी, रवि यादव मौजूद रहे।

# छेड़-छाड़ के एक युवक आरोपी गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा (महराजगंज)** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते दो मई को दिन में दस बजे घर घुसकर किशोरी से छेड़-छाड़ का मामला प्रकाश में आया था। जिसमें किशोरी के मां के तहरीर पर तीन मई को मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी का खोजबीन शुरू कर दी। वृहस्पतिवार को मुखबीर की सूचना पर भागाटार तिराहे के पास से नजरें आलम पुत्र बहरुद्दीन निवासी जगरनाथपुर उर्फ जौरहर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। जिसकी जानकारी थानाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने दी।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद लोगों में खुशी का माहौल



## एक दूसरे को लड्डू खिलाकर किया खुशी का इजहार

अवधनामा संवाददाता

- पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के बाद लोगों में हर्ष

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के जानकारी के बाद तुलसियापुर चौराहा पर लोगों ने लड्डू बांटकर खुशी मनाई।

बृहस्पतिवार को लोगों पाकिस्तान में आतंकी अड्डों पर हुए हमले की खुशी में भारी संख्या में लोग खुश होकर भारत माता की जय, वन्देमातरम, भारतीय सेना की जय आदि देशभक्ति नारे लगाते हुए युवा समाजसेवी अनिल अग्रहरि के नेतृत्व में तुलसियापुर चौराहा पर भारतीय सेना की कार्रवाई पर खुशी जताते हुए एक दूसरे को लड्डू खिलाकर उत्साह प्रदर्शित किया। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर सबक सिखाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने एक बार फिर दिखा दिया कि यह 'नया भारत' है, जो बात कम और कार्रवाई ज्यादा करता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना के इस साहसिक कदम की प्रशंसा करते हुए कहां कि यह पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को सच्ची श्रद्धांजलि है। इस दौरान धुर्व चतुर्वेदी, बरकत, संतोष, शिवप्रसाद, जुनेद, शोयब, बब्लू यादव, शिवकुमार सहानी, बब्लू, प्रशांत,नन्दलाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# इटवा में एसडीएम ने व्यापारियों के साथ की बैठक

- सड़क पर नहीं लगेंगी दुकाने, एक सप्ताह समय देने का निर्णय
- सप्ताह के बाद अतिक्रमण हटाते हुए पन्द्रह दिनों तक लगातार बेतरतीब वाहनों का चालान कर लगाया जायेगा जुर्माना



अवधनामा संवाददाता

**इटवा सिद्धार्थनगर।** इटवा तहसील एसडीएम कार्यालय में बुधवार को एसडीएम कुणाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर में व्याप्त अतिक्रमण और कस्बे में जाम की समस्या पर चर्चा की गई।

बैठक में व्यापारियों को सड़क पर बेतरतीब वाहनो अतिक्रमण और अव्यवस्थित दुकानों से निजात दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्णय लेकर एक सप्ताह के बाद अतिक्रमण हटाते हुए पन्द्रह दिनों तक लगातार बेतरतीब वाहनों का चालान कर जुर्माना लगाने की बात कही। बैठक में निर्णय लिया गया कि सड़कों पर दुकाने नहीं लगेंगी। एसडीएम ने कहा कि सीएचसी डुमरियागंज रोड से इत्तेहादे मिल्लत मस्जिद बढ़नी रोड तक दुकानदार बेतरतीब तरीके से दुकानें लगाकर सड़क पर अतिक्रमण कर लेते हैं, जिससे आवागमन में दिक्कत होती है। उन्होंने दुकानदारों से नियमानुसार दुकानें लगाने के निर्देश दिए। **अतिक्रमण से हो रही दिक्कतें-** व्यापार मण्डल अध्यक्ष शिवकुमार बर्मा, अनिल जायसवाल, ओम बाबू छापड़िया ने भी अतिक्रमण की गंभीरता पर जोर देते हुए कहा कि नगर में अतिक्रमण इतना बढ़ चुका है कि राहगीरों का चलना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि अगर नगर में कोई दुर्घटना या आपातकालीन स्थिति उत्पन्न होती है, तो पुलिस, एंबुलेंस या फायर ब्रिगेड के वाहन बाजार के अंदर फंसे रहते हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। सभी ने स्पष्ट रूप से कहा कि इटवा के पास चारों रोड पर पांच फिट के अंदर किसी भी प्रकार की कोई दुकान नहीं लगेगी। इस बैठक में अनिल जायसवाल, शिवकुमार बर्मा , ओम बाबू छापड़िया, नरेन्द्र छापड़िया, आनन्द छापड़िया, रिजवान अहमद सिद्दीक़ी सहित गिरी बाबा सगरा सहित लोग उपस्थित रहे।

# जश्न : हियुवा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांट चौराहे पर फोड़े पटाखे



**इटवा सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** इटवा में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में की गई एयर स्ट्राइक का जश्न मनाया गया। हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को इटवा चौराहे पर एकत्र होकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और पटाखे फोड़े। कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, जय हिंद और भारतीय सेना की जय के नारे लगाए। शिव शक्ति मंदिर पर कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। दोपहर में कार्यकर्ता तिरंगा लेकर मुख्य मार्ग से होते हुए चौराहे पर पहुंचे। हियुवा के पूर्व जिला महामंत्री संजय मिश्रा ने कहा कि भारतीय सेना ने पहलगाम हमले का जवाब दिया है। सेना ने पाकिस्तान में आतंकी कैंप को नष्ट किया और कई आतंकियों को मार गिराया। इस कार्रवाई से पूरे देश में खुशी का माहौल है। संजय मिश्र, जिला पंचायत सदस्य रामकृपाल चौधरी, विवेक श्रीवास्तव, दिनेश शुक्ल, बाबा रामदेव, अमित सिंह, रामेंद्रनाथ मिश्र, सुमित्रा नंदन श्रीवास्तव, अक्षय पांडेय, दुर्गा प्रसाद प्रजापति, राधेश्याम चौधरी, नंशू सिंह, रामराज यादव, कनिकराम यादव, जोखन प्रसाद अर्कवंशी, सदानंद त्रिपाठी, मदन यादव, वीरेंद्र दीवाना, राजेंद्र तिवारी, धनीराज अर्कवंशी, संजय शर्मा, संतोष मौर्य, राम शुक्ल चौधरी, रामबली चौधरी आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी के आदेश के बाद जनपद से स्थानांतरित होंगे बढ़नी बीडीओ यशोवर्धन सिंह

**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड बढ़नी खंड विकास अधिकारी यशोवर्धन सिंह का स्थानांतरण सिद्धार्थनगर जनपद से शाहजहांपुर जनपद के लिए हो गया था लेकिन जिलाधिकारी द्वारा कार्य मुक्त नहीं किए जाने की दशा में अब भी ब्लॉक में जमे हुए हैं। विदित हो अनु सचिव अजय कुमार मिश्रा के पत्रांक संख्या आर-830/38-1001(010)/18/2024, लखनऊ - दिनांक 06 मई, 2025 उत्तर प्रदेश शासन ग्राम विकास अनुभाग-1 के पत्र पर तत्काल प्रभाव से खंड विकास अधिकारी बढ़नी यशोवर्धन सिंह की पदोन्नति के फल स्वरुप उपायुक् (श्रम रोजगार) जनपद शाहजहांपुर के रिक्त पद में हुई है। स्थानांतरण के मामले को लेकर जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर0 ने बताया कि खंड विकास अधिकारी बढ़नी यशोवर्धन सिंह को अभी कार्य मुक्त नहीं किया गया है, कार्यमुक्त होने के बाद उन्हें नवीन तैनाती पर भेजा जाएगा।





## जश्ने इमाम रज़ा अस का आयोजन आज

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के कस्बा हल्लौर की रजिस्टर्ड अंजुमन गुलदस्ता मातम के ज़ेरे निगरानी में इमाम बारगाह हुसैनिया वक्फ शाह आलमगीर सानी में शुक्रवार शाम एक महफिल बाउन्वान जशने इमाम रज़ा अलैहिस्सलाम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें इमाम ए जुमा हल्लौर मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी, मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब, जाकिरे अहलेबैत अज़ीम हैदर तकरीर के जरिए इमाम रज़ा अलैहिस्सलाम के फ़ज़ायल पेश करेंगे जबकि बैरूनी व मुकामी शायर अपना अपना कलाम पेश करेंगे। यह जानकारी अंजुमन गुलदस्ता मातम के सेक्रेटरी इंतेज़ार हुसैन शबाब ने देते हुए अकीदतमंदो से अधिक से अधिक तादात में महफ़िल में पहुंचने की गुजारिश की है।



# सशस्त्र सीमा बल व पुलिस के जवानों ने सीमाई क्षेत्र में किया पेट्रोलिंग

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** भारत नेपाल के खुनुवा बार्डर व सीमाई क्षेत्र के इलाकों में गुरुवार को शोहरतगढ पुलिस क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में पुलिस व सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग कर सीमावर्ती क्षेत्र के नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

शोहरतगढ पुलिस क्षेत्राधिकारी, शोहरतगढ थानाध्यक्ष विन्देश्वरी मणि त्रिपाठी,खुनुवा पुलिस चौकी इंचार्ज सुधीर कुमार त्रिपाठी, सशस्त्र सीमा बल के असिस्टेंट कमान्डर आशीष राघव व निरीक्षक राकेश मनिपाल ने बड़ी संख्या में सुरक्षा जवानों के साथ खुनुवा बार्डर के मुख्य मार्ग सहित आसपास के इलाकों में पेट्रोलिंग किया। सीमावर्ती क्षेत्र के नागरिकों से बातचीत करते हुए सुरक्षा जवानों ने जगह जगह ठहर कर नागरिकों से बातचीत करते हुये कहा कि क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों के दिखने पर पुलिस को सूचना दें और सीमावर्ती इलाकों की गतिविधियों पर नजर रखने में पुलिस का सहयोग करें। पहलगाम में हुए आंतकी हमलें के बाद मुंहतोड़ जवाब में भारत ने मिशन सिन्दूर के तहत सर्जिकल स्ट्राइक कर पाकिस्तान में स्थित आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। जिससे सुरक्षा के दृष्टिगत पूरे देश को एलर्ट मूड़ पर रखा गया है। भारत नेपाल की सीमा पर पुलिस व सीमा सुरक्षा बलों के जवानों की कड़ा पहरा है। भारत नेपाल की सीमा से आने जाने वाले लोगों पर सुरक्षा एजेंसियां की पैनी नजर बनी हुई है। बार्डर पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम के साथ सीमा क्षेत्र से भारत नेपाल आने जाने वाले लोगों के आइ डी व वाहनों की गहनता से जांच किया जा रहा है।

# पाकिस्तान को ओमप्रकाश राजभर की कड़ी चेतावनी, एक आंख दिखाई तो दोनों फोड़ देंगे, जनता भिड़ी तो समुद्र में फेंक देगी

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने बस्ती में पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद बढ़े भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच राजभर ने कहा कि भारतीय सेना ने आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है, जिससे साबित होता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं, उसे करके दिखाते हैं। उन्होंने पाकिस्तान को बयानबाजी से बचने और होश में रहने की नसीहत दी, साथ ही चेतावनी दी कि भारत की ताकत ऐसी है कि वह एक आंख दिखाने वाले की दोनों आंखें फोड़ सकता है। राजभर ने बस्ती में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया था। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिसके लिए भारत ने पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया है। राजभर ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवादियों की चुनौती को स्वीकार किया। हमारी सेना ने उनकी भावनाओं के अनुरूप कार्रवाई की और आतंकियों को करारा जवाब दिया। यह दिखाता है कि हमारा नेतृत्व सिर्फ बोलता नहीं, बल्कि करके भी दिखाता है। उन्होंने भारतीय सेना की तारीफ करते हुए कहा कि पूरे भारत को अपनी सेना पर गर्व है। पाकिस्तान द्वारा परमाणु हथियारों की धमकी और सीजफायर उल्लंघन की घटनाओं पर तंज कसते हुए राजभर ने कहा, पाकिस्तान बिना मतलब की बयानबाजी कर रहा है। उसे समझना चाहिए कि भारत के पास ऐसी ताकत है कि अगर वह एक आंख दिखाएगा, तो हम उसकी दोनों आंखें फोड़ देंगे। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तानी सेना में इस समय भगदड़ मची हुई है और वह डर के साए में जी रही है। राजभर ने जोर देकर कहा कि भारत ने अभी तक सिर्फ अपनी सेना के दम पर जवाब दिया है, लेकिन अगर देश की जनता भी इस लड़ाई में शामिल हो गई, तो पाकिस्तान को उठाकर समुद्र में फेंक देगी। कैबिनेट मंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि आज विश्व के कई देश भारत के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा, पाकिस्तान को यह समझना होगा कि वह अब अकेला है। भारत की कूटनीतिक और सैन्य ताकत ने उसे अलग-थलग कर दिया है। दुनिया भारत का साथ देने को तैयार है, क्योंकि हम आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहे हैं।

## मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी ने लालगंज ग्राम पंचायत पेयजल योजना का आकस्मिक निरीक्षण किया



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** मण्डलायुक्त अखिलश सिंह एवं जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने जनपद के विकास खण्ड कुदरहा में स्थित लालगंज ग्राम पंचायत पेयजल योजना का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होने पाया कि परियोजना वर्ष 2019-20 में स्वीकृत की गयी थी तथा परियोजना का कार्य पूर्ण है व सड़क रेस्टोरेशन का कार्य किया गया है। पानी टंकी के समीप लगे दो नलों को चेक किया गया, जिसमें पानी आ रहा है। निरीक्षण के दौरान उपस्थित गामीणों द्वारा भी बताया गया कि नल से बराबर पानी आता है। कोई समस्या नहीं है। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने देखा कि कुआनों नदी के बगल वृक्षारोपण हेतु गड्ढे की खुदाई की जा रही है। मौके पर उपस्थित प्रधान द्वारा बताया गया कि कुल 400 गड्ढे खोदे जायेंगे। मजदूरो की ऑनलाइन उपस्थिति के बारे में पूछने पर बताया गया कि अभी ऑनलाइन उपस्थित दर्ज नहीं की जा रही है। कल से मनरेगा पोर्टल पर श्रमिकों की ऑनलाइन उपस्थिति अपलोड की जायेगी। वृक्षारोपण कार्य पूर्ण होने वाला है। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया कि गर्मी को देखते हुए कार्य सुबह एवं शाम के समय करवाने का प्रयास किया जाए तथा कार्य वन विभाग के मानक अनुसार ही पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## वाहन चेकिंग के दौरान दुर्घटना, माझा खुर्द चौकी इंचार्ज गंभीर रूप से घायल

**कलवारी, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** जिले के कलवारी थाना क्षेत्र में बुधवार शाम एक दर्दनाक हादसे में माझा खुर्द पुलिस चौकी के इंचार्ज हरि प्रकाश तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना कलवारी टांडा पुल के पास उस समय हुई, जब चौकी इंचार्ज वाहन चेकिंग के दौरान ड्यूटी पर तैनात थे। इस हादसे ने पुलिस प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी झकझोर कर रख दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शाम के समय चौकी इंचार्ज हरि प्रकाश तिवारी अपनी टीम के साथ टांडा पुल के पास वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक तेज रफ्तार में वहां से गुजर रहे थे। चौकी इंचार्ज ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन युवकों ने न तो गति कम की और न ही मोटरसाइकिल रोकी। रोकने के प्रयास में बुलेट ने चौकी इंचार्ज को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बुलेट की हैंडिल उनकी वर्दी में फंस गई, जिसके कारण वह सड़क पर काफी दूर तक घिसटते चले गए। इस दौरान उन्हें गंभीर चोटें आई। आनन-फानन में स्थानीय पुलिस और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल चौकी इंचार्ज को तत्काल अंबेडकर नगर के मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया। वर्तमान में उनका इलाज लखनऊ के मैक्स अस्पताल में चल रहा है, जहां उनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। कलवारी थाना के प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र चौधरी ने बताया कि बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार दोनों युवकों की पहचान कर ली गई है। ये युवक दुबौलिया थाना क्षेत्र के श्रवणपुर और मरवाटिया चौहान गांव के निवासी हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोनों युवकों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि हादसे के कारणों की गहन जांच की जा रही है और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इस घटना ने क्षेत्र में पुलिसकर्मियों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि टांडा पुल के पास अक्सर तेज रफ्तार वाहन खतरा पैदा करते हैं, जिस पर प्रशासन को ठोस कदम उठाने की जरूरत है। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और पुलिस के साथ सहयोग करें, ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# ऑपरेशन सिंदूर के सफल ऑपरेशन पर बच्चों ने मनाई खुशियां

### प्राथमिक विद्यालय मंगराव में भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर किया खुशी का इज़हार

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के जरिए आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूत करने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है, जगह जगह लोगों ने एक दूसरे को मिठाई बांटी, भारतीय सेना के इस अभूतपूर्व कार्य से सम्पूर्ण भारत मे खुशी का माहौल है। इसी क्रम में भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के मंगराव स्थित प्राथमिक विद्यालय में सुबह भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हुए एयर स्ट्राइक की सफलता पर भारतीय सेना की एक झांकी निकाल कर प्रतीकात्मक सेना पर पुष्पवर्षा करते हुए, सेना के प्रति सम्मान प्रकट किया गया।

सर्वप्रथम प्रधानाध्यापक दुर्गेश मिश्र ने बच्चों को प्रार्थना सभा मे सेना के द्वारा पहलगाम हमले के विरोध में किये गए ऑपरेशन सिंदूर के सफलता के बारे में बताते हुए सेना के साहस की वीरगाथा सुनाकर सभी को बधाई दी, उन्होंने कहा कि सेना की यह कार्यवाही पहलगाम में दिवंगत लोगों की आत्मा की शांति के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है तत्पश्चात शिक्षक प्रदीप कुमार की अगुवाई में बच्चों ने प्रतीकात्मक रूप से सेना के जवानों के वेशभूषा में तैयार होकर झांकी निकालते हुए उन पर पुष्पवर्षा करते हुए देश की सेना के प्रति आभार प्रकटकर एक दूसरे को बधाई दी।

हाथों में तिरंगा लिए बच्चों ने भारत माता की जय और भारतीय सेना की जय के नारे भी लगाए। इस दौरान बच्चों का उत्साह देखने लायक था। कार्यक्रम में माता प्रसाद, दुर्गा देवी, दिनेश मिश्रा, राजकुमारी, तोताराम, कुसुम, श्यामकली, नीरज, राम विलास आदि उपस्थित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों मे मिला युवक का शव

**हजपुरा।** हजपुरा थाना सम्मनपुर क्षेत्र के ग्राम सभा अमरतल खंड़वा निवासी अमरजीत मौर्य (22 वर्ष), पुत्र राम तीरथ मौर्य का शव गुरुवार सुबह करीब 5:30 बजे गांव के बाहर एक आम के बाग में संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। घटना की सूचना परिजनों को दी गई, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने तत्क्षण थाना सम्मनपुर और थाना मालीपुर दोनों को सूचना दी, क्योंकि शव जिस स्थान पर मिला,वह दोनों थानों की सीमा के बीच स्थित है। बताया जा रहा है कि मृतक अमरजीत मौर्य ग्राम अमरतल खंड़वा का निवासी था, जो थाना सम्मनपुर के अंतर्गत आता है, जबकि शव जिस आम के बाग में मिला वह क्षेत्र थाना मालीपुर की सीमा में आता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक के पिता राम तीरथ मौर्य मूल रूप से नगवा गांव, थाना बेवाना के निवासी हैं। वर्तमान में वह अमरतल खंड़वा गांव में नेवासा (भू-स्वामी की अनुमति पर निवास) पर अपने परिवार सहित रहते हैं।

## एयर स्ट्राइक के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल




**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारत की एयर स्ट्राइक के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल है। बस्ती में भी रुधौली बाजार, गौर बाजार सहित आम लोग और बीजेपी कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे, मिठाई बांटी और आतिशबाजी की। वही पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर सेना की इस कार्रवाई का स्वागत किया। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान पर की गई एयरस्ट्राइक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय पर एकत्रित होकर जश्न मनाया और आतिशबाजी की। बस्ती की सड़कों पर भी लोगों में जश्न नजर आया. आम नागरिकों के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी हाथों में तिरंगा लेकर सड़कों पर उतर आए। लोगों ने पटाखे फोड़े, मिठाइयां बांटीं और भारत माता की जय के नारे लगाए।

## सहायक अध्यापक ने छात्रों को सिखाया तकनीकी शिक्षा नौनिहालो को दिया ककहरा का दक्ष

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जलालपुर शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय नवानगर में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत डॉ स्नेहलता परिषदीय विद्यालय के नौनिहालों को ककहरा सिखाने के साथ तकनीकी शिक्षा में भी दक्ष बना रही हैं। बुनियादी शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर जहां केंद्र व प्रदेश सरकार नई शिक्षा नीति के तहत बेसिक विद्यालयो में निपुण भारत अभियान चला कर दक्षता आधारित शिक्षा पर जोर दे रही है वहीं डॉ स्नेहलता वर्तमान शैक्षिक परिवेश में डिजिटल लिटरेसी को बढ़ावा देने के लिए बच्चों को कम्प्यूटर की शिक्षा देना अनिवार्य मान रही हैं। डॉ स्नेहलता का मानना है कि वर्तमान शैक्षिक परिवेश में एससीईआरटी द्वारा जूनियर विद्यालयों में विज्ञान की पुस्तकों में डिजिटल लिटरेसी के पाठ्यक्रम को जोड़ा गया है,किंतु प्राथमिक स्तर पर बच्चों के लिए कंप्यूटर की शिक्षा का अलग से कोई बंदोबस्त नहीं है द्य इसी को ध्यान में रखते हुए परिषदीय विद्यालय के बच्चों को कंप्यूटर की शिक्षा देने के लिए नवाचारी शिक्षिका स्नेहलता ने आईसीटी की पाठशाला द्वारा निर्मित डिजिटल लिटरेसी बाल ई- पोस्ट के माध्यम से छोटी कक्षाओं के बच्चों को कंप्यूटर की जानकारी दे रही हैद्य शिक्षिका ने बताया कि बाल ई-पोस्ट में बच्चों के आसपास उपलब्ध संसाधनों का उदाहरण लेकर कंप्यूटर शिक्षा से जोड़ा गया है। जिससे बच्चे बहुत आसानी से कंप्यूटर के बारे में परिचित हो रहे हैंद्य स्नेहलता बच्चों को अभी से साइबर अपराध से बचने के बारे में भी जागरूक कर रही हैंद्य विद्यालय में नामांकित छात्र बंटी,जयसिंह,रीशू,दिव्यांशी एवं सलोनी ने बताया कि मैडम कम्प्यूटर की शिक्षा बड़े ही रूचिपूर्ण ढंग से दे रही हैं,यही नहीं कम्प्यूटर के अलावा अन्य विषयों को गतिविधियों के माध्यम से पढ़ा रही हैं।विद्यालय में आईसीटी के वातावरण से बच्चों में काफी उत्सुकता है और वह रुचि के साथ प्रतिदिन विद्यालय आकर अन्य विषयों में भी रुचि ले रहे हैं।



## छरदही में ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे के घर पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, हुआ जोरदार स्वागत



**कुदरहा, बस्ती।** कुदरहा ब्लाक के कचनी गांव में एमएलसी सुभाष यदुवंश के चाचा स्व. सूर्य नरायन यादव के ब्रह्मभोज कार्यक्रम में सामिल होने जा रहे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी का छरदही गांव में रामजानकी मार्ग पर ब्लाक प्रमुख कुदरहा अनिल दुबे, भाजपा पिछडा मोर्चा जिलाध्यक्ष व्रह्मदेव यादव देवा, महंथ पाल व अमृत वर्मा के नेतृत्व में फूल-मालाओं व गाजे-बाजे से हजारो समर्थको के साथ स्वागत किया गया और ब्लाक प्रमुख के निज आवास पर प्रदेश अध्यक्ष पहुंचकर कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों से मुलाकात कर हाल जाना। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र, गोविंद नारायण शुक्ला, प्रज्ञा मिश्रा, कमला मिश्रा, अभिषेक दुबे, हरैया विधायक अजय सिंह, पूर्व विधायक रवि सोनकर, भानु प्रकाश मिश्रा, संजय पांडेय, मनोज पासवान, मनीष त्रिपाठी, बलवंत सिंह, ब्रजेश उपाध्याय, गंगाराम दुबे, सच्चिदानंद यादव, अजय पाल, रमेश चौधरी, इंद्र कुमार चौधरी, ओमकार चौधरी, पंकज पांडेय, राम प्रकाश यादव, बिजली गिरी, अजय दुबे, बंटी दुबे सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हज़रत इमाम हुसैन अस के जीवन पर डाला प्रकाश

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** नगर के मोहल्ला जाफराबाद स्थित बहिश्त-ए-वफा (रौज -ए-हजरत अब्बास) में मजलिस-ए-खम्सा के तीसरे दिन हज़रत इमाम हुसैन के व्यक्तित्व शीर्षक पर आयोजित मजलिस में मौलाना इफ्तेखार अली फ़राज़ वास्ती ने खिताब करते हुए कहा कि हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम ने कर्बला के मैदान में जिओ और जीने दो के पैगाम को फैलाया। मौलाना ने कहा कि इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम का सच्चा अनुयायी कभी भी हिंसा नहीं फैला सकता। उन्होंने कहा कि बेगुनाहों का कत्ल करना पूरी मानवता का कत्ल करना है। आतंक ही नहीं बल्कि आतंकवाद का साथ देने वालों की इस्लाम में कोई जगह नहीं है।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन ने लगाया चौपाल, सुनी समस्यायें





अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष अजय कसौधन की अगुवाई में गुरुवार को नगर पालिका अंतर्गत वार्ड नंबर 1 वाल्मीकि नगर में चौपाल लगाया गया। इस दौरान वार्ड वासियों द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन भी सौंप गया। मोहल्लावासियों द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि मोहल्ला अंतर्गत बीपी मेमोरियल हॉस्पिटल के पीछे नाली ना होने के कारण घरों के सामने जल जमाव हो गया है, जिससे दुर्गंध व जल जनित रोग पनपन लगे हैं। इस कारण मोहल्लावासियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जल निकासी समस्या के अलावा मोहल्ले में सड़क, बिजली व शुद्ध पेयजल की भी समस्या का आभाव है, मोहल्लावासियों का कहना है कि उनके द्वारा नगर पालिका के जिम्मेदारों से कई बार लिखित व मौखिक रूप से समस्याओं के निदान हेतु कहा गया, परंतु समस्याएं जस की तस पड़ी हुई है। चौपाल में उपस्थित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष अजय कसौधन द्वारा मोहल्लावासियों को जिम्मेदारों से वार्ता के उपरांत जल्द से जल्द उचित समाधान का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अब्बास अली, संगठन मंत्री करुणेश जायसवाल, नगर अध्यक्ष शिवदत्त अग्रहरि, महामंत्री नीरज श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह सहित केशव पांडेय, छोटेलाल गुप्ता, अनिल त्रिपाठी, नवीन पांडेय आदि मोहल्लावासी उपस्थित रहे।

## डिजिटल पहुंच भौतिक अधिकार

आजकल डिजिटल दुनियां हर एक के लिये जरूरी हो गया है। पर यह अभी सम्पन्न लोगो के अधिकार में है। इससे सामाजिक समानता बटी हुई है अमीर गरीब की खाई चौड़ी है। टेकनालजी उससे जुड़ी भाषा में ऐसे गतिरोध है जो डिजिटल की पहुंच सब तक नही बना पाती है। कोर्ट ने डिजिटल पहुंच को आदमी के मौलिक अधिकार से जोड़ा है। अदालत इस बड़ी परिप्रेक्ष में देखते हुये संविधान के आर्टिकल 21 से जोड़ा है। यह अर्टिकल सभी को समान रूप से जीने और अजीविका कमाने का अधिकार देता है। आजकल सभी सुविधायें और सेवायें डिजिटली उपलब्ध है। शारीरिक दिक्कत से अगर कोई इन सेवाओं सुविधाओं से वन्चित रह जाता है तो यह उसको मौलिक अधिकारों पर चोट है। कोर्ट ने आरबीआई और सभी बान्छित रेगेलेटरी अर्थाटी को केवाईसी प्रक्रिया में बदलाव का आदेश दिया है। दो ऐसिड सर्वाईवर्स की वजह से यह मुद्दा सामने आया है इनमें से एक की आंख नही झपकती है एक नेत्रहीन है।

इसी की वजह से दोनो का केवाईसी नही हो सका। दोनो में याचिका दायर कर प्रक्रिया में बदलाव की मांग की है। इसी को लेकर अदालत ने इतना महत्वपूर्ण आदेश सुनाया है। 95.15 प्रतिशत गांवो तक इन्टरनेट पहुंच चुका है। जब तक इन्टरनेट के जरिये लोगों को बदलाव का मौका नहीं मिलता तब तक यह प्रगति अधूरी है। डिजिटल खाई पाटना सिर्फ नीति का मामला नहीं है। यह एक संवैधानिक जरूरत है। अब गेंद सरकार के पाले में है और इस पर गम्भीरता से बढना उसकी जिम्मेदारी है। जब तक यह मसला नही सूलझेगा तब तक भारत का सम्पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने का सपना अधूरा रहेगा। लोग इसे सम्पन्नता तक पहुचने की बात को लेकर बेहद उत्साहित और गौरवानित है। ढकनालजी की तटस्थता उसकी असली ताकत है कि वह समान रूप से सबके लिये उपलब्ध हो। चीन के बाद भारत इन्टरनेट यूजर्स दूसरे नम्बर पर है।

## हल्दीघाटी युद्ध के महान योद्धा थे शिरोमणि महाराणा प्रताप



सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'

महाराणा प्रताप यह नाम एक ऐसा नाम हैं। जो लेते ही शरीर में झुरझुरी भी भर देता है, साथ ही एक नया जोश, उत्साह और वीरता, साहस एवं संघर्ष का तीव्र एहसास जगा देता हैं। सहसा ही अपनी क्षमताओं पर दोगुना विश्वास होने लग जाता है। ऐसा चमत्कारी हैं महाराणा प्रताप का नाम। स्वाभाविक हैं जिसने भी इतिहास या महाराणा प्रताप की जीवनी पढी हैं वह उनके अदम्य साहस और वीरता के साथ उनके विशाल व्यक्तित्व से प्रभावित हुये बिना नहीं रह सकता। शायद ही भारतीय इतिहास में और दूसरा उदाहरण हमें मिले, जो. महाराणा प्रताप के शौर्य की बराबरी कर सके। वह समय ऐसा था कि महाराणा प्रताप की वीरता का डंका का लोहा चारों तरफ बज रहा था उनकी वीरता का ही प्रताप था की महाराणा प्रताप के सामने युद्ध में आने की हिम्मत मुगल सम्राट अकबर ताजिंदगी नहीं कर सका। महाराणा प्रताप की वीरता की ऐसी पराकाष्ठा थी की हाथी के सामने चीटी जैसी हैसियत के साथ हाथी को भी दाँत खट्टे कर देने पर मज़बूर कर देने वाला ऐसा महान योद्धा मुझे तो कहीं नहीं दिखाई देता है।

महाराणा प्रताप भारत की राज़पूताना भूमि अर्थात आज के राजस्थान की धरती पर पले बढ़े थे। वहाँ के मेवाड़ राज्य का यह सौभाग्य है कि उसने ऐसे प्रतापी राजा की महानता को अपनी आँखों से देखा। महाराणा प्रताप के पिता उदयसिंह के समय चित्तौड़गढ़ पराधीन हो चुकी थी, उस समय उदयसिंह ने ही बड़ी वीरता के साथ उसे बनवीर के कब्जे से निकालकर पुनः अपने राज्य में शामिल कर राजपूतीय शान में वृद्धि की थी। इसके बाद ही उन्होंने अपना राजतिलक कराया था। इस समय महाराणा प्रताप की आयु मात्र तीन वर्ष की थी। यह दुर्भाग्य ही था कि उदयसिंह अपने शासन व्यवस्था को सुदृढ़ भी नहीं कर पाये थे कि शेरशाह नामक मुस्लिम शासन ने चित्तौड़ पर आक्रमण कर दिया। उदयसिंह के किले को उसने बड़ी मज़बूती से घेर लिया। उसकी भारी भरकम सेना के सामने चित्तौड़ किले के मुट्ठी भर सैनिकों के साथ आमने सामने की लड़ाई का परिणाम भी निश्चित तौर पर हार ही दिख रहा था। तब इस परिस्थिति में उदय सिंह ने अपने यश कीर्ति के विरुद्ध चतुराई पूर्ण निर्णय लेते हुये किले की चाबी बाहर शेरशाह को भिजवा दी थीं ऐसा करके उन्होंने भीषण रक्तपात एवं किले की सुरक्षा कर ली। और इसके बाद पुनः चतुराई से अपने किले की रक्षा कर ली।

महाराणा प्रताप को जब मेवाड़ की गद्दी मिली उस समय चारो ओर अशाँति, अभाव एवं युद्ध की छाया मंडरा रही थीं। उन्हें विरासत में कोई सुदृढ़ सुरक्षा नहीं प्राप्त हो सकी। यह तो महाराणा प्रताप का ही व्यक्तित्व और वीरता थी कि उन्होंने मेवाड़ को बचाये रखा व राज्य को अथक प्रयासों से फलने फूलने के लिये समुचित अवसरों का उपयोग किया।

महाराणा प्रताप के गद्दीनशीन होने के समय भी खासा विवाद हुआ था। उस समय भाइयों के बीच दो गुट बन गये, जो उनके छोटे भाई पहले से ही गद्दी पर बैठ चुके थे। उन्हें हटाने के लिये मेवाड़ के सारे राजपूतों ने अभियान छेड दिया एवं एकमतेन होकर महाराणा प्रताप को मेवाड़ की गद्दी सौंपी गई। महाराणा प्रताप के छोटे भाई जगमाल इससे बहुत कुपित हुये और वे मेवाड़ छोड़ कर जंगलों की ओर चले गये।

उधर दिल्ली के तख्तोताज़ पर मुगल बादशाह अकबर का परचम लहरा रहा था। अकबर का साम्राज्य पूरे भारत वर्ष में यदा कदा राज्यों को को छोड़कर चारो ओर फैला हुआ था. अब अकबर चाहता था कि बाकी बचे हुए राज्यों को या तो समझौते, मित्रता के द्वारा अधीन किया जाये या फिर युद्ध में परास्त करके। इसके लिये वह पहले मित्रता की पेशकश करता था। पश्चात कोई हल नहीं निकलने पर वह युद्ध की चुनौती देता था। महाराणा प्रताप के मेवाड़ का शासक बनने की खबर से अकबर भी अंजान नहीं था, वह प्रताप की वीरता और महत्वाकांक्षा से भयभीत होकर अनेक बार उनसे मित्रता का प्रयास किया। परंतु हर बार महाराणा प्रताप ने उनके मित्रता की पेशकश को ठुकरा दिया। महाराणा प्रताप को यह तो भलीभाँति ज्ञात था कि अकबर से मित्रता करने का अर्थ था उसकी अप्रत्यक्ष रुप से आधीनता स्वीकार करना । वहीं मित्रता से इंकार करने का अर्थ था उससे युद्ध के लिये विवश होना। इसलिये महाराणा प्रताप ने अकबर की मित्रता अस्वीकार करने के बाद यद्ध की तैयारियाँ भी शुरू कर दीं। महाराणा प्रताप की विशेषता देखिए- वे दुश्मन सैनिकों को तलवार के अपने एक ही वार में घोड़े समेत काट डालते थे । उनके तलवार का वजन लगभग 80 किलोग्राम था वही भाले का वजन भी 80 किलोग्राम था। उनका कवच भाला ढाल और हाथ मे तलवार का वजन मिलाए तो कुल वजन 207 किलो होता था। आज भी महाराणा प्रताप की तलवार कवच भाला हाल आदि उदयपुर राजघराने के संग्रहालय में सुरक्षित है। अकबर ने कहा था कि अगर राणा प्रताप मेरे सामने झुकते हैं तो आधा हिंदुस्तान उनके नाम कर देंगे लेकिन अधीनता स्वीकार करनी होगी। जिस पर महाराणा प्रताप ने साफ इनकार कर दिया। हल्दीघाटी की लड़ाई में मेवाड़ से बीस हजार सैनिक थे। वही अकबर की और से पच्चासी हजार सैनिक युद्ध में सम्मिलित हुए। इतिहासकार मानते हैं कि हल्दीघाटी के युद्ध के 300 साल बाद भी जमीनों में तलवार पाई जाती है। यहां आखरी बार तलवारों का जखीरा 1985 में हल्दीघाटी में मिला था। आज भी कुछ ना कुछ अवशेष मिल जाते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**जिन्नाह की तरह ही जनरल आसिम मुनीर भी भारत के एक हज़ार साल से भी अधिक के इतिहास को झुटला रहे थे सदियों से भारत में हिन्दू मुसलमान साथ साथ रहते आएं हैं बेशक उनमें बहुत सी विभिन्ताएं हैं लेकिन यहाँ अनेकता में एकता की भी अनूठी मिसाल रही है, आपसी प्रेम, भाईचारा, शान्तिपूर्ण सहअस्तित्व और सब से बढ़ कर देश के निर्माण और अंग्रेजों की गुलामी से आज़ादी की लड़ाई में साझा कुर्बानी उनके बीच सब से मज़बूत बाण्ड रहा है। भारत का बटवारा जहां जिन्नाह और उन जैसे अदूरदर्शी कट्टर पंथी मुस्लिम नेताओं की जिद और हठ्धर्मी के करण हुआ।**

# जनरल आसिम इतिहास झुटला रहा था भारत ने याद दिला दिया



उबैद उल्लाह नासिर

भारत ने पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिन्दूर द्वारा न सिर्फ उसके क्रूर दुस्साहस के मुंह तोड़ जवाब दे दिया बल्कि हमले के बाद हुई प्रेस ब्रीफिंग के लिए दो महिला सैनिक अफसरों कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर भूमिका सिंह को सामने ला के दो महत्वपूर्ण सन्देश न केवल पाकिस्तान को बल्कि अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को भी दिए हैं, एक इस फौजी कार्रवाई को ऑपरेशन सिन्दूर का नाम दे कर पाकिस्तान को पहलगाम में हमारी बहन बेटियों का सिन्दूर उजाड़ने की सज़ा दी दुसरे महिलाओं अफसर को सामने ला कर महिला शक्ति का प्रदर्शन किया और तीसरे व अधिक महत्वपूर्ण एक मुस्लिम तथा एक हिन्दू महिला अफसर द्वारा भारत की सैकड़ों साल पुरानी हिन्दू मुस्लिम सह अस्तित्व एकता और देश के लिए साझी कुर्बानी का इतिहास याद दिलाया है।

विगत 16 अप्रेल को अपने एक भाषण में पाकिस्तान से सेनाध्यक्ष जनरल आसिम मुनीर ने मोहम्मद अली जिन्नाह की बोली बोलते हुए भारत के बटवारे का ज़िक्र किया और बोले की हिन्दुओं और मुसलामनों में कुछ समानता नहीं उनका खान पान रहन सहन पूजा पद्धति सब अलग है, इस लिए दोनों एकम साथ नहीं रह सकते थे जिसके कारण मुसलमानों को अलग देश पाकिस्तान बनवाना पड़ा। जिन्नाह की तरह ही जनरल आसिम मुनीर भी भारत के एक हज़ार साल से भी अधिक के इतिहास को झुटला रहे थे सदियों से भारत में हिन्दू मुसलमान साथ साथ रहते आएं हैं बेशक उनमें बहुत सी विभिन्ताएं हैं लेकिन यहाँ अनेकता में एकता की भी अनूठी मिसाल रही है, आपसी प्रेम, भाईचारा, शान्तिपूर्ण सहअस्तित्व और सब से बढ़ कर देश के निर्माण और अंग्रेजों की गुलामी से आज़ादी की लड़ाई में साझा कुर्बानी उनके बीच सब से मज़बूत बाण्ड रहा है। भारत का बटवारा जहां जिन्नाह और उन जैसे अदूरदर्शी कट्टर पंथी मुस्लिम नेताओं की जिद और हठधर्मी के करण हुआ वहीं हिन्दू साम्प्रदायिक संगठनों ने भी अपना किरदार अदा किया था लेकिन इसके सब से बड़े गुनाहगार अंग्रेज़ थे। जिन्नाह और उनकी मुस्लिम लीग जहां बटवारे की जिद पकडे हुए थी वहीं उस समय के सभी मुस्लिम संगठन जैसे जमीअतुल उलेमा हिंद, खुदाई खिदमतगार, मजलिस अहरार,जमात इस्लामी, खाकसार तहरीक और केवल मौलाना आज़ाद और खान अब्दुल गफ्फार खान ही नहीं सभी तत्कालीन उलमा जैसे मौलाना हुसैन अहमद मदनी, मौलाना अबुल अला मौदूदी, मौलाना हिफजुर्रहमान स्योहार्वी, मौलाना अंजार शाह कश्मीरी आदि बटवारे के घोर विरोधी थे। इन सब का मत था की धर्म राष्ट्र की बुनियाद नहीं हो सकता बादमें यही विचार हमारे संविधान की भी बुनियाद बना। लेकिन ब्रिटिश साम्राज अपनी चाल



चल रहा था, अरब देशों के सीने पर इजराइल नाम का खंजर घोंपा गया तो भारतीय उपमहाद्वीप को पाकिसतान जैसा नासूर दिया। दोनों का मकसद क्षेत्र को अस्थिर रखणा था ताकि अमरीका और ब्रिटेन जैसे साम्राजी देशों पर उनका निर्भरता बनी रहे और वह यहाँ के प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करते रहें, दूसरा मकसद यह भी था की ब्रिटिश और यूरोपी साम्राज वाद को सब से ज्यादा टक्कर देने वाले मुसलमान कोई बड़ी सियासी, फौजी और आर्थिक ताक़त न बन सकें। धर्मांध जनरल आसिम मुनीर जब कहता है की कलमा की बुनियाद पर पाकिस्तान बना तो लगभग उसी समय इजराइल किस बुनियाद पर बना था? इस धर्मांध जनरल को शायद यह भी नहीं पता की बटवारे के बाद सरहद उस पार जो मुसलमान थे वह तो थे ही इस पार से केवल 10-15 प्रतिशत मुसलमान उधर गए थे उनमें से भी बहुतों को खास कर अविभाजित पंजाब और देहली से ज़बरदस्ती उधर धकेला गया था। अपने इस ज़हरीले भाषण में जनरल मुनीर ने न केवल ऐतिहासिक सच्चाई को नाकारा बल्कि एक बार फिर बटवारे के घाव को हरा करने की गंदी कोशिश की । उसने जहाँ आज के माहौल में भारतीय मुसलमानों के लिए नई समस्याएं पैदा कर दीं वही खुद पाकिस्तान के अपने अल्पसंख्यकों हिन्दुओं और सिक्खों के लिए असुरक्षा और अविश्वास का माहौल पैदा कर दिया।

इस भ्रष्ट धर्मांध जनरल ने भारतीय मुसलमानों से दुश्मनी निकालने के लिए पहलगाम का शर्मनाक वीभत्स अमानवीय सम्प्रदायिक काण्ड करवाया जहाँ उसके ट्रेंड किये हुए आतंकवादियों ने 26 निर्दोष लोगों को उनका धर्म पूछ कर मौत के घाट उतार दिया। कश्मीर में आतंकवाद के 30 साल के इतिहास में यह दूसरी बार हुआ है की धर्म पूछ कर हत्याएं की गयीं। वास्तव में यह बहुत गहरी और खतरनाक साज़िश थे भारत खासकर भारतीय मुसलमानों के खिलाफ। जनरल मुनीर का शैतानी मंसूबा यह था की देश भर से आये पर्यटकों की धर्म पूछ कर केवल मर्दों की हत्या कीजये और जिंदा बही औरतें अपने अपने शहरों में जा कर यह सब बताएं जिससे भारत में कई स्थानों पर सम्प्रदायिक दंगे फूट पड़ें ज़ाहिर है इसकी सब से बड़ी कीमत भारतीय मुसलमानो को ही ऐडा करनी पड़ती वही मारे काटे जाते, उनके घरों पर बुलडोज़र चलते कठोर धाराओं में गिरिफ्तार कर के जेलों में सड़ाए जाते । जिन्नाह और अंग्रेजों ने भारतीय मुसलमानों से जो दुश्मनी 1947 में निभाई थी वही दुश्मनी जनरल मुनीर 2025 में निभा रहा था। लेकिन भला हो कश्मीरी मुसलमानों का जिन्होंने जनरल मुनीर के शैतानी मंसूबे को मिटटी में मिला दिया इस लोमहर्षक हत्याकाण्ड के तुरंत बाद जहाँ सय्यद साजिद जैसे बहादुर नवजवान ने एक आतंकी की रायफल छीनलेने की हिम्मत दिखाई मगर खुद शहीद हो गया वाहें नजाकत अली ने 11 पर्यटकों को सुरक्षित निकाल कर उनकी जान बचायी क्षेत्र के सभी नागरिकों ने पर्यटकों की भरपूर सहायता की गरीब घोड़े वालों टैक्सी वालों ने होटल वालों ने किसी पर्यटक से कोई पैसा नहीं लिया वहीं हवाई जहाज़ क्म्पनियों ने आपदा में अवसर ढूंढते हुए किराया तीन गुना तक बढ़ा दिया बाद में कई दिनों की लूट के के बाद भारत सरकार की आँख खुली उसने सख्ती को तो हवाईजहाज़ कंपनियों की यह लूट रुकी जिन पर्यटकों ने अपनों को खोया था उन सब ने इस काण्ड को साम्प्रदायिक रंग न देने की अपील ही नहीं की बल्कि कश्मीरी मुसलमानों के सुलूक की दिल खोल के प्रशंसा की नवब्याहता हिमानशी नरवाल जो हनीमून मनाने कश्मीर गयी थी उसके नेवी के अफसर पति को निर्दयी आतंकवादियों ने मौत के घाट उतार दिया था लेकिन उसने कश्मीरी और आम मुसलमानों के प्रति कोई दुर्भावना नहीं दिखाई और खुले आम मुसलमानों की हिमायत में बयां दिया लेकिन इस देश में उभरा कथित राष्ट्रवादियो का नफरती गैंग उसे सद्भावना की यह बातें रास नहीं आयीं उसने जनरल मुनीर के शैतानी मंसूबे को पूरा करते हुए जगह जगह मुसलमानों कोनिशाना बनाना शुरू कर दिया आगरा में गुलफाम नामी एक गरीब लड़के और उसके साथी को उन्हीं आतंकियों की स्टाइल में धर्म पूछ कर गोली मार दी गयी।

# पहलगाम के आंसू और सिंदूर की ज्वाला

कर्म सिंह ठाकुर

**पाकिस्तान ने 1999 में कारगिल में तो उसने गुपचुप तरीके से घुसपैठ कर युद्ध का षड्यंत्र रचा, जिसे भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। इन सभी युद्धों में भारत ने विजय प्राप्त की, परंतु हर बार भारत ने युद्ध के बजाय शांति की पहल की। लेकिन पाकिस्तान ने इस सद्भावना का बदला आतंकवाद से दिया। उसकी सेना और आईएसआई लगातार जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिज्बुल जैसे संगठनों को पैसा, प्रशिक्षण और संरक्षण देती रही।**

22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ हमला भारत-पाकिस्तान संबंधों में एक नए और भयावह मोड़ का प्रतीक बन गया। इस निर्मम घटना में 26 निर्दोष पर्यटकों की जान गई, जिन्हें केवल उनके धर्म के आधार पर चुन-चुनकर मारा गया। आतंकियों ने पहले लोगों से उनका धर्म पूछा और जो लोग मुस्लिम धर्म की कलमा पढ़ने या अन्य धार्मिक गतिविधियां निभाने में असमर्थ पाए गए, उन्हें बेरहमी से गोली मार दी गई। यह हमला न सिर्फ एक आतंकवादी कार्रवाई थी, बल्कि भारत की धर्मनिरपेक्ष अस्मिता पर किया गया सीधा हमला था। आतंकवाद अब केवल राजनीतिक या सामरिक मुद्दा नहीं रहा, बल्कि वह धार्मिक कट्टरता और मानवता के मूल्यों के पूर्ण पतन का रूप ले चुका है। इस हमले ने न केवल देश को आक्रोशित किया, बल्कि यह भी सिद्ध कर दिया कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद अब इतनी गहराई तक जा चुका है कि वह निर्दोष नागरिकों की धार्मिक पहचान को निशाना बनाकर समाज में भय और नफरत फैलाना चाहता है। भारत ने इस हमले को अपनी संप्रभुता और सामाजिक एकता के खिलाफ माना और इसके बाद लिए गए निर्णयों ने यह स्पष्ट कर दिया कि अब हर हमले का जवाब निर्णायक और नीतिगत तरीके से दिया जाएगा। भारत सरकार ने तीव्र प्रतिक्रिया देते हुए सैन्य स्तर पर एक व्यापक कार्रवाई की योजना बनाई। इस सटीक और गोपनीय सैन्य कार्रवाई को नाम दिया गया- ऑपरेशन सिंदूर। यह नाम प्रतीक था भारत की सांस्कृतिक विरासत का, जिसमें सिंदूर शक्ति, सम्मान और संरक्षण का प्रतीक है। ऑपरेशन सिंदूर न केवल आतंक के विरुद्ध सर्जिकल कार्रवाई थी, बल्कि यह उन निर्दोष नागरिकों को सच्ची श्रद्धांजलि भी थी, जिन्होंने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की बलि चढ़कर अपना जीवन खोया।




7 मई 2025 की सुबह जब देशवासी अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में व्यस्त थे, मीडिया प्लेटफॉर्म पर भारत के मिशन सिंदूर की खबरों ने भारत के जनमानस का सीना चौड़ा कर दिया। भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना की संयुक्त रणनीति ने 6 मई 2025 रात्रि को पाकिस्तान के भीतर 9 प्रमुख आतंकवादी ठिकानों पर जोरदार हमला कर दिया। यह हमले न केवल लाइन ऑफ कंट्रोल के पास स्थित आतंकी लॉन्चपैड्स पर किए गए, बल्कि पाकिस्तान के भीतरी हिस्सों में भी उन ठिकानों को टारगेट किया गया, जो लंबे समय से आतंक की फैक्टरी बने हुए थे। ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिन 9 ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक की गई, वे थे : बहावलपुर-जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय। मुरीदके : लश्कर-ए-तैयबा का आधार स्थल, जो 2008 मुंबई हमले से जुड़ा रहा है। गुलपुर- नियंत्रण रेखा के पास स्थित वह अड्डा, जहां से 2023-24 के हमलों की योजना बनी। सावाई- जहां से तीर्थयात्रियों पर हमलों की साजिश रची गई। बिलाल- जैश का प्रमुख लॉन्चपैड। कोटली - हिज्बुल मुजाहिदीन की उपस्थिति वाला अड्डा। बरनाला, सरजाला और महसुन्ता - आतंकी ट्रेनिंग और लॉन्चिंग सेंटर। इन हमलों में अत्याधुनिक तकनीक का प्रयोग किया गया। दूरवर्ती स्थानों को मिसाइलों और ड्रोन हमलों द्वारा ध्वस्त किया गया। खास बात यह रही कि इस पूरे ऑपरेशन में भारतीय पक्ष को कोई नुकसान नहीं हुआ, और सभी सैनिक सुरक्षित वापस लौटे।

भारतीय सेना आज विश्व की सबसे शक्तिशाली और संगठित सेनाओं में से एक मानी जाती है। इसकी ताकत न केवल इसके अत्याधुनिक हथियारों, तकनीकी क्षमताओं और रणनीतिक कौशल में निहित है, बल्कि उस अडिग संकल्प में भी छुपी है जो हर भारतीय सैनिक की रगों में बहता है। भारत की सुरक्षा, संप्रभुता और जनमानस की एकता पर यदि कोई खतरा मंडराता है, तो भारतीय सेना उसका जवाब शौर्य और संयम के अद्भुत संतुलन के साथ देती है। वर्ष 2014 के बाद देश ने ऐसे कई उदाहरण देखे हैं, चाहे वह उरी हमले के बाद की सर्जिकल स्ट्राइक हो, पुलवामा के बाद बालाकोट एयरस्ट्राइक या हाल ही में पहलगाम हमले के पश्चात ऑपरेशन सिंदूर, हर बार भारतीय सेना ने यह सिद्ध किया है कि भारत अब केवल सहन नहीं करेगा, बल्कि हर आघात का उत्तर निर्णायक रूप से देगा।

वर्ष 1947 का भारत-पाक विभाजन केवल दो राष्ट्रों का निर्माण नहीं था, बल्कि वह एक ऐसी घटना थी जिसने उपमहाद्वीप को खून से रंग दिया। पाकिस्तान ने अपने निर्माण के तुरंत बाद ही भारत विरोधी गतिविधियां शुरू कर दीं। 1947, 1965 और 1971 में उसने सीधे युद्ध छेड़े। 1999 में कारगिल में तो उसने गुपचुप तरीके से घुसपैठ कर युद्ध का षड्यंत्र रचा, जिसे भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। इन सभी युद्धों में भारत ने विजय प्राप्त की, परंतु हर बार भारत ने युद्ध के बजाय शांति की पहल की। लेकिन पाकिस्तान ने इस सद्भावना का बदला आतंकवाद से दिया। उसकी सेना और आईएसआई लगातार जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिज्बुल जैसे संगठनों को पैसा, प्रशिक्षण और संरक्षण देती रही। मुंबई हमले, उरी हमला, पुलवामा विस्फोट और अब पहलगाम कांड, हर घटना में पाकिस्तान की भूमिका उजागर होती रही है। भारत एक शांति प्रिय राष्ट्र है, लेकिन जब देश की संप्रभुता, नागरिकों की सुरक्षा और मानवता पर आघात होता है, तब भारत यह भी दिखाता है कि वह केवल सहनशील ही नहीं, बल्कि निर्णायक कार्रवाई करने में सक्षम राष्ट्र है। ऑपरेशन सिंदूर इसी रणनीतिक और सांस्कृतिक सोच का परिणाम है। पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर एक नए युग की शुरुआत है। यह युग है आत्मरक्षा के अधिकार के उपयोग का, कूटनीति और शक्ति के संतुलन का, और आतंक पर बिना समझौते की नीति का।

भारत अब केवल प्रतिक्रिया नहीं करता, वह भविष्य की संभावित साजिशों को रोकने के लिए भी तत्पर है। यह संदेश स्पष्ट है- भारत अब हर गोली का जवाब गोली से, और हर आतंकी योजना का जवाब निर्णायक सैन्य रणनीति से देगा। ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों ने न केवल पाकिस्तान को चेतावनी दी है, बल्कि भारतीय नागरिकों के मन में विश्वास भी जगाया है कि उनका देश अब चुप नहीं बैठेगा। पहलगाम के निर्दोषों की हत्या ने भारत को झकझोर कर रख दिया, लेकिन उसी आघात ने ऑपरेशन सिंदूर जैसी सटीक और निर्णायक प्रतिक्रिया को जन्म दिया। यह केवल सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की रणनीतिक चेतना, राष्ट्रीय संप्रभुता और नागरिक सुरक्षा का प्रतीक है। अब आतंकवाद को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# 'इन्हें अपराध से नहीं बल्कि अपराधी के धर्म से नफ़रत है'



निर्मल रानी

**एक ओर तो उपद्रवियों द्वारा एक व्यक्ति की दरिन्दिगी के चलते द्वारा उसके धर्म के लोगों के विरुद्ध जमकर फ़साद किया गया तो दूसरी तरफ़ इसी समाज के लोगों द्वारा उस्मान के विरुद्ध कई कड़े फैसले लिये गए। नैनीताल के मुस्लिम संगठन अंजुमन-ए-इस्लामिया द्वारा उस्मान को मुस्लिम समाज से बहिष्कृत करने का फ़ैसला लिया गया और उसके मस्जिद में प्रवेश पर रोक लगा दी गयी।**

उत्तरांचल का व्यस्त पर्यटक स्थल नैनीताल पिछले दिनों साम्प्रदायिकतावादियों के निशाने पर आ गया। ख़बरों के अनुसार 12 अप्रैल को नैनीताल में एक 12 वर्षीय नाबालिग़ लड़की के साथ उस्मान नामक एक वृद्ध आयु के आरोपी द्वारा कथित तौर पर बलात्कार किया गया। पीड़िता की मां द्वारा घटना की रिपोर्ट 30 अप्रैल को मल्लीताल थाने में दर्ज कराई गई। आरोप है कि आरोपी उस्मान स्कूल से आते समय बालिका को बहला फुसलाकर कार में बिठाकर ले गया और उसने कार में ही बच्ची के साथ दरिन्दिगी की। पुलिस द्वारा आरोपी को फ़ौरन गिरफ़्तार कर जेल भेजा जा चुका है । परन्तु प्राथमिकी दर्ज होते ही थाने में ही हिंदूवादी संगठनों की भीड़ इकट्ठी होनी शुरू हो गयी। और उसी दिन देर रात से लेकर अगले दिन 1 मई तक इस घटना के विरुद्ध जो भीड़ द्वारा जो तांडव किया गया। उसकी तो कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उस्मान की दरिन्दिगी का बदला उसके समुदाय के लोगों से लिया जाने लगा। चुन चुनकर मुसलमानों के घरों व दुकानों में आग लगाई जाने लगी। अनेक मस्जिदें तोड़ी गयीं व कई आग के हवाले कर दी गई। सड़कों पर जुलूस निकालकर समुदाय विशेष के विरुद्ध नारेबाज़ी की गयी।

इस घटना का एक अत्यंत सम्प्रदायिकतापूर्ण दुखद पहलू यह भी रहा कि जब हालात को नियंत्रित करने के लिये मल्लीताल थाने में तैनात उत्तराखंड पुलिस के वरिष्ठ सब इंस्पेक्टर मोहम्मद आसिफ़ ख़ान जो ड्यूटी पर तैनात थे, जब वहां पहुंचे तो उन्मादी भीड़ ने उन्हें भी घेर लिया। उनके साथ धक्कामुक्की की और वर्दी का कॉलर पकड़ कर खींचने की कोशिश की। वे भी वहां प्रदर्शनकारियों की उग्रता का शिकार हो गए। उग्र भीड़ में कुछ लोग उनका नाम पूछते हुए अभद्रता धक्कामुक्की करते देखे गये। भीड़ ने केवल धार्मिक आधार पर उन पर निशाना साधा और उन्हें कोतवाली के अंदर तक घसीट ले गए और कोतवाली में भी हंगामा करते रहे। इस घटना का वीडीओ भी सोशल मीडिया पसर शेयर हुआ और खूब वायरल हुआ। इस घटना का दूसरा प्रभाव यह हुआ कि जो नैनीताल शांति व प्रकृतिक सौंदर्य के लिये मशहूर था वह भी साम्प्रदायिकता व अचानक साम्प्रदायिक उपद्रव के नाम से कलंकित हो गया। इतना ही नहीं करोड़ों रूपये का पर्यटन प्रभावित हुआ। और ख़बर तो यह है कि अगले महीने यानी जून तक की बुकिंग अनेक पर्यटकों द्वारा रद्द करा दी गयी।



एक ओर तो उपद्रवियों द्वारा एक व्यक्ति की दरिन्दिगी के चलते द्वारा उसके धर्म के लोगों के विरुद्ध जमकर फ़साद किया गया तो दूसरी तरफ़ इसी समाज के लोगों द्वारा उस्मान के विरुद्ध कई कड़े फैसले लिये गए। नैनीताल के मुस्लिम संगठन अंजुमन-ए-इस्लामिया द्वारा उस्मान को मुस्लिम समाज से बहिष्कृत करने का फ़ैसला लिया गया और उसके मस्जिद में प्रवेश पर रोक लगा दी गयी । साथ ही पीड़िता के इलाज से लेकर उसकी शिक्षा तक का पूरा ख़र्च उठाने की घोषणा की गयी। अंजुमन ने यथाशीघ्र आरोपी को सख़्त से सख़्त सज़ा दिलाने की मांग की तथा इस घृणित कार्य की घोर निंदा की व इसे अमानवीय कृत्य बताया। परन्तु इस साम्प्रदायिक उपद्रव ने वही सवाल एक बार फिर खड़ा कर दिया कि क्या किसी एक व्यक्ति के अपराध की सज़ा उसके पूरे धर्म व उसके धर्मस्थलों को दी जा सकती है? और दूसरा यह भी कि बलात्कार जैसे अपराध पर उपद्रवियों का ग़ुस्सा क्या किसी अन्य समाज से जुड़े आरोपियों पर भी कभी उतरते देखा गया? और तीसरा यह भी कि आख़िर वह कौन लोग हैं जो समय समय पर बलात्कारियों व हत्यारों के पक्ष में दिखाई देते हैं?

याद कीजिये, इसी उत्तरांचल राज्य में सितंबर 2022 में 19 वर्षीय अंकिता की हत्या एक रिज़ॉर्ट संचालक और भाजपा नेता व पूर्व राज्यमंत्री विनोद आर्य के बेटे पुलकित आर्य, रिज़ॉर्ट मैनेजर सौरभ भास्कर और एक अन्य रिसोर्ट कर्मी अंकित द्वारा कर दी गयी थी। अंकिता विनोद आर्य के स्वामित्व वाले वंतरा रिज़ॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट की नौकरी कर रही थी । पुलिस के अनुसार अंकिता को रिसोर्ट के विशेष मेहमानों के साथ अनैतिक कार्य करने के लिए मजबूर किया जा रहा था और जब अंकिता ने इस बारे में मना किया व इस घटना को दूसरों को बताने की बात कही तो उसकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद अंकिता का शव ऋषिकेश- हरिद्वार मार्ग पर चीला शक्ति नहर के पावर हाउस के पास बरामद किया गया है। उस समय हत्यारे पुलकित का भाई अंकित भी उत्तराखंड में अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग का उपाध्यक्ष था। यह पूरा परिवार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ा है। अंकिता भी उत्तरांचल की ही बेटी थी और पौड़ी गढ़वाल के डोम श्रीकोट की रहने वालीं थीं। इस घटना के बाद न तो किसी भीड़ का खून खौला न कोई हिंदूवादी संगठन सड़कों पर उतरते नज़र आया? आख़िर क्यों?

हाँ महिला अस्मिता के इन साम्प्रदायिकतावादी उपद्रवियों की भीड़ उस समय हत्यारों और बलात्कारियों के पक्ष में ज़रूर खड़ी दिखाई दी थी जब 2018 में कश्मीर में आठ साल की मासूम बच्ची असिफ़ा के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या की घटना अंजाम दी गयी थी। और कई दिनों तक कई लोगों द्वारा मंदिर परिसर के एक कमरे में मंदिर के पुजारी सहित अनेक लोगों द्वारा उसका बलात्कार करने के बाद उसका शव झाड़ियों में फ़ेंक दिया गया था। उस समय राज्य में भाजपा व पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की गठबंधन सरकार थी। पुलिस द्वारा आसिफ़ा की मौत व बलात्कार के सिलसिले में एक सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी, चार पुलिस अधिकारियों और एक किशोर सहित आठ लोगों को गिरफ़्तार किया गया था। मगर देश का इतिहास याद रखेगा कि इन आरोपियों की गिरफ़्तारी ने साम्प्रदायिक रूप ले लिया। भाजपा सहित अनेक हिंदूवादी संगठन जम्मू में विरोध प्रदर्शन करने लगे। हिंदूवादी वकीलों द्वारा आरोप पत्र दायर करने के लिए पुलिस को अदालत में प्रवेश करने से रोकने की कोशिश की गयी । यहाँ तक कि सरकार में शामिल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो मंत्रियों व अनेक विधायकों ने आरोपियों के समर्थन में एक तिरंगा रैली निकाली। विश्व मीडिया में इस शर्मनाक घटना की खूब चर्चा हुई थी।

# आरटीई के तहत प्रदेश में अब तक 1.06 लाख बच्चों के एडमिशन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत गरीब और वंचित तबके के 1,06,592 बच्चों का निजी विद्यालयों में मुफ्त नामांकन सुनिश्चित किया है। इससे शिक्षा के क्षेत्र में समावेशिता को मजबूती मिली है और हजारों गरीब परिवारों के सपनों को पंख मिले हैं।

सरकार का मानना है कि धन के अभाव में कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस अभियान को मजबूती से लागू किया गया, ताकि वंचित वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का समान अवसर मिल सके और वे आत्मनिर्भर, सशक्त नागरिक बन सकें।

मुख्यमंत्री ने पहले भी कई मंचों से स्पष्ट किया है कि 'गरीब का बच्चा भी डॉक्टर, इंजीनियर या अफसर बनने का सपना देख सके, इसके लिए राज्य सरकार हर आवश्यक कदम उठा रही है।' इस पहल के तहत आरटीई को प्रभावी बनाना और निजी विद्यालयों में गरीब बच्चों को दाखिला दिलाना एक बड़ा सामाजिक सुधार माना जा रहा है। यह प्रयास सिर्फ शिक्षा के आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि एक आत्मनिर्भर, सशक्त उत्तर प्रदेश की दिशा में बड़ा कदम है। शिक्षा के माध्यम से गरीबी की जंजीरों को तोड़ने की यह पहल आने वाले वर्षों में राज्य की सामाजिक-आर्थिक तस्वीर बदलने की कहानी बयां करती है।



■ सरकार का मानना है कि धन के अभाव में कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए

### चार चरणों में चली प्रक्रिया की यह रही प्रगति

यह प्रक्रिया चार चरणों में सम्पन्न हुई। इन चारों चरणों के तहत कुल 3,34,953 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2,52,269 स्वीकृत हुए और 1,85,675 बच्चों का विद्यालयों के लिए आवंटन कर दिया गया। अब तक इन आवंटनों के सापेक्ष कुल 1,06,592 बच्चों का नामांकन सफलतापूर्वक कराया जा चुका है। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि योगी सरकार की प्राथमिकता है कि उत्तर प्रदेश का हर बच्चा, चाहे वह किसी भी वर्ग या पृष्ठभूमि से आता हो, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का हकदार बने। आरटीई के तहत गरीब बच्चों को निजी विद्यालयों में दाखिला दिलाना केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समावेशिता की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## रक्षामंत्री करेंगे सुपरसोनिक मिसाइल 'ब्रह्मोस' की फैक्ट्री का उद्घाटन

**लखनऊ।** पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच भारत अपनी सामरिक क्षमता को और धार देने जा रहा है। दुनिया की सबसे विध्वंसक मानी जाने वाली सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल 'ब्रह्मोस' का निर्माण अब उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी परियोजना डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर 11 मई को ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण यूनिट का उद्घाटन किया जायेगा। ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा स्थापित की जा रही यह यूनिट 300 करोड़ रुपए के निवेश से तैयार हुई है और भारत को आत्मनिर्भर रक्षा प्रणाली की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि दिलाने वाली है। अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि योगी सरकार ने दिसंबर 2021 में ब्रह्मोस प्रोजेक्ट के लिए लखनऊ में 80 हेक्टेयर भूमि निःशुल्क आवंटित की थी। सिर्फ 3.5 वर्षों में इस परियोजना को निर्माण से उत्पादन की अवस्था तक लाना प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शा रहा है।

# सीएमएस की अनूठी शिक्षा पद्धति से रूबरू हुईं मातायें

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अशर्फाबाद कैम्पस द्वारा 'मदर्स डे समारोह' का भव्य आयोजन आज विद्यालय के ऑडिटोरियम में बड़े ही उल्लासपूर्ण वातावरण में किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में छात्रों की माताओं ने भागीदारी कर सी.एम.एस. अनूठी 'ब्राडर एण्ड बोल्डर शिक्षा पद्धति' की जानकारी प्राप्त की। इस भव्य समारोह ने भावी पीढ़ी को समाज का आदर्श नागरिक बनाने में माताओं की महती भूमिका को उजागर किया, साथ ही छात्र-छात्राओं को अपनी माताओं के प्रति अपना प्यार व कृतज्ञता व्यक्त करने का अभूतपूर्व अवसर प्रदान किया। इस भव्य समारोह में माताओं ने बड़े उत्साह से कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि विभिन्न शिक्षात्मक सॉंस्कृतिक कार्यक्रमों में माताओं की बहुमुखी प्रतिभा देखते ही बनती थी। इससे पहले, दीप प्रज्वलन के साथ समारोह का विधिवत् शुभारम्भ हुआ।



■ 'मदर्स डे समारोह' का भव्य आयोजन

इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने शिक्षात्मक-सॉंस्कृतिक कार्यक्रमों की इन्द्रधनुषी छटा बिखेरकर अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूल प्रार्थना, सर्वधर्म प्रार्थना एवं विश्व एकता प्रार्थना के माध्यम से छात्रों ने सभी के हृदयों को प्रभु प्रेम से भर दिया। विद्यालय के छात्रों ने माताओं का आभार व्यक्त करते हुए एक से बढ़कर शिक्षात्मक-सॉंस्कृतिक कार्यक्रमों का समाँ बाँधकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। लघु नाटिका, समूह गायन, लोकनृत्य आदि विभिन्न प्रस्तुतियों को सभी ने खूब सराहा और सम्पूर्ण ऑडिटोरियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा। माताओं को समर्पित विभिन्न कार्यक्रमों ने माता और बच्चों के बीच के गहरे रिश्ते को प्रकट किया तो वहीं दूसरी ओर, प्री-प्राइमरी व प्राइमरी के नन्हें-मुन्हें बच्चों ने अपनी बाल सुलभ प्रतिभा व मनमोहक संगीत प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में सी.एम.एस. अशर्फाबाद कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती अनुपमा चेकर ने कहा कि आदर्श समाज निर्माण में माताओं की अहम भूमिका है।

# बिजली दरों की सुनवाई को प्रारंभ करेगी विद्युत नियामक आयोग

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों की वार्षिक राजस्व आवश्यकता ए आर आर वर्ष 2025-26 को मल्टी ईयर टैरिफ रेगुलेशन 2025 के तहत प्रदेश की सभी बिजली कंपनियां मध्यांचल पूर्वांचल दक्षिणांचल पश्चिमांचल किसको द्वारा नए प्रारूप में दाखिल कर दिया गया और अंततः कल विद्युत नियामक आयोग में इससे संबंधित तकनीकी सत्यापन सत्र (टी.वी.एस) की मीटिंग भी हो गई अब जल्द ही विद्युत नियामक आयोग वार्षिक राजस्व आवश्यकता को स्वीकार करने के साथ ही बिजली दरों की सुनवाई को प्रारंभ करेगी। इस बार सभी बिजली कंपनियों का जो वार्षिक राजस्थान हो सकता है वह लगभग 1 लाख 10000 करोड़ के करीब का है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा अब प्रदेश की बिजली कंपनियां जो निजीकरण के लिए परेशान है अब वह भूल जाए कि वर्ष 2025 -26 यानी कि 31 मार्च 2026 तक निजीकरण नहीं कर सकती कल विद्युत नियामक आयोग में टीवीएस की मीटिंग पावर कारपोरेशन के साथ हो गई है किसी भी मल्टी ईयर टैरिफ के नए प्रारूप में विद्युत नियामक आयोग को बिजली कंपनियों ने यह नहीं बताया कि दक्षिणांचल और पूर्वांचल का निजीकरण किया जा रहा है ऐसे में अब मार्च 2026 तक विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधानों के तहत कानूनन निजीकरण नहीं किया जा सकता। उपभोक्ता परिषद को पहले ही पता था कि पावर कॉरपोरेशन असंवैधानिक रूप से नियुक्त कंसल्टेंट की मीटिंग क्यों विद्युत नियामक आयोग से करना चाहता है लेकिन उसे कामयाब नहीं होने दिया।

## इंदिरा नगर में युवक की ट्रैक्टर से रौंदकर हत्या

**लखनऊ।** इंदिरानगर के जरहरा रसूलपुर गांव निवासी सूरज यादव (25) की मारपीट के बाद ट्रैक्टर से रौंद कर हत्या कर दी गई। घर से कुछ दूरी पर बुधवार सुबह उनका खून से लथपथ शव मिला। हत्या का आरोप ट्रैक्टर मालिक राज जायसवाल और उसके साढ़ू पर लगा है। सूरज के पिता झब्बू ने साजिश रचने, हत्या और धमकाने का केस दर्ज कराया है।

एसीपी गाजीपुर ए. विक्रम सिंह का कहना है कि नामजद आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। अभी तक की जांच में पता चला है कि सूरज आरोपी राज का ट्रैक्टर चलाता था। पहले पुलिस को सूरज के हादसे में मारे जाने की सूचना मिली थी। सूरज के भाई शोभित ने बताया कि राज जायसवाल व उसका साढ़ू घर पहुंचे और सूरज को काम के सिलसिले में बुलाकर ले गए। सात मई की सुबह परिजनों को स्थानीय लोगों से पता चला कि सूरज नेवादा पावर हाउस घायल अवस्था में पड़ा है।

# पाश्चात्य शास्त्रीय संगीत की लाजवाब प्रस्तुतियों से अभिभूत हुए दर्शक

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस द्वारा 'पाश्चात्य शास्त्रीय संगीत समारोह' का भव्य आयोजन विद्यालय के डा. जगदीश गाँधी ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। इस भव्य समारोह में छात्रों द्वारा प्रस्तुत पाश्चात्य शास्त्रीय संगीत की लाजवाब प्रस्तुतियों से दर्शक रोमांचित हो उठे और सम्पूर्ण ऑडिटोरियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा। इस अवसर पर सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट डा. रोजर किंगडन, सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन समेत सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पस की प्रधानाचार्याओं, छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं बड़ी संख्या में लखनऊ के प्रबुद्ध नागरिकों ने अपनी उपस्थिति से समारोह की गरिमा को बढ़ाया।



■ 'पाश्चात्य शास्त्रीय संगीत समारोह' का आयोजन

इस अवसर पर अपने संबोधन में सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट डा. रोजर किंगडन ने कहा कि आज सारी दुनिया विज्ञान एवं टैक्नोलॉजी के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़ी हुई है, परन्तु संगीत लागों के दिलों को जोड़ता है। मैं इस आयोजन हेतु प्रधानाचार्या श्रीमती निशा पाण्डेय को साधुवाद देता हूँ। डा. किंगडन ने इस अवसर पर तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगीत समारोह की घोषणा की जिसे 21 से 24 अगस्त 2025 तक आयोजित किया जायेगा। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि संगीत समारोह एकता व शान्ति के संदेश को प्रवाहित करने का सशक्त माध्यम है। सभी संगीत प्रेम, दया, करुणा, आपसी सौहार्द व सामाजिक संरचना की सीखे देते हैं, पूरे विश्व को जोड़ने की सीख देते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अखिलेश यादव बोले- आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में किसी भी दल को इसका राजनीतिक लाभ नहीं लेना चाहिए



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम भारत सरकार और हमारी सेना के साथ हैं। आतंकवाद को खत्म किया जाना चाहिए। इसके लिए सरकार जो भी नीति तय करती है। हम उसका समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी दल को इसका राजनीतिक फायदा नहीं लेना चाहिए। आतंकवाद का समूल नाश हो। हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित हों और सेनाओं का उत्साह ऊंचा रहे। यही हमारा प्रयास है। बता दें कि भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान में एयर स्ट्राइक करने के बाद बृहस्पतिवार को ऑपरेशन सिंदूर जारी रखते हुए पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह कर दिया है।

### भाकपा माले महासचिव 10 मई को लखनऊ में

**लखनऊ।** भाकपा (माले) के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य 10 मई (शनिवार) को एक दिवसीय प्रवास पर लखनऊ आएंगे। वे दिन में घंटाघर (चौक) स्थित नेहरू युवा केंद्र में इंसाफ मंच द्वारा आयोजित 'संविधान बचाओ-लोकतंत्र बचाओ' कन्वेंशन को संबोधित करेंगे। रात में बिहार के लिए रवाना हो जाएंगे। यह जानकारी भाकपा (माले) के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने दी।

### आउटसोर्स संविदा कर्मियों की भूख हड़ताल जारी



**लखनऊ।** निजीकरण और छंटनी के खिलाफ बुधवार को विद्युत संविदा मजदूर संगठन के प्रदेश प्रभारी पुनीत राय ने मध्यांचल मुख्यालय में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू की। संगठन ने संविदा कर्मियों की छंटनी और निजीकरण की प्रकिया को वापस न लिये जाने पर आंदोलन के उग्र रूप लेने की चेतावनी प्रबंधन को दी। वहीं निविदा संविदा कर्मचारी संघ ने भी सत्याग्रह और विरोध प्रदर्शन के दूसरे दिन संघ और मध्यांचल प्रबंधन के बीच 2017 में हुए ग्रामीण क्षेत्रों में 20 और शहरी क्षेत्रों में 36 संविदा कर्मचारियों की तैनाती संबंधी जारी आदेश को दरकिनार कर प्रबंधन की ओर से संविदा कर्मचारियों की छंटनी का आरोप लगाते हुए आर-पार की लड़ाई लड़ने का ऐलान करते हुए सत्याग्रह जारी रखा। संविदा मजदूर संगठन प्रदेश प्रभारी पुनीत राय ने बताया कि मध्यांचल निगम की ओर से अचानक तीस प्रतिशत आउटसोर्स संविदा कर्मियों की छंटनी का निर्णय लिया गया है। इससे करीब 4500 श्रमिकों की रोजी-रोटी पर गहरा संकट डाल दिया है। प्रबंधन का यह फैसला प्रदेश सरकार की रोजगार नीति और मानवाधिकार मूल्यों को खुला उल्लंघन है। उन्होंने आगे बताया कि आज प्रदेश में बिजली की खपत दोगुनी से अधिक हो चुकी है, केवल मध्यांचल डिस्कॉम में ही उपभोक्ताओं की संख्या 58 लाख से बढ़कर 1 करोड़ 10 लाख से ऊपर जा चुकी है।

# टीएमयू में पूज्य संतों को कराई जैन स्टुडेंट्स ने आहारचर्या

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के संत भवन में परम पूज्य आचार्य श्री प्रसन्नसागर महाराज जी के संघस्थ प्रवर्तक श्री 108 सहज सागर जी मुनिराज एवं निर्यापक मुनि 108 श्री नवपदमसागर जी मुनिराज को पड़गाहन करके आहार कराने का सौभाग्य श्रावक-श्राविकाओं को मिला। टीएमयू के करीब सौ विद्यार्थियों ने नवधा भक्तिपूर्वक मुनिश्री एवम् संघ के समस्त साधुओं को आहार दिया। श्रावक-श्राविकाओं ने मुनिश्री की मौजूदगी में नियम भी लिए। दूसरी ओर व्रत प्रभा माता जी का भी टीएमयू कैंपस में मंगल प्रवेश हो गया है। जिनालय में प्रवर्तक मुनिश्री 108 सहज सागर जी के दिव्य सानिध्य में विधि-विधान से अभिषेक और शांतिधारा हुई। संत भवन में शाम को आरती और भक्ति में टीएमयू की फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन ने भजन की प्रस्तुति देकर सभी का मन हर्षित कर दिया। इस अवसर पर श्रीमती ऋचा जैन, वीसी प्रो. वीके जैन आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।



संत भवन में मुनिश्री सहज सागर ने अपने सारगर्भित संबोधन में कहा, श्रावक-श्राविकाओं को अपनी आहारचर्या का मुख्य उद्देश्य अहिंसा को बनाए रखना है। जैन साधु-संत किसी भी जीव को नुकसान नहीं पहुंचाते, इसीलिए वे केवल एक बार भोजन करते हैं। साथ ही दिन के कुछ घंटों में ही भोजन और पानी की अनुमति है। जैन साधु-संतों की आहारचर्या बहुत कठोर होती है। वे सूर्योदय के पांच से छह घंटे के अंदर एक बार भोजन और पानी लेते हैं। वे किसी भी जगह भोजन नहीं करते हैं, बल्कि एक विशेष स्थान पर खड़े होकर अंजुली में भोजन लेते हैं। जैन धर्म में गुरु के बिना जीवन अधूरा है। गुरु का सम्मान करना हरेक का कर्तव्य है। व्रत प्रभा माता जी बोलीं, जो भी विद्यार्थी टीएमयू में पढ़ रहे हैं, उनका पुण्य का उदय है, क्योंकि वे लौकिक शिक्षा के साथ साथ संस्कारों और धर्म की शिक्षा भी यहां ले रहे हैं।

## टीएमयू के विधि संकाय में दो दिनी नेशनल कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ आज

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के विधि संकाय की ओर से भारत में दहेज निषेध कानूनों के सामाजिक प्रभावः विकसित भारत @2047 की ओर एक कदम पर दो दिनी नेशनल कॉन्फ्रेंस का कल (आज) शंखनाद होगा। कॉन्फ्रेंस में उत्तर प्रदेश विधान परिषद में बरेली-मुरादाबाद परिक्षेत्र के सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त बतौर मुख्य अतिथि, जबकि महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड यूनिवर्सिटी, बरेली में फैकल्टी ऑफ लीगल स्टडीज के डीन प्रो. अमित सिंह बतौर मुख्य वक्ता शिरकत करेंगे। कॉन्फ्रेंस में दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, पटना, कोलकाता, भोपाल, हैदराबाद आदि के प्रख्यात अधिवक्ता, शिक्षक, शोधार्थी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवम् विधि के छात्र भाग लेंगे।

# बदलते भारत की सामरिक शक्ति को पूरा विश्व देख रहा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय पर क्षेत्र के सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों की संगठनात्मक बैठक को सम्बोधित किया। इसके साथ ही गोरखपुर क्षेत्र के जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी तथा मंडल चुनाव प्रवासियों की बैठक में भी संवाद किया। धर्मपाल सिंह ने कहा कि मंडल अध्यक्ष संगठन की सबसे महत्वपूर्ण ईकाई है और चुनाव से लेकर संगठनात्मक गतिविधियों का मुख्य आधार है। भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम, अनुशासन एवं समर्पण से आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बदलते भारत की सामरिक शक्ति आज पूरा विश्व देख रहा है और आर्थिक रूप से मजबूत होता भारत विश्व को दिशा देने के लिए तैयार है।



प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि मंडल अध्यक्षों का दायित्व है कि वह संगठनात्मक कार्यों की दृष्टि से आदर्श मंडल का गठन करें। मंडल गठन में 61 सदस्यों की कार्यसमिति का गठन किया जाएगा। जिसमें मंडल के 15 पदाधिकारी होगें, जबकि बाकी मंडल कार्यसमिति के सदस्य होगें। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास के संकल्प के साथ मंडल कार्यसमिति गठन में अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग व महिला समेत सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व होना चाहिए।

## राफेल को खिलौना दर्शाने पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ केस दर्ज

**वाराणसी।** राफेल को खिलौना दर्शाने से पाकिस्तानी मीडिया में चर्चा में आए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ चेतगंज थाने में केस दर्ज किया गया है। राष्ट्रवादी हिंदू शक्ति वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और छावनी क्षेत्र के रहने वाले प्रदीप कुमार गुप्ता की तहरीर पर चेतगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने पुलिस को बताया कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने लड़ाकू विमान राफेल को खिलौना दर्शाते हुए नींबू मिर्च लटकाकर भारतीय सेना का मनोबल तोड़ने की गरज से राष्ट्रद्रोह जैसे अपराध किए हैं। भारतीय सेना का उपहास सार्वजनिक रुप से उड़ाते राष्ट्र की सुरक्षा व्यवस्था का मजाक उड़ाया। अजय राय के कृत्य को पाकिस्तान की मीडिया ने प्रमुखता से प्रचारित किया। इस प्रकार की गतिविधियां न केवल भारतीय सेना का मनोबल गिराने का कुप्रयास था बल्कि शत्रु राष्ट्र पाकिस्तान का भी मनोबल बढाने वाला व राष्ट्रविरोधी वातावरण को बढ़ावा देने का कुप्रयास था।

# बच्चों में खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाये

## राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल ने की विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग नितिन अग्रवाल ने विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक की। सभागार परिसर में पहुँचने पर राज्यमंत्री को गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया गया। सभागार में समीक्षा प्रारम्भ होने के पूर्व जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने मंत्री का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके उपरांत सिंचाई विभाग द्वारा पीपीटी के माध्यम से संभावित बाढ़ से निपटने की रणनीति के बारे में जानकारी दी गयी। मंत्री ने कहा कि बाढ़ से निपटने की सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाये। उन्होंने सिंचाई विभाग द्वारा कराये जा रहे सात बाढ़ निरोधक कार्यों की जानकारी ली। शासन को प्रेषित सभी 9 प्रस्तावों की जानकारी भी उन्होंने अधिशाषी अभियंता सिंचाई से प्राप्त की। उन्होंने कहा कि नहरों की सफाई व नहर पटरी के निर्माण सम्बन्धी कार्य समय से करा लिए जाएं। जन प्रतिनिधियों से भी बाढ़ निरोधक तैयारियों के सम्बन्ध में विचार विमर्श किया जाये। ड्रेजिंग का कार्य जल्द पूर्ण कराया जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे के अंतर्गत पात्रों के चयन का कार्य किया जाये। मुख्यमंत्री आवास योजना के निर्माणाधीन आवासों का कार्य जल्द पूरा किया जाये। जीरों पावर्टी के अंतर्गत चिन्हित परिवारों के सत्यापन का कार्य जल्द पूरा किया जाए। पंचायती राज विभाग की समीक्षा में उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन सामुदायिक शौचालयों का कार्य तेजी से कराया जाये। सड़क निर्माण की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि कार्य के दौरान समय व गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये। चौड़ीकरण के कार्यों को तेजी से कराया जाये। नवनिर्माण के कार्यों को समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण कराया जाये। सभी निर्माणाधीन सेतुओं निर्माण तेजी से कराया जाये। जल निगम की समीक्षा करते हुए उन्होंने दिए कि पूर्ण संतृप्तीकरण का कार्य तेजी से किया जाये। परियोजनाओं में समय सीमा का पूरा ध्यान रखा जाये। पाईपलाइन परियोजना पूर्ण होने के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों का तत्काल पुर्निर्माण कराया जाये। माननीय मंत्री ने जनपद में गोसंरक्षण की स्थिति पर संतुष्टि जतायी। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा में उन्होंने कहा कि कायाकल्प के सभी बिन्दुओं पर सभी विद्यालयों का संतृप्तीकरण सुनिश्चित किया जाये। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत अलाभित समूह के पात्र बच्चों को लाभान्वित कराया जाये। सभी विद्यालयों को निपुण बनाने के लिए विशेष प्रयास किये जाएं। बच्चों में खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाये। प्रत्येक विधानसभा में 100 विद्यालयों को चिन्हित कर उन स्कूलों में खेल के मैदान का निर्माण कराया जाये जिससे बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास हो सके। माध्यमिक शिक्षा विभाग की समीक्षा में उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत कराये जा रहे कार्यों को तेजी से पूरा कराया जाये। अवशेष विद्यालयों में बाउंड्री बनाने का कार्य जल्द कराया जाये। सभी विद्यालयों में विद्युत संयोजन सुनिश्चित किया जाये।



■ बोले, नवनिर्माण के कार्यों को समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण कराया जाये

# वक्फ जनजागरण अभियान : लोग पसमांदा समाज को कर रहे भ्रमित

अवधनामा संवाददाता

**बलरामपुर।** मन्नत मैरिज हॉल, नगर पंचायत पचपेड़वा, विधानसभा गैसड़ी जनपद बलरामपुर में 'वक्फ जनजागरण अभियान' के तहत शैलेश सिंह शैलू (पूर्व विधायक गैसड़ी) के द्वारा आयोजित अल्पसंख्यक प्रबुद्ध संवाद कार्यक्रम में ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ की ओर से राष्ट्रीय प्रधान महासचिव मारूफ अंसारी बतौर मुख्य वक्ता शामिल हुए।

कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए श्री अंसारी ने कहा वक्फ कानून 2025 एक ऐतिहासिक कानून है जिसको लेकर संसद से लेकर सड़क तक ग़रीब मुसलमानों और पसमांदा मुसलमानो की भलाई की बात हो रही है और इस कानून के माध्यम से पहली बार वक्फ बोर्डो और केंद्रीय वक्फ परिषद में देश के सबसे वंचित वर्ग पसमांदा की हिस्सेदारी भी सुनिश्चित हुई है। उन्होंने और कहा कि जो लोग पसमांदा समाज को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं कि मस्जिद, कब्रिस्तान और दरगाहें कब्जा हो जाएंगी। वक्फ कानून में ऐसा कुछ नहीं है कि हमारी इबादतगाहों को कोई खतरा हो बल्कि इस वक्फ कानून में वक्फ बोर्डो और वक्फ संपत्तियों संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता लाने का प्रावधान है जिससे वक्फ संपत्तियों के भ्रष्टाचार को रोका जा सके और वक्फ के असल हकदार गरीब को हक मिले। इसीलिए ये वक्फ के लुटेरे जो बरसों से गरीब, बेवाओं, बेसहारा लोगों का हक खाकर अपना पेट भरते रहे हैं वे घबराए हुए हैं कि कहीं इनसे हिसाब न लिया जाए। इसलिए ये भोले भाले गरीब पसमांदा मुसलमानो की गुमराह कर सरकार के समक्ष खड़ा करना चाहते हैं। हमें इनके बहकावे में नहीं आना है।



इस अवसर पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मोहसिन रज़ा,बतौर विशिष्ट अतिथि सम्मान अफरोज, अफजाल अंसारी अध्यक्ष एआईपी एम अंसारी, शक्ति सिंह, रवि वर्मा (चेयरमैन पचपेड़वा), रवि मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक

■ नारकोटिक्स आरै अवैध शराब के मामले पकड़ने पर जोर

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में नशा विरोधी जागरूकता अभियान में सहभागिता, सहयोग के लिए एनसीओआरडी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी नें सम्बंधित अधिकारिओं को निर्देशित करते हुए कहा कि नारकोटिक्स एवं अवैध शराब के अधिक से अधिक अभियोग पकड़े जायें।

एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित वादों को न्यायालय द्वारा जल्द से जल्द निस्तारण कराये, साथ ही अभियुक्तों पर गुण्डा एक्ट व गैंगस्टर एक्ट के तहत नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उनके द्वारा अवैध तरीके से अर्जित सम्पत्ति के जब्तीकरण की कार्रवाई की जाये। मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण करने और विक्रेताओं, फार्मेसिस्ट को रोगियों को चिकित्सक के सुझाव पर ही ड्रक्स से सम्बन्धित दवाओं की बिक्री करने के निर्देश दिए जाये। मेडिकल स्टोर पर जागरूकता सम्बन्धी चेतावनी बैनर लगवाए जाये।

स्वास्थ्य विभाग तहसील स्तर पर कार्यशाला आयोजित कर नशा मुक्ति अभियान चलायें। पुलिस, प्रशासन व नगर पालिका के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित करते हुए विद्यालयों, कॉलेजों से 100 मीटर परिधि में स्थित गुटखा, तम्बाकू की दुकानों को हटवाया जाये। नशा सम्बन्धी जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाये और गोष्ठी का आयोजन करने के निर्देश दिए। पान मसाला एवं परचून आदि की फुटकर दुकानों पर टीम गठित कर गांजे के बिक्री की सघन चेकिंग की जायें। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 राम प्रकाश, क्षेत्राधिकारी पुलिस दीपक दुबे, जिला आबकारी अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, संयोजक नशामुक्ति केन्द्र महोबा सहित तमाम लोग उपस्थित रहें।

# सीरोनकलां- सिलगन में चरागाह की भूमि होगी कब्जामुक्त : डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने गुरुवार को विकास खण्ड जखौरा के ग्राम पंचायत सीरोनकलां में भ्रमण कर ग्राम सभा में उपलब्ध चारागाह की जमीन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बताया गया कि सीरोनकलां की 30 एकड़ भूमि का चिन्हांकन किया जा चुका है। ग्राम पंचायत सीरोनकलां का राजस्व ग्राम सेवर में शेष 30 एकड की भूमि का चिन्हांकन प्रक्रिया में है। उक्त भूमि पर चारगाह, मियावाकी एवं फलदार पौधों का रोपण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत सिलगन में मनरेगा योजनांतर्गत चल रहे बिजौरिया नाले का गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया, यहां पर बताया गया कि यह नाला ग्राम पंचायत गनगौरा से निकलकर ग्राम पंचायत महर्रा के अमरपुर मण्डी से होता हुआ शहजाद नदी में विलय हो जाता है। इसकी लम्बाई लगभग 9 किमी है। मौके पर 33 श्रमिक कार्य करते हुये पाये गये। जिलाधिकारी द्वारा नाले को और गहरा करते हुये नाले के बीच बीच में पिट्स बनाये जाने के निर्देश दिए, ताकि गर्मी में पानी भरा रहे। ग्राम पंचायत सिलगन में सड़क किनारे पुलिया घाट में भूमि पर अज्ञात लोगों का कब्जा है जिसे जिलाधिकारी ने चिन्हांकन कर मनरेगा पार्क एवं ग्राम पंचायत द्वारा दुकान निर्माण कराये जाने के निर्देश दिये गये। मौके पर जिलाधिकारी के साथ उपायुक्त श्रम-रोजगार रमेश कुमार यादव, खण्ड विकास अधिकारी जखौरा सौरभ वर्नवाल, ग्राम पंचायत अधिकारी प्रकाश वर्मा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सीरोनकलां, ग्राम प्रधान सिलगन ग्राम सचिव हिमांशु एवं एपीओ जखौरा उमेशचन्द्र इत्यादि उपस्थित रहे।

## मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम गंगागंज गुरौली निवासी मोनी देवी द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 30 अप्रैल की शाम 10:30 बजे अपने घर के बाहर बैठी थी। तभी परिवार के ही सुनील कुमार उर्फ योगेश, सुशील कुमार, सुषमा व संगीता ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया तथा जान से मारनें की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## भाइयों को मारकर धमकाया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला गांधीनगर निवासी अमजद पुत्र अब्दुल जलील द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 04 मई की शाम 07:30 बजे अपने भाइयों के साथ घर की ओर जा रहा था। जैसे ही कैप्टन मार्केट के निकट पहुंचा तभी मोहल्ले के ही सद्दाम, रानू, अफरीदी, नौशाद व चांद बाबू ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी।

# परामर्श केन्द्र में सालों से बिछड़े दो जोड़ों को मिलाया



**अवधनामा संवाददाता**

■ हांसी खुशी पति पत्नी ने अपने घर पहुंचकर नई जिन्दगी की शुरूआत की

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन पर पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में परिवार परामर्श केन्द्र कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी महिला थाना सुषमा चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। परामर्श केन्द्र में पति.पत्नी के 06 ऐसे जोड़े जिनके बीच पारस्परिक परिवारिक विवाद चल रहा था, उनकी काउंसिलिंग की गयी एवं उनके मध्य संबंधित समस्याओं को एक.एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया और उनकी समस्याओं के निदान के लिए काउंसिलिंग, परामर्श कर उनकी समस्याओं को सुलझाया गया। जिसके परिणामस्वरुप दो पति.पत्नी के जोड़े आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हुए। शेष जोड़ो को अगली तिथि में बुलाया गया है।

जिले के पुलिस लाइन मे स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पर गुरूवार को परामर्श केन्द्र के सदस्यों के द्वारा किये गये सफल प्रयासों की सभी के परिवारीजनों ने सराहना की। परिवार परामर्श के दौरान महिला कांस्टेबल रेखा, महिला कांस्टेबल विभा सिंह सहित परिवार परामर्श कमेटी से काउंसलर अंशू शिवहरे, शिवकुमार गोस्वामी, रामजी गुप्ता, सुरेश चन्द्र जायसवाल आदि सम्मानित सदस्यगणों की मौजूदगी सराहनीय रही।

## वृन्दावन में पांटून पुल पर अनियंत्रित हुई बाइक, यमुना में गिरा युवक, मौत

**मथुरा।** मांट से वृंदावन आ रहे युवक की बाइक का पांटून पुल पर संतुलन बिगड़ गया और वह यमुना नदी में गिर गया। हादसे में युवक की मौत हो गई। सूचना पर परिजन और पुलिस दोनों ही पहुंच गए थे। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव ले गए हैं। जानकारी के अनुसार मिरताना गांव निवासी 25 वर्षीय विष्णु पुत्र शिवराम सिंह मांट से वृंदावन आ रहा था। वह पांटून पुल से अचानक यमुना नदी में गिर गया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और शोक में डूबे हालात में शव को बिना पोस्टमार्टम कराए ही अपने गांव ले गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल पर कोई सुरक्षा इंतजाम नहीं थे जिससे यह हादसा हुआ। जानकारों द्वारा बताया गया कि मथुरा के थाना मांट क्षेत्र के गांव मिर्तना निवासी विष्णु अपने पिता के साथ दूध की सप्लाई करने जा रहा था दोनों अलग अलग मोटरसाइकिल पर थे जैसे वृन्दावन पुल पर पहुंचे तभी विष्णु ने बाइक रोक कर यमुना में दूध चढ़ाने के लिए रुका इसी दौरान उसका बैलेंस बिगड़ गया और यमुना में जा गिरा , पुत्र को गिरता देख पिता ने शोर मचाना शुरू कर दिया।

# मथुरा नराकास का सफल निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** संसदीय समिति की आलेख एवं साक्ष्य उप- समिति द्वारा मथुरा नराकास (नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति) का सफल निरीक्षण किया गया।

दिल्ली के अशोका होटल में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली और आस पास के चार नराकास अध्यक्ष कार्यालय और सदस्य कार्यालयों का निरीक्षण उच्च स्तरीय समिति द्वारा किया गया। आलेख एवं साक्ष्य उप-समिति के अध्यक्ष श्री भर्तृहरि महताब (सांसद) व उनकी छह सदस्यीय टीम ने निरीक्षण कर सभी कार्यालयों को राजभाषा के उपयोग को बढ़ाने की सलाह दी। मथुरा नराकास के निरीक्षण के दौरान नराकास अध्यक्ष श्री मुकुल अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख, मथुरा रिफाइनरी ने समिति के सभी सदस्यों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया। अपने स्वागत सम्बोधन में श्री अग्रवाल ने मथुरा नगर की महिमा व मथुरा नराकास द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होने कहा कि मथुरा नराकास के सदस्य कार्यालय अपने आधिकारिक कामों में राजभाषा का उचित उपयोग कर रहे हैं साथ ही वार्षिक कार्यक्रम के आधार पर बैठकें, संगोष्ठी, प्रतियोगिताएं आदि नियमित रूप से आयोजित की जा रही हैं। बैठक में अध्यक्ष कार्यालय के अलावा मथुरा नराकास से भारत पैट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारतीय जीवन बीमा निगम, द न्यू इंडिया एश्योरेंस और केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान का भी निरीक्षण किया गया और इसे संतोषजनक पाया गया। आलेख एवं साक्ष्य उप समिति के अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा के वृहद विकास के लिए सभी कार्यालयों से आश्वासन लिया और हिन्दी की उत्तरोत्तर प्रगति के लिए मार्गदर्शन दिया।

बैठक के अंत में अध्यक्ष मथुरा नराकास श्री मुकुल अग्रवाल को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण में मथुरा नराकास के अलावा दिल्ली, बुलंदशहर और मुरादाबाद के कुल 21 कार्यालयों का निरीक्षण किया गया।

# बेटियों की शादी अनुदान योजना से जनपद के पात्र अभिभावक न रहने पायें वंचित : डीएम

■ किसी भी दशा मे बाल विवाह नहीं होना चाहिए: डीएम

■ शादी अनुदान योजना का जनपद, तहसील व ब्लॉक स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु दिये निर्देश

■ जिलाधिकारी ने बैठक कर पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय स्वीकृति समिति की बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई, जिसमें पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं व कार्यों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने एक-एक कर सभी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिये कि यह प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जनपद में इस योजना शादी अनुदान योजना से पात्र माता-पिता व अभिभावक वंचित न रहने पायें, इसके लिए योजना का जनपद, तहसील व ब्लॉक स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि योजना से प्रतिमाह के अंतिम सप्ताह तक स्वीकृति व भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजेश बघेल ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे अभिभावकों की पुत्रियों को शादी अनुदान का लाभ प्रदान किया जाता है। जिन्होंने अपनी पुत्री की शादी घर से सम्पन्न की हो और परिवार की सभी स्त्रोतों में वार्षिक एक लाख से अधिक न हो। योजनान्तर्गत अभिभावकों को 20 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की जाती है। योजना के लिए पात्र वर की आयु की उम्र 21 तथा वधु की उम्र 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिये। आवेदन ऑनलाइन प्रक्रिया में विभाग वेबसाइट पर किया जाता है। ऑनलाइन आवेदन के लिए अभिभावक का आय प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, बैंक खाता, आधार कार्ड की आवश्यकता होती है। वधू का आधार कार्ड तथा शादी का कार्ड भी लगाया जाता है। वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में शादी के 90 दिन पूर्व एवं 90 दिन बाद तक आवेदन किया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्र में खण्ड विकास अधिकारी तथा शहरी क्षेत्र में उपजिलाधिकारी के स्तर से जांच कर आवेदन पत्र सत्यापित कर अग्रसारित किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद ललितपुर को 732 लाभार्थियों को योजना से लाभान्वित कराने हेतु लक्ष्य प्राप्त हुआ है। बैठक में सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी, विधायक प्रतिनिधि श्रीकांत कुशवाहा, चन्द्रशेखर, विधायक प्रतिनिधि स्नातक विजय यादव, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजेश कुमार बघेल उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दहेज न मिलने पर विवाहिता से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पड़ोसी थाना तालग्राम के ग्राम फिरोजपुर निवासी स्मिता देवी पुत्री स्वर्गीय कुंवर सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि उसकी शादी 27 नवंबर 2024 को ग्राम मलिकपुर निवासी ओम शरन पुत्र संजीव के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराली जनों पति ओम शरन, ससुर संजीव, देवर विशेष, विशाल, देवरानी कुशमा देवी ने अतिरिक्त दहेज में सोने की अंगूठी व चैन एवं दो लाख रुपयों की मांग की। उसके द्वारा असमर्थता जताने पर दिनांक 05 मई की दोपहर 01:30 बजे उपरोक्त लोगों ने गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। तथा स्त्री धन छीन कर पहने हुए कपड़ों में घर से निकाल दिया एवं जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

### कोर्ट के आदेश पर दो के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** महिला के साथ दो युवकों द्वारा दुष्कर्म किए जाने के मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर पीडिता ने न्यायालय की शरण ली है। क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़िता द्वारा न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 05 जनवरी 2025 मडिया देवी मंदिर जाने वाले मार्ग पर पड़ोसी थाना ठठिया के ग्राम श्रीनगर बहेसोरा निवासी आनंद पुत्र मोहनलाल एवं राम नरेश पुत्र मुन्नू आदि ने उसे रास्ते में रोक कर झाड़ियों में खींच लिया और बारी-बारी से दुष्कर्म किया। उसके द्वारा विरोध करने पर उक्तगणों ने लात घुसों से मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### चोरों ने किसान की बाइक को चोरी किया

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम तेराजाकेट निवासी अल्ताफराजा पुत्र शहाबुद्दीन द्वारा समधन पुलिस चौकी में दी गई तहरीर में बताया है कि गुरूवार को करीब 12 बजे ग्राम मलिकपुर व तेराजाकेट के निकट डॉ. अतीक के स्कूल के पास अपनी स्प्लेंडर बाईक को लाक करने के बाद मक्का के खेत में घास काटने लगा। इसी बीच अज्ञात चोरों ने उसकी बाइक को चोरी कर लिया। जब वह कुछ समय बाद घास काटकर मक्का के खेत से बाहर निकला तो गाड़ी को मौके पर न पाकर डायल 112 पुलिस को कॉल करके सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### अज्ञात लोगों ने की जच्चा बच्चा केंद्र में तोड़फोड़ व चोरी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के कस्बा समधन नगर पंचायत कार्यालय के निकट स्थित जच्चा बच्चा केंद्र में बीती रात अज्ञात लोगों ने गेट व अलमारी का ताला तोड़कर जरूरी अभिलेख व दवाईयां चोरी कीं और कुछ दवाइयां बिखेर दी साथ ही फ्रिज को भी तोड़ दिया। गुरूवार की सुबह जच्चा बच्चा केन्द्र पहुंची एएनएम श्रद्धा देवी ने मामले की लिखित सूचना चौकी समधन पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है।

# पूर्व सांसद पं. श्याम बिहारी मिश्रा की जयंती पर लिया संकल्प



■ व्यापार और समाज के क्षेत्र में किए गए योगदान को याद किया

**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के संस्थापक/पूर्व सांसद पंडित श्याम बिहारी मिश्रा की जयंती के अवसर पर नगर के व्यापारी नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वक्ताओं ने पंडित श्याम बिहारी मिश्रा के व्यापार और समाज के क्षेत्र में किए गए योगदान को याद किया।

गुरूवार को नगर के तिर्वारोड पर नगर कार्यकारिणी द्वारा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम कुमार पाठक के प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम मे उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करनें के उपरान्त प्रदेश संयुक्त महामंत्री सुशील दुबे ने कहा कि पंडित श्याम बिहारी मिश्रा न केवल एक प्रखर राजनेता थे बल्कि व्यापारियों के हितों के लिए सदैव संघर्षरत रहे। जिला संयुक्त महामंत्री संजीव कुमार गुप्ता संजू ने कहा कि पंडित जी का जीवन व्यापारियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। वे सदैव हमारी समस्याओं को संसद में मजबूती से उठाते रहे। आज भी उनकी कमी महसूस होती है। इस दौरान नगर अध्यक्ष अनुराग गुप्ता, कमलेश राजपूत, टिंकू बॉथम, गंगा सिंह कुशवाहा, मनोज गुप्ता, रजनीश कुमार, सिद्धार्थ कौशल, अवधेश गुप्ता, उदित गुप्ता, ब्रजेश कौशल, सूरज खान, कंचन गुप्ता, विकास गुप्ता आदि व्यापारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर पंडित श्याम बिहारी मिश्रा के सपनों को साकार करने का संकल्प लिया।

## युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

**उन्नाव।** कोतवाली अजगैन अन्तर्गत मंगलवार रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अजगैन कस्बे के सर्राफा बाजार निवासी रामबाबू के मकान में किराए पर रहने वाले अमित पटेल 23 निवासी बरहाकलां थाना मांदा प्रयागराज का शव फांसी पर लटका पाया गया। मृतक रेलवे लाइन पर बिजली बिछाने का कार्य कर रहा था। वह बीते कुछ समय से अजगैन रेलवे स्टेशन के पास चार-पांच साथियों के साथ किराए पर रह रहा था। रिश्तेदार बालकृष्ण पटेल की सूचना पर अजगैन पुलिस मौके पर पहुंच शव को परीक्षण के लिए विच्छेदन ग्रह भेज दिया। अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि मृतक के करीबी लोगों से पूछताछ में पता चला है कि वह पिछले कुछ दिनों से पारिवारिक विवाद के चलते मानसिक तनाव में था।

# बाल अधिकारों की सुरक्षा में निभा रहे प्रमुख भूमिका

**अवधनामा संवाददाता**

**सम्भल।** भुवन ऋभु सम्भल में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के काम से करीब से जुड़े हैं जहां जस्ट राइट्स बाल विवाह व बच्चों की ट्रैफिकिंग की रोकथाम के लिए स्थानीय स्तर पर प्रयत्न संस्था का सहयोग व मार्गदर्शन कर रहा है जस्ट राइट्स बाल अधिकारों की सुरक्षा के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा कानूनी हस्तक्षेप नेटवर्क है जिसके सहयोगी नागरिक समाज संगठन देश के 416 जिलों में काम कर रहे हैं सम्भल जनपद के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के बच्चों के लिए सुरक्षित बनाने व 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए प्रयत्न संस्था भुवन ऋभु के कानूनी व रणनीतिक दिशानिर्देशों पर अमल कर रहा है। प्रख्यात बाल अधिकार अधिवक्ता व जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संस्थापक भुवन ऋभु को वर्ल्ड लॉ कांग्रेस की बैठक में वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन (डब्ल्यूजेए) ने प्रतिष्ठित मेडल ऑफ ऑनर से सम्मानित किया। वे यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय हैं। भुवन ऋभु का उत्तर प्रदेश और खास तौर से सम्भल से गहरा नाता रहा है जहां जस्ट राइट्स के सहयोगी के तौर प्रयत्न संस्था जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रही है। जस्ट राइट्स के संस्थापक को मिले इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मान पर प्रयत्न संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी ने कहा यह सिर्फ भुवन जी का व्यक्तिगत सम्मान नहीं है।

# जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक संपन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**सम्भल (बहजोई)** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

जननी सुरक्षा योजना की प्रगति को लेकर चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने कुल डिलीवरी 2024-25 एवं 2025-26 अप्रैल तक की तुलना करने पर जिन डिलीवरी प्वाइंट पर डिलीवरी की प्रगति कम हुई है उन एमओआईसी को कड़ी चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। जन्म पंजीकरण की प्रगति के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तथा सीएचसी कैला देवी पर डिलीवरी प्रारंभ होने के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी तथा प्रचार प्रसार के लिए निर्देशित किया। बच्चों के टीकाकरण को लेकर समस्त एम ओ आई सी को निर्देशित करते हुए कहा कि एएनएम के साथ कलस्टर मीटिंग करना सुनिश्चित करें। टीकाकरण शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए धर्मगुरुओं के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए। बच्चों का टीकाकरण महत्वपूर्ण है। नियमित टीकाकरण के माइक्रो प्लान को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सीएचसी प्रभारी को शीघ्र माइक्रो प्लान उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत तथा नगर पंचायतों तथा नगर पालिकाओं में कचरा एकत्र करने वाली गाडियों में लगे लाउडस्पीकर के माध्यम से भी टीकाकरण जागरूकता से संबंधित ओडियो क्लिप चलबायी जाए ताकि लोग जागरूक हो सकें। ई- संजीवनी पोर्टल पर भी चर्चा की गयी। तथा खराब प्रदर्शन करने वाले सीएचओ का एक दिन का मानदेय काटने तथा प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन रोकने के निर्देश दिए तथा तथा शून्य प्रदर्शन करने वाले सीएचओ को सेवा से हटाने की कार्यवाही के निर्देश दिए।

# बाढ़ से पूर्व तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में बाढ़ से पूर्व तैयारियों के संबंध में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बताया गया कि जनपद उन्नाव में दो नदियां क्रमशः गंगा एवं सई नदी में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है, जिसमें गंगा के अन्तर्गत तहसील बांगरऊ, सफीपुर, उन्नाव एवं बीघापुर के गांव व क्षेत्र प्रभावित होते हैं। इसी प्रकार सई नदी से प्रभावित होने वाली तहसीलों में हसनगंज एवं पुरवा आते है। इस मौके पर डीएम ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में नाविकों एवं ग्रामों का चिन्हांकन करते हुए बाढ़ कैम्प एवं चौकियों का चिन्हांकन कर लें। बाढ़ की स्थिति में भूसा, पानी, राशन किट, दवाईयां आदि की बाढ़ से पूर्व समुचित व्यवस्था कर ली जाए। इसके अतिरिक्त 10 जून से समस्त तहसीलों व जिला मुख्यालय पर कन्ट्रोल रूम 24 घण्टे के लिए क्रियाशील किए जाए। प्रत्येक तहसील स्तर पर बाढ़ से संबंधित व्हाट्स एप ग्रुप क्रियाशील कर लिए जाए। जिसमें प्रशासन, स्वास्थ्य, पुलिस, प्रधानों, नाविकों, बाढ़ आपदा मित्रों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों को जोडा जाए। बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में चेतावनी की स्थिति में एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने की पूरी कार्य योजना तैयार कर ली जाए। उन्होने बाढ़ से संबंधित तहसीलवार समीक्षा करते हुए कहा कि जिन तहसीलों में जो भी कमियां हो उन्हे बाढ़ से पूर्व पूर्ण करा ली जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कृति राज, प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरी नन्दन प्रसाद, अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार गोंड, सहित संबंधित अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# डीएम-एसपी की मौजूदगी में हुई मॉकड्रिल

■ नागरिकों को सुरक्षा के बताये गये उपाय

**अवधनामा संवाददाता**



**उन्नाव।** संभावित युद्ध/हवाई हमले की स्थिति में नागरिक सुरक्षा एवं आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जीआईसी ग्राउण्ड उन्नाव में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर की उपस्थिति में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल के अवसर पर उपस्थित छात्रों, जन सामान्य को बताया गया कि आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए उपायों में बहुमंजिला ईमारतों के लिए विशेष सुरक्षा के निर्देश, सोसाईटी/मुहल्लें में सामुहिक सुरक्षा, सायरन या धमाके के बाद क्या करें, मानसिक शक्ति और नेतृत्व व्यवहार, सरकारी मद्द और सहयोग, सामुहिक जागरूकता जैसे अन्य बिन्दुओं पर मॉकड्रिल किया गया। मॉकड्रिल के अवसर पर सम्भावित युद्ध/हवाई हमले की स्थिति में बताया गया कि हवाई हमला या सायरन बजते ही शांत रहे और तुरन्त आश्रय लें, अपने शहर/गांव में चिन्हित सुरक्षित आश्रय स्थल पहले से जान लें, घर में कम से कम सात दिन का राशन, पानी, दवाईयां और मास्क रखें। सीटी, टॉर्च, पावर बैंक, प्राथमिक चिकित्सा किट साथ रखें। बिजली का मेन स्विच, गैस सिलेण्डर बन्द करना न भूलें। परिवार के सभी सदस्यों के ब्लड ग्रुप, आधार कॉपी, और फोटो तैयार रखें। परिवार मिलन स्थल पहले से तय रखें। शिशु, बुजुर्ग और विकलांगों की विशेष तैयारी अलग से करें। उन्होने बताया है कि बहुमंजिला इमारतों में रहने वाले व्यक्ति आपात कालीन स्थिति में सीढ़ियों का प्रयोग करें-लिफ्ट से बचे। हर फ्लोर पर निकासी मार्ग प्रदर्शित करें। खिडकियों से दूर रहे। बाथरूम या कंक्रीट वाली दीवार के पास शरण लें। बच्चों के लिए सुरक्षा बैग तैयार करें। इसी प्रकार सोसाईटी/मोहल्ले में सामूहिक सुरक्षा उपायो में सभी प्रवेश द्वार पर गार्ड व सीसीटीवी अनिवार्य करें। इंटर कॉम और आपात कालीन अलार्म प्रणाली सक्रिय रखें। व्हाट्स एप/टेलीग्राम अलर्ट ग्रुप बनाए तथा डाक्टर, सेना अधिकारी, पुलिस आदि स्थानीय विशेषज्ञों को जोडे। इसी प्रकार सायरन या धमाके के बाद तुरन्त जमीन पर लेट जाएं। अंजान वस्तु या विस्फोटक न छुएं-पुलिस को सूचित करें। गम्भीर स्थिति में भी संयम और नेतृत्व बनाएं रखें-दूसरों को संभालें। आपात कालीन स्थिति में सरकारी मद्द और सहयोग हेतु एनडीआरएफ जिला प्रशासन या नागरिक रक्षा विभाग से सम्पर्क बनाएं रखे। निकटतम अस्पताल, पुलिस स्टेशन, फायर ब्रिगेड का पता और नम्बर नोट करें। गम्भीर स्थिति में 112 पर कॉल करें। तथा आपदा राहत केन्द्र या सामुदायिक बंकर का पता पहले से जान लें। इस अवसर पर बताया गया कि आज रात्रि 08.00 बजे से 8:10 बजे तक जनपद के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लैक आउट किया जायेगा। इस अवसर पर विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। उन्होने जनपदवासियों से अपील की है कि समस्त जनपदवासी निर्धारित समय में अपने घरों में लाइट न जलाएं तथा घरों के अन्दर रहे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री कृति राज, अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी न्यायिक विकास कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजीव राज, सहायक कलेक्टर शौर्य अरोड़ा, उपजिलाधिकारी क्षितिज द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी सोनम सिंह सहित आदि उपस्थित रहे।

# टीम में कौन आ रहा कि कोई हमारा नाम नहीं ले रहा..., रोहित की एंट्री पर क्यों चौंक गए थे कोहली?

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के इतिहास में यूं तो कई सुपरस्टार हुए हैं, लेकिन मुंबई की बोरिवली के इस बिंदास क्रिकेटर ने अपनी अलग छाप छोड़ी है। %गार्डन में कोई नहीं घूमेगा% से लेकर डीआरएस विफल होने पर कुलदीप का मजाक उड़ाने तक रोहित ने फील्ड पर सभी का दिल जीता। रोहित शर्मा ने टेस्ट से संन्यास ले लिया है। बुधवार को एक इंस्टाग्राम पर स्टोरी के जरिये हिटमैन ने सबसे लंब प्रारूप से संन्यास की घोषणा की। भले ही रोहित ने टेस्ट में ज्यादा मुकाबले न खेले हो, लेकिन उनकी बल्लेबाजी कौशल हमेशा से अद्वितीय रही। बरसों पहले भारत की अंडर 17 टीम में सलामी बल्लेबाज रविचंद्रन अश्विन और स्पिन हरफनमौला रोहित शर्मा हुआ करते थे। अंडर 19 ट्रायल के लिए आते समय एक बार रोहित का किटबैग मुंबई की लोकल ट्रेन में छूट गया और दिलीप वेंगसरकर जैसे अनुशासनप्रिय व्यक्ति ने भी उनकी प्रतिभा को देखते हुए इस गलती को





माफ कर दिया था। एक बार विराट कोहली ने एक इंटरव्यू में कहा था कि हम सभी हैरान थे कि ऐसा कौन सा क्रिकेटर आ रहा है कि कोई हमारा नाम ही नहीं ले रहा, लेकिन जब उन्हें बल्लेबाजी करते देखा तब समझ में आया। उन्होंने यह भी कहा था कि हर स्ट्रोक के लिए रोहित के पास डेढ सेकंड अतिरिक्त होता है। लाल गेंद और रोहित का रिश्ता खट्टा मीठा रहा, लेकिन सफेद गेंद में उनकी बादशाहत हमेशा रही जिसमें उन्होंने 50 ओवरों के विश्व कप में सात शतक जड़े। आलोचक यह कह सकते हैं कि 75 से भी कम मैच खेलने वाले रोहित का टेस्ट कैरियर औसत ही रहा जिसमें वह SEN ( दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया) देशों के खिलाफ एक ही शतक जड़ पाए, लेकिन फैंस के लिए उनके बल्ले का जादू कुछ अलग ही था। अपनी कलाई के जादू से सफेद गेंद को स्टेडियम के चारों ओर पीटने वाले रोहित शर्मा, अक्सर स्टम्प माइक पर अनजाने में 'वनलाइनर' छोड़कर मुस्कुराहटें बिखेरने वाले रोहित शर्मा या फिर सुपरस्टार होने के बावजूद अपने करीब से लगने वाले रोहित शर्मा।

भारतीय क्रिकेट के इतिहास में यूं तो कई सुपरस्टार हुए हैं, लेकिन मुंबई की बोरिवली के इस बिंदास क्रिकेटर ने अपनी अलग छाप छोड़ी है। %गार्डन में कोई नहीं घूमेगा% से लेकर डीआरएस विफल होने पर कुलदीप का मजाक उड़ाने तक रोहित ने फील्ड पर सभी का दिल जीता। उनके संन्यास से एक अध्याय का अंत हो गया। विराट कोहली के इस दौर में रोहित ने भी अपने एक दशक से अधिक के टेस्ट क्रिकेट के सफर में अपने लिए अलग जगह बनाई। उनके बल्ले से निकले बेहतरीन पूल शॉट्स और किसी खिलाड़ी की गलती पर उनकी मुस्कान हर क्रिकेटप्रेमी के दिल में बसी रहेंगी। वनडे में तीन दोहरे शतक ने उन्हें सबसे अलग बनाया। यही वजह है कि टेस्ट में भी फैंस को उनसे काफी उम्मीदें थीं, लेकिन उम्र के साथ-साथ एक दो सीरीज में खराब प्रदर्शन से वह कई बार फैंस के निशाने पर भी रहे। उनकी संन्यास की बातें हुईं और आखिरकार उन्हें क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप को अलविदा कह दिया है। उन्होंने भले ही 67 टेस्ट ही खेले, लेकिन वनडे में 273 मैच खेल चुके हैं।

## सुपरबेट शतरंज क्लासिक में गुकेश ने प्रज्ञानंद से ड्रॉ खेला, 35 चाल के बाद बनी सहमति

टूर्नामेंट

> फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा और वेस्ली सो ने दस खिलाड़ियों के राउंड रोबिन टूर्नामेंट में शुरुआती दौर के बाद संयुक्त बढ़त बना ली है।







**बुकारेस्ट।** फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा और वेस्ली सो ने दस खिलाड़ियों के राउंड रोबिन टूर्नामेंट में शुरुआती दौर के बाद संयुक्त बढ़त बना ली है। इन दोनों ने क्रमशः फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर-लाग्रेव और रोमानिया के डेक बोगदान-डेनियल को हराया। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने बुधवार को यहां सुपरबेट शतरंज क्लासिक्स में अपने अभियान की शुरुआत साथी भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञानंद के खिलाफ ड्रॉ के साथ की। गुकेश और प्रज्ञानानंद 35 चाल के बाद ड्रॉ पर सहमत हो गए। फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा और वेस्ली सो ने दस खिलाड़ियों के राउंड रोबिन टूर्नामेंट में शुरुआती दौर के बाद संयुक्त बढ़त बना ली है। इन दोनों ने क्रमशः फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर-लाग्रेव और रोमानिया के डेक बोगदान-डेनियल को हराया।

यह प्रतियोगिता ग्रैंड शतरंज टूर का हिस्सा है और इसकी इनामी राशि 350,000 डॉलर है। अन्य बाजियों में पोलैंड के डूडा जान क्रिस्टोफ ने अमेरिका के फाबियानो करुआना के साथ ड्रॉ खेला जबकि अमेरिका के लिए लेवोन अरोनियन ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के साथ अंक बांटे।अलीरेजा और वेस्ले एक-एक अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं और उनके बाद गुकेश, प्रज्ञानानंद, अरोनियन, अब्दुसत्तोरोव, करुआना और डूडा हैं जबकि डेक और मैक्सिम को अभी अपना खाता खोलना है।

## पता नहीं कौन सा सत्र आखिरी हो..., संन्यास के सवाल पर भावुक हुए एमएस धोनी





**कोलकाता।** धोनी ने स्वीकार किया कि वह अपने करियर के अंतिम चरण में है, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि उनका तुरंत संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है और वह समय के साथ इस बारे में फैसला करेंगे। आईपीएल 2025 में बुधवार को चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को उसके घर में दो विकेट से हराकर तीसरी जीत दर्ज की। प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी सीएसके की टीम फिलहाल अंक तालिका में सबसे नीचे है। मैच के बाद संन्यास के सवाल पर माही भावुक हो गए और उन्होंने फैंस का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने खूब प्यार लुटाया है और उन्हें यह भी तो नहीं पता है कि कौन सा सत्र उनका आखिरी सत्र होगा। धोनी ने स्वीकार किया कि वह अपने करियर के अंतिम चरण में हैं, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि उनका तुरंत संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है और वह समय के साथ इस बारे में फैसला करेंगे। धोनी ने मैच के बाद कहा, यही वह प्यार और स्नेह है जो फैंस से मुझे हमेशा मिलता रहा है। यह मत भूलिए कि मैं 43 साल का हूं। मैं लंबे समय तक खेला हूं। उनमें से बहुतों को नहीं पता कि मेरा आखिरी मैच कब होगा (मुस्कुराते हुए) इसलिए वे आकर मुझे खेलते हुए देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, इस तथ्य से बचा नहीं जा सकता कि मैं अपने करियर के अंतिम चरण में हूं। मैं सिर्फ दो महीने खेलता हूं। इस आईपीएल के खत्म होने के बाद छह से आठ महीने और कड़ी मेहनत करनी होगी और देखना होगा कि मेरा शरीर इस लीग के दबाव को झेल सकता है या नहीं। अभी कुछ तय नहीं करना है, लेकिन मैंने जो प्यार और स्नेह देखा है, वह शानदार है। धोनी ने अपनी टीम की भी सराहना की। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, यह केवल तीसरा गेम है जिसे हमने जीता है। जीत की तरफ होना अच्छा है। काफी कुछ चीजें हमारे पक्ष में नहीं गई हैं। जो महत्वपूर्ण है वह व्यावहारिक होना है। पहचानें कि क्या गलत हुआ है। हमारे पास 25 खिलाड़ी हैं जो जगह भर सकते हैं और मैं उसी पर ध्यान दे रहा था। हम अगले साल के लिए जवाब चाहते हैं कि कौन सा बल्लेबाज कहां और कौन सा गेंदबाज कहां गेंदबाजी कर सकता है। उन्होंने कहा, शायद ही कोई रन बना रहा था। हां आप कभी-कभी आउट हो जाते हैं, लेकिन आप खुद पर भरोसा करते हैं और ऐसे शॉट खेलते हैं जो आपको लगता है कि आप कर सकते हैं। ये वे खिलाड़ी हैं जो अब टीम का हिस्सा हैं। आप उन्हें नेट्स पर, अभ्यास मैचों में देख सकते हैं, उन्हें मौका दे सकते हैं और देख सकते हैं कि वे कैसे प्रतिक्रिया देते हैं। आप क्रिकेट तकनीक या तकनीक के बारे में नहीं देखते, लेकिन उनकी मानसिक मजबूती और खेल की जागरूकता के बारे में देखते हो।

## 53 महीने बाद भी नहीं सुलझी माराडोना की मौत की गुत्थी! पुलिस ने छापा मार जब्त किए मेडिकल रिकॉर्ड्स

निधन

> अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर डिएगो माराडोना के निधन को 53 महीने बीत चुके हैं, लेकिन उनके मौत की गुत्थी अब तक नहीं सुलझी है।

**ब्यूनस आयर्स।** ट्रायल जज ने तीन से 11 नवंबर, 2020 के बीच की माराडोना के स्वास्थ्य से जुड़ी सभी फाइलों को जब्त करने के लिए छापेमारी का आदेश दिया था। पुलिस ने आधी रात को छापा मारा और छापेमारी बुधवार सुबह चार बजे तक चली।

अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर डिएगो माराडोना के निधन को 53 महीने बीत चुके हैं, लेकिन उनके मौत की गुत्थी अब तक नहीं सुलझी है। स्थानीय पुलिस उनकी मौत में साजिश की आशंका जता रही है और इसके लिए माराडोना के स्वास्थ्य का ध्यान रख रहे सात चिकित्सा पेशेवरों पर हत्या के आरोप भी लगे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को पुलिस ने इन साथ मेडिकल प्रोफेशनल्स की क्लिनिक पर माराडोना के पूरे मेडिकल रिकॉर्ड्स को जब्त करने के लिए छापा मारा। सातों चिकित्सा पेशेवरों पर स्टार फुटबॉलर के स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही बरतने का आरोप है। अदालत ने सातों पर मुकदमा चलाने के आदेश दिए हैं। पुलिस का छापा इसी को लेकर सबूत जुटाने में था। पुलिस ने अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स के एक स्वास्थ्य क्लिनिक छापा मारा और डिएगो माराडोना के संपूर्ण मेडिकल रिकॉर्ड जब्त कर लिए।लॉस ओलिवोस क्लिनिक के चिकित्सा निदेशक पाब्लो दिमित्रॉफ ने गवाही दी कि माराडोना ने प्री-सर्जिकल अध्ययन किया था। उसी



केंद्र में एक न्यूरोसर्जन द्वारा बिना किसी परेशानी के ऑपरेशन किया गया था। हालांकि, मामला तब सवालों के घेरे में आया जब उन अध्ययनों को माराडोना के मेडिकल रिकॉर्ड्स में शामिल नहीं किया गया था। ट्रायल जज ने तीन से 11 नवंबर, 2020 के बीच की माराडोना के स्वास्थ्य से जुड़ी सभी फाइलों को जब्त करने के लिए छापेमारी का आदेश दिया था। पुलिस ने आधी रात को छापा मारा और छापेमारी बुधवार सुबह चार बजे तक चली। पुलिस रिपोर्ट से पता चला है कि अधिकारियों ने संबंधित अभिलेखों के लगभग 275 पृष्ठ और परीक्षण पर चिकित्सा पेशेवरों के बीच आदान-प्रदान किए गए 547 ईमेल सुरक्षित किए हैं। इसकी जांच गुरुवार को भी जारी रहेगी। दरअसल, माराडोना की खोपड़ी और मस्तिष्क के बीच बने हेमटोमा की सर्जरी हुई थी यानी दिमाग में खून का थक्का जमा होने की वजह से उनकी सर्जरी हुई थी। वह चार से 11 नवंबर के बीच ओलिवोस में गहन देखभाल में रहे।

इसके बाद अचानक से उन्हें अस्पताल से रिलीज किया गया और एक निजी घर में रिहैब के लिए भेज दिया गया। वहीं, 25 नवंबर 2020 को 60 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु हो गई। माराडोना ने दशकों तक कोकीन और शराब की लत से लड़ाई लड़ी थी। माराडोना की मेडिकल टीम पर मुकदमा है। इस पूरे कांड को अभियोजकों ने माराडोना के जीवन के अंतिम दिनों का हॉरर थिएटर कहा है। माराडोना की मौत दिल का दौरा पड़ने और एक्यूट पल्मोनरी एडिमा (ऐसी स्थिति जहां फेफड़ों में तरल पदार्थ जमा हो जाता है) की वजह से हुई। कैसिनेली ने कहा कि जिस घर में माराडोना का निधन हुआ, वह रिहैब के लिए उपयुक्त स्थान नहीं था। मामले में उनकी माराडोना टीम के सात चिकित्सा पेशेवरों पर संभावित इरादे से हत्या% का आरोप लगाया गया है। उन पर आरोप है कि यह जानने के बावजूद कि घर लाना उनके मरीज (माराडोना) की मौत का कारण बन सकता है, उन्हें घर लाया गया। आरोप सिद्ध होने पर इन सातों पर आठ से 25 साल तक की जेल की सजा हो सकती है। अभियोजकों का आरोप है कि फुटबॉलर को उनकी मृत्यु से पहले दर्द के साथ छोड़ दिया गया था। जुलाई तक चलने वाले लंबे समय से लंबित मुकदमे में लगभग 120 गवाहों के गवाही देने की उम्मीद है।

## प्रेस शो से ऐन पहले राजकुमार की फिल्म की रिलीज कैंसिल

**मुंबई।** राजकुमार राव और वामिका गब्बी की फिल्म 'भूल चूक माफ' अब सिनेमाघरों में रिलीज नहीं होगी। निर्माताओं ने इसे ओटीटी पर स्ट्रीम करने का फैसला लिया है। हिंदी सिनेमा में किसी फिल्म की दोपहर बाद होने थे।

कारोबारी सूत्रों के मुताबिक फिल्म 'भूल चूक माफ' की रिलीज के एक दिन पहले तक फिल्म को लेकर न तो दर्शकों में और न ही ट्रेड में किसी तरह का कोई माहौल दिख रहा था। ओटीटी पर रिलीज करने का फैसला भी अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने ही लिया है।

गौरतलब है कि भारतीय सिनेमाघरों में किसी भी फिल्म को रिलीज करने से पहले निर्माताओं को एक निश्चित रकम सिनेमाघर मालिकों व मल्टीप्लेक्सचेन मालिकों को देनी होती है, इसके बाद ही कोई भी फिल्म सिनेमाघरों मे दिखाई जा सकती है। इसके बाद फिल्म की टिकटों की बिक्री के बंटवारे के प्रतिशत को लेकर भी निर्माताओं और वितरकों में जंग चलती रहती है। हालांकि, फिल्म 'भूल चूक माफ' को सिनेमाघरों में न रिलीज करने के पीछे वजह देश में 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद बने हालात को बताया जा रहा है। फिल्म निर्माताओं द्वारा गुरुवार दोपहर जारी एक बयान में कहा गया है, ःहाल की घटनाओं और देश भर में सुरक्षा इंतजामों के बढ़े पैमाने को देखते हुए मैडॉक फिल्म्स और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने अपनी पारिवारिक मनोरंजन फिल्म 'भूल चूक माफ' को 16 मई को सीधे प्राइम वीडियो पर रिलीज करने का फैसला किया है।



रिलीज ऐन रिलीज के एक दिन पहले कैंसिल हुई हो, ऐसा कम ही सुनाई देता है। लेकिन, बॉक्स ऑफिस पर लगातार फ्लॉप फिल्मों से जूझते रहे अभिनेता राजकुमार राव की नई फिल्म 'भूल चूक माफ' अब सिनेमाघरों में रिलीज नहीं होगी। इसके निर्माताओं ने फिल्म को अगले शुक्रवार सीधे ओटीटी पर रिलीज करने का फैसला किया है। फिल्म के प्रेस शो आज दिल्ली और मुंबई में और, ये इसके बावजूद की फिल्म की लीड कास्ट राजकुमार राव और वामिका गब्बी तकरीबन आधा देश इसका प्रचार करने के लिए घूम आए हैं। लगातार दो ब्लॉक बस्टर फिल्में 'स्त्री 2' और 'छावा' रिलीज कर चुकी निर्माता दिनेश विजन की कंपनी मैडॉक फिल्म्स ने अपनी अगली फिल्म 'भूल चूक माफ' अमेजन एमजीएम स्टूडियोज के लिए बनाई है और फिल्म को सीधे

### महाभारत में किसकी भूमिका निभाना चाहते हैं आमिर खान

**मुंबई।** आमिर खान ने हाल ही में अपने ड्रीम प्रोजेक्ट महाभारत पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वह महाभारत में किसकी भूमिका निभाना चाहते हैं।

बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सितारे जमीन पर को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इसी बीच एक इंटरव्यू के दौरान आमिर ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट महाभारत के बारे में दिलचस्प खुलासा किया। आइए जानते हैं क्या है वह...आमिर खान लंबे समय से अपने ड्रीम प्रोजेक्ट महाभारत के बारे में बात करते आ रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट उनके दिल के बहुत करीब है। न्यूज 18 डॉट कॉम की एक खबर के मुताबिक, उन्होंने बताया, महाभारत बनाना मेरा सपना है, लेकिन यह बहुत मुश्किल है।ः इस महीने की शुरुआत में आमिर ने पुष्टि की कि Mahabharat एक बड़ी फिल्म फ्रैंचाइजी होगी, जिसमें अलग-अलग निर्देशक अलग-अलग हिस्सों पर काम करेंगे।

## भारतीय सिने एसोसिएशन ने पाक कलाकारों पर किया कड़ा प्रहार

**मुंबई।** भारतीय सेना ने बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर उन्हें ध्वस्त कर दिया था। इस कार्रवाई पर पाक एक्टर्स बौखलाए हुए हैं और भारत की निंदा कर रहे हैं। अब भारतीय सिने एसोसिएशन ने पाकिस्तानी कलाकारों को बैन करने का आग्रह किया है।सात मई को भारत ने पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों को करारा जवाब देते हुए उनके नौ ठिकानों को तबाह कर दिया था। भारतीय सेना ने इस कार्रवाई को ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया। इसको लेकर सभी देशवासियों में खुशी है, क्योंकि भारत ने 15 दिन पहले हुए पहलगाम आतंकी हमले में 26 मासूमों की जान गवाने का बदला लिया है। इस जवाबी कार्रवाई को लेकर पाकिस्तान के तमाम कलाकार बिलबिलाए हुए हैं और भारत की निंदा कर रहे हैं। किसी समय भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में काम कर चुके पाक कलाकार फवाद खान और माहिरा





खान ने भारत के खिलाफ जहर उगला है। अब इसी पर भारतीय सिने एसोसिएशन ने इन कलाकारों को भारत में बैन करने की मांग की है। बुधवार को ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन ने अपने एक्स अकाउंट पर एक ट्वीट किया। इसमें उन्होंने लिखा, पाकिस्तानी अभिनेत्री माहिरा खान और अभिनेता फवाद खान द्वारा दिए गए भारत विरोधी बयानों की कड़ी निंदा करता है, जिन्होंने खुले तौर पर भारत की आलोचना की है और अपनी संप्रभुता की रक्षा में देश की कार्रवाई पर सवाल उठाया है। माहिरा खान ने भारत की सैन्य कार्रवाई को कायरतापूर्ण कृत्य बताया, जबकि फवाद खान ने आतंकवाद की निंदा करने के बजाय भारत के रुख की आलोचना की।

आगे उन्होंने पाकिस्तान मनोरंजन उद्योग के बारे में ट्वीट किया, 'भारत में काम करने वाले पाकिस्तानी कलाकारों, फिल्म निर्माताओं और फाइनेंसरों पर,ः द्वृढ़्ह सख्त और पूर्ण प्रतिबंध की पुष्टि करता है। कोई भी भारतीय कलाकार किसी भी पाकिस्तानी प्रतिभा के साथ सहयोग नहीं करेगा, ना ही उनके साथ कोई वैश्विक मंच साझा करेगा। इसके अलावा सिने एसोसिएशन ने पाकिस्तानी कलाकारों को हर संभव तरीके से समर्थन देना बंद करने का आग्रह किया है। आगे सिने एसोसिएशन ने ट्वीट किया कि भारतीय फिल्म उद्योग को यह समझना चाहिए कि पाक कलाकारों पर आंख मूंदकर विश्वास ना करें क्योंकि ये देश के साथ विश्वासघात कर रहे हैं।

## कन्नड़ फिल्ममेकर ने फिल्म से हटाए सोनू निगम के गाने




**मुंबई।** कन्नड़ निर्देशक रामनारायण ने गुरुवार को अपनी फिल्म से सोनू निगम के दो गाने हटा दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि सिर्फ माफी मांगने से काम नहीं चलेगा। उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी।

कन्नड़ निर्देशक रामनारायण ने गुरुवार को सोनू निगम के दो गाने हटाने के बाद कहा कि माफी ही काफी नहीं है। उन्हें इस तरह के कठोर शब्द कहने के लिए इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा। रामनारायण ने कहा कि उन्होंने अपनी आगामी फिल्म कुलाडल्ली कील्यावुडो में सोनू निगम द्वारा गाए गए दो गानों को बदल दिया है। रामनारायण ने इस मामले को लेकर पीटीआई से कहा, 'सिर्फ माफी मांगने से काम नहीं चलेगा। पहलगाम में हुई घटना को कन्नड़ गौरव से जोड़ना बहुत बड़ी गलती है। उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी।' निर्देशक के मुताबिक उनकी आगामी फिल्म कुलाडल्ली कील्यावुडो 23 मई को सिनेमाघरों में आ सकती है। फिल्म के प्रमोशन के लिए इसके तीन गाने रिलीज किए गए थे, जिसमें से दो को सोनू निगम ने गाया थे। रामनारायण ने कहा, 'उन्होंने टाइटल सॉन्ग गाया, जो सबसे प्रसिद्ध कन्नड़ गीत के लिए एक ट्रिब्यूट है, जिसे महान अभिनेता राजकुमार की 1965 की फिल्म सत्य हरिश्चंद्र में दिखाया गया था। कुलाडल्ली कील्यावुडो कन्नड़ फिल्म उद्योग के लिए बहुत पवित्र है। हमारे ऑर्केस्ट्रा गाना रिकॉर्ड करते समय इस गीत को बजाते हैं। यह गीत निगम जैसे किसी व्यक्ति द्वारा कैसे गाया जा सकता है? जो हमारे बारे में इतना कमतर सोचते हैं।' निर्देशक ने इस मामले पर कहा कि सोनू निगम द्वारा गाए गए दोनों गाने, जिसमें दूसरा गाना मनसु हादताडे है, को बदला जा रहा है। उन्होंने कहा, 'ट्रैक सिंगर चेतन सोस्का हैं। हमें दोनों गानों के ट्रैक वर्जन पसंद आए, जिन्हें हमने सोनू निगम को भेजा था। ताकि उन्हें धुन का अंदाजा हो सके। अब, हम उन्हें ठीक कर रहे हैं, ताकि हम उन्हें चेतन की आवाज के साथ रिलीज कर सकें।' कुलाडल्ली कील्यावुडो को निर्माताओं ने पहले ही यूट्यूब से हटा दिया है, लेकिन निगम का मनसु हादताडे का वर्जन अभी भी उनके यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है। निर्देशक ने कहा, 'निगम के साथ मेरा बहुत पुराना रिश्ता है, उन्होंने कन्नड़ में एक हजार से ज्यादा गाने गाए हैं। कन्नड़ स्टार सुदीप किचा और राम्या के साथ फिल्म मुसांजे मातू के लिए मैंने जो गाना लिखा था, निन्ना नोडालेन्थो, उसे निगम ने लगभग 12 साल पहले गाया था।निर्देशक ने कहा कि इस गाने ने निगम के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार जीता। उन्होंने कहा, 'हम सभी उस समय उनके लिए बहुत खुश थे। वह उस पुरस्कार के हकदार थे। ठीक वैसे ही जैसे आज, उन्हें कन्नड़ इंडस्ट्री से प्रतिक्रिया किया जाना चाहिए। उनके जैसे कद के लोगों को दूसरों पर चोट पहुंचाने वाले शब्द बोलने से पहले थोड़ा और सोचना चाहिए।' सोनू निगम ने सोमवार को बेंगलुरु कॉन्सर्ट विवाद के बाद माफी मांगी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर की और कहा कि कर्नाटक के लिए उनका प्यार उनके ईगो से बड़ा है। सिंगर ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'माफ कीजिए, कर्नाटक। आपके लिए मेरा प्यार मेरे अहंकार से बड़ा है। हमेशा प्यार करता रहूंगा।' इससे पहले कन्नड़ समर्थक संगठन कर्नाटक रक्षण वेदिके ने गायक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, क्योंकि उन्होंने कथित तौर पर एक दर्शक द्वारा कन्नड़ में गाने के अनुरोध के जवाब में कहा था, 'कन्नड़! कन्नड़! पहलगाम में हुई घटना के पीछे यही कारण है।' यह घटना 25 अप्रैल को बेंगलुरु के एक कॉलेज में लाइव कॉन्सर्ट के दौरान हुई। निगम ने अपना प्रदर्शन तब रोक दिया, जब दर्शकों में से किसी ने जोर से मांग की कि वे कन्नड़ में गाना गाएं।

## कोहली के लाइक से बढ़ी लोकप्रियता, अब तक इन फिल्मों में नजर आ चुकी हैं अवनीत कौर

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक छोटा सा 'लाइक्स' कितना बड़ा तूफान ला सकता है यह हाल ही में अवनीत कौर और विराट कोहली के मामले ने दिखा दिया है। भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने अवनीत की एक इंस्टाग्राम पोस्ट को गलती से लाइक किया, जिसके बाद अभिनेत्री सुर्खियों में छा गईं। हालांकि, विराट ने इसे एल्गोरिदम की गलती बताकर सफाई दी, लेकिन इस वाकये ने 23 साल की अवनीत कौर की पॉपुलैरिटी को और बढ़ा दिया। आइए जानते है कि अब तक अवनीत किन फिल्मों में नजर आ चुकी हैं और उनका करियर ग्राफ कैसा रहा है? पंजाब के जालंधर में 13 अक्टूबर 2001 को जन्म लेने वाली अवनीत कौर ने महज आठ साल की उम्र में मनोरंजन जगत में कदम रख दिया था। उन्होंने





2010 में 'डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स' से शुरुआत की, जहां उनकी प्रतिभा को खूब सराहा गया। इसके बाद उन्होंने 'मेरी मां', 'चंद्र नंदिनी', और 'अलादीन - नाम तो सुना होगा' जैसे टीवी सीरियल्स में काम किया। छोटे पर्दे पर उनकी लोकप्रियता ने उन्हें बड़े पर्दे का रास्ता दिखाया। अवनीत ने 2014 में रानी मुखर्जी की फिल्म 'मर्दानी' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इस फिल्म में उन्होंने मीरा का किरदार निभाया, जो छोटा लेकिन प्रभावशाली था। इसके बाद 2017 में वह 'करीब करीब सिंगल' में एक छोटी सी भूमिका में दिखीं। 2019 में 'मर्दानी 2' में भी उनका कैमियो दर्शकों को पसंद आया। 2023 में अवनीत ने कंगना रनौत की प्रोड्यूस की गई फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ लीड रोल निभाकर सबका ध्यान खींचा।

## भारतीय सेना में पहली महिला होने की लंबी लड़ाई लड़ी



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर से सुर्खियों में आईं कर्नल सोफिया कुरैशी भारतीय सेना में महिलाओं के लिए प्रेरणा हैं। उनके संघर्ष और योगदान को सुप्रीम कोर्ट ने भी 2020 में स्थायी कमीशन पर फैसले के दौरान सराहा था, जिसमें महिलाओं को सिर्फ स्टाफ ड्यूटी तक सीमित रखना अनुचित बताया गया था।कर्नल सोफिया कुरैशी ऑपरेशन सिंदूर के बाद से लगातार चर्चा में चल रहीं हैं। हालांकि भारतीय सेना में शुरुआत से लेकर अब तक कर्नल कुरैसी का सफर इतना आसान भी नहीं रहा है। उन्हें भारतीय सेना में पहली महिला होने के लिए एक लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी, लेकिन एक समय ऐसा भी आया कि कर्नल कुरैशी भारतीय सेना में महिलाओं के लिए एक प्रेरणा बनकर सामने आईं। यही कारण है कि सेना के उनके संघर्ष और अतुल्य योगदान को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने भी 2020 में भारतीय सेना में स्थायी कमीशन (पीसी) देने के अपने एक फैसले में कर्नल कुरेशी की तारीफ की थी। बता दें कि भारत की सेना में महिलाओं को स्थायी कमीशन (पीसी) देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 2020 में एक अहम फैसला सुनाया था। कोर्ट ने कहा था कि सेना में महिलाओं को केवल स्टाफ ड्यूटी तक सीमित रखना और उन्हें कमांड नियुक्तियों से वंचित करना कानून के अनुसार सही नहीं है। इस फैसले में कर्नल सोफिया कुरैशी की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने महिला अधिकारियों के योगदान को भी सराहा था। कोर्ट ने 17 फरवरी 2020 को अपने फैसले में कहा था कि महिलाओं को केवल स्टाफ नियुक्तियों तक सीमित रखना सेना में करियर के अवसरों को पूरा नहीं करता है।

# हाईकोर्ट जजों की नियुक्ति में देरी, सरकार को सुप्रीम निर्देश- कॉलेजियम की सिफारिशों को दी जाए मंजूरी

**नियुक्ति**

**देश के उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है।**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कई सिफारिशें केंद्र के पास लंबित हैं। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट में लंबित मामलों को लेकर भी चिंता जताई।

देश के उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिए हैं कि वह हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति पर कॉलेजियम की सिफारिशों को शीघ्रता से मंजूरी दे। कोर्ट ने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कई सिफारिशें केंद्र के पास लंबित हैं। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट में लंबित मामलों को लेकर भी चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि देश के उच्च न्यायालयों में 7,24,192 आपराधिक अपीलें लंबित हैं। इसमे अकेले इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 2.7 लाख मामले लंबित हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बताया था कि नवंबर 2022 से अब तक हाईकोर्ट जजों के लिए सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 221 नामों का अनुमोदन किया है। इसमें से 29 नाम केंद्र सरकार के पास लंबित हैं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित न्यायाधीशों के नाम, उच्च न्यायालयों या शीर्ष अदालत के वर्तमान या सेवानिवृत्त न्यायाधीशों से उनके संबंध और सरकार द्वारा स्वीकृत प्रस्तावों की संख्या की जानकारी साझा की थी। सुप्रीम कोर्ट ने बताया था कि कॉलेजियम ने नौ नवंबर 2022 से 10 नवंबर 2024 तक उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए 330 नामों का अनुमोदन किया था। इसमें से केंद्र ने 170 नामों को मंजूरी दी है। 17 नाम अभी भी सरकार के पास मंजूरी के लिए लंबित हैं। इसके बाद 11 नवंबर 2024 से पांच मई 2025 के बीच हाईकोर्ट जज के लिए 103 उम्मीदवारों के नामों की सिफारिश की गई। इनमें से केवल 51 नामों को मंजूरी दी गई। इनमें से भी 12 नाम केंद्र सरकार की मंजूरी के लिए लंबित हैं। वहीं नौ नवंबर 2022 से पांच मई 2025 तक उच्च न्यायालयों में न्यायाधीश पद के लिए कॉलेजियम ने 221 नामों का अनुमोदन किया। इसमें से 29 उम्मीदवारों के नाम केंद्र की मंजूरी के लिए लंबित हैं।

# पूर्व राजनयिक ने ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ की



**नई दिल्ली।** भारत के ऑपरेशन सिंदूर को दुनियाभर में समर्थन मिल रहा है। भारत के पूर्व राजनयिक फैबियन ने भी ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ की है। उन्होंने इस ऑपरेशन को संतुलित और सुनियोजित बताया है।

भारत ने 6-7 मई की मध्य रात्रि को ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। भारत ने 25 मिनट के भीतर पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर पहलगाम आतंकी हमले का हिसाब बराबर कर लिया। हर कोई भारत की सैन्य कार्रवाई का समर्थन कर रहा है। इसी कड़ी में पूर्व राजनयिक केपी फैबियन ने भी गुरुवार को ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा की। उन्होंने इस ऑपरेशन को संतुलित और सोच- समझकर किया गया बताया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत के हमले से पाकिस्तान दहल गया है, लेकिन वह खुद को असहाय नहीं दिखाना चाहता है। उन्होंने एएनआई समाचार एजेंसी से बातचीत के दौरान कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने बिना पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश किए ही हमला किया है। पुलवामा हमले के बाद ऐसा पहली बार हुआ है। फैबियन ने कहा कि भारतीय हमले की गूंज पाकिस्तान में बहुत दूर तक गई है। इसके साथ ही यह हमला सैन्य दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद जवाबी कार्रवाई करने का वादा किया है, क्योंकि वह खुद को असहाय नहीं दिखाना चाहते हैं। फैबियन ने पाकिस्तान की गीदड़भभकी को लेकर कहा कि पाकिस्तान ऑपरेशन सिंदूर के बाद से खुद को असहाय नहीं दिखाना चाहता है। पाकिस्तान खुद इस दुविधा में है कि क्या जवाबी कार्रवाई करनी चाहिए, अगर करनी है, तो कैसे जवाबी कार्रवाई करनी चाहिए । पहले की एक रिपोर्ट में उन्होंने कहा था कि हमने पहले ही जवाबी कार्रवाई कर दी है। लेकिन उस बयान का कोई आधार नहीं था। वह शायद भारतीय विमानों को मार गिराने के बारे में झूठे दावों का जिक्र कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव पर गहरी चिंता जाहिर की थी। इस पर फैबियन ने जोर देकर कहा कि डोनाल्ड ट्रंप दक्षिण एशिया में एक और बड़ा युद्ध नहीं चाहते हैं।

## शीर्ष कोर्ट ने राजनीतिक दलों को आरटीआई के दायरे में लाने की याचिका पर सुनवाई टाली, 15 मई को हो सकता है फैसला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सभी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों को सार्वजनिक प्राधिकरण मानते हुए आरटीआई कानून के दायरे में लाने की मांग करने वाली याचिकाओं को टाल दिया है। इस मामले में कांग्रेस , भाजपा समेत कई राजनीतिक दलों को पक्षकार बनाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों को सूचना के अधिकार कानून(आरटीआई एक्ट) के दायरे में लाने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई टाल दी है। गैर सरकार संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर)समेत अन्य की ओर से दायर इन याचिकाओं में मांग की गई कि चुनावों के दौरान जवाबदेही सुनिश्चित करने और काले धन के इस्तेमाल को प्रतिबंधित करने के लिए प्रमुख राजनीतिक दलों को आरटीआई एक्ट के दायरे में लाया जाए। मामले में सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि इन याचिकाओं पर अब सुनवाई नहीं की जाएगी। याचिकाएं लंबित रहेंगी और इन पर 15 मई को सुनवाई हो सकती है। बता दें कि बीते 14 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, चुनाव आयोग और छह राजनीतिक दलों से उन जनहित याचिकाओं पर जवाब देने को कहा था, जिनमें उन्हें आरटीआई एक्ट के दायरे में लाने की मांग की गई थी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा था, सभी दलीलें पूरी होनी चाहिए।

## भारत ने मारे 100 से अधिक पाकिस्तानी आतंकी, 10 मिनट में चार मिसाइलें दागीं

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के जवाबी कार्रवाई के तौर पर भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान में तहलका मचा दिया है। अब तक इस ऑपरेशन में 100 से ज्यादा आतंकी मारे जा चुके है। सैटेलाइट तस्वीरों में पाकिस्तान में हुई तबाही साफ देखी जा सकती है। कई इमारतें मलबे के ढेर में तब्दील हो गई हैं। पहलगाम हमले के जवाबी कार्रवाई के रूप में भारतीय सेना की ओर से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर हमला कर उन्हें तबाह कर दिया है। वहीं इस ऑपरेशन के बारे में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को एक सर्वदलीय बैठक में बताया कि पाकिस्तान और पाकिस्तान-आधिकारिक कश्मीर (पीओके) में चल रहे ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया, जिसमें कम से कम 100 आतंकियों की मौत हुई।

# पाकिस्तान के लाहौर समेत कई शहरों में हार्पी ड्रोन ने मचाई तबाही

**नई दिल्ली।** हार्पी ड्रोन को इस्राइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज ने विकसित किया है। यह एक लॉइटरिंग म्युनिशन है। जिसे मुख्य रूप से दुश्मन के रडार सिस्टम और हवाई रक्षा प्रणालियों को नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस ड्रोन के जरिये भारत ने पाकिस्तान में हमले किए।

पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार को दावा किया कि भारत ने कराची और लाहौर जैसे बड़े शहरों सहित कई स्थानों को निशाना बनाने के लिए ड्रोन हमले किए हैं। भारत ने पाकिस्तान के जिन इलाकों को निशाना बनाया है, उन जगहों पर इस्राइल से मिले हार्पी ड्रोन का इस्तेमाल किया है। दुनिया से सबसे घातक ड्रोन में शुमार हार्पी ने पाकिस्तान की कई इमारतों का भारी नुकसान पहुंचाया है। सरकार का कहना है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है और अब तक 100 से अधिक आतंकी भारतीय सेना की कार्रवाई में मारे गए हैं।हार्पी ड्रोन इस्राइल द्वारा निर्मित मानवरहित हवाई वाहन (यूएवी) है, जिसे इस्राइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज ने विकसित किया है। यह एक लॉइटरिंग म्युनिशन है। जिसे मुख्य रूप से दुश्मन के रडार सिस्टम और हवाई रक्षा प्रणालियों को नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह ड्रोन निगरानी और सटीक हमले दोनों में सक्षम है, जो इसे सैन्य अभियानों में एक प्रभावी हथियार बनाता है। हार्पी ड्रोन का फायर एंड फॉरगेट मिसाइल भी कहा जाता है। क्योंकि हमला करने के बाद ये ड्रोन नष्ट हो जाता है। भारत ने इन्हें 2000 में इस्राइल से खरीदा था। हार्पी ड्रोन को इस्राइल ने 1980 के दशक में विकसित किया गया था। यह मूल रूप से सप्रेशन ऑफ एनिमी एयर डिफेंस (स्श्वन्रष्ठ) मिशनों के लिए बनाया गया था, जिसमें दुश्मन के रडार और हवाई रक्षा प्रणालियों को निशाना बनाया जाता है। हार्पी का एक उन्नत संस्करण, हारोप (॥ड्डह्म्श्श्च) बाद में विकसित किया गया, जिसमें अधिक उन्नत सेंसर और लंबी रेंज शामिल है। हारोप को भारत सहित कई देशों ने अपनाया है। इसे खुद या ऑपरेटर द्वारा संचालित किया जा सकता है।

**निशाना**

**पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार को दावा किया कि भारत ने कराची और लाहौर जैसे बड़े शहरों सहित कई स्थानों को निशाना बनाने के लिए ड्रोन हमले किए हैं।**

लॉइटरिंग म्युनिशन (कामिकेज ड्रोन), जो लक्ष्य पर सीधे हमला करने के लिए खुद को नष्ट कर देता है। ये ड्रोन अधिकतम 185 किमी/घंटा (115 मील/घंटा) गति से उड़ान भर सकता है। इस ड्रोन के अलग-अलग संस्करण 500 से लेकर 1000 किमी तक की दूरी तय कर सकते हैं। एक बार एयरबोर्न होने पर ये आसमान में करीब छह से नौ घंटे तक रह सकते हैं। ये ड्रोन अपने साथ 32 किलो तक हथियार लेकर उड़ सकते हैं। हार्पी ड्रोन हवा में लंबे समय तक मंडराने की क्षमता रखता है। यह किसी निर्धारित क्षेत्र में उड़ान भरता है, दुश्मन के रडार सिग्नल का पता लगाता है, और फिर स्वचालित रूप से या ऑपरेटर के आदेश पर लक्ष्य पर हमला करता है। यह ड्रोन अपने लक्ष्य पर गोता लगाकर हमला करता है और अपने विस्फोटक वारहेड के साथ खुद को नष्ट कर देता है, जिससे लक्ष्य को भारी नुकसान होता है। हारोप (हार्पी का उन्नत संस्करण) निगरानी ड्रोन और घातक मिसाइल दोनों के रूप में कार्य करता है। यह लक्ष्य क्षेत्रों पर मंडराता है और फिर पता लगने पर लक्ष्य में गोता लगाता है, जिससे यह समय-संवेदनशील खतरों के खिलाफ अत्यधिक प्रभावी हो जाता है।



# बलूच लड़ाकों के हमले में 14 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत, रिमोट से IED धमाका कर की हत्या



**बलूचिस्तान।** बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने बलूचिस्तान के बोलान और केच में दो हमलों की जिम्मेदारी ली है, जिनमें 14 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। साथ ही बीएलए ने पाकिस्तानी सेना को किराए की फौज बताते हुए हमले जारी रखने की चेतावनी दी है। बलूचिस्तान में सक्रिय अलगाववादी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने दो अलग-अलग हमलों की जिम्मेदारी ली है, जिनमें कुल 14 पाकिस्तानी सेना के जवान मारे गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पहला हमला बलूचिस्तान के बोलान जिले के माछ इलाके के शोरकंड क्षेत्र में हुआ, जहां बीएलए के स्पेशल टैक्टिकल ऑपरेशंस स्क्वॉड (एसटीओएस) ने एक सैन्य काफिले की गाड़ी को रिमोट कंट्रोल से ढ्ढश्वष्ठ विस्फोट के जरिए निशाना बनाया। इस धमाके में गाड़ी में सवार सभी 12 जवान मारे गए, जिनमें स्पेशल ऑपरेशंस कमांडर तारिक इमरान और सुबेदार उमर फारूक भी शामिल थे।

वहीं दूसरा हमला केच जिले के कुलाग टिग्रान इलाके में हुआ, जहां सेना की बम निरोधक टीम एक क्लियरेंस ऑपरेशन पर थी। दोपहर करीब 2:40 बजे रिमोट कंट्रोल ढ्ढश्वष्ठ से धमाका किया गया, जिसमें दो सैनिकों की मौत हो गई। मामले में बीएलए के प्रवक्ता जियंद बलूच ने बयान जारी कर कहा कि जो लोग बीएलए को विदेशी एजेंट कहते हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि खुद पाकिस्तानी सेना विदेशी पूंजी और हितों की रखवाली कर रही है।

बीएलए के प्रवक्ता ने आगे पाकिस्तानी सेना पर आरोप लगाते हुए कहा कि सेना कभी बंदरगाहों की सुरक्षा करती है, कभी आर्थिक कॉरिडोर की और कभी विदेशी कर्जदाताओं की मर्जी से चलती है। ऐसे में यह सेना देश की नहीं, बल्कि एक किराए की फौज है। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि बलूच स्वतंत्रता सेनानियों के हमले आगे और तेज होंगे।

गौरतलब है कि बलूचिस्तान में लंबे समय से अलगाववादी आंदोलन चल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पाकिस्तान सरकार उनके प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करती है, जबकि यहां के लोग गरीब और पिछड़े हुए हैं। साथ ही उन्हें राजनीतिक और मानवाधिकारों से वंचित किया गया है। इसी कारण से स्थानीय गुट पाकिस्तान से अलग होने की मांग कर रहे हैं और सेना की मौजूदगी को कब्जा मानते हैं।


# रेड स्क्वायर परेड से पहले यूक्रेन का रूस पर ड्रोन हमला, 100 से अधिक उड़ानें रद्द

**कीव।** यूक्रेन ने रेड स्क्वायर परेड से पहले लगातार तीसरे दिन रूस की राजधानी मास्को में लंबी दूरी के ड्रोन से हमला किया। इसके चलते 100 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। साथ ही 140 से अधिक उड़ानों में देरी भी हुई। हालांकि, मास्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने कहा कि रूस की वायु सेना ने 24 ड्रोन हमलों को विफल कर दिया।

यूक्रेन ने लंबी दूरी के ड्रोन से बुधवार को लगातार तीसरे दिन रूस की राजधानी मास्को पर हमला किया। ड्रोन हमलों के चलते मास्कों के मुख्य हवाई अड्डों पर उड़ानों में रुकावटें आईं। इन हमलों के चलते 100 से अधिक उड़ानों को रद्द करना पड़ा और 140 से अधिक उड़ानों में देरी हुई। यूक्रेन का ड्रोन हमला रेड स्क्वायर में वार्षिक विजय दिवस सैन्य परेड से पहले हुआ, जब रूस विदेशी मेहमानों जैसे चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और ब्राजील के राष्ट्रपति का स्वागत करने की तैयारी कर रहा था। यूक्रेनी ड्रोन हमलों के चलते बुधवार सुबह रूसी एयरलाइन एयरोफ्लोट ने मास्को से आने-जाने वाली 100 से अधिक उड़ानें रद्द कर दीं। अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेनी ड्रोन खतरे और विजय दिवस कार्यक्रमों के आसपास सुरक्षा उपायों के चलते एयरोफ्लोट की 140 से अधिक उड़ानों में भी देरी हुई। मास्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने कहा कि रूसी वायु सेना ने मास्को के पास करीब 9 ड्रोन को मार गिराया है। इसके बाद, उन्होंने शाम को सूचना दी कि मास्को को निशाना बनाने वाले 15 और यूक्रेनी ड्रोन को विफल कर दिया गया।

**हमला**

**यूक्रेन ने लंबी दूरी के ड्रोन से बुधवार को लगातार तीसरे दिन रूस की राजधानी मास्को पर हमला किया।**



रूस 9 मई को विजय दिवस मनाएगा, जो रूस का बड़ा राष्ट्रीय त्योहार है। यह दिन द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर जीत की 80वीं वर्षगांठ के रूप में मनाया जाएगा। विजय दिवस के जश्न की तैयारियों के बीच यूक्रेनी ड्रोन बार-बार हमला कर रहे हैं, जो रूसियों को परेशान कर सकते हैं और परेड की तैयारियों पर असर डाल सकते हैं।

हालांकि, रूस ने विजय दिवस के जश्न के दौरान 72 घंटे के युद्धविराम की योजना बनाई है। मार्च में, अमेरिका ने युद्ध में 30-दिवसीय युद्धविराम का प्रस्ताव रखा, जिसे यूक्रेन ने स्वीकार कर लिया, लेकिन रूस ने युद्धविराम की शर्तों को अपनी पसंद के अनुसार रखा।

# ऑपरेशन सिंदूर के बाद लाहौर में धमाके जैसी आवाज की खबर



**पाकिस्तान।** पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद आज लाहौर में धमाके जैसी आवाज सुने जाने की खबर है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वाल्टन एयरपोर्ट के पास कई विस्फोट की आवाजें सुनी गईं। हालांकि अभी तक इसे लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तानी जांच एजेंसियां धमाके की वजह जानने में जुटी हैं। लाहौर में यह धमाके की आवाज ऐसे समय सुनी गई है, जब बुधवार तड़के ही भारत ने पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर हमला किया है, जिसमें कई आतंकियों के मारे जाने की खबर है। इसे लेकर पूरे पाकिस्तान में हाई अलर्ट है। भारत की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई की बात कही है। हालांकि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने एक बयान में कहा है कि अगर भारत पीछे हटता है तो पाकिस्तान भी पीछे हटने के लिए तैयार है। इस बयान से साफ है कि पाकिस्तान डरा हुआ है और वह खुद चाहता है कि भारत के साथ उसका संघर्ष न बढ़े। पूरे हालात पर भारत सरकार और सुरक्षाबलों की नजर है। बता दें कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत जिन नौ ठिकानों पर हमला किया है, उसकी आधिकारिक तस्वीरें भी जारी की गई हैं। ऑपरेशन सिंदूर पर भारतीय सेना की महिला अधिकारियों- विंग कमांडर व्योमिका और कर्नल सोफिया ने विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीओजेके में पांच आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए गए हैं, जबकि चार आतंकी ठिकाने ऐसे हैं जो पाकिस्तानी सीमा के भीतर हैं। खास बात ये है कि मुरीदके में लश्कर के मुख्यालय- मरकज-तैय्यबा पर एक के बाद एक चार मिसाइलें दागी गईं।

# कम बजट के साथ जिम्मेदारी पूरी करना मुश्किल, ट्रंप प्रशासन की तरफ से एफबीआई की फंड कटौती पर बोले काश पटेल

**प्रस्तावित**

**इस पर पटेल ने जवाब दिया कि प्रस्तावित बजट एफबीआई का नहीं है, बल्कि व्हाइट हाउस का है।**



**वाशिंगटन।** एफबीआई निदेशक काश पटेल ने ट्रंप प्रशासन द्वारा प्रस्तावित 500 मिलियन डॉलर की बजट कटौती का विरोध किया। उन्होंने कहा कि इतने कम बजट में एजेंसी का मिशन पूरा नहीं हो सकता। कांग्रेस में बहस के दौरान उनकी सांसद से तीखी नोकझोंक भी हुई। अमेरिका में एफबीआई के निदेशक काश पटेल ने बुधवार को ट्रंप प्रशासन की तरफ से प्रस्तावित बजट में एफबीआई की फंडिंग में भारी कटौती का विरोध किया। उन्होंने कांग्रेस की एक कमेटी के सामने कहा कि हमें जितना बजट प्रस्तावित किया गया है, उससे ज्यादा की जरूरत है। साथ ही जब पटेल से पूछा गया कि यदि बजट में कटौती हुई तो किन पदों पर असर पड़ेगा, तो उन्होंने कहा कि इस समय उन्होंने यह तय नहीं किया है कि किसे हटाना होगा। उन्होंने कहा कि उनका फोकस यह दिखाने पर है कि इतने कम बजट में एफबीआई अपनी जिम्मेदारियों को पूरा नहीं कर सकती। बता दें कि 2026 के बजट प्रस्ताव में एफबीआई की फंडिंग में 500 मिलियन डॉलर से ज्यादा की कटौती की बात कही गई है। मामले में व्हाइट हाउस का कहना है कि यह कदम एफबीआई के गैर-कानूनी कामों को कम करने और उसे फिर से संगठित करने के मकसद से उठाया जा रहा है। लेकिन पटेल ने चेतावनी दी कि यह कटौती एफबीआई के हिंसक अपराधों पर ध्यान केंद्रित करने के मिशन को नुकसान पहुंचा सकती है। इसके साथ ही मामले में डेमोक्रेट सांसद रोजो डेलॉरो ने पटेल से कहा कि उन्हें ये स्पष्ट करना होगा कि किन कामों के लिए पैसा चाहिए और कहां कटौती हो सकती है। इस पर पटेल ने जवाब दिया कि प्रस्तावित बजट एफबीआई का नहीं है, बल्कि व्हाइट हाउस का है। उन्होंने कहा कि एफबीआई को 11.1 बिलियन डॉलर चाहिए जिससे किसी की नौकरी नहीं जाएगी। साथ ही पटेल ने यह भी बताया कि एफबीआई की योजना है कि वाशिंगटन क्षेत्र से 1,000 कर्मचारियों को देश के अन्य शहरों में भेजा जाए, ताकि हिंसक अपराध वाले इलाकों में उनकी मौजूदगी बढ़ाई जा सके।

मीडिया रिपोर्ट की माने तो एफबीआई के बजट पर गहन चर्चा के बीच पेंसिल्वेनिया की डेमोक्रेट सांसद मैडलिन डीन के साथ उनकी तीखी बहस हो गई। डीन ने आरोप लगाया कि एफबीआई पटेल के कार्यकाल में राजनीतिक हथियार बन गई है और पटेल की लिखी किताब में ट्रंप विरोधियों की एक दुश्मनों की सूची दी गई है, जिसे ट्रंप अपने बदले की योजना में इस्तेमाल कर रहे हैं।

सांसद डीन के आरोपों को पटेल ने खारिज करते हुए कहा कि वह खुद एफबीआई के राजनीतिक दुरुपयोग के शिकार रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि उनकी किताब में किसी की छवि खराब करने का इरादा नहीं है, बल्कि उन लोगों को उजागर किया गया है जिन्होंने संविधान और अपने कर्तव्यों की अनदेखी की। हालांकि डीन ने किताब पढ़ने से इनकार कर दिया, जिस पर पटेल ने जवाब दिया कि ये आपके लोगों का नुकसान है।

# विश्व रेड क्रॉस दिवस पर मानवता के पक्ष में संगोष्ठी संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** रेड क्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी ड्यूनांट के जन्मदिवस के अवसर पर जिलाधिकारी/अध्यक्ष इंडियन रेडक्रास सोसाइटी डॉ. दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में मानवता के पक्ष में विषयक संगोष्ठी का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी के द्वारा रेडक्रास के सम्मानित सदस्यों, स्वयंसेवकों, कर्मचारियों और शुभचिंतकों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा गया कि सभी में ऐसी शक्ति हैं जो हर आपदा, संकट और चुनौती के समय निःस्वार्थ सेवा भावना के माध्यम से सदैव मानवता के पक्ष में खड़े रहते हैं।

रेड क्रॉस केवल एक संगठन नहीं, बल्कि यह करुणा, सहायता और आशा का प्रतीक है। यह सिर्फ एक थीम नहीं, बल्कि एक आह्वाहन है कि हम सब मिलकर सेवा, सहानुभूति और सहयोग की भावना से मानवता को जीवित रखें। इस वर्ष रेडक्रास की थीम ÷मानवता के पक्ष में÷ है जो रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट आंदोलन के मूल सिद्धांतों का प्रतीक है। यह हमें याद दिलाता है कि हमारा प्रत्येक प्रयास, प्रत्येक सेवा मानव कल्याण एवं गरिमा की रक्षा के लिए है। चाहे वह प्राकृतिक आपदा हो या संघर्ष की स्थिति रेड क्रॉस सदैव सबसे पहले सभी ज़रूरतमंदों के साथ, बिना किसी पूर्वाग्रह या भेदभाव के खड़ा रहता है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह ने कहा कि विश्व रेडक्रास दिवस के विशेष अवसर पर हम सभी सेवा, संवेदना और समर्पण की भावना के साथ 'मानवता के पक्ष में' खड़े होने का संकल्प लें, यही हमारी असली ताकत है। आज हम उन सभी को नमन करें जिन्होंने मानवता की सेवा में जीवन समर्पित किया है। एसीएमओ डॉ. राजीव ने कहा कि रेडक्रास हमेशा हर पीड़ित व्यक्ति तक राहत और सहारा पहुँचाने के लिए कार्य करती है। सचिव डॉ. मनोज वत्स ने विश्व रेड क्रॉस दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए रेड क्रास के चिन्ह के बारे में बताया तथा इस चिन्ह की विशेषताएं एवं रेडक्रास के इतिहास के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि रेडक्रास के जनक जीन हेनरी ड्यूनॉट जो कि स्विटजर लैण्ड के निवासी थे उन्होंने 1859 में युद्ध में घायल सैनिको की सेवा से प्रेरित होकर इस सोसाइटी का गठन किया जो आगे चलकर पूरे विश्व में असहाय एवं जरूरतमंद लोगो की मदद के लिये कार्य कर रही है आइए, हम मिलकर मानवता की इस परंपरा को और सशक्त करें और मानव कल्याण में अपना योगदान दें। इस अवसर पर डॉ. कमर अब्बास, डॉ. राजेंद्र सिंह, डॉ. श्याम सुंदर उपाध्याय, रोहित श्रीवास्तव, डॉ. विमला सिंह, विजय प्रकाश मिश्रा, प्रकांत दूबे, शशिकांत सिंह, डॉ. सुबाष राय, एस एन सिंह, संदीप सिन्हा, उर्वशी सिंह, जनार्दन सिंह, नितिन सिंह, नितेश श्रीवास्तव, डॉ. अजय प्रताप सिंह, डॉ. हैदर अब्बास, अमित राय, राकेश कुमार, नितिन चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

## पीयू की नशरा का एएसआरआई राष्ट्रीय इंटर्नशिप हेतु चयन

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर की बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा नशरा फ़ातिमा का चयन देश के प्रतिष्ठित अभिजीत सेन रुलर इंटर्नशिप प्रोग्राम2025 में चयन न केवल पीयू बल्कि पूरे पूर्वांचल क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। ASRI, नेशनल फाउंडेशन फॉर इंडिया (NFI) द्वारा संचालित एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जो युवाओं को ग्रामीण भारत की सामाजिक व नीतिगत संरचना को गहराई से समझने का अवसर देता है। हर वर्ष इस इंटर्नशिप के लिए सैकड़ों आवेदन आते हैं, लेकिन चयन केवल 40-50 छात्रों का ही होता है। नशरा फ़ातिमा को पहले चरण में शॉर्टलिस्ट किए जाने के बाद 22 मार्च 2025 को हस्त्रढ़, नई दिल्ली में आयोजित पैनल इंटरव्यू में आमंत्रित किया गया, जहां देशभर से चुनिंदा छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो वंदना सिंह ने शुभकामना देते हुए कहा कि नशरा का यह चयन दर्शाता है कि पूर्वांचल जैसे क्षेत्र से भी राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाई जा सकती है। इस अवसर पर संकाय भवन के प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो मनोज मिश्र, डॉ. मनोज कुमार पांडे, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. चंदन सिंह, डॉ.अमित मिश्रा, अर्पित यादव समेत सभी शिक्षकों ने बधाई दी है।

# अभियान चलाकर हटाया जाये सरकारी जमीन से कब्जाः एसडीएम

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** फूलपुर एसडीएम संत रंजन द्वारा प्रतिदिन तहसील सभागार में विशेष तौर से जन सुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इसमें लोगों की विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतों पर त्वरित संज्ञान में लेकर निस्तारण किया जा रहा है। विशेष कर शासन के मंशानुसार ग्राम सभा के सरकारी जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। फूलपुर उपजिलाधिकारी सन्त रंजन का कहना है कि भूमि से संबंधित समस्याओं का टीम बनाकर मौके पर ही निस्तारण किया जा रहा। अन्य समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश जा रहे हैं। जन सुनवाई में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य लोगों को समयबद्ध और प्रभावी समाधान का निस्तारण प्रदान करना है। जनसुनवाई में , बिजली निगम, राजस्व विभाग, पंचायती विभाग, कृषि विभाग आदि से संबंधित शिकायत लेकर लोग पहुंचे रहे। एसडीएम ने विभिन्न प्रकार की शिकायत लेकर आए नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को अविलंब समाधान के निर्देश दिए। वही कई गांव में धारा 24 (पत्थर नसब) के अंतर्गत चल रहे विवाद को राजस्व टीम बनाकर मौके पर ही समस्या का निस्तारण किया जा रहा है। लगातार समस्याओं के निस्तारण से धीरे धीरे तहसील में भीड़ कम हो रहे हैं। एसडीएम द्वारा प्रतिदिन की जा रही समस्याओं की सुनवाई को लेकर इसकी चहुओर चर्चा का विषय बना हुआ है। उपजिलाधिकारी सन्त रंजन का कहना है कि ग्राम सभा के सरकारी जमीनों पर हुए अतिक्रमण को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान बिशेष रूप से शासन के मंशानुरूप से चलाया जा रहा है।

## 10 जगहों पर आटोमेटिक वेदर स्टेशन एवं 48 जगहों पर ओटोमेटिक रेनगेज स्थापित

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी वि0श्रा0 आजाद भगत सिंह ने बताया है कि राजस्व एवं आपदा प्रबन्धन विभाग तथा मौसम विज्ञान विभाग द्वारा मौसम सम्बन्धी सूचनाओं के प्रेषण तथा वर्षा के मापन हेतु जनपद में कुल 10 जगहों पर आटोमेटिक वेदर स्टेशन एवं 48 जगहों पर ओटोमेटिक रेनगेज स्थापित कराया गया है, के आस पास झाड़-झंगाड़ आदि उत्पन्न हुए हैं, जिसकी सफ़ाई कर्मियों के माध्यम से तत्काल साफ़-सफ़ाई कराया जाना नितांत आवश्यक है। यदि उक्त स्थल की सफ़ाई समय-समय पर नहीं की गयी तो सूचनाओं के एकत्रीकरण तथा प्रेषण में कठिनाईयों का सामना करना पडेगा। उन्होने समस्त उप जिलाधिकारी/ जिला पंचायत राज अधिकारीध्समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने कार्यक्षेत्र तथा तहसील, ब्लाक/ नगर पालिका क्षेत्र में स्थापित आटोमेटिक वेदर स्टेशन (एडब्ल्यूएस) एवं आटोमेटिक रेनगेज (एआरजी) स्थल की साफ़-सफ़ाई कराना सुनिश्चित करें।

## निवेश करने वाले उद्यमियों को वित्तीय प्रोत्साहन

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जनपद आजमगढ़ के हरिऔध कला केंद्र में नवीन पर्यटन नीति 2022 के अंतर्गत जनपद आजमगढ़ और मऊ में निवेश करने वाले उद्यमियों को वित्तीय प्रोत्साहन, लाभ, छूट, अनुदान एवं सराय अधिनियम से संबंधित जानकारी देने के लिए जनपदों के उद्यमियों, होटलियर्स, इनवेस्टर्स, ढाबा मालिकों आदि संबंधित लोगों को उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग लखनऊ द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति पर विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमें पर्यटन निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ से मा0 मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश जयवीर सिंह जी और प्रमुख सचिव/ महानिदेशक पर्यटन मुकेश कुमार मेश्राम ने व्यापारियों, उद्यमियों, होटलियर्स आदि संबंधित लोगों को संबोधित करते हुए वित्तीय प्रोत्साहन, लाभ, छूट, अनुदान के संबंध मे पर्यटन नीति 2022 के अंतर्गत 1 ट्रिलियन इकोनॉमी को गति प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की भव्य सफलता के लिए न्यायिक अधिकारियों की बैठक संपन्न

**बहराइच।** जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में मा. न्यायायिक अधिकारीगण एवं अरबिंद कुमार गौतम, अपर जनपद न्यायाधीश/ नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत बहराइच, बहराइच विराट शिरोमणि की उपस्थिति में मीटिंग हाल, सिविल कोर्ट, बहराइच में बैठक आहूत करते हुए समस्त न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में अधिकाधिक संख्या में वादों को चिन्हित कर उनका निस्तारण आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 10 मई 2025 में किया जाय। बैठक में समस्त अधिकारियों से लोक अदालत को सफल बनाने में आ रही बाधाओं के बारे में पूछा गया तथा इस संबंध में उनके सुझाव भी लिये गये। बहराइच द्वारा जन सामान्य से अपील की है कि वह 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक संख्या में वादों को, नियत करवाकर सुलह-समझौता के माध्यम से निस्तारित करवाये और उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाये।

## आईएमए के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न

**आजमगढ़।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की आजमगढ़ शाखा के नए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सिधारी स्थित ग्लोबल रिट्रीट लॉन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर चिकित्सकों, गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. निर्मल श्रीवास्तव और सचिव डॉ. अभिषेक सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ आशुतोष सिंह सहित पूरी कार्यकारिणी ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार ने आईएमए की भूमिका को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बताते हुए नए पदाधिकारियों को शुभकामनाए दीं। नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. निर्मल श्रीवास्तव ने चिकित्सा क्षेत्र में नैतिकता, सेवा और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि आईएमए के उद्देश्यों को प्राथमिकता पर रखकर कार्य किया जाएगा।

# सेना के शौर्य के आगे नतमस्तक है पूरा देश : कृपाशंकर सिंह

**लंका दहन हो चुका रावण का वध है बाकी**

अवधनामा संवाददाता




**जौनपुर।** भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों को इस घटना की भनक तक नहीं लगी और आज पूरा देश इन सैनिकों के प्रति नतमस्तक है। उक्त बातें महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री एवं विगत लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रहे कृपा शंकर सिंह ने नगर स्थित एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में व्यक्त किया। उन्होंने उक्त अभियान में भागीदारी करने वाली दोनों महिला सैन्य अधिकारियों के शौर्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारे यहां का इतिहास देखा जाए तो बेटियां कभी शालीनता की मूर्ति के रूप में सीता होती हैं तो कभी पालन पोषण करने वाली अन्नपूर्णा देवी होती हैं परंतु आसुरी शक्तियों का दमन करना होता है तो वह रौद्र रूप धारण करके महाकाली बन जाती हैं। पूर्व गृह राज्य मंत्री ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए शुभम के पिता ने कहा की लंका दहन तो हो चुका है किंतु अभी रावण का वध होना बाकी है। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना के बाद जौनपुर और देश का आक्रोश चरम पर था। जौनपुर में क्षेम जी की प्रतिमा के पास से कैंडल मार्च निकाला गया था जगह-जगह आतंकवाद के विरोध में जनता मुखर हो रही थी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार की धरती से कहा था कि आतंकवादियों को जो सजा मिलेगी उसकी कल्पना नहीं की जा सकती। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने आगे की रणनीति तय की और आतंकी ठिकाने नष्ट किए गए। जल थल और नभ सेवा के अध्यक्षों के नेतृत्व में भारतीय सेवा ने अपना पराक्रम दिखाया इसके लिए देश को इन सपूतों पर गर्व है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ओम प्रकाश सिंह श्याम राज सिंह राम मोहन सिंह रविंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सपा की मासिक बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष हवलदार यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार परिपत्र पढ़कर सुनाया गया। उस पर चर्चा के दौरान पूर्व मंत्री दुर्गा प्रसाद यादव विधायक ने कहा कि योगी सरकार में दमन, अत्याचार, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई के कारण जनता कराह रही है। लेकिन मोदी और योगी सरकार को चिंता नहीं है। विधायक आलमबदी आजमी जी ने कहा कि जनपद में दलितों, पिछड़ों व मुसलमानों को फर्जी मुकदमों में फंसा कर जेल भेज रही है।जाति विशेष के लोग गरीबों पर जुल्म कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष हवलदार यादव ने कहा कि भाजपा मतदाता सूची से सपा समर्थकों का नाम कटवाती है मतदाता सूची में प्रशासन के माध्यम से भाजपा बेईमानी करती है स सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मतदाता सूची में पुनरीक्षण का कार्य युद्ध स्तर पर करे स जिससे सन् 2027 में योगी सरकार को हटाकर सपा की सरकार बने। पदाधिकारी, कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर पीडीए सामाजिक न्याय की अवधारणाओं को बताएं। बैठक में सांसद दरोगा प्रसाद सरोज,पूर्व सांसद नंदकिशोर यादव, विधायक-अखिलेश यादव, डॉ संग्राम यादव, बेचई सरोज, जिला पंचायत अध्यक्ष- विजय यादव, पूर्व एमएलसी कमला प्रसाद यादव, राकेश कुमार यादव गुड्डू,पूर्व विधायक श्याम बहादुर सिंह यादव, जयराम सिंह पटेल, रामप्यारे यादव, बालचंद कुशवाहा, अब्दुल्ला, अजीत कुमार राव, सुशील आनंद, मो. आरिफ खान,श्याम देव चौहान, विवेक सिंह,सरफ़राज आलम उर्फ मंसूर, दीपचंद विशारद, द्रोपदी पांडेय, सुषमा चौहान, किरन श्रीवास्तव, गुड्डी देवी, डॉ अनीता चौधरी, सिकंदर यादव,अशोक यादव,राजेश यादव गेलवारा, टिपलुर रहमान, इं.लालचंद यादव, कमलेश यादव गायक, संदीप रजत सेठ, विनोद यादव ठेकमा, हरिश्चंद्र यादव, हंसराज आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जोखिम प्रबंधन में 5 दिवसीय प्रशिक्षण

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के द्वारा विगत 22 अप्रैल 2025 को सादनपुर, बक्शा में निरीक्षण के दौरान बकरी पालक रामस्वारथ पाल को शासन की योजनाओं से जोड़कर क्षमता संवर्धन, जोखिम प्रबंधन तथा अनुदान से जोड़ने का निर्देश दिया गया था। तत्क्रम में कृषि विज्ञान केंद्र बक्शा में खंड विकास अधिकारी पीयूष त्रिपाठी की उपस्थिति में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा रामस्वारथ पाल को पशु स्वास्थ्य चर्चा, बेहतर नस्ल हेतु सहायता, बीमा और पशुपालन विभाग द्वारा अनुदान के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही 5 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु यथासंभव समय देने हेतु भी प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें इसकी जानकारी अन्य बकरी पालकों को भी देने हेतु कहा गया, जिससे वे भी शासन की योजनाओं, बीमा आदि का लाभ प्राप्त कर सकें।

### दहेज हत्या में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**जौनपुर। (बक्शा)** पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना बक्सा पुलिस द्वारा थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में उ.नि. अटल बिहारी मिश्र मय हमराही कर्मचारीगण के थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु.अ.सं.- 155/2025 धारा 85, 80(2) बीएनएस व 3/4 डी.पी. एक्ट थाना बक्शा जौनपुर के वांछित अभियुक्त 1.विकास प्रजापति पुत्र रामचरित्तर प्रजापति निवासी ग्राम डीहजहनियां थाना बक्शा जनपद जौनपुर उम्र करीब 23 वर्ष व अभियुक्ता 2. प्रेमा देवी उर्फ कुन्ती पत्नी रामचरित्तर प्रजापति निवासी ग्राम डीहजहनियां थाना बक्शा जनपद जौनपुर उम्र करीब 50 वर्ष को ग्राम डीहजहनियां से गुरूवार को समय 08.30 बजे गिरफ्तार कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## जयंती के पूर्व संध्या पर याद किये गये महाराणा प्रताप

**आजमगढ़, अवधनामा संवाददाता।** देश के वीर पुत्र महाराणा प्रताप की जयंती के पूर्व संध्या पर महाराणा जनता पार्टी द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये लोगों को स्वाभिमानी राष्ट्रवाद से ओतप्रोत किया। यह आयोजन महाराणा जनता पार्टी द्वारा शाहगढ़ स्थित अपने कार्यालय पर किया गया। जिसका शुभारंभ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विक्रम बहादुर सिंह व महाराणा जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिप्रकाश सिंह मुन्ना द्वारा महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद भारत माता के तस्वीर के सामने भारतीय सेना के वेशभूषा में मां सरस्वती कोचिंग सेंटर के मासूम बच्चों ने महाराणा प्रताप के जीवन के बारे में विस्तार से बताया और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर राष्ट्र के सम्मान और गौरव के लिए कभी समझौता न करने का संकल्प लिया। इस दौरान हिन्दू, मुस्लिम, सिख, इसाई के वेश-भूषा में बच्चों ने लोगों को जोडने संदेश दिया। मुख्य अतिथि विक्रम बहादुर सिंह ने कहाकि महराणा प्रताप का जीवन एक आदर्श और अनुकरणीय पाठ है।


# कार्यालयः जिला कलेक्टर, लखनऊ

पत्रांक :- 1002/आठ-अ0जि0अ0(भू0अ0),शा0स0परि0,लखनऊ, दिनांकः-05 मई, 2025

**: सामाजिक समाघात आंकलन करने हेतु आवेदन :**

लोक निर्माण विभाग, निर्माण खण्ड-2, लखनऊ से संचालित जनपद लखनऊ में गोसाईगंज-बनी-मोहान मार्ग (राज्य मार्ग सं0-136) पर अनूपगंज में पड़ने वाले रेलवे क्रासिंग सं0-188 स्पेशल पर 04 लेन रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण हेतु निम्नवत् भूमि का अर्जन किया जाना प्रस्तावित हैः-

| क्रमांक | जनपद का नाम | तहसील | ग्राम | अर्जन हेतु भूमि (हे0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लखनऊ | मोहनलालगंज | बलिया खेड़ा | 0.944510 |
| 2 | लखनऊ | मोहनलालगंज | शिवलर | 0.025500 |
| | | | योग- | 0.970010 |

उक्त भूमि के अर्जन से पूर्व ''भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013'' एवं भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार (उत्तर प्रदेश) नियमावली 2016'' के अनुसार सामाजिक समाघात आंकलन (Social Impact Assessment) करने हेतु प्रतिष्ठित केन्द्रीय/राज्य सरकार/अर्द्ध सरकारी/अन्य संस्थान/गैरसरकारी संस्थान/विश्वविद्यालयों आदि से, उक्त परियोजना हेतु प्रस्तावित भूमि के सम्बन्ध में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता के अधिकार के प्रावधानों के अनुसार अध्ययन करने के लिये तकनीकी एवं वित्तीय आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है।

1- पात्रताः-

अ- सामाजिक समाघात आकलन (Social Impact Assessment) एंव सामाजिक समाघात प्रवन्धन योजना तैयारकरने हेतु प्रतिष्ठित केन्द्रीय/राज्य सरकार/अर्द्ध सरकारी संस्थान/विश्वविद्यालयों द्वारा आवेदन किया जा सकता है।

ब- इच्छुक गैर सरकारी संस्थान कम्पनी/सोसायटी के रूप में पंजीकृत हो अथवा कम से कम पिछले पांच वर्ष पूर्व से किसी अन्य सुसंगत अधिनियम में पंजीकृत हों।

स- संस्थान के पास पर्याप्त मानव संसाधन जिसमें योग्य स्तर के अध्ययन/प्रबंधन के लिये उपयुक्त व्यक्ति, जो शीर्ष और मध्यम स्तर के प्रबंधन स्तर पर कुशल कार्य कर रहे हों।

द- संस्थान के पास पेशेवर प्रबंधन, अर्थशास्त्री, समाज शास्त्री/मानव वैज्ञानिक आदि होने चाहिए, जिसका विवरण आवेदन पत्र के साथ देना अनिवार्य होगा।

य- पूर्व में जिन्होने सामाजिक समाघात अध्ययन किया हो, ऐसे संस्थान को वरीयता दी जायेगी।

2- आवेदन का प्रारूपः-

अ- संस्थान द्वारा किये गये आवेदन में संस्थान की संरचना का विवरण शामिल होना चाहिए। सामाजिक प्रभाव अध्ययन/मूल्यांकन करने में त्रुटि के लिये संस्थान जिम्मेदार होगा।

ब- आवेदन के साथ सामाजिक प्रभाव अध्ययन या इसी तरह के जुडे पूर्व में किये गये अध्ययनों का विवरण दिया जाय जिसमें परियोजना के सम्बन्ध में अध्ययन किये जाने सम्बन्धी समय और स्वरूप का विवरण विस्तार से हो।

3- पात्रता का चयनः-

निर्धारित समय के अन्तर्गत प्राप्त कुल आवेदनों का मूल्यांकन, संस्थान द्वारा दिये गये विवरण के आधार पर किया जायेगा। इस कार्य हेतु उपलब्ध स्टाफ, कार्यरत विशेषज्ञो तथा प्रस्तावित कार्यक्षेत्र अथवा अन्य प्रकार की परियोजनाओं हेतु किये गये पूर्व अध्ययन को शामिल किया जायेगा। अतः संस्थान द्वारा इसका विवरण अवश्य अंकित किया जाय।

4- संस्थान के चयन को निरस्त करने के लिये किसी भी कारण का बताया जाना अनिवार्य नहीं होगा।

5- इच्छुक संस्थानों के आवेदन पूर्ण विवरण के साथ कार्यालय में अथवा पंजीकृत डाक से दिनांकः-16.05.2025 सायं 3.00 बजे तक निम्न पते पर स्वीकार किये जायेंगे। ''कार्यालय जिलाधिकारी लखनऊ/अपर जिलाधिकारी (भू0अ0), शारदा सहायक परियोजना, कक्ष सं0-40, कलेक्ट्रेट, लखनऊ।''

6- सामाजिक समाघात (Social Impact Assessment) अध्ययन किये जाने के लिए संस्थान द्वारा लिये जाने वाले शुल्क का विवरण (कर सहित) अलग सीलबन्द लिफाफे में दिया जाना होगा। इसके अभाव में आवेदन पर विचार नही किया जायेगा।

**नोट :** प्रस्तावित भूमि का पूर्ण विवरण यथा खसरा/क्षेत्रफल/प्रभावित व्यक्ति/मानचित्र आदि अपर जिलाधिकारी (भू0अ0), शारदा सहायक परियोजना, कलेक्ट्रट, लखनऊ के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

**जिला कलेक्टर, लखनऊ**

UPID-233467 Dated-07-05-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध



# कार्यालय नगर पंचायत कचगाँव, जौनपुर

**पत्राँक- 1349/न0पं0कच0/2025-26** **दिनांक : 08/05/2025**

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

नगर पंचायत कचगाँव, जौनपुर के पंजीकृत/रजिस्टर्ड ठेकेदारो/फर्मो को सूचित किया जाता है, कि नगर पंचायत कचगाँव, जौनपुर में स्वच्छ भारत मिशन और राज्यवित्त योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में दिनांक 08/05/2025 से दिनांक 15/05/25 को अपरांह 02:00 बजे तक अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कचगाँव जौनपुर के कार्यालय में निविदा आमंत्रित की जाती है और उसी दिन अपरांह 04:00 बजे तक सक्षम अधिकारी के समक्ष बाक्स में डालकर सील किया जायेगा। निविदा प्रपत्र जमा कर निविदा सूचना के अनुसार दिनांक 16/05/25 अपरांह 03:00 बजे निविदाताओं अथवा उनके प्रतिभागियों की उपस्थिति में क्र0सं0 01 02 व 03 प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय के कार्यालय में और क्र0सं0 04, 05 अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सक्षम अधिकारी के समक्ष खोली जायेगी। निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। निविदा के साथ 10% जमानत धनराशि नकद अथवा एफ0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कचगाँव के नाम बन्धक होगा। नगद जमा रसीद अथवा एफ0डी0आर0 की मूल प्रति निविदा फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा, साथ ही हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, जी0एस0टी0, श्रम विभाग से श्रमिक का पंजियन की छायाप्रति साथ में संलग्न करना होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित धराशि (जी0एस0टी0 सहित) | 10% प्रतिभूति धनराशि (जी0एस0टी0 रहित) | निविदा प्रपत्र मूल्य + जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत | | | | |
| 01 | वार्ड नं0 12 गद्दीपुर में 02 सीटर पुरूष, 02 सीटर महिला, 01 सीटर दिव्यांग शौचालय और 02 अदद यूरिनल का निर्माण कार्य। | 9,99,898.00 | 81992.00 | 1680.00 | 02 माह |
| 02 | वार्ड नं0 01 सादात मसौडा में बाबा बालक दास मन्दिर के पास 02 सीटर पुरूष, 02 सीटर महिला, 01 सीटर दिव्यांग शौचालय और 02 अदद यूरिनल का निर्माण कार्य। | 9,99,898.00 | 81992.00 | 1680.00 | 02 माह |
| | राज्यवित्त योजनान्तर्गत | | | | |
| 03 | वार्ड नं0 07 बदलपुर में 02 सीटर पुरूष, 02 सीटर महिला, 01 सीटर दिव्यांग शौचालय और 02 अदद यूरिनल का निर्माण कार्य। | 9,99,898.00 | 81992.00 | 1680.00 | 02 माह |
| 04 | वार्ड नं0 01 सादात मसौडा में शादीक के मकान से हसनैन जी के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व अण्डरग्राउण्ड ड्रेनेज का निर्माण कार्य। | 2,66,706.00 | 21870.00 | 565.00 | 01 माह |
| 05 | वार्ड नं0 11 गोलकोठी में शाकीर हुसैन जी के मकान से मेन रोड दुलार जी के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क व अण्डरग्राउण्ड ड्रेनेज का निर्माण कार्य। | 4,51,135.00 | 36993.00 | 782.00 | 01 माह |

**नियम व शर्ते**

1. दरें ओवर आल प्रतिशत में ही मान्य होगी।
2. निविदा पर कटिंग या उपरिलेखन होने पर निविदा अमान्य की जा सकती है।
3. विस्तृत जानकारी कार्यालय कार्य दिवस मे कार्यालय नगर पंचायत कचगाँव, जौनपुर से प्राप्त की जा सकती है।
4. किसी भी निविदा या समस्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
5. निविदा के साथ 10% जमानत धनराशि नकद अथवा एफ0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कचगाँव के नाम बन्धक आदि के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा।
6. निविदा दरो के कटिंग अथवा ओवर राइटिग मान्य नही होगी।
7. निश्चित समय के बाद प्राप्त किसी भी प्रकार के निविदा पर विचार नही होगा।
8. निविदा के साथ जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र निर्धारित समयावधि के अन्दर का हो एवं किसी सरकारी विभाग में पंजी त होने का प्रमाण पत्र के साथ-साथ जी.एस.टी., आयकर प्रमाण-पत्र एवं श्रम विभाग में पंजीयन का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
9. ठेकेदार/फर्म द्वारा निविदा के आधार पर कराये गये कार्य मे यदि किसी भी प्रकार की कमी जांच के समय पाई जाती है जो ठेकेदार/फर्म स्वयं उत्तरदाई होगे एवं भुगतान किया जाना सम्भव नही होगा।
10. ठेकेदार द्वारा अनुबन्ध की निर्धारित शर्तो को पूर्ण करते हुये कार्यो को समयबद्ध रूप से पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जायेगा ।
11. दरें ओवर आल प्रतिशत में ही मान्य होगी।
12. प्रस्तुत समस्त प्रपत्र स्वप्रमाणित कर संलग्न करना अनिवार्य होगा।
13. शासन की नीति के अनुसार स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा तथा यह भी स्पष्ट किया जाता है कि अनुबंध में सदर्भित शर्तो के अनुसार ठेकेदार यदि कार्य करने में चूक करता है तो 5% पेनाल्टी/दण्ड और जमा समस्त जमानत जब्त करते हुए ठेका निरस्त किया जा सकता है। या नगर पंचायत के उपनियम के अधीन कार्यवाही होगी।
14. जमानत की वापसी कार्य संतोषजनक स्थिति से बने रहने की दशा मे कार्य पूर्ण होने के 1 वर्ष पश्चात वापस की जायेगी।
15. निविदा हेतु नगर विकास द्वारा प्रेषित एस0ओ0पी0 का पूर्ण पालन होगा।
16. शौचालय निर्माण कार्य हेतु शौचालय निर्माण कार्य का कार्यादेश और गुणवत्तायुक्त कार्य पूर्ण हेतु अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
17. नियमानुसार आयकर/जी.एस.टी/सेस/रायल्टी आदि कटौती कर जमा करना अनिवार्य होगा।
18. निविदा पर कटिंग या उपरिलेखन होने पर निविदा अमान्य की जा सकती है।

(आस्था पाठक)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कचगाँव,
जौनपुर।

(फिरोज़ अहमद खान)
अध्यक्ष
नगर पंचायत कचगाँव,
जौनपुर।

# सेंसेक्स में 400 से अधिक, निफ्टी में 140+ अंकों की गिरावट

**मुंबई।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण हालात का असर शेयर बाजार पर भी दिख रहा है। बृहस्पतिवार को पूरे दिन के कारोबार के बाद बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का संवेदी सूचकांक- सेंसेक्स 411.97 अंक गिरकर 80,334.81 पर बंद हुआ। दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 140.60 अंक गिरकर 24,273.80 पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया भी 84 पैसे टूटकर 85.61 पर बंद हुआ।

**पाकिस्तान के साथ तनाव का दिख रहा असर**

विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा, पाकिस्तानी सेना ने ड्रोन और मिसाइलों का उपयोग कर उत्तर और पश्चिमी भारत में कई जगहों पर हमले करने का असफल प्रयास किया। इसके बाद निवेशकों ने घरेलू बाजारों में जोखिम से बचने का रुख अपनाया। तनाव के बीच पाकिस्तानी शेयर बाजार- कराची स्टॉक एक्सचेंज में 6 फीसदी से अधिक की गिरावट की खबर है। बहुमूल्य धातुओं, आभूषणों और रत्नों के आयात और निर्यात पर 60 दिनों का प्रतिबंध लगाया गया है।

**तुलना**

**भारत-पाक के बीच तनावों से डॉलर की तुलना में रुपया 45 पैसा टूटकर 84.80 पर चला गया।**

**बढ़त के साथ हुई थी दिन की शुरुआत**

इससे पहले बृहस्पतिवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 181.21 अंक चढ़कर 80,927.99 पर पहुंचा, जबकि निफ्टी 32.85 अंक चढ़कर 24,447.25 पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में रुपया भी अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 16 पैसे बढ़कर 84.61 पर पहुंच गया। इससे पहले भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद बुधवार को पाकिस्तान के करांची शेयर बाजार में भारी गिरावट रही और यह दिन में 6,000 अंकों से ज्यादा टूट गया था।

**स्टॉक एक्सचेंज अंतरराष्ट्रीय यूजर्स के लिए बंद**



शेयर बाजार से जुड़े एक अन्य अहम घटनाक्रम में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज यानी एनएसई ने अंतरराष्ट्रीय यूजर्स के लिए वेबसाइटों को ब्लॉक करने का फैसला लिया। बीएसई प्रवक्ता ने कहा, संभावित साइबर खतरों को देखते हुए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जोखिमों की निरंतर निगरानी की जा रही है। एहतियात के तौर पर वेबसाइट ब्लॉक किए गए हैं।

**एक दिन पहले भी हरे निशान में रहा भारत का शेयर बाजार**

इससे पहले बुधवार को भारत की ओर से पाकिस्तान पर हमले के बावजूद भारतीय शेयर बाजार तेजी में बंद हुए। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) सेंसेक्स 105.71 अंकों की तेजी के साथ 80,746.78 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 34.80 अंक बढ़कर 24,414.40 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में तेजी से सूचीबद्ध कंपनियों की पूंजी 2.2 लाख करोड़ बढ़कर 423.50 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई। सेंसेक्स की 30 में से 18 कंपनियों के शेयर बढ़कर बंद हुए, जबकि 12 गिरावट में रहे। बढ़ने वाले प्रमुख शेयरों में टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, इटरनल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और अदाणी पोर्ट्स रहे। गिरने वालों में एशियन पेंट्स, सन फार्मा, आईटीसी, नेस्ले और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहे। बीएसई के कुल 4,046 शेयरों में कारोबार। 2,206 शेयरों में तेजी और 1,683 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 24 तेजी में और 26 गिरावट में रहे।

**रुपया 45 पैसा टूटकर 84.80 पर**

भारत-पाक के बीच तनावों से डॉलर की तुलना में रुपया 45 पैसा टूटकर 84.80 पर चला गया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा, भारतीय सेना द्वारा आतंकवादी शिविरों पर हमला किए जाने के बाद रुपये में गिरावट आई, जिससे घरेलू मुद्रा पर दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 84.65 पर खुला और दिन के कारोबार में 84.47 के उच्च और 84.93 के निचले स्तर के बीच रहा।

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी बढ़ने से बुधवार को दिल्ली सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,000 रुपये बढ़कर फिर एक लाख रुपये प्रति दस ग्राम के पार 1,00,750 पर पहुंच गई।

# चार दिन की तेजी के बाद लुढ़का सोना, चांदी की कीमत में भी गिरावट



**नई दिल्ली।** चार दिन की तेजी के बाद 99.5% शुद्धता वाले सोने का भाव 1,550 रुपये घटकर 98,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं, चांदी की कीमत भी 740 रुपये घटकर 98,200 रुपये प्रति किलो हो गई। भू-राजनीतिक कारणों से सोने-चांदी की कीमतों में यह गिरावट आई है।

राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को सोने की कीमत में 1,500 रुपये की गिरावट के साथ 99,250 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। एक दिन पहले 10 ग्राम सोने का भाव 1,00,750 रुपये था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

चार दिन की तेजी के बाद 99.5 फीसदी शुद्धता वाले सोने की कीमत में 1,550 रुपये गिरकर 98,800 प्रति 10 ग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में 99.5 फीसदी शुद्धता वाले सोने का भाव 1,00,350 रुपये प्रति 10 ग्राम था। एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने बताया कि वैश्विक और घरेलू कारणों से सोने में काफी उतार-चढ़ाव रहा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिटेन के साथ व्यापार समझौते की घोषणा की, जिससे सुरक्षित निवेश वाले सोने में मुनाफावसूली हुई।

सर्राफा संघ के मुताबिक, चांदी की कीमत भी 740 रुपये गिरकर 98,200 रुपये प्रति किलो हो गई। बुधवार को यह 98,940 रुपये पर बंद हुई थी।फ्यूचर्स ट्रेड में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर जून महीने के सोने के सबसे ज्यादा बिकने वाले अनुबंध की कीमत 383 रुपये घटकर 96,707 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

विदेशी बाजारों में स्पॉट गोल्ड की कीमत 20.69 डॉलर या 0.62 फीसदी गिरकर 3,343.81 डॉलर प्रति औंस हो गई। स्पॉट गोल्ड वह सोना होता है, जिसे तत्काल खरीद और बिक्री के लिए बाजार में ले जाया जाता है, यानी इसका लेन-देन तुरंत किया जाता है।

कमोडिटी बाजार के विशेषज्ञों के अनुसार, रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में संघर्ष और भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव जैसे लगातार भू-राजनीतिक जोखिम सोने-चांदी की कीमतों के लिए सहायक कारक बन रहे हैं।

## सब्जियों के भाव घटने से घर में पकाई जाने वाली शाकाहारी थाली 4 फीसदी सस्ती



**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, एक साल में टमाटर की कीमतें 34 फीसदी घट गई हैं। आलू के भाव 11 फीसदी और प्याज के भाव 6 फीसदी घटे हैं। हालांकि, खाद्य तेलों के दाम में 19 फीसदी और एलपीजी सिलेंडर की कीमत में छह फीसदी की तेजी ने थाली की कीमतों में और गिरावट को रोक दिया।

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, एक साल में टमाटर की कीमतें 34 फीसदी घट गई हैं। आलू के भाव 11 फीसदी और प्याज के भाव 6 फीसदी घटे हैं। हालांकि, खाद्य तेलों के दाम में 19 फीसदी और एलपीजी सिलेंडर की कीमत में छह फीसदी की तेजी ने थाली की कीमतों में और गिरावट को रोक दिया। रिपोर्ट के अनुसार, मांसाहारी थाली सालाना आधार पर चार फीसदी और मासिक आधार पर दो फीसदी सस्ती होकर 53.9 रुपये पर आ गई है। चिकन और सब्जियों की कीमतों में गिरावट का असर मांसाहारी थाली पर दिखा है। मांसाहारी थाली में 50 फीसदी लागत अकेले चिकन की होती है। जबकि प्याज भी लागत में बहुत योगदान करती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि खाद्य तेलों की कीमतें अगले दो से तीन महीने में कम होने लगेंगी। इससे पहले बैंक ऑफ बड़ौदा ने एक रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल के आंकड़ों में खुदरा महंगाई की दर तीन फीसदी से नीचे जा सकती है। इसके आंकड़े अगले हफ्ते जारी होंगे। पिछले कुछ समय से खाद्य वस्तुओं खासकर दालों और सब्जियों के भाव में भारी गिरावट आई है जिसका असर खुदरा महंगाई पर दिखेगा।

# एक्सिस मैक्स लाइफ ने प्रोटेक्शन कोशेंट के सातवें संस्करण से मिले निष्कर्ष जारी किये

**लखनऊ।** एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने अपने फ्लैगशिप सर्वे इंडिया प्रोटेक्शन कोशेंट के सातवें संस्करण से मिले निष्कर्ष जारी कर दिए हैं। इस सर्वेक्षण को दुनिया की अग्रणी मार्केटिंग डाटा एवं एनालिटिक्स कंपनी कांतार के साथ मिलकर अंजाम दिया गया है। 25 भारतीय शहरों में 6,360 परिवारों में किए गए इस सर्वेक्षण से वित्तीय सुरक्षा को लेकर शहरी भारत की नब्ज को समझने में मदद मिली है।

एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस के सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर प्रशांत त्रिपाठी ने कहा भरोसा टॉक्स के तहत इंडिया प्रोटेक्शन कोशेंट भारत में वित्तीय तैयारियों का शक्तिशाली मानक बनकर सामने आया है। यह भारत में प्रोटेक्शन नैरेटिव को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है। इंश्योरेंस ऑनरशिप के अब तक के सर्वाच्च स्तर के साथ इस साल का रिकॉर्ड प्रोटेक्शन कोशेंट उपभोक्ताओं की प्राथमिकताओं में निर्णायक बदलाव दिखाता है। यह बदलाव है लागत के प्रति संवेदनशीलता से प्रोटेक्शन की जरूरतों की तरफ बढ़ते रुझान का। हालांकि अभी भी वित्तीय सुरक्षा के मामले में लैंगिक असमानता दिखाती है कि ज्यादा व्यापक एवं समावेशी कदम उठाने की जरूरत है। एक्सिस मैक्स लाइफ में हम इस गति को मजबूती देने, जागरूकता बढ़ाने और ज्यादा व्यापक रूप से सुरक्षित भारत बनाने की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' एक्सिस मैक्स लाइफ ने भरोसा बोलता है (भरोसा टॉक्स) के नैरेटिव के तहत इंडिया प्रोटेक्शन कोशेंट 7.0 को जारी किया है। इससे भारत में वित्त एवं सुरक्षा को लेकर लोगों की सोच में आ रहे बदलावों को समझने में मदद मिलेगी। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से एक्सिस मैक्स लाइफ का उद्देश्य शहरी, ग्रामीण, वेतनभोगी, गिग वर्कर्स एवं सेवानिवृत्त समेत विभिन्न वर्गों की आवाज को सामने लाना और इस बारे में प्रमाणित जानकारी प्रदान करना है कि प्रोटेक्शन, प्लानिंग एवं लॉन्ग टर्म सिक्योरिटी के मामले में भारत क्या सोचता है। जैसे-जैसे वित्तीय चिंताओं का स्वरूप बदल रहा है और आकांक्षाएं बदल रही है, ऐसे में 'भरोसा बोलता है' (भरोसा टॉक्स) उद्योग, नियामकों एवं नीति निर्माताओं के लिए महत्वपूर्ण स्रोत बनकर सामने आएगा, जिससे उन्हें उपभोक्ताओं की बदलती प्राथमिकताओं को समझने में मदद मिलेगी।

आईपीक्यू 7.0 के अनुसार, भारत का प्रोटेक्शन कोशेंट 48 पर पहुंच गया है, जो कि 2019 में 35 था। यह देश में वित्तीय तैयारियों की सतत प्रगति का प्रतीक है। लाइफ इंश्योरेंस ऑनरशिप अब तक के सर्वाच्च स्तर पर पहुंच गई है। 78 प्रतिशत शहरी भारतीयों ने एक या एक से अधिक प्रोडक्ट्स लिए हैं। वहीं नॉलेज इंडेक्स भी दो अंक बढ़कर 63 पर पहुंच गया है। यह बढ़ती जागरूकता और लाइफ इंश्योरेंस को लेकर बेहतर होती समझ को दिखाता है।

## मुंबई से हवाई यात्रा करना हुआ महंगा, बढ़ाया गया यूडीएफ, घरेलू यात्रा के लिए अब चुकाने होंगे 175 रुपये

**मुंबई।** मुंबई से हवाई यात्रा करना अब महंगा होने जा रहा है। एईआरए (एयरपोर्ट इकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी) ने नई यूजर डेवलपमेंट फीस (यूडीएफ) लागू करने का फैसला लिया है। अब मुंबई से घरेलू यात्रियों को 175 रुपये देने होंगे। वहीं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के इकोनोमी और बिजनेस क्लास के यात्रियों से अलग-अलग शुल्क वसूला जाएगा। घरेलू यात्रियों के लिए यह शुल्क 175 रुपये निर्धारित किया गया है। संशोधित शुल्क 16 मई लागू होगा। यह 31 मार्च 2029 तक वसूल किया जाएगा। नियामक ने गुरुवार को कहा कि घरेलू यात्रियों से हर उड़ान पर 175 रुपये लिए जाएंगे। यह फैसला इसलिए लिया गया है कि सभी हितधारकों के बीच वैमानिकी शुल्क बराबर बांटा जाए। इसके साथ ही नया शुल्क चार साल तक लागू रहेगा। इससे पहले यूजर डेवलपमेंट फीस अगस्त 2024 तक हर उड़ान पर घरेलू यात्रियों से 120 रुपये ली जाती थी। अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए क्लास के अनुसार से अलग- अलग यूडीएफ तय किया गया है। इकोनोमी और बिजनेस क्लास यात्रियों के लिए यह अलग-अलग होगा। इकॉनमी क्लास में अंतरराष्ट्रीय उड़ान करने वाले यात्रियों को प्रति उड़ान 615 रुपये यूडीएफ होगा।वही बिजनेस क्लास में अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने के लिए 695 रुपये देना होगा। एईआरए ने कहा कि नई शुल्क यूजर पे के नियम के अनुसार लगाया गया है। इस शुल्क से हम यात्रियों की सुविधाओं में सुधार की जाएगी। उन्होंने कहा कि एयरलाइनों के लिए लैंडिंग और पार्किंग शुल्क को भी कम कर दिया गया है। समान हवाई अड्डों के शुल्कों को ध्यान में रखते हुए नई शुल्क लागू की जाएगी। अभी बंगलूरू हवाई अड्डे पर घरेलू यात्रियों को 260 रुपये और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को 1070 रुपये देने पड़ते हैं। हैदराबाद हवाई अड्डा पर घरेलू यात्रियों को 375 और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को 1000 रुपये देने होते हैं।

## टाइटन वर्ल्ड देश भर में अपने स्टोर्स में परफ्यूम मेकिंग के साथ मदर्स डे का जश्न मनाने के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** खुशबू में यादों को तरोताज़ा करने की अनूठी ताकत होती है और माँ की खुशबू की बात करें तो यह कई लोगों के लिए स्थायी और सुकून देने वाली होती है। तो इस मदर्स डे के मौके पर टाइटन वर्ल्ड आपको ऐसे उपहार के साथ प्यार भरे इस रिश्ते को सम्मान देने के लिए आमंत्रित करता है, जिसे वह हमेशा याद रखेंगी, एक परफ्यूम जो उनके प्यार की तरह हमेशा सदाबहार रहेगा। सोच-समझ कर तैयार किए गए इन-स्टोर अनुभव के साथ प्यार भरे इस रिश्ते का जश्न मनाने के लिए तैयार हो जाएं। 10 और 11 मई को देश भर में 163 से अधिक टाइटन वर्ल्ड स्टोर एक खास परफ्यूम मेकिंग एक्टिविटी का आयोजन करने जा रहे हैं, जहां उपभोक्ताओं को अपने जीवन की सबसे खास महिला- अपनी माँ के साथ कुछ यादगार पल बिताने का मौका मिलेगा। इस एक्टिविटी के तहत मेहमानों को फ्रेगरेन्स ब्लेंडिंग की कला में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा, जहां वे असेंशियल ऑयल्स के क्युरेटेड सलेक्शन का उपयोग कर पर्सनलाइज़्ड 50 एमएल परफ्यूम तैयार करेंगे। इसे कोई भी व्यक्ति अपनी माँ के साथ मिलकर बना सकता है या अपनी प्यारी माँ को सरप्राइज़ गिफ्ट देने के लिए तैयार कर सकता है। यह अनुभव निश्चित रूप से कस्टमाइज़्ड फ्रेगरेन्स के साथ खुशी, पुरानी यादों और जुड़ाव की भावना को जागृत करेगा। यह इन-स्टोर एक्टिवेशन खरीददारी के दायरे से आगे बढ़कर उपभोक्ताओं को अनूठा और यादगार अनुभव प्रदान करने की ब्राण्ड की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस अवसर पर श्री राहुल शुक्ला, वाईस प्रेज़ीडेन्ट एवं चीफ़ सेल्स एण्ड मार्केटिंग ऑफिसर, वॉचेज़ एण्ड वियरेबल्स, टाइटन कंपनी लिमिटेड ने कहा, ''टाइटन में हम हमेशा से उन रिश्तों का जश्न मनाने में भरोसा रखते हैं जो जीवन में सबसे ज़्यादा मायने रखते हैं। इस अनूठी परफ्यूम मेकिंग एक्टिविटी के साथ हम उपभोक्ताओं को सही मायनों में दिल को छू जाने वाला व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करना चाहते हैं, इसके ज़रिए वे न सिर्फ एक उपहार बल्कि अपनी माँ के साथ कुछ यादें भी बनाएंगे। यह पहल बड़ी ही खूबसूरती के साथ माँ के साथ प्यार भरे अटूट रिश्ते का जश्न मनाती है।'

टाइटन वर्ल्ड स्टोर्स में निर्धारित ज़ोन होंगे जहां विशेषज्ञ फेसिलिटेटर उपभोक्ताओं को फ्रेगरेन्स बनाने के लिए सेंट के प्रोफाइल से लेकर ब्लेंडिंग तक की पूरी प्रक्रिया में मार्गदर्शन देंगे, तिक वे अपना अनूठा कॉम्बिनेशन तैयार कर सकें। उपभोक्ता एक प्रीमियम बोतल में इस कस्टमाइज़्ड परफ्यूम को अपने साथ ले जा सकते हैं, जो मदर्स डे की खास यादगार बन जाएगा।

आप एक्सक्लुज़िव रूप से गोमती नगर स्टोर में इन-स्टोर जश्न की खुशियों का अनुभव पा सकते हैं।

# उत्तर प्रदेश के बिजली वितरण क्षेत्र में बदलाव लाएगा निजीकरण, बढ़ेगी दक्षता और सुधरेगी बिजली आपूर्ति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की बिजली व्यवस्था कई चुनौतियों से गुजर रही है। वित्तीय समस्याएं, अत्यधिक एग्रीगेट टेक्निकल एंड कमर्शियल नुकसान, सौर ऊर्जा को ग्रिड से जोड़ने में जटिलता, और बुनियादी ढांचे की की खामियां राज्य के बिजली वितरण क्षेत्र को प्रभावित कर रही हैं। राज्य की दो वितरण कंपनियां दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड लगातार बढ़ते घाटे से जूझ रही हैं। ऐसे में राज्य सरकार ने इन वितरण कंपनियों के निजीकरण की योजना शुरू की है, जिसका उद्देश्य निवेश आकर्षित करना, बिजली चोरी पर लगाम लगाना और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा देना।

इस विषय पर विचार व्यक्त करते हुए प्रोफेसर हरिओम गुप्ता, पूर्व डीन एवं प्रोफेसर, आईआईटी रुड़की तथा पावर सेक्टर के विशेषज्ञ ने कहा, बिजली वितरण कंपनियों की कार्यक्षमता बढ़ाना और उनकी वित्तीय स्थिति को मजबूत करना, प्रदेश में विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। कुछ निजी कंपनियों ने बिजली के बुनियादी ढांचे और रखरखाव में उपयुक्त निवेश करके फेलियर रेट को 1% से भी कम रखा है।

ऑरेंज ट्री फाउंडेशन के एक हालिया अध्ययन के अनुसार, यूपी के ग्रामीण इलाकों में 30% घरों को रोज़ 12 घंटे से भी कम बिजली मिलती है, जबकि 60% को छह घंटे से अधिक की कटौती का सामना करना पड़ता है। अकेले बरेली मंडल में अप्रैल से नवंबर 2024 के बीच 15,500 ट्रांसफॉर्मर फेलियर दर्ज किए गए, जिसमें बदायूं जिले में 6,400 से अधिक मामले सामने आए।

प्रोफेसर गुप्ता ने कहा, ''बिजली की आपूर्ति अच्छी न होने का सबसे बड़ा कारण है डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर्स का बार-बार खराब होना। हल्की गुणवत्ता के ट्रांसफॉर्मर के बार-बार खराब होने से न सिर्फ बिजली की आपूर्ति में रूकावट आती है बल्कि वितरण कंपनियों और उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ भी बढ़ता है। इनके मरम्मत की लागत अंततः उपभोक्ताओं पर टैरिफ बढ़ाकर डाल दी जाती है, जिससे सस्ती और विश्वसनीय बिजली की परिकल्पना कमजोर पड़ती है। इसके अलावा ट्रांसफॉर्मर और पावर लाईन के लिए उच्च गुणवत्ता की सामग्री मे निवेश न करने से ट्रांसफॉर्मर बार-बार खराब होते हैं, जिसके चलते डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और भी कमज़ोर हो जाता है।

उन्होंने आगे कहा, अध्ययन दर्शाते हैं कि ट्रांसफॉर्मरों में तांबे जैसी उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग दक्षता को बढ़ाता है, नुकसान को कम करता है और उपकरणों की आयु को बढ़ाता है। फिर भी वित्तीय संकट के कारण, राज्य की वितरण कंपनियां हल्की गुणवत्ता की सामग्री पर निर्भर रहती हैं, जिससे दक्षता की कमी और लागत में बढ़ोतरी बनी रहती है। इसका खामियाजा आम जनता और व्यवसायों को उठाना पड़ता है।

अगर ट्रांसफॉर्मरों और पावर लाइनों में उच्च गुणवत्ता वाले तांबे का उपयोग किया जाए, स्मार्ट मीटर लगाए जाएं और बिलिंग की प्रक्रिया सुधारी जाए, तो AT&C हानियों में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है और वितरण कंपनियों की वित्तीय स्थिति भी सुधर सकती है।

प्रो. गुप्ता ने आगे कहा, ÷निजीकरण से जवाबदेही बढ़ेगी और निवेश का उपयोग ग्रिड को आधुनिक बनाने में किया जा सकेगा, न कि सिर्फ संचालन घाटा भरने में। इससे तकनीकी नुकसान कम होंगे और प्रदेशभर में बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता बढ़ेगी।÷

हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस बदलाव को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए उपभोक्ताओं के हितों को प्राथमिकता देनी होगी और दीर्घकालिक निवेश की योजना बनानी होगी।

उन्होंने कहा, सरकार का यह कदम एक सही दिशा में है, लेकिन इसे सुचारू रूप से लागू करना होगा ताकि उत्तर प्रदेश के सभी नागरिकों को सस्ती और भरोसेमंद बिजली मिल सके। यह सुधार राज्य के आर्थिक विकास को गति देगा।

उन्होंने यह भी जोड़ा, जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे, नई चुनौतियों जैसे नॉन-लिनियर लोड इंजेक्टिव हॉर्मोनिक्स, इनरश करेंट, कोल्ड लोड पिकअप, रैपिड इंटीग्रेशन ऑफ डिस्ट्रीब्यूटेड जनरेशन- को हल करने के लिए नई तकनीकों में निवेश और अपग्रेड की ज़रूरत होगी।

## ईमोबी ने उत्तर प्रदेश में बढ़ाया कदम

**लखनऊ।** ईवी डिजाइन एवं बेहतरीन मैन्यूफैक्चरिंग प्रक्रियाओं में विशेषज्ञता प्राप्त बेंगलुरु के ईवी स्टार्टअप ईमोबी ने यूपी एनर्जी एक्सपो 2025 के दौरान उत्तर प्रदेश के बाजार में कदम रखने का एलान किया। एक्सपो में ईमोबी ने अपने इलेक्ट्रिक 2-व्हीलर्स एकेएक्स कम्यूटर और एकेएक्स क्यारी को प्रदर्शित किया। इन्हें शहरी यातायात में क्रांतिकारी बदलाव के लक्ष्य के साथ डिजाइन किया गया है। एकेएक्स क्यारी एक हाई स्पीड वैरिएंट है, जिससे 80 किमी प्रति घंटे की अधिकतम स्पीड के साथ 106 किलोमीटर तक की रेंज मिलेगी। इसकी 3 किलोवाट क्षमता वाली स्वैपेबल बैटरी केवल 3 घंटे में चार्ज हो जाती है। एकेएक्स कम्यूटर एक लो-स्पीड वैरिएंट है। इसे कम गति वाले शहरी ट्रांसपोर्ट को ध्यान में रखकर बनाया गया है। 25 किमी प्रति घंटे की टॉप स्पीड के साथ इससे 130 किमी तक की रेंज मिलती है। इसकी 2.5 किलोवाट की बैटरी 3.5 घंटे में चार्ज हो जाती है। ईमोबी के संस्थापक भरत राव ने कहा, 'सस्टेनेबल मोबिलिटी की ओर भारत के बढ़ते कदमों के लिए उत्तर प्रदेश एक महत्वपूर्ण बाजार है। ईमोबी में हम ऐसे इलेक्ट्रिक व्हीकल उपलब्ध कराने पर फोकस कर रहे हैं, जो भरोसेमंद व हाई परफॉर्मिंग हों और आसानी से मैंटेन हो सकें। उत्तर प्रदेश में हमारा प्रवेश शहरी एवं ग्रामीण यातायात की जरूरतों के प्रति हमारी गहरी प्रतिबद्धता की शुरुआत है। एकेएक्स कम्यूटर और एकेएक्स क्यारी राइडर्स एवं कंपनियों को स्मार्ट, इको फ्रेंडली मोबिलिटी सॉल्यूशन के माध्यम से सशक्त करता है। हमें भारत में यातायात के भविष्य को गति देने वाले प्लेटफॉर्म यूपी एनर्जी एक्सपो 2025 में इन्हें प्रदर्शित करते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है।'

# टाटा मोटर्स ने कोलकाता में अत्याधुनिक व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी का किया उद्घाटन

# हर साल 21,000 पुराने वाहनों के निष्पादन की क्षमता

**कोलकाता।** भारत में वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी, टाटा मोटर्स ने आज कोलकाता में अपनी रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग फैसिलिटी लॉन्च की है। यह देश में इस तरह की 8वीं फैसिलिटी है। इस अत्याधुनिक सुविधा का नाम 'Re.Wi.Re - Recycle with Respect' है। यह अत्याधुनिक सुविधा स्थायी एवं पर्यावरण के अनुकूल प्रक्रियाओं को अपनाती है। यह हर साल ऐसे 21,000 वाहनों को सुरक्षित तरीके से खोलकर अलग कर सकती है, जिसकी उपयोगिता समाप्त हो चुकी हो। इस आरवीएसएफ का परिचालन टाटा मोटर्स के पार्टनर सेलाडेल सिनर्जीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। इस फैसिलिटी में सारे ब्राण्ड्स के यात्री एवं वाणिज्यिक वाहनों था टू व्हीलर्स एवं थ्री व्हीलर्स को जिम्मेदार तरीके से स्क्रैप किया जा सकता है।

इस उद्घाटन समारोह में पश्चिम बंगाल सरकार के माननीय परिवहन मंत्री श्री स्नेहासिस चक्रवर्ती, कोलकाता के मेयर और पश्चिम बंगाल सरकार के शहरी विकास और नगर मामलों के माननीय मंत्री श्री फिरहाद हकीम, जिन्होंने वर्चुअल तरीके से कार्यक्रम में भाग लिया, पश्चिम बंगाल सरकार के परिवहन विभाग के सचिव डॉ. सौमित्र मोहन (आईएएस), और टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स के वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड श्री राजेश कौल के अलावा पश्चिम बंगाल सरकार और टाटा मोटर्स के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। कंपनी अब जयपुर, भुवनेश्वर, सूरत, चंडीगढ़, दिल्ली एनसीआर, पुणे और गुवाहाटी में रजिस्टर्ड वाहन स्क्रैपेज सेंटर चला रही है। कोलकाता सुविधा पूर्वी भारत में तीसरा Re.Wi.Re सेंटर है,




जिससे इस क्षेत्र के ग्राहकों को बेहतर पहुंच मिलेगी।

इस सुविधा का उद्घाटन करते हुए, पश्चिम बंगाल सरकार के माननीय परिवहन मंत्री श्री स्नेहासिस चक्रवर्ती ने कहा, टाटा मोटर्स के Re.Wi.Re का उद्घाटन हमारे लोगों के लिए स्वच्छ और बेहतर भविष्य की दिशा में एक स्वागतयोग्य कदम है। यह पहल नए, सुरक्षित और ऊर्जा-कुशल वाहनों को अपनाने में मदद करेगी और परिवहन क्षेत्र में सर्कुलर अर्थव्यवस्था के अवसर पैदा करेगी। हम टाटा मोटर्स, सेलाडेल सिनर्जीज और सभी भागीदारों का आभार व्यक्त करते हैं जो इस पहल को हमारे राज्य में लेकर आए।

इस अवसर पर कोलकाता के मेयर और पश्चिम बंगाल सरकार के शहरी विकास और नगर मामलों के माननीय मंत्री श्री फिरहाद हकीम ने कहा, टाटा मोटर्स के आरवीएसएफ का शुभारंभ सतत् विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, इससे हमारे राज्य में पर्यावरणीय बोझ को कम करने और संपूर्ण सेहत को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। यह सुविधा राज्य में रोजगार के नए अवसर पैदा करेगी। हम टाटा मोटर्स की इस दूरदर्शी पहल की सराहना करते हैं।

इस मौके पर टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स के वाइस प्रेसिडेंट और बिजनेस हेड श्री राजेश कौल ने कहा, टाटा मोटर्स पर्यावरण के अनुकूल परिवहन समाधान और सर्कुलर अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए समर्पित है। पश्चिम बंगाल में पहला Re.Wi.Re और देश का आठवां सेंटर खोलना हमारे वाहन स्क्रैपिंग सिस्टम को बेहतर बनाने का बड़ा कदम है। आठ टाटा मोटर्स आरवीएसएफ सेंटर्स के साथ, हमारी हर साल 1.3 लाख से ज्यादा वाहनों को नष्ट करने की क्षमता है। हमें सुरक्षा, नियमों का पालन करने और पर्यावरण की देखभाल के साथ भारत के वाहन स्क्रैपिंग सिस्टम को बदलने पर गर्व है।

पूरी तरह से डिजिटलाइज्ड प्रत्येक सुविधा में वाणिज्यिक वाहनों, टू व्हीलर्स एवं थ्री व्हीलर्स और यात्री वाहनों के लिये क्रमशः सेल-टाइप और लाइन-टाइप डिसमेंटलिंग (खोलकर अलग करने) की सुविधा है। इसके सभी कार्य अबाध तथा कागजरहित होते हैं। इसके अलावा, विभिन्न कम्पोनेंट्स की सुरक्षित डिसमेंटलिंग के लिये अलग-अलग स्टेशंस है, जैसे कि टायर, बैटरी, ईंधन, तेल, तरल और गैस। हर वाहन का सावधानी से दस्तावेजीकरण होता है।

# कलेक्ट्रेट में विभिन्न कार्यालयों का डीएम ने किया निरीक्षण

## आलमारी के ऊपर फाइलों का संक्षिप्त विवरण लिखने व सूचीबद्ध कर चस्पा करने, साफ सफाई का दिया निर्देश

अवधनामा ब्यूरो



कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न पटलों का निरीक्षण करते डीएम

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न कार्यालयों/पटलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग कार्यालय, भूमि सुधार, लोकवाणी, नजारत, प्रोबेशन कार्यालय, पूर्ति कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय पंचायत एवं नगर निकाय, ई आर के कार्यालय, भूलेख अधिष्ठान, रिकॉर्ड रुम आदि कार्यालयों के पटलों के कार्यों , साफ सफाई, अलमारियों एवं फाइलों का रख रखाव की व्यवस्था सहित अधिकारी कर्मचारी की उपस्थिति का निरीक्षण किया गया।

कार्यालय अध्यक्षों से उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संख्या के बारे में पूछताछ की। पटल सहायकों से उनके द्वारा किए जाने वाले दिन प्रतिदिन के कार्य, आने वाले पत्रों की पंजिका में अंकन सहित निस्तारण की अद्यतन स्थिति, फाइलों के रखरखाव, प्रतिदिन आने वाले जनता दर्शन एवं आइजीआरएस की शिकायतों का निस्तारण पंजिका सहित विभिन्न विभागों में लंबित पत्रावलियों व आवेदनों के बारे में भी पूछताछ की। एलआरसी- भूलेख लिपिक पटल पर भी राजस्व कार्यों का जायजा लिया गया। इसी प्रकार नजारत अनुभाग पंजिकाओं का अवलोकन किया गया। राजस्व अभिलेखागार में संचित पत्रावलियों खतौनी बस्तों का निरीक्षण किया गया तथा अभिलेखागार प्रभारी को निर्देशित किया गया कि समस्त खतौनी बस्तों में संचित करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी पटल सहायकों, विभागाध्यक्षों को आलमारी के ऊपर फाइलों का संक्षिप्त विवरण लिखने व सूचीबद्ध कर चस्पा करने, साफ सफाई एवं अभिलेखों के उचित रख रखाव करने सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुधारने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। कहा कि सूचना के अधिकार के अंतर्गत किसी भी कार्यालय में सूचनाएं लंबित नहीं रहनी चाहिए सभी आवेदनों सहित अन्य पत्रावलियों का निस्तारण ससमय हो जाना चाहिए। परिसर के बाहर स्थित खराब वाटर कूलर को ठीक कराने तथा शौचालयों की नियमित समयांतराल पर साफ सफाई के भी निर्देश दिए। ई.आर.के. कार्यालय में उन्होंने कहा की एक ऐसी व्यवस्था बनाए जिससे प्रतिदिन आने वाले पत्रों का अंकन तथा अन्य विभागों में जाने वाले पत्रों का जवाब मिला या नहीं उसे भी रजिस्टर में अंकन कर लें। जिससे कि यह पता चले कि किस विभाग के द्वारा अभी तक पत्र के संबंध में आवश्यक कार्यवाही या पत्रावलियों का जवाब दिया या नहीं दिया गया है।

## बीती रात आंधी तूफान आने से कई पेड़ टूटे, कई घंटे बाधित रही बिजली सप्लाई



**अमेठी।** बीती रात आंधी तूफान आने से बड़ी संख्या में पेड़ों की टहनियां टूट कर जमीन पर गिर गई। आम की बागों में आम के फलों का भारी नुकसान हुआ है। विद्युत पोल के तार भी कई जगह टूट गए हैं। जिसके कारण कई घंटे बिजली की सप्लाई बाधित रही। लोगों के मकानों में रोशनी पूरी तरह गुल रही। पंखे ,कूलर भी नहीं चल पाए। लोग गर्मी से परेशान देखे गए। गुरुवार को दोपहर बिजली कर्मियों के कड़ी मेहनत के बाद सप्लाई शुरू हुई। इस समय पावर स्टेशन पर निविदा /संविदा कर्मी छंटनी को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। स्टाफ कम होने के कारण लाइनमैन कर्मचारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण अंचल के बिजली उपभोक्ता रामखेलावन यादव, राम सुन्दर मौर्य आदि ने बताया कि बुधवार की बीती रात आंधी तूफान आने से काफी पेड़ों का नुक़सान हुआ है। विद्युत पोल के तार भी टूट गए थे। गुरुवार को दोपहर बाद बिजली की सप्लाई शुरू हुई।

# मेडिकल कालेज और जिल जेल निर्माण का डीएम ने किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



जिला जेल का निरीक्षण करते डीएम

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा मुख्य विकास अधिकारी के साथ गुरुवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं, स्टाफ छात्र/छात्राओं की पढ़ाई सहित मेडिकल कॉलेज के विभिन्न संकायों में घूम घूम कर देखा गया एवं अन्य सभी जानकारियां भी ली गई।

जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज में स्थित बिल्डिंग डायग्राम के माध्यम से पूरी जानकारी लिए जाने के उपरांत मेडिकल कॉलेज के संबंध में लोकार्पण कार्यक्रम हेतु स्थान का चयन किए जाने संबंधी चर्चा मुख्य विकास अधिकारी से की गई। जिलाधिकारी द्वारा पूछे जाने पर प्राचार्य मेडिकल कॉलेज द्वारा कार्यदाई संस्था सहित हैंड ओवर आदि की जानकारी दी गई, इस दौरान प्राचार्य ने बताया कि 70 पीजी की डिमांड शासन स्तर से की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि कोई कार्य लंबित या किसी स्तर पर रुका हो जो मेरे स्तर से होना है उसे संज्ञान में लाकर पूर्ण करा लिए जाएं। निरीक्षण के क्रम में मल्टीपरपस हॉल का भी निरीक्षण किया गया, इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा कुछ सुझाव प्राचार्य को दिए गए। उन्होंने निर्माणाधीन हॉस्टल में हो रहे कार्यों के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश मुख्य विकास अधिकारी सहित सभी संबंधित को दिए। निरीक्षण के क्रम में डीएम ने जिला कारागार के निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण मुख्य विकास अधिकारी के साथ जायजा लिया गया। निरीक्षण दौरान मैप के माध्यम से सभी ब्लाकों, बैरक, एडमिनिस्ट्रेशन सेक्शन , हॉस्पिटल, मेन गेट,आदि की जानकारी ली गई, जिलाधिकारी ने कहा कि यदि संभव हो तो गौ शाला निर्माण के संबंध में भी अभी से कार्यवाही की जाय, जो भविष्य में बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा। कार्यदाई संस्था द्वारा बताया गया कि 6 ब्लॉकों सहित अन्य सभी भवनों के निर्माण कार्य चल रहे हैं जिसमें पायलिंग का कार्य प्रगति पर है, कार्यदाई संस्था द्वारा जनवरी 2026 में पूर्ण कर लेने की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से कार्यों के संबंध में गहनता से पुछताछ कर सभी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त मेन गेट के अलावे एक और गेट के संबंध में चर्चा करते हुए अपने सुझाव दिए एवं इस संबंध में मुख्यालय से पत्राचार किए जाने का निर्देश दिए गए।

# आपदा से निपटने के लिए स्कूली बच्चों को सिखाए गुण




मॉक ड्रिल करते सेंट जेवियर्स स्कूल कप्तानगंज के बच्चे

अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** केंद्र सरकार के निर्देश पर कई जगह मेगा सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल हो रही है। इसी क्रम में गुरुवार को सेंट जेवियर्स स्कूल कप्तानगंज में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने विषम परिस्थितियों में बचाव के तरीकों के बारे में जाना।

स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ वैभव ने बच्चों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि हम एक अच्छे नागरिक होने का फ़र्ज़ निभाना चाहिए और आगे कहा की बच्चों को आपातकालीन प्रतिक्रिया की बातें सिखाएं, नीचे झुकना और अपने सिर को ढकना। घर, स्कूल या पड़ोस में सुरक्षित स्थानों की पहचान करना, मामूली चोटों का इलाज जैसी प्राथमिक चिकित्सा तकनीकों का अभ्यास कराना चाहिए जिससे बच्चे आपातकालीन स्थिति में अपने को सुरक्षित रह सके। आगे स्थानीय निर्देशक आकाश चन्द्रा और रत्नेश चंद्रा संयुक्त रूप से बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की बच्चों या खुद के लिए इन अभ्यासों के महत्व को नजरअंदाज न करें। यह न मानें कि दूसरे आपकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेंगे। सभी खिड़कियों पर मोटे ब्लैक आउट पर्दे या ब्लाइंड लगाएं। ब्लैक आउट के दौरान अपने घर को बिना रोशनी के काम करने के लिए तैयार करें। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा नो टेररिज्म का प्रतीक चिन्ह बना कर संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य शशि कुमार चौरसिया, अरविंद कुमार पांडेय ने अध्यक्षता की।

# मंत्री जी के आने से पहले नगर पंचायत अपने नाकामियों पर डाल रहा मिट्टी

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** एक करोड़ 79 लाख रुपए से बनकर तैयार नवनिर्मित मथौली नगर पंचायत का लोकार्पण शुक्रवार को नगर विकास

> **नवनिर्मित मथौली नगर पंचायत कार्यालय का नगर विकास मंत्री आज करेंगे उद्घाटन**

एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा द्वारा लोकार्पण किया जाएगा। इससे पूर्व नगर पंचायत के जिम्मेदार हर तरह से तैयारियों को पुराण करने में लगे हुए है। लेकिन नगर के विभिन्न वार्डों में कूड़े की ढेर इनके मेहनत पर पानी न फेर दे रहा है। मंत्री जी की नजर न पड़े इस लिए गुरुवार को नगर पंचायत द्वारा कूड़े की ढेर पर मिट्टी डालकर अपनी नाकामियां छिपाया जा रहा था।

बता दें कि नगर पंचायत मथौली के गठन का दो साल पूरा होने वाला है। दो साल में लोगों को जो शहरी सुविधा मिलनी चाहिए वह नहीं मिल पा रही है। आवास, सड़क, बिजली, पानी, शौचालय, जल निकासी आदि सुविधाएं पहले जैसा ही है। नगर में साफ सड़क व छिड़काव के कई महीने हो गए लेकिन छिड़काव नहीं हुआ था, चूंकि मंत्री जी आने वाले है तो आज सब कुछ सुदृढ़ देखा जा रहा है। नगर के कई वार्डो में कूड़े की ढेर लगी है। कार्यालय से चार किमी दूर वार्ड नंबर 9 (बहुआस) में एमआरएफ (कूड़ा निस्तारण) केंद्र लगभग 37 लाख रुपए की लागत से बनकर तैयार है। नगर के जिम्मेदार वार्डो का कूड़ा वहां न गिराकर हाटा कप्तानगंज मार्ग पर पकड़ी मदरहां गांव के समीप पिछले एक साल से गिराया जा रहा है। अब चूंकि नगर पंचायत का उदघाटन होना है। सारे वीवीआईपी लोग आ रहे, इस लिए नगर पंचायत के जिम्मेदार सभी कूड़े की ढेर को मिट्टी से पाट रहे है ताकि मंत्री व अन्य नेताओं की उसपर नजर न पड़े।



नगर से सटे पकड़ी मदरहां गांव के पास गिराए गए कूड़े पर डाली जा रही मिट्टी

**मंत्री जी से मथौली की जनता से सवाल**- 1. नगर पंचायत मथौली गठन के दो साल बाद भी लोगों को नहीं मिली रही है शहरी जैसी सुविधाएं

2. लाखों रुपए से खरीदे गए स्टील डस्टबिन नगर के किसी भी वार्ड में नहीं लगने से धूल फांक रही है, जबकि नगर में जगह जगह गंदगी का अम्बर लगा रहता है

3. स्वच्छता के नाम पर लाखों रुपए हर माह खर्च हो रहे है, लेकिन नगर में जगह जगह कूड़े की ढेर है, नालियों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव न होने से मच्छरों का प्रकोप तेजी से फैल रहा है।

4. सार्वजनिक शौचालय न होने से नगर की सड़के मनवा मल से पटी रहती है।

5. कर्मचारियों के चलने के लिए खरीदे गई 5 सीटर की गाड़ी कर्मचारियों को सेवा न देकर अन्य जगहों पर किया जा रहा है इस्तेमाल।

6. नगर में सीसी रोड, आरसीसी व भूमिगत नाली या बिल्डिंग निर्माण में मानक को दरकिनार कर कराया जा रहा है निर्माण। 7. नगर पंचायत में आरक्षण का नहीं हुआ है पालन, अपने चहेतों को ही रख दिया गया

8. जलापूर्ति की व्यवस्था हुई नहीं, नगर के लोगों को जलकर देना लागू हो गया

9. नगर में शौचालय या यूरिनल की व्यवस्था नहीं, खुले में शौच करने व थूकने पर 500 का लगा दिया जुर्माना

10. नगर के मुख्य सड़क पर दोनों तरफ लाखों रुपए से खरीदे गए पाम और चंपा के पौधा देखभाल के अभाव में सुख गए।

11. मथौली नगर के मुख्य चौराहे पर सड़क के दोनों तरफ लाखों रुपए से लगाए गए पाम व चम्पा के पौधे सुख रहे है

12. नगर पंचायत में दिन हो या रात जलती रहती है स्ट्रीट लाइटे, जिससे हजारों यूनिट बिजली बर्बाद हो रही है।

# पेड़ से लटकता मिला 55 वर्षीय व्यक्ति का शव



शव को कब्जे में लेती पुलिस

अवधनामा ब्यूरो

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत अनंतपुर में एक 55 वर्षीय व्यक्ति का शव पेड़ से लटकता हुआ मिला मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई। प्राप्त सूचना के मुताबिक दिनेश साहनी पुत्र भगवंत साहनी उम्र 55 वर्ष निवासी अनंतपुर थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर ने बीते गुरुवार की सुबह गांव के बाहर स्थित एक खेत में पेड़ से फंसरी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों के अनुसार दिनेश साहनी गुरुवार की सुबह 10 बजे घर से नित्य क्रिया कर्म करने के लिए खेत में गया था और वही खेत में एक आम का पेड़ में गमछे से फांसरी बनाकर वह पेड़ की डाली से लटककर खुदकुशी कर लिया। खेत के तरफ़ गए लोगों ने देखा तो इसकी खबर धीरे-धीरे गांव में फैली गई।तभी किसी ने इसकी सूचना अहिरौली बाजार पुलिस को दी। सूचना मिलने पर अहिरौली बाजार थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दुबे उपनिरीक्षक अमीन अहमद,हेड कांस्टेबल रमेश चौधरी, कांस्टेबल मनोज यादव मौके पर पहुंचकर शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गए।

## बसपा ने भारतीय सेना की पीठ थपथपाई

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** पहलगाम आतंकी हमले और आतंकवाद के विरुद्ध भारतीय सेना की सैन्य कार्रवाई का बहुजन समाज पार्टी ने स्वागत किया है। बसपा सुप्रीमो ने कहा है कि पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने की भारतीय सेना की आपरेशन सिंदूर कार्रवाई गौरवमय और सराहनीय है। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल और मुख्य सेक्टर प्रभारी पूर्व एम एल सी भीमराव अम्बेडकर ने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध देश की जनता एक जुट है। बसपा केंद्र सरकार के साथ है। मुख्य मंडल प्रभारी दिलीप कुमार विमल, सर्वेंद्र अम्बेडकर, मंडल प्रभारी दया राम राजभर, जिया लाल त्यागी, छोटे लाल मौर्य, जिला प्रभारी अरुण कुमार गौतम, जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार, सुरेश गौतम, कृष्ण कुमार पासी, सुनील सावंत, केके रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश कमल, के के आर्य, संजय कुमार आदि पार्टी नेताओं ने सैन्य कार्रवाई का स्वागत किया है।

## नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के लिए चयनित किए गए गोमती नदी के किनारे के 34 गांव



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिले में कृषि विभाग की ओर से नेशनल मिशन आफ नेचुरल फार्मिंग के लिए गोमती नदी के किनारे के 34 गांव चिंहित किए गए हैं। इन गांवों के किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए तैयार किया जाएगा। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद के गोमती नदी के तटीय क्षेत्र के गांवो में नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग (प्राकृतिक खेती) की योजना का कियान्वयन किया जा रहा है। जिसमें विकासखण्ड जगदीशपुर के 13 गांव, बाजार शुकुल के 13 गांव एवं मुसाफिरखाना के 08 गांव सम्मिलित किये गये हैं। योजना का अनुश्रवण खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्ष्यता में गठित समिति द्वारा किया जा रहा है। योजना में सम्मिलित प्रत्येक गांव में 50 हेक्टेयर क्षेत्रफल के क्लस्टर का गठन किया गया है, प्रत्येक क्लस्टर में 0.4 हेक्टेयर के 125 किसानों का चयन योजना की गाइडलाइन में उल्लिखित दिशा निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है।

## अवैध खनन कराने वाले खनन माफिया ने जेसीबी से तुड़वाई सड़क

**लार अवधनामा संवाददाता।** सुतावर गांव में नई सड़क तोड़े जाने के मामला मीडिया में आने के बाद जब विकास विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों ने जांच की तो पाया गया कि यह सड़क एक खनन माफिया ने अपनी जेसीबी और ट्रैक्टर



ट्राली से तुड़वा दिया। जब अनुसूचित जाति के प्रधान ने विरोध किया और 112 नंबर पुलिस को बुलवाया तो खनन माफिया ने मीडिया में घटिया निर्माण की खबर छपवाई। अब विकास विकास उक्त खनन माफिया पर केस दर्ज कराकर अपनी क्षतिपूर्ति वसूलने का कार्य करेगा। लार विकास खंड के ग्राम सभा सुतावर में एक इंटरलॉकिंग सड़क और नवनिर्मित नाली के क्षतिग्रस्त होने की सूचना सोशल मीडिया पर आने के बाद जिले के अधिकारियों ने इसका संज्ञान लिया। ग्राम प्रधान, सचिव व ठेकेदार पर अनियमितता का भी आरोप लगाया गया था , तथा ब्लाक द्वारा लीपापोती की भी बात बताई गई थी। गांव में जांच के लिए गए अधिकारियों ने पाया कि लार के मठ वार्ड निवासी जगदीश यादव अवैध रूप से खनन कराता है। जब अनुसूचित जाति के ग्राम प्रधान ने ऐसा करने से मना किया तो जगदीश यादव ने अपने लड़के को भेज कर इंटरलॉकिंग सड़क और नवनिर्मित नाली जेसीबी से तोड़वा दिया। ग्राम प्रधान व्यास मुनि गोंड ने तत्काल 112 नंबर पर पुलिस को फोन किया। पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी तथा ट्रैक्टर चालक को ऐसा करने से मना कर लौट गई। ग्रामीणों ने मौके से जेसीबी और ट्रैक्टर ट्राली का फोटो और वीडियो भी बना लिया। इसी से खार खाये व्यक्ति ने तमाम अधिकारी समेत अन्य लोगो पर अनियमितता का आरोप लगा दिया। अब विकास विभाग सड़क क्षतिग्रस्त करने वाले उक्त खनन माफिया पर केस दर्ज कराएगा। सड़क की क्षतिपूर्ति भी जेसीबी व ट्राली मालिक से वसूला जाएगा।

## अनियंत्रित डीसीएम की चपेट में आया बाइक सवार युवक, दर्दनाक मौत

अवधनामा संवाददाता

**बछरावा, रायबरेली।** अनियंत्रित डीसीएम की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, तो वहीं डीसीएम को अपने कब्जे में ले लिया है। घटना बुधवार रात्रि 9 बजे के आसपास की है। जब थाना क्षेत्र बछरावां के लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर सरौरा कट के पास गांव से निकलकर हाईवे मार्ग पर आ रहे बाइक सवार युवक को अनियंत्रित डीसीएस ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी प्राप्त हुई है कि नीरज रावत पुत्र राम प्रसाद रावत निवासी निगोहा जनपद लखनऊ अपने किसी कार्य से ग्राम सरौरा थाना बछरावां आया हुआ था। और वापस जाते समय जैसे ही वह लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर पहुंचा की रायबरेली से लखनऊ की तरफ जा रहे अनियंत्रित डीसीएम की चपेट मे बाइक सवार युवक आ गया। युवक टकराने के बाद डीसीएम के पहिया के नीचे दब गया और घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। रात्रि होने के चलते डीसीएम चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तथा डीसीएम को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही की जा रही है। इस बाबत थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है वाहन को कब्जे में दिया गया है, तथा मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# सैनिक प्रशिक्षण की पौधशाला है एनसीसी : शशांक मणि

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** युवा नागरिकों में अनुशासन, चरित्र, साहस और निस्वार्थ सेवा की भावना का विकास करने के उद्देश्य से ही सन 1948 में राष्ट्रीय कैडेट कोर की स्थापना की गई । यह एक ऐसी पौधशाला है जो पूरे भारत के युवाओं में सैनिक नेतृत्व की क्षमता का विकास करता है तथा इसका आदर्श वाक्य एकता और अनुशासन है।

उक्त बातें सदर सांसद शशांक मणि ने गुरुवार को गोरखपुर रोड स्थित राजकीय पालिटेक्निक के फेयरवेल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं । उन्होंने कहा कि यह संगठन युवाओं को सामाजिक सेवाओं, अनुशासन और साहसिक प्रशिक्षण के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है तथा एनसीसी के कैडेटों को छोटे हथियारों और ड्रिल में बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण भी देता है । श्री मणि ने भारतीय सैनिकों की वीरता, साहस और पराक्रम का बखान करते हुए छात्रों को देशभक्ति की भावना को आत्मसात करने की प्रेरणा दी तथा एनसीसी प्रशिक्षुओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया । इस दौरान लेफ्टिनेंट यावर सिंह, मेजर कुलदीप सिंह, नरेंद्र मिश्रा, बी के गौतम तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर के छात्र छात्राएं शामिल रहीं।

## एसडीएम के खिलाफ़ वकीलों ने किया नारेबाज़ी



**महराजगंज, रायबरेली।** तहसील के अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से ब्रहस्पति वार को भी विरत रहे। वादकारी सामान्य तिथिया लेकर वापस लौट गए। तहसील परिसर में वकीलों ने घूम घूम कर एसडीएम मुर्दाबाद के नारे लगाए। आपको बता दें कि बुधवार को तहसील के अधिवक्ताओं की एक आम बैठक की गई जिसमें उपजिलाधिकारी द्वारा तहसील के दोनों बार के अध्यक्ष महामंत्री को वार्ता के लिए बुलाया गया परन्तु अधिवक्ताओं को बैठने के लिए कुर्सियां भी नहीं दी गई जिसकी घोर निंदा की गई। अधिवक्ताओं ने बताया कि न्यायालय के आदेश के बाद भी आर आई द्वारा पैमाईश , हदबारारी, पत्थरगढ़ी करने के लिए काश्तकारों से 10 से 15 हजार रुपए की मांग करते हैं जिसको लेकर नाराज अधिवक्ताओं ने हड़ताल की थी जिसके संबंध में बुधवार को एसडीएम सचिन यादव ने दोनों बार के पदाधिकारियों को वार्ता के लिए बुलाया। परन्तु अधिवक्ताओं के पहुंचने पर उन्हें बैठने के लिए भी नहीं कहा गया। सर्व सम्मति से अधिवक्ताओं ने हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। आक्रोशित वकीलों ने एसडीएम के स्थानांतरण की मांग को लेकर जमकर नारेबाज़ी किया। इस मौके पर दोनों बार संघों के अध्यक्ष व महमंत्री व अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

## लाठी डंडों से युवक को पीटा

**महाराजगंज, रायबरेली।** पालतू सुवरों को खोजने निकले एक युवक को चोर चोर कहकर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए दूसरे समुदाय के दो लोगों ने लाठी डंडों वा लात घूसों से जमकर पिटाई कर दी पीड़ित युवक ने कोतवाली में रात्रि में ही तहरीर दी जिस पर पुलिस द्वारा मेडिकल परीक्षण कराया गया लेकिन केस नहीं दर्ज किया गया इस पर आज गुरूवार को पीड़ित ने सीओ प्रदीप कुमार को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों पर कार्रवाई की गुहार लगाई है। मामला बुधवार की देर रात्रि का है, महराजगंज कस्बे के सुखई पुरवा के रहने वाले रमेश कुमार पुत्र किरसन ने सीओ को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बहन के सुवर खो गए थे जिन्हें खोजने के लिए वह घर से निकला था जिन्हें खोजते हुए वह पहरेमऊ चौराहा पहुंचा जहां जानकारी मिली की सुवर ओया गांव की तरफ गए हैं जहां पहुंचने वहां हामिद अली पुत्र अली खान व सरफराज पुत्र अज्ञात निवासी पहरेमऊ मिले और उसे अपने साथ पहरेमऊ चौराहा लाए जहां जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए लात घूसों लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा जिससे उस गंभीर चोटें आईं हैं। मामले में सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है पड़ताल कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने घोषित किया क्षेत्रीय कार्यसमितियों के चुनाव का कार्यक्रम



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** गुरुवार को जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की बैठक जूनियर हाईस्कूल गौरीगंज परिसर में हुई। बैठक में क्षेत्रीय कार्यसमितियों के चुनाव का कार्यक्रम फाइनल किया गया और ब्लाकवार अधिवेशन की तिथियां घोषित की गई। बैठक में शिक्षक नेताओं ने वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा कार्यालय की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल उठाए। शिक्षकों की जी पी एफ की धनराशि पोर्टल पर प्रदर्शित करने और लेखा पर्चियां जारी करने की मांग की गई। संगठन ने एम डी एम कन्वर्जन कास्ट का मासिक भुगतान करने और खाद्यान्न के आवंटन की तरह कन्वर्जन कास्ट के आवंटन की भी सूची जारी करने की मांग की है। शिक्षक विहीन उच्च प्राथमिक विद्यालयों और प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापकों की नियुक्ति के साथ 12460शिक्षक भर्ती की अमेठी जनपद की सूची नेट पर प्रदर्शित करने की भी मांग की है।

पहलगाम आतंकी हमले में मृतक हुए निर्दोष पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना के साथ बैठक समाप्त हुई। आपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के विरुद्ध भारतीय सेना की सैन्य कार्रवाई का स्वागत करते हुए भारतीय सेना जिन्दाबाद का उद्घोष भी किया गया।

बैठक में जिला अध्यक्ष अब्दुल रसीद ने कहा कि वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय भ्रष्टाचार में आकंठ डूबा हुआ है। बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय भी पीछे नहीं है। झूठी शिकायतें करके शिक्षकों को परेशान किया जा रहा है। 12460 शिक्षक भर्ती में बड़े पैमाने पर की गई गड़बड़ियां छिपाने के लिए अमेठी जनपद की सूची अभी तक नेट पर उपलब्ध नहीं है। संगठन की मांगों के अनुरूप यदि सभी मामलों में निष्पक्ष जांच और कार्यवाई नहीं होती तो संगठन जून में सत्याग्रह करेगा और हाईकोर्ट में पी आई एल भी दाखिल करेगा। संगठन ने सर्वसम्मति प्रस्ताव पारित कर अध्यक्ष अब्दुल रसीद को पी आई एल दाखिल करने के लिए अधिकृत किया है। बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक और संगठन के संरक्षक दादा चंद्र हास सिंह ने की। संचालन जिला महामंत्री रमाकांत मौर्य ने किया।

# कान्वेंट स्कूलों की तरह शिक्षा प्राप्त करें मदरसों के छात्रः संजय

■ जिले के ग्यारह अनुदानित मदरसों के जिम्मेदारों की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद के अल्पसंख्यक अधिकारी के चैम्बर में जिले में संचालित ग्यारह अनुदानित मदरसों के जिम्मेदारों की एक महत्वपूर्ण बैठक डीएमओ संजय मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अपार आईडी यूडायस आदि पर चर्चा के साथ लापरवाही बरतने वाले मदरसों के विरुद्ध रजिस्ट्रार को पत्र देकर कठोर कार्यवाही करते हुए मान्यता समाप्त करने की बात कही गई।

आज अनुदानित मदरसों के जिम्मेदारों को निर्देशित करते हुए संजय मिश्र ने कहा कि एक तरफ आप कहते हो कि हमारे यहां गरीब मिस्कीन और यतीम बच्चे पढ़ते हैं तो क्या उनको अच्छी शिक्षा हासिल करने का हक नहीं है आप कोशिश करके मदरसों के प्राइमरी स्तर को इतना अच्छा और मजबूत बना दे जिससे आपके बच्चों को भी कान्वेंट स्कूलों की तरह शिक्षा मिल सके। इसके अलावा यू डायस अपार आईडी पर कार्य करते हुए आधुनिक शिक्षा के साथ साथ आदर्श प्रशासन तैयार करे प्रत्येक मदरसों में हर हाल में टाइम टेबल बन जाना चाहिए बच्चों को एनसीआरटी की पुस्तकों से पढ़ाना होगा। अभी तक मदरसों में लगभग पचपन प्रतिशत अपार आईडी बन चुकी है लेकिन कुछ मदरसों की अपार आईडी संख्या अभी भी शून्य है जिसके कारण रजिस्ट्रार को पत्र भेजकर मान्यता समाप्त कराने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान मोहम्मद इमामुद्दीन मोहम्मद वकील मोहम्मद खुर्शीद अहमद शमशुद्दीन अहमद शमीम आलम मोहम्मद आरिफ मोहम्मद अबूशहमा आदि मौजूद रहे।

## मिशन सिंदूर की सफलता पर पीएम को किया धन्यवाद



**सुल्तानपुर।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारी सेना ने कल रात ऑपरेशन सिंदूर से ले लिया। जिसके लिए गुरुवार को भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी बहनें महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा निषाद के नेतृत्व में और क्षेत्रीय महामंत्री बबिता तिवारी जी की उपस्थिति में दोपहर साढ़े तीन बज नगर के तिकोनिया पार्क में इकठ्ठा होकर पटाखे फोड़े। उन्होंने मिठाई बांटी और एक दूसरी बहन को सिंदूर लगाकर सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया । इस मौके पर महिला मोर्चा से रेणु तिवारी संगीता शुक्ला, मीणा पाण्डेय पल्लवी सिंह, सविता श्रीवास्तव,गीता ,पूनम तिवारी कमलेश कुमारी, आस्था, रिजवाना, अन्तिमा, जिया रब्बानी, रेशमा, रेहाना आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

# वर्ल्ड रेड क्रॉस डे पर यूथ रेड क्रास विंग के स्थापना की घोषणा

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** वर्ड रेड क्रास डे के अवसर पर सैमफोर्ड विद्यालय मे छात्र-छात्राओं में चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजन कराया गया। जिसमें प्रथम,द्वितीय और तृतीय छात्राओं को इंडियन रेड क्रांस सोसाइटी द्वारा पुरस्कृत किया गया। उन्हें प्राथमिक चिकित्सा और लू से बचाव की जानकारी भी दी गई इस अवसर पर शिक्षा जगत से रेड क्रॉस के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान करने हेतु शिक्षकों को भी किया गया। शिक्षा जगत में सम्मानित होने वाले शिक्षक डॉ अजय तिवारी प्रधानाचार्य सैमफोर्ड स्कूल, वेसिक शिक्षा परिषद से शिक्षिका अनुपम शुक्ला, केश कुमारी राजकीय इंटर कॉलेज के प्रवक्ता शैलेंद्र चतुर्वेदी,डॉक्टर बबिता जैन, डॉक्टर दीपा द्विवेदी, शिक्षिका सुमन यादव को रेड क्रॉस शिक्षा रत्न से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में पत्रकार जगत से रेड क्रॉस में अपना अतुल्य सहयोग प्रदान करने के लिए के लिए पत्रकारों को भी इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा रेड क्रॉस पत्रकार रत्न से सम्मानित किया गया।

रेड क्रॉस पत्रकार रत्न से सम्मानित होने वाले पत्रकारों में पत्रकार डॉ0 अवधेश शुक्ल,दर्शन साहू, अनिल द्विवेदी, आशुतोष मिश्रा, अरुण जायसवाल, किशन पाठक, राजदेव शुक्ला अंकित राय, अरुण जायसवाल, विजय विद्रोही, जितेंद्र श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव को रेड क्रॉस पत्रकार रत्न से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में रेड क्रॉस के स्वयंसेवक डॉ चंद्रभान सिंह, डॉक्टर इरशाद, देवेंद्र मिश्रा, प्रीति साहू, दीपिका सिंह, शिवानी दीक्षित को रेड क्रॉस में सहयोग करने हेतु सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सैमफोर्ड विद्यालय में जनपद में प्रथम यूथ रेड क्रॉस विंग की स्थापना को प्रारंभ करने की घोषणा भी की गई। इस कार्यक्रम में रक्तदान कैंप के आयोजन के लिए स्वेच्छा से रक्तदान करने वालों का रजिस्ट्रेशन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता शैलेंद्र चतुर्वेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ डीएस मिश्रा अध्यक्ष इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा की गई। डॉक्टर डी एस मिश्रा द्वारा बच्चों को प्राथमिक चिकित्सा तथा लू से बचाव और स्वास्थ्य संबंधित चीजों के बारे में विस्तार से बताया गया। डॉ अजय तिवारी शैंफर्ड स्कूल के प्रधानाचार्य ने बच्चों को रेड क्रॉस सोसाइटी का महत्व बताते हुए रेड क्रॉस में सहयोग के लिए हौसला अफजाई भी की गई।

# महापौर जनता के द्वार कार्यक्रम में वार्डवासियों की समस्याओं को घर-घर जाकर सुना

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** प्रातःकाल 6:30 बजे नगर निगम की महापौर श्रीमती अर्चना वर्मा द्वारा वार्ड नं0-22 एमनजई जलालनगर में महापौर जनता के द्वार कार्यक्रम में वार्डवासियों की समस्याओं को घर-घर जाकर सुना गया व साथ ही वार्ड का निरीक्षण कर सफ़ाई व्यवस्था को देखा गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र की बदहाल स्थिति देखकर महापौर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वार्ड की सड़कों व गली की हालत अत्यंत दयनीय है। जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए थे, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। महापौर ने यह भी देखा कि कई स्थानों पर सड़क लाइट्स सुबह के समय भी चालू थीं जिससे बिजली की भारी बर्बादी हो रही है। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे तुरंत इस संबंध में जांच करें।

इसके अतिरिक्त, फल और सब्जी विक्रेताओं द्वारा सड़क किनारे अतिक्रमण कर दुकानों को फैला दिया गया है जिससे राहगीरों को चलने में असुविधा हो रही है और यातायात प्रभावित हो रहा है। महापौर ने नगर निगम की अतिक्रमण निरोधक टीम को निर्देशित किया कि वे जल्द से जल्द ऐसे अस्थायी अतिक्रमण को हटाने की प्रक्रिया शुरू करें। महापौर ने क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक, प्रकाश व्यवस्था प्रभारी, और अतिक्रमण नियंत्रण अधिकारी को तत्काल प्रभाव से सुदृढ़ सफाई व्यवस्था, नालियों की सफाई और अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। साथ ही, उन्होंने वार्ड के पार्षद से भी संवाद कर नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने का भरोसा दिलाया।

महापौर ने यह स्पष्ट किया कि नगर निगम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से ले रहा है और सभी वार्डों में नियमित निरीक्षण की प्रक्रिया जारी रहेगी ताकि शहर को साफ, सुंदर और व्यवस्थित बनाया जा सके। स्थलीय निरीक्षण के समय पार्षद जितेंद्र सिंह, नगर आयुक्त डॉ0 बिपिन कुमार मिश्र, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, सहायक अभियंता जलकल, मुख्य सफ़ाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश दीक्षित, प्रकाश अधिक्षक व वार्डवासी मौजूद रहे।

# छोटे-छोटे प्रयासों से जैव विविधता के संरक्षण में योगदान दें

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** डॉ एमपी सिंह विभागअध्यक्ष जंतु विज्ञान पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने के कारण तापमान में वृद्धि हो रही है और पशु पक्षियों के लिए ऐसी गर्मी में जीवित रहना कठिन हो जाता है तो क्यों न हम कुछ छोटे-छोटे प्रयासों के माध्यम जैसे पक्षियों को दाना-पानी दें, उनके आवास बनाने के लिए कुछ जगह छोड़ें, प्रवेश द्वारों पर मच्छर वाली जाली न लगवाएं ताकि गौरैया, बुलबुल और स्विफ्ट जैसे कुछ छोटे पक्षी अपना आशियाना बनाएं वही उनके लिए दाना पानी भी रख दें। यह छोटा सा प्रयास हमारी बायोडायवर्सिटी के संरक्षण में सहायक होगा क्योंकि विभिन्न प्रकार के जीवो की उपस्थिति ही हमारे पर्यावरण को संतुलन बनाने में सहायक होती है। पक्षियों के आवास की समस्या डिफोरेस्टेशन तथा इंडस्ट्रियलिज्म के कारण बढ़ती जा रही है। वास्तव में ये पशु पक्षी हमारी लाइफको खूबसूरत बनाने में सहायक होते हैं। इनकी चहचहाहट एवं आवाज कानों को सुंदर लगती है तो क्यों न हम उनके संरक्षण में सहयोग करें। अभी हाल में ही हैदराबाद के 'लंग्स ऑफहैदराबाद' के नाम से मशहूर वन क्षेत्र जहां बेजुबान अपना आशियाना बिगड़ने से भाग रहे थे उसका वीडियो बड़ा मार्मिक था जिसका संज्ञान सुप्रीम कोर्ट ने भी लिया था पक्षी विज्ञानी इनकी भाषा को कहां पहचानते हैं परंतु हमारे लिए शायद मीनिंग्लेस आवाज होती है परंतु इनमें भी मनुष्यों की तरह पैत्रक संरक्षण की भावना अधिकांश में पाई जाती है। ये अपने जनन, भोजन एव सुरक्षा आदि के लिए स्थान का चयन बड़े अच्छे तरीके से करते हैं।

## मौलाना आलम मुस्तफा याक़ूबी ने ''सिंदूर ऑपरेशन'' पर भारतीय सेना को बधाई दी



**शिकोहाबाद।** इस्लामिक सेंटर, फ़िरोज़ाबाद के सचिव मौलाना आलम मुस्तफा याक़ूबी ने ''सिंदूर ऑपरेशन'' पर भारतीय सेना को बधाई देते हुए कहा कि आतंकवाद की समाप्ति देश और पूरे विश्व में शांति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे समय में सभी भारतवासी अपने देश की सेना के साथ हैं। और हम खुदा से दुआ करते हैं कि हर प्रकार का आतंकवाद समाप्त हो, और देशवासी अमन और चौन से जिंदगी गुज़ारें। ऐसे समय में सभी देशवासियों को आपसी एकता का सन्देश देना चाहिए। पहलगाम में आम लोगों के साथ 22 अप्रैल को जो घटना हुई थी, वह बर्बरता और आतंकवाद की बहुत भयानक तस्वीर थी।

## नेपाल के उपराष्ट्रपति को रुद्राक्ष का पौधा भेंट किया



**शिकोहाबाद।** स्वदेशी समाज सेवा समिति उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे वृक्ष दान अभियान के अतंर्गत नेपाल के उपराष्ट्रपति रामसहाय प्रसाद यादव को स्वदेशी समाज सेवा समिति के संस्थापक सचिव एवं जिला पर्यावरण समिति फ़िरोज़ाबाद के सदस्य विवेक यादव, रुद्राक्ष मेन, पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल इटावा के संस्थापक डाँ. कैलाश चन्द्र यादव, विवेकानन्द विद्यापीठ शिकोहाबाद के संस्थापक विजेन्द्र सिंह यादव, जनकपुर धाम वन प्राविधिक समाज जनकपुर धाम के महासचिव सुरेश प्रसाद शर्मा, वृजेश्वर सिंह, नवल किशोर यादव ने रुद्राक्ष के पौधे भेट किये। उपराष्ट्रपति ने समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, वाटिका स्थापना, वृक्षदान अभियान किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

## थाना जसराना पर पुलिस परामर्श केन्द्र का किया उद्घाटन



**फिरोजाबाद।** अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन जागृति फेस-04 के अन्तर्गत पारिवारिक विवादों को सुलझाने एवं उनके विधिक निस्तारण के लिए जनपद फिरोजाबाद के सर्किल जसराना में थाना जसराना पर पुलिस परामर्श केंद्र का उद्घाटन 8-5-2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जनपद फिरोजाबाद द्वारा किया गया। जिसमें प्रत्येक रविवार को पारिवारिक मामलों की समस्याओं को सुनकर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण विधिक रूप से निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्राधिकारी जसराना, प्रभारी निरीक्षक जसराना मय पुलिस टीम व जीजीआईसी जसराना के शिक्षकगण मौजूद रहे।

## श्रेया सिंह को लाइफटाइम एचीवमेंट व सत्यदेव मिश्र को मिला आईपी देसाई स्मृति पुरस्कार



**सुल्तानपुर।** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग ने परास्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया। इसमें एम ए के चारों सेमेस्टर में शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल रहने वाली छात्रा श्रेया सिंह को इंडियन सोशियोलॉजिकल सोसायटी का लाइफटाइम एचीवमेंट व छात्र सत्यदेव मिश्र को आईपी देसाई स्मृति पुरस्कार प्रदान किया गया। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि समाजशास्त्र सामाजिक संस्कृतियों का अध्ययन कर उनमें आई बुराइयों के प्रति हमें समय समय पर सचेत करता रहता है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे सजगता से इसका अध्ययन करें। रानी सिंह, पूर्णिमा सिंह, निशा और संजना ने समूह नृत्य, निधि तिवारी ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया। एम ए द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को उपहार भेंटकर भावभीनी विदाई दी। विद्यार्थियों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए।स्वागत विभागाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह , आभार ज्ञापन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अखिलेश सिंह व संचालन सत्यदेव मिश्र ने किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य प्रोफेसर निशा सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ बृजेश सिंह, डॉ शालिनी सिंह, वीरेंद्र कुमार गुप्त सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2025

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ निम्नलिखित विवरण के अनुसार चलायेगी:-

उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति | चलने के दिन | चलने के तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 09.05.25 से 11.07.25 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 10.05.25 से 12.07.25 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:40 | त्रि-साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि-साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 09.05.25 से 11.07.25 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शनि | 17.05.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 18.05.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि-साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | भटिंडा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | भटिंडा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि-साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 09.05.25 से 10.07.25 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 10.05.25 से 12.07.25 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 11.05.25 से 13.07.25 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि-साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 09.05.25 से 11.07.25 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 11.05.25 से 13.07.25 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि-साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेंद्र नगर | 07:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 21.05.25 से 25.06.25 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 23.05.25 से 27.06.25 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04324 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार एम | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या धाम जंक्शन | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.25 से 29.06.25 तक |
| 05741 | अयोध्या धाम जंक्शन | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 19.05.25 से 30.06.25 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 14.05.25 से 16.07.25 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 16.05.25 से 18.07.25 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 19.05.25 से 14.07.25 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार एम | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 21.05.25 से 16.07.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि-साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि-साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01441 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 29.05.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# लुटेरी दुल्हन ने सर्राफा व्यापारी को बनाया शिकार

**लाखों की ज्वैलरी व नकदी लेकर फरार**

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** हमीरपुर के सदर कोतवाली क्षेत्र में एक सनसनीखेज घटना ने स्थानीय लोगों को हैरान कर दिया।

एक सर्राफा व्यापारी शादी के महज दो दिन बाद लुटेरी दुल्हन का शिकार बन गया। दुल्हन लाखों रुपये की ज्वैलरी और नकदी लेकर फरार हो गई। पीड़ित ने सदर कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, शहर के एक सर्राफा कारोबारी ने मध्य प्रदेश के एक गांव की युवती से 5 मई को शादी रचाई थी। शादी एक बिचौलिए ने 2 लाख रुपये लेकर तय कराई थी। शादी के बाद दुल्हन को विदा कराकर व्यापारी अपने घर ले आया। रात में कथा और रस्में निभाई गई, और दंपति किराए के मकान में रुके। दुल्हन ने थकान का बहाना बनाकर जल्दी सोने की बात कही। अगले दिन सुबह, 6 मई को व्यापारी अपनी दुकान पर काम के लिए निकल गया।

शाम को घर लौटने पर उसे दुल्हन गायब मिली। दुल्हन घर में रखे सारे जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गई थी। पीड़ित ने बताया कि वह शादी से पहले बिचौलिए को 2 लाख रुपये दे चुका था, और अब दुल्हन द्वारा चुराई गई ज्वैलरी की कीमत भी लाखों में है। पीड़ित का आरोप है कि इस धोखाधड़ी में बिचौलिए की भी मिलीभगत हो सकती है, क्योंकि दुल्हन के फरार होने के बाद उसका कोई अता-पता नहीं है। सदर कोतवाली में दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। क्राइम इंस्पेक्टर डी.के. मिश्रा ने बताया कि दुल्हन और बिचौलिए की तलाश में टीमें गठित की गई हैं, और जल्द ही मामले में कार्रवाई होगी। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। सर्राफा व्यापारी समुदाय में इस ठगी ने सनसनी फैला दी है। लोग अब शादी के लिए बिचौलियों पर भरोसा करने से पहले सतर्कता बरतने की सलाह दे रहे हैं। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं यह दुल्हन किसी बड़े ठगी गिरोह का हिस्सा तो नहीं।

# दुनिया से आतंकवाद का खात्मा होना चाहिए : मौलाना ज़ैदी



**भारत का पाक आतंकी ठिकानों पर हमला सराहनीय कदमः फुरकान**

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** शिया धर्मगुरु मौलाना सैयद अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा ने कहा है भारतीय फौज ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर जो एयर स्ट्राइक कर पहलगाम के निर्दोष पर्यटकों की जान का बदला लिया उसके लिए केंद्र सरकार और भारतीय फौज को दिली मुबारकबाद देता हूं। पाक के आतंकी ठिकानों पर हमला देश हित मे बहुत जरूरी था। दुनिया से आतंकवाद का खात्मा होना चाहिए। पूर्व नगर पालिका चेयरमैन फुरकान अहमद ने भारतीय फ़ौज ने जिस बहादुरी के साथ पाक के आतंकी ठिकानों पर हमला किया वह एक सराहनीय कदम है। पूरा देश चाहता था कि भारत सरकार पहलगाम में मारे गए निर्दोष पर्यटकों की जान का बदला ले। भारतीय फ़ौज को बहुत-बहुत बधाई। शिया समाज की अंजुमने हैदरी कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज़ नक़वी ने कहा कि कोई भी धर्म हो, मजहब हो वह यही चाहता है कि आतंकवाद का खात्मा हो, भारतीय फौज ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर जो हमला किया और कामयाबी हासिल की वह एक सराहनीय कदम है, केंद्र सरकार आतंकवाद का खात्मा करने में पूरी तरह सक्षम है।

## आज राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा शहीद हवलदार सूरज सिंह का अंतिम संस्कार

**इटावा।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर हयात उल्लाह ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि 06 मई 2025 को जम्मू-कश्मीर सीमा पर दुश्मन सेना से लड़ते हुए शहीद हुए जनपद इटावा के शहीद हवलदार सूरज सिंह का अंतिम संस्कार आज 09 मई को प्रातः8 बजे प्रेम का पुरा शमशान घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। पार्थिव शरीर को सड़क मार्ग से सेना की एम्बुलेंस से 08 मई को सायं 7 बजे जिला अस्पताल मोतीझील मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया है। श्री हयात उल्लाह ने बताया कि पार्थिव शरीर को 09 मई को प्रातः0600 बजे सेना के 3 वाहनों में सेना के शोक गार्डो के साथ मोतीझील मोर्चरी से चकर नगर स्थित शहीद के आवास पर ले जाया जाएगा। शहीद के पार्थिव शरीर को सुबह 7:00 बजे से 8:00 बजे तक प्रेम का पुरा, चकरनगर, इटावा स्थित उनके निवास स्थान पर राज्य पुलिस गार्ड और सेना गार्ड द्वारा पूरे राजकीय सम्मान के साथ रखा जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## एसएसपी ने जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी समस्याएं



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया, जिसमें अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन लेकर उन्हें न्यायोचित/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया। एस एस पी ने विभिन्न थानाक्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतो को गंभीरतापूर्वक सुना एवं संबंधित राजपत्रित अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारी से स्वयं वार्ता कर आवेदकों की शिकायत का निराकरण किये जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का तत्परता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना इटावा पुलिस की प्राथमिकता है।

## हमीरपुर में अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई, 3.47 करोड़ का जुर्माना, 41 वाहनों पर चालान




**हमीरपुर।** जिलाधिकारी के आदेश पर खनिज विभाग और भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तर प्रदेश की संयुक्त टीम ने जिले में अवैध खनन के खिलाफ सघन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान 17 पट्टाधारकों द्वारा स्वीकृत क्षेत्र से बाहर अवैध/अतिरिक्त खनन करने का मामला सामने आया, जिसके लिए 3.47 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाते हुए नोटिस जारी की गई।इसके अतिरिक्त, 1 मई 2025 से 7 मई 2025 तक चले अभियान में अवैध खनन, परिवहन और ओवरलोडिंग के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान 41 वाहनों पर ऑनलाइन चालान की कार्यवाही हुई, जिसमें 24 वाहनों पर शमन/जुर्माना लगाकर 12 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया गया।जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में अवैध खनन और परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी। जांच के दौरान लिए गए फोटोग्राफ्स को साक्ष्य के रूप में संलग्न किया गया है।

## आवारा कुत्तों के झुंड ने मासूम पर किया हमला, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**हमीरपुर।** राठ कोतवाली क्षेत्र के जुलहटी में आवारा कुत्तों के झुंड ने घर के बाहर खेल रहे एक मासूम बच्चे पर हमला कर दिया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े और उसे किसी तरह बचाया। घटना स्थानीय सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे क्षेत्र में आवारा कुत्तों के खतरे की गंभीरता उजागर हुई है। मासूम के पिता ने इस घटना के बाद प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर आवारा कुत्तों को पकड़ने और क्षेत्र में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है। पुलिस और प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्रवासियों में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक को लेकर दहशत का माहौल है।

## तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजार ने 32 साला बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर बाइक सवार ने तोड़ा दम



**राठ।** हमीरपुर में मृतक जाकिर उम्र 32 वर्ष ग्राम कोठा राठ से कटहल लेकर अपनी बाइक से मौदहा मंडी सुबह 5:00 बजे जा रहा था धनौरी के आगे सामने से आ रही तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजार P,91,S,9332 ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे मृतक गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की मदद से राठ चिकित्सालय लाया गया जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया मृतक जाकिर 32 वर्ष के पिता सय्यदीन ने बताया कि जाकिर के तीन बच्चे हैं दो लड़की एक लड़का बड़ी लड़की की उम्र 5 वर्ष छोटी लड़की की उम्र 3 वर्ष एक लड़का एक वर्ष का है जाकिर सरीला का निवासी है जो सब्जी का काम करता था राठ के ग्राम कोठा से कटहल के बगीचे से कटहल ले कर मौदहा मंडी बेचने जा रहा था तभी स्विफ्ट डिजार वाला रॉन्ग साइड से आकर बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी जो की बाइक सवार अपनी साइड से जा रहा था लेकिन अचानक स्विफ्ट डिजार P,91,S,9332 वाले ने रॉन्ग साइड आकर आमने सामने से मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार बुरी तरीके से घायल हो गया। घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है मृतक के शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेजा

## अपराध नियंत्रण और जनसुनवाई मेरी पहली प्राथमिकता होगी : कप्तान



**इटावा।** जिले के नवांगत एसएसपी बृजेश श्रीवास्तव ने कौशाम्बी से इटावा आकर जिले की कमान संभाल ली। उन्होंने गुरुवार को अपना चार्ज ग्रहण कर लिया। चार्ज ग्रहण करने के पश्चात एसएसपी बृजेश श्रीवास्तव ने कहा कि अपराध नियंत्रण और जनसुनवाई मेरी पहली प्राथमिकता होगी। अपराध नियंत्रण और अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा और कोई भी अपराधी पुलिस से बच नहीं पायेगा। उन्होंने कहा कि जेल से छूटने वाले अपराधियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी और उनका सत्यापन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए ट्रैफिक व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि पीड़ितों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। इससे पूर्व जिले के नवांगत एसएसपी बृजेश श्रीवास्तव का एसपी सिटी, एसपी ग्रामीण, एसपी क्राइम, समस्त सीओ, थाना प्रभारियों और एसएसपी कार्यालय के स्टाफ ने बुके देकर और माल्यार्पण कर गर्मजोशी से स्वागत किया।

## छह साल की बच्ची से दुष्कर्म करने वाला बाबा गिरफ्तार



**शाहजहांपुर।** थाना मदनापुर पुलिस ने छह साल की बच्ची से दुष्कर्म करने वाले आरोपी बाबा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बीते सोमवार की रात थाना मदनापुर क्षेत्र के एक गांव में बारात थी। शादी समारोह के दौरान डीजे पर अन्य बच्चों के साथ गांव की एक छह साल की बच्ची भी खेलकूद कर नाच रही थी। इसी दौरान कोई अज्ञात व्यक्ति उस बच्ची को खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। खून से लथपथ बच्ची किसी तरह अपने घर पहुंची और बेहोश हो गई। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां डाक्टरों ने उसकी गंभीर हालत देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डरी सहमी बच्ची ने बताया कि उसके साथ गलत काम करने वाला बाबा जैसा दिखता है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाबा के खिलाफ दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की और आरोपी की तलाश शुरू की। विवेचना के दौरान मदनापुर थाना क्षेत्र में रहने वाले बाबा जुगेंद्र का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना पर कटरा-जलालाबाद रोड पर चंदोखा तिराहे से आरोपी बाबा जुगेंद्र को गिरफ्तार किया। फिलहाल, मदनापुर पुलिस ने छह साल की बच्ची से हैवानियत करने वाले आरोपी बाबा जुगेंद्र को जेल भेज दिया है।

# पौषटिक आहार एवं हाइजीनिक किट का किया गया वितरण



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** रेड क्रॉस के संस्थापक सर जिन हेनरी ड्यूनाट के जन्मदिवस पर आज विश्व रेडक्रॉस दिवस मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में मुख्य अतिथि रेड क्रॉस के अध्यक्ष जिलाधिकारी महोदय बी.एन. सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी महोदया जागृति अवस्थी की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा सर जिन हेनरी डूयूनॉट के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया । कमेटी के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत पौधा एवं अंग वस्त्र देकर किया गया। रेड क्रॉस शाखा सोनभद्र के कमेटी के सदस्यों के परिचय उपरांत रेडक्रॉस शाखा द्वारा गोद लिए गए 25 क्षय रोग से ग्रसित बच्चों एवं 6 कुष्ठ रोग से ग्रसित रोगियों को पौष्टिक आहार एवं हाइजीनिक किट वितरण किया गया । रेड क्रॉस की तरफ से राजकीय मेडिकल कॉलेज को पाँच व्हील चेयर रोगियो के सुविधाओं हेतु दिया गया तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा डॉ. प्रमोद प्रजापति, डॉ. अरविंद कुमार सिंह, श्रीमती पूनम, विनय श्रीवास्तव, श्री धर्मेंद्र जायसवाल को रेड क्रॉस में अच्छे कार्यो हेतु प्रशंसा पत्र दिया गया। जिलाधिकारी महोदय ने इस दौरान रेड क्रॉस शाखा द्वारा किये गये मानवीय कार्यो की प्रशंसा की गई एवं आई.एम.ए. के चिकित्सकों से आह्वान किया गया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के रोगियों को मानवीय दृष्टि से शुल्क तथा दवाएँ निःशुल्क उपलब्ध कराए । रेड क्रॉस से जुड़े व्यवसाइयों से अपील किया गया कि सामाजिक कार्यो को और अधिक गतिशील करें नए सदस्य बनाए और जनपद वासियों को अधिक से अधिक सुविधाएँ दिलाने में सहयोग करें।

## जनपद न्यायालय परिसर में सूखे पेड़ों की नीलामी 15 मई को

**हमीरपुर।** जनपद न्यायालय हमीरपुर के आवासीय एवं अनावासीय परिसरों में लगे सूखे पेड़ों की कटाई और नीलामी के लिए 15 मई 2025 को दोपहर 2:00 बजे नीलामी आयोजित की जाएगी। यह निर्णय माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देश और जनपद न्यायाधीश के 28 अप्रैल 2025 के आदेश के अनुपालन में लिया गया है।जानकारी के अनुसार, न्यायालय परिसर में चार सूखे पेड़ों का मूल्यांकन 4,766 रुपये और आवासीय परिसर में तीन सूखे पेड़ों का मूल्यांकन 3,252 रुपये किया गया है, जिसका कुल मूल्य 8,018 रुपये है। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति 15 मई 2025 को सुबह 11:00 बजे तक केन्द्रीय नजारत अनुभाग में आधार कार्ड, पैन कार्ड और 1,000 रुपये की जमानत राशि के साथ आवेदन जमा कर सकते हैं। नीलामी की प्रमुख शर्तें प्रत्येक बोलीदाता को 1,000 रुपये की जमानत राशि नगद जमा करनी होगी।उच्चतम बोली स्वीकार की जाएगी।स्वीकृत बोली की जमानत राशि को नीलामी राशि में समायोजित किया जाएगा, शेष राशि तुरंत जमा करनी होगी। बोलीदाता को एक सप्ताह के भीतर सुरक्षा के साथ पेड़ों की कटाई और परिसर की साफ-सफाई करानी होगी।

# माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में एयर रेड मॉक ड्रिल का हुआ आयोजन



**विद्यार्थियों को आपातकालीन स्थिति से अवगत कराया गया**

वहाज अली निहाल


**इटावा।** माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में गुरुवार को विद्यार्थियों की सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एयर रेड (हवाई हमला) मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ को आपातकालीन स्थिति में आवश्यक सतर्कता और त्वरित प्रतिक्रिया के बारे में प्रशिक्षण देना था। ड्रिल की शुरुआत प्रातःकालीन प्रार्थना सभा(मॉर्निंग असेंबली)में एक डेमो सत्र के साथ की गई, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं का प्रदर्शन किया गया। छात्रों ने मंच पर आकर यह प्रदर्शित किया कि हवाई हमले जैसी आपात स्थिति में किस प्रकार शांति बनाए रखते हुए सुरक्षित स्थानों तक पहुँचना चाहिए। इस डेमो में 'ड्रॉप, कवर और होल्ड'(झुको, सिर ढको और स्थान बनाए रखो)तकनीक को भी दर्शाया गया। प्रशिक्षण के दौरान, विद्यालय परिसर में अचानक हवाई हमले की चेतावनी (सायरन)बजाई गई। इसके पश्चात छात्रों को शिक्षकों के निर्देशानुसार सुरक्षित स्थानों की ओर ले जाया गया। पूरी प्रक्रिया में छात्र संगठित ढंग से जमीन पर झुककर, सिर को सुरक्षित रखते हुए निर्धारित शरण स्थानों (safe zones) में पहुँचे। इस अभ्यास की निगरानी विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज शर्मा एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी द्वारा की गई। प्रधानाचार्य श्री शर्मा ने बताया, हमारा उद्देश्य केवल शैक्षणिक विकास ही नहीं, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में बच्चों की सुरक्षा एवं सजगता को भी सुदृढ़ बनाना है। ऐसे मॉक ड्रिल से बच्चों में आत्मविश्वास और जागरूकता दोनों का विकास होता है। विद्यालय के कार्यक्रम प्रमुख श्री विनय शील पठानिया जी ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे सुरक्षा अभ्यास समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि छात्र एवं स्टाफ किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पूर्णतः तैयार रहें। ड्रिल के अंत में छात्रों को आपदा प्रबंधन के टिप्स भी दिए गए और यह समझाया गया कि घबराने की बजाय सूझबूझ से स्थिति का सामना कैसे किया जाए। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ के अनुशासन और सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

## एनटीपीसी विंध्याचल की सीएसआर टीम ने पार्षदों के साथ परामर्श बैठक का किया आयोजन



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल की नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व टीम ने स्थानीय वार्ड पार्षदों के साथ एक परामर्श बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य वर्तमान सीएसआर पहलों की समीक्षा करना तथा समुदाय की आवश्यकताओं के आधार पर प्रस्तावित विकास कार्यों पर चर्चा करना था। इस बैठक में वार्ड पार्षदों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को सामने रखा। साथ ही, आवश्यक वस्तुओं के लिए एनटीपीसी से सहयोग की मांग की। इस अवसर पर राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल), मृणालिनी, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), प्रणव वर्मा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), कुंदन किशोर, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), निखिल जायसवाल, कार्यपालक, सीएसआर तथा पार्षदगण उपस्थित रहे। यह संवाद एनटीपीसी की समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है तथा स्थानीय समुदाय के साथ उसके संबंधों को और भी मजबूत करता है।

## ओबरा पॉवर प्लांट में लगी आग की घटना पर मौके पर पहुंच कर डीएम व पुलिस अधीक्षक ने लिया जायजा



**सोनभद्र/ओबरा।** जिलाधिकारी बीएन सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने ओबरा पॉवर प्लांट में लगी आग की घटना पर मौके पर पहुंचकर जायजा लिया इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि ओबरा पावर प्लांट में लगी आग की घटना जॉच टीम गठित कर करायी जायेगी जिससें कि इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न होने पाये जॉच टीम में राजस्व विभाग पुलिस विभाग अग्निशमन विभाग व सीआईएसएफ व पावर प्लांट के अधिकारीगण के संयुक्त टीम के माध्यम से जॉच करायी जायेगी।

## नशे में धुत होमगार्ड का वीडियो वायरल

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में कुरारा थाने में तैनात होमगार्ड रमेश कुमार का नशे में धुत होकर सड़क किनारे लोटने का वीडियो वायरल हो गया है। यह घटना झलोखर गांव की बताई जा रही है, जहां रमेश कुमार शराब के नशे में सड़क पर असहाय हालत में दिखाई दिए। वीडियो में उनकी स्थिति ने न केवल स्थानीय लोगों का ध्यान खींचा, बल्कि विभागीय छवि पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।स्थानीय लोगों ने इस वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए होमगार्ड विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं कानून-व्यवस्था के प्रति जनता का भरोसा कम करती हैं। एक स्थानीय निवासी ने बताया, जो लोग हमारी सुरक्षा के लिए तैनात हैं, उनकी ऐसी हालत देखकर निराशा होती है।

# जिलाधिकारी ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं कि की समीक्षा

अवधनामा ब्यूरो



**प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से हर पात्र व्यक्ति को किया जाये लाभान्वित : जिलाधिकारी**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में महिला कल्याण विभाग (जिला प्रोबेशन कार्यालय) द्वारा संचालित योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने प्रोबेशन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से हर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाये सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जायें जनपद के समस्त समुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, 'निराश्रित महिला पेंशन (विधवा पेंशन), स्पॉन्सरशिप योजना की पात्रता एवं शर्तो को वाल पेंटिंग के माध्यम से लिखाया जाये जिससे कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से हर पात्र व्यक्ति जुड़कर लाभान्वित हो सके समय-समय पर विद्यालयों ब्लॉक परिसर व तहसीलों में भी इसका व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाये। वन स्टॉप सेन्टर के बाहर जिला संयुक्त चिकित्सालय गेट पर महिला उत्पीडन की शिकार महिलाओं दी जाने वाली सुविधाओं व वन स्टॉप सेन्टर से सम्बन्धित बोर्ड लगाया जाये। बाल गृह बालिका में अवासित बालिकाओं की शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधायें उपलब्ध करायी जाये इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये जिला प्रोबेशन अधिकारी व अन्य अधिकारी द्वारा बाल गृह बरालिका का औचक निरीक्षण किया जाये बाल गृह बालिका में रह रही बालिकाओं के समय-समय पर काउसंलिगं करायी जाये।

## हमीरपुर आईजीआरएस रैंकिंग में छठवां स्थान

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी धनश्याम मीना के कुशल मार्गदर्शन में जनपद हमीरपुर ने अप्रैल 2025 की आईजीआरएस रैंकिंग में प्रदेश में छठवां स्थान हासिल किया है। प्रदेश स्तर पर जारी रैंकिंग में जनपद को 85 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं, साथ ही शिकायतकर्ताओं से प्राप्त संतुष्टि फीडबैक में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कुमार चक्रेश त्रिवेदी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनसमस्याओं का गंभीरता से निस्तारण किया जा रहा है। शिकायतों के समाधान के बाद फीडबैक के आधार पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। संबंधित अधिकारी शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर स्थलीय निरीक्षण के माध्यम से समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण कर रहे हैं।जिलाधिकारी द्वारा जनता दर्शन में सभी उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी और अन्य अधिकारी ऑनलाइन जुड़कर शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हैं।

# सभी पर्यटन स्थलों को किया जाएगा प्लास्टिक मुक्त

**आबादी में चलाए गए अभियान में 200 किलो प्लास्टिक कचरा किया गया इकट्ठा**

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जनपद में चल रहे प्लास्टिक मुक्त सोनभद्र अभियान के तहत भारत का स्विट्जरलैंड कहा जाने वाले जनपद सोनभद्र के प्राकृतिक एवं पर्यटन स्थलों को प्लास्टिक मुक्त किया जाएगा। जिससे सोनभद्र में पर्यटकों का साफ और स्वच्छ स्थल उपलब्ध कराया जा सके। जिसके तहत आज जागृति अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र ने अपने टीम के साथ इसकी शुरुआत पहाड़ों के बीच पर्यटन स्थल आबादी जिसको मिनी गोवा भी कहा जाता है से प्लास्टिक मुक्त कर इसकी शुरुआत किया गया। जागृति अवस्थी के नेतृत्व में पूरे क्षेत्र को प्लास्टिक और कचरा मुक्त करने के लिए चार भागों में बांटा गया। एक भाग की जिम्मेदारी इन्होंने स्वयं पकड़ी तथा दूसरे भाग में जिला विकास अधिकारी हेमंत सिंह, तीसरे भाग में डीसी मनरेगा रविंद्र वीर एवं चौथा भाग में जिला पंचायत अधिकारी नमिता शरण को दिया। चारों टीमों में गांव के सभी लोग, कर्मचारी तथा स्कूल के बच्चों को भी बाटा गया। टीम ने पूरे पिकनिक स्पॉट में फैले हुए प्लास्टिक एवं कूड़े को बिन कर इकट्ठा किया। आज लगभग 200 किलो प्लास्टिक इकट्ठा किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों एवं ग्रामीण जनों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पर्यटन स्थल प्रकृति के द्वारा दिया एक सुंदर तोहफा है पर्यटकों को साफ और सुन्दर स्थल उपलब्ध रहना चाहिए लेकिन यहां पर लोग घूमने के लिए आते हैं एवं लोक प्लास्टिक एवं छोड़कर स्थल को गंदा कर देते हैं। सभी सार्वजनिक जगह और पर्यटन स्थलों को साफ रखना सभी की जिम्मेदारी है। जो भी पर्यटक यहां आए उनकी भी जिम्मेदारी है कि वह अपने प्लास्टिक और कूड़े को उचित स्थान कूड़ेदान में रखें। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों का भी आह्वान किया कि अपने कार्यस्थल के जनपद को साफ रखे और लोगों को जागरूक करें जिससे कि हमारा जनपद सफाई के साथ ही प्लास्टिक मुक्त हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि जनपद के जो भी सार्वजनिक एवं पर्यटन स्थल हैं उन सबों को चरणबद्ध तरीके से साफ कर प्लास्टिक मुक्त किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री इण्डिया बुलियन एण्ड ज्वेलर्स एसोसिएशन के कॉन्क्लेव '08 साल बेमिसाल' में हुए सम्मिलित

# जेम्स एण्ड ज्वेलर्स का भारत की अर्थव्यवस्था में एक बड़ा योगदान

- देश की जी.डी.पी. में रत्न और आभूषण उद्योग की 07 प्रतिशत हिस्सेदारीः मुख्यमंत्री
- देश में सुरक्षा, व्यापार एवं निवेश का एक नया वातावरण बना
- उ.प्र. की अर्थव्यवस्था मात्र 08 वर्षों में 30 लाख करोड़ रू. की हो गई
- प्रति व्यक्ति आय 01 लाख 10 हजार रू. तक पहुंची
- उ.प्र. रेवेन्यू सरप्लस स्टेट, यह भारत की इकोनॉमी का ग्रोथ इंजन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इण्डिया बुलियन एण्ड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) कॉन्क्लेव प्रदेश सरकार के 08 साल बेमिसाल अभियान को एक गति देने के लिए आयोजित किया गया है। अर्थव्यवस्था की दृष्टि से जेम्स और ज्वेलर्स की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। जेम्स एण्ड ज्वेलरी सेक्टर में हमें समाज की मांग के अनुरूप उत्पादों को तैयार करना होगा। इसके उत्पादों को बेहतरीन डिजाइन, पैकेजिंग के साथ मार्केट उपलब्ध करवाना अत्यन्त आवश्यक है। जिस प्रकार 'एक जनपद एक उत्पाद' योजना ने उत्तर प्रदेश को पहचान दिलाई है, उसी प्रकार जेम्स एण्ड ज्वेलर्स की भूमिका हो सकती है। मुख्यमंत्री यहां इण्डिया बुलियन एण्ड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के कॉन्क्लेव '08 साल बेमिसाल' कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को एक प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि जेम्स एण्ड ज्वेलर्स का भारत की अर्थव्यवस्था में एक बड़ा योगदान है। देश की जी.डी.पी. में रत्न और आभूषण उद्योग की 07 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। गोल्ड इम्पोर्ट के माध्यम से देश को इम्पोर्ट ड्यूटी प्राप्त होती है। जब एक उपभोक्ता ज्वेलर्स से ज्वेलरी खरीदता है, तब वह जी.एस.टी. के माध्यम से अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में अपना योगदान करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सुरक्षा का एक बेहतर वातावरण हो, पर्यटन के साथ अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप लोग खरीददारी कर सकें, यह किसी भी चुनी हुई सरकार की जिम्मेदारी है। विगत 10 वर्षों में देश में तथा विगत 08 वर्षों में प्रदेश में आप लोगों ने इस प्रकार के माहौल का एहसास किया होगा। देश में सुरक्षा, व्यापार एवं निवेश का एक नया वातावरण बना है। हम एक नए भारत में रह रहे हैं, जिसमें विश्वस्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 08 वर्ष पूर्व कानून व्यवस्था की दृष्टि से देश में उत्तर प्रदेश की स्थिति सर्वाधिक खराब थी। प्रदेश में सुरक्षा का कोई वातावरण नहीं था। प्रदेश में दंगे होते थे, पर्व व त्योहार मनाने के लिए सुरक्षित माहौल नहीं था। न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी सुरक्षित था। प्रदेश में अराजकता का माहौल था। इन स्थितियों में 08 वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर विश्वास करते हुए उत्तर प्रदेश की जनता ने वर्तमान प्रदेश सरकार के पक्ष में जनादेश दिया था। विगत 08 वर्षों में उत्तर प्रदेश दंगा मुक्त होने के साथ ही माफिया मुक्त भी हुआ है। प्रदेश में सभी जाति, मत, मजहब एवं सम्प्रदाय के लोग अपने-अपने पर्व व त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाते हैं। कहीं भी किसी प्रकार की कोई बाधा नहीं होती है। प्रदेश में सुरक्षा का एक बेहतरीन वातावरण है। सुरक्षा और सौहार्द के बेहतरीन वातावरण में व्यापार की अनन्त सम्भावनाएं भी आगे बढ़ी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश 25 करोड़ की आबादी वाला राज्य है। आस-पड़ोस के राज्य भी शिक्षा, रोजगार तथा व्यापार के लिए उत्तर प्रदेश पर निर्भर हैं। प्रदेश लगभग 30 करोड़ की आबादी की व्यापार, रोजगार, स्वास्थ्य एवं शिक्षा आदि आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। वर्ष 2017 के पूर्व साइबर अपराध की रोकथाम के लिए प्रदेश में मात्र एक साइबर थाना था। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में साइबर अपराध को रोकने के लिए एक-एक साइबर थाना है। हर थाने में एक साइबर हेल्पडेस्क भी बनाई गई है।

# गांवों में एफ.डी.आर. तकनीक से बन रही हैं पीएमजीएसवाई की सड़कें

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई जा रही सड़कों को एफ डी आर तकनीक से बनाये जाने के सफल प्रयोग के बाद उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने योजना से सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि पी एम जी एस वाई के तहत बनाई जा रही सभी सड़कों का निर्माण एफ डी आर तकनीक से ही किया जाय, इसके बहुत ही सार्थक व सकारात्मक परिणाम निखर कर आये हैं। प्रदेश में पहली बार एफ.डी.आर. तकनीक के द्वारा पूर्व से बनी सड़कों के क्रस्ट में उपलब्ध पुरानी गिट्टी को ही सीमेन्ट और विशेष प्रकार के आईआर.सी एक्रीडेटेड स्टेब्लाईजर को विशेष मशीनों से रिक्लेम एवं मिश्रित करते हुये सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। एफ.डी.आर. मार्गो का डिजाइन एवं टेस्टिंग आई0आई0टी0, सी आर आर आई, एनआईटी से किया जा रहा है। इस तकनीक पर आधारित निर्माण होने पर बिना नयी गिट्टी लाये हुए पुरानी गिट्टी का प्रयोग कर सड़क बनायी जा रही है, जिससे प्राकृतिक संसाधनों का दोहन अत्यधिक कम हो रहा है, तथा इससे कार्बन फुट प्रिन्ट में अत्यधिक कमी हो रही है। इस तकनीक से निर्मित मार्गों के निर्माण में कम लागत से अत्यधिक मजबूत व टिकाऊ एवं शीघ्रता से मार्गों का निर्माण हो रहा है। पी आर आर डी ए के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह ने बताया उत्तर प्रदेश एफ.डी.आर. तकनीकी पर ग्रामीण मार्गों के निर्मित करने में अग्रणी भूमिका में है तथा इस तकनीकी को अन्य राज्यों में लागू करने हेतु कार्यशाला एवं फील्ड ट्रेनिंग उ.प्र. द्वारा बिहार, राजस्थान, त्रिपुरा, मणीपुर, आन्ध्र प्रदेष, पंजाब, पश्चिम बंगाल, झारखण्ड, उड़ीसा, मध्य प्रदेष, नागालैण्ड, मेघालय, असम को दी जा चुकी है। अन्य राज्यों को भी एफ.डी.आर. तकनीक का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# कलाकारों के लिए कलाकार कल्याण बीमा योजना शुरू होगी : जयवीर सिंह

- लुप्तप्राय होते जा रहे वाद्य यंत्रों को किया जायेगा संरक्षित



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने संस्कृति विभाग उ.प्र. की आज पर्यटन भवन में समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि लोक कलाकारों के लिए कलाकार कल्याण बीमा योजना शुरू की जाए। इसके साथ ही कलाकारों के पंजीकरण से लेकर कार्यक्रम आवंटित एवं भुगतान किये जाने तक की सम्पूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी बनायी जाये। किसी भी कलाकार को कार्यक्रम आवंटित करते समय इस संबंध में जारी शासनादेश का 100 फीसदी पालन सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रमों के आवंटन में भेदभाव पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर जेल भेजा जायेगा। उन्होंने वृद्ध कलाकारों की मासिक पेंशन 2000 रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 4000 रुपये किये जाने के निर्देश दिए।

जयवीर सिंह ने संस्कृति विभाग की गहन समीक्षा करते हुए कई प्रकरणों में स्थापित प्रक्रिया का पालन न किये जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने भविष्य में ऐसा न किये जाने के लिए चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि पेंशन पाने के योग्य वृद्ध कलाकारों की तालाश हेतु विज्ञापन निकाल कर उन्हें पेंशन की सुविधा सुलभ करायी जाए। इसके साथ ही प्रदेश के लोक कलाकारों का व्हाट्सअप ग्रुप भी बनाया जाये, जिससे उनसे संबंधित सूचना प्राप्त होती रहे। उन्होंने कार्यक्रम आवंटित होने पर 50 प्रतिशत की धनराशि अग्रिम देने तथा कार्यक्रम सम्पन्न होने के एक सप्ताह के अन्दर पूरा भुगतान दिये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी कलाकारों को समान रूप से कार्यक्रम आवंटित किये जाएं।

पर्यटन मंत्री ने यह भी निर्देश दिये किये 01 अप्रैल, 2025 से कार्यक्रमों के आवंटन में शतप्रतिशत शासनादेश का अनुपालन किया जाय। बड़े एवं मंहगे कलाकारों की जगह स्थानीय कलाकारों को मौका दिया जाय, इससे पंजीकृत सभी कलाकारों को प्रदर्शन का अवसर मिलेगा।

# राजधानी लखनऊ बनेगा दुश्मनों का काल 'ब्रह्मोस'

- रक्षामंत्री करेंगे सुपरसोनिक मिसाइल 'ब्रह्मोस' की फैक्ट्री का उद्घाटन




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच भारत अपनी सामरिक क्षमता को और धार देने जा रहा है। दुनिया की सबसे विध्वंसक मानी जाने वाली सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल 'ब्रह्मोस' का निर्माण अब उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी परियोजना डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर 11 मई को ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण यूनिट का उद्घाटन किया जायेगा। ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा स्थापित की जा रही यह यूनिट 300 करोड़ रुपए के निवेश से तैयार हुई है और भारत को आत्मनिर्भर रक्षा प्रणाली की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि दिलाने वाली है। अधिकृत सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि योगी सरकार ने दिसंबर 2021 में ब्रह्मोस प्रोजेक्ट के लिए लखनऊ में 80 हेक्टेयर भूमि निःशुल्क आवंटित की थी। सिर्फ 3.5 वर्षों में इस परियोजना को निर्माण से उत्पादन की अवस्था तक लाना प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शा रहा है। डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना का संचालन कर रही यूपीडा के एसीईओ श्रीहरि प्रताप शाही ने बताया कि योगी की मंशा के अनुरूप, प्रदेश सरकार की ओर से ब्रह्मोस मिसाइल की मैन्युफैक्चरिंग के लिए भूमि निशुल्क उपलब्ध कराई गई है और यूनिट के विकास पर लगातार नजर रखी गई है।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पर राष्ट्रीय एकता को क्षति पहुंचाने की रिपोर्ट दर्ज



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ चेतगंज थाने में खिलौने पर नींबू मिर्ची लटकाकर राफेल को लेकर टिप्पणी के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। चेतगंज पुलिस ने यह कार्रवाई राष्ट्रवादी हिन्दू शक्ति वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता की तहरीर पर की है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ राष्ट्रीय एकता को क्षति पहुंचाने, फर्जी बयानबाजी से अफवाह फैलाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

राष्ट्रवादी हिन्दू शक्ति वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष छावनी निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता के मुताबिक वह 5 मई को अपने संगठन के कार्यालय जगतगंज, लहुराबीर पर अपने प्रमुख पदाधिकारियों के साथ बैठे थे। इस दौरान पता चला कि अजय राय ने सार्वजनिक रूप से एक खिलौना विमान को नीबू-मिर्ची बांधकर मीडिया के माध्यम से प्रस्तुत किया।

खिलौना विमान की तुलना भारत के आन बान शान राफेल लड़ाकू विमान से करते हुए राफेल लड़ाकू विमान को नकारा बताते हुए भारतीय सेना का उपहास सार्वजनिक रूप से उड़ाते राष्ट्र की सुरक्षा व्यवस्था का मजाक उड़ाया। अजय राय के इस टिप्पणी वाले वीडियो को पाकिस्तान मीडिया ने प्रमुखता से प्रसारित किया। अजय राय ने इस कृत्य से न केवल भारतीय सेना का मनोबल गिराने और पाकिस्तान का भी मनोबल बढ़ाने वाला तथा राष्ट्रविरोधी वातावरण को बढ़ावा देने का कुप्रयास किया है। इंस्पेक्टर चेतगंज दिलीप कुमार मिश्रा के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार हेतु प्रचार वाहन रवाना

**लखनऊ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 10 मई 2025 को जनपद लखनऊ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जनमानस को जागरूक करने और व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज दिनांक 08 मई, 2025 को प्रातः 10 बजे जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्रचार वाहन को पुराने उच्च न्यायालय परिसर, कैसरबाग लखनऊ से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश, सीबीआई सेन्ट्रल एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत रवीन्द्र कुमार द्विवेदी तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ सहित समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# केजीएमयू के ईएनटी सर्जन और केडी अस्पताल संचालक पर प्राथमिकी दर्ज



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** केजीएमयू के ईएनटी सर्जन डॉ. रमेश कुमार वर्मा, एनेस्थीसिया डॉ. राकेश वर्मा, खदरा स्थित केडी अस्पताल के संचालक व कर्मचारियों के खिलाफ मदेयगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित सुरेंद्र पाल सिंह का आरोप है कि डॉक्टरों द्वारा ऑपरेशन में की गई लापरवाही से पत्नी की मौत हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। लखीमपुर खीरी के धौरहरा स्थित महाराजनगर निवासी सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि 23 सितंबर 2024 को पत्नी पूनम के गले में भारीपन से आवाज बदलने लगी थी। उसका इलाज केजीएमयू के ईएनटी सर्जन डॉ. रमेश कुमार वर्मा कर रहे थे। डॉक्टर ने सामान्य बीमारी बताते हुए मरीज पूनम का ऑपरेशन कराने की सलाह दी थी। सुरेंद्र राजी हुए तो डॉ. रमेश ने केजीएमयू में भर्ती प्रक्रिया कठिन बताते हुए मदेयगंज के खदरा स्थित केडी अस्पताल में 20 अक्टूबर से 25 अक्टूबर के बीच पत्नी को एडमिट कराने की बात कही। कहा कि ऑपरेशन के दो दिन बाद डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। जाल में फंसे सुरेंद्र ने 25 अक्टूबर को पत्नी पूनम को केडी अस्पताल में भर्ती कराया। शाम करीब 5 बजे डॉ. रमेश, एनेस्थीसिया डॉ. राकेश वर्मा, केडी अस्पताल का स्टॉफ मरीज पूनम को ऑपरेशन थियेटर ले गया। कुछ देर पत्नी के चीखने और रोने की आवाज आने लगी। यह सुन वह बेचैन हो गए और स्टाफ के रोकने के बाद भी ओटी में जबरन घुस गए। उन्होंने देखा कि पत्नी टेबल पर तड़प रही थी। सुरेंद्र का आरोप है कि गंभीर हालत होने पर भी डॉक्टर रमेश और केडी अस्पताल के संचालक मूकदर्शक बने खड़े थे। मरीज को ऑक्सीजन तक नहीं दिया गया था। आरोप है कि डॉक्टर और अस्पताल संचालक ने अपना पल्ला झाड़ते हुए मरीज को आनन-फानन में केजीएमयू के इमरजेंसी में भर्ती करा दिया। यहां कुछ देर बाद ब्रेन हेमरेज होने से पूनम कोमा में चली गई। 9 नवंबर 2024 को पत्नी की इलाज के दौरान केजीएमयू में ही मौत हो गई।

# कृषि भूमि दिलाने का झांसा देकर व्यवसायी से ऐंठे 32 लाख

- सिंचाई इंजीनियर व रेलवे ठेकेदार से 60.11 लाख ठगे, रिपोर्ट दर्ज




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** माल इलाके में कृषि भूमि दिलाने का झांसा देकर जालसाजों ने व्यवसायी से 32 लाख रुपये ऐंठ लिए। आरोपी पिता-पुत्रों ने अपनी जमीन बताकर सौदा किया। खाते में रुपये लेने के बाद आरोपियों ने बैनामा से इनकार कर दिया। रुपये वापस मांगने पर धमकाया। पुलिस आयुक्त अमरेंद्र सिंह सेंगर के निर्देश पर जानकीपुरम पुलिस ने बिचौलिए और पिता-पुत्रों समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जानकीपुरम सेक्टर-एफ निवासी व्यवसायी अनुभव अग्रवाल वर्ष 2024 में कृषि भूमि खरीदने के इच्छुक थे। दिसंबर 2024 में उनकी मुलाकात अंकुल कुमार, सुखपाल सिंह और संजय सिंह से हुई। बातचीत में आरोपियों ने माल थाना क्षेत्र के रानीपारा गांव में कृषि भूमि दिलाने का झांसा दिया। जाल में फंसाने के लिए 21 दिसंबर को आरोपियों ने जमीन दिखाने के लिए माल बुलाया। जमीन पसंद आने पर पीड़ित ने खरीदने के लिए हामी भर दी। आरोपियों ने 22 दिसंबर को जमीन मालिक से मुलाकात कराने की बात कही। अगले दिन आरोपी जमीन मालिक ईदा, उनके बेटे इसरार और शमशाद को लेकर उनके घर पहुंचे।

बातचीत में सौदा 30 लाख में तय हुआ। पीड़ित ने 2 लाख खर्च कर पहले बाउंड्री बनवाई। उसके बाद अनुभव ने 26 दिसंबर से 7 जनवरी के बीच तीन बार में खाते में 30 लाख रुपये ट्रांसफर किए। 8 जनवरी को पीड़ित बैनामे के लिए मलिहाबाद उपनिबंधक कार्यालय पहुंचा, लेकिन कोई नहीं आया। पीड़ित ने कॉल मिलाई, लेकिन बात नहीं हुई। किसी तरह संपर्क किया तो आरोपियों ने बैनामे के नाम पर टालमटोल की। पीड़ित अनुभव ने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने गाली गलौज कर धमकाया।32 लाख की ठगी का एहसास होने पर पीड़ित अनुभव ने पुलिस आयुक्त से मुलाकात कर शिकायत की। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर जानकीपुरम पुलिस ने अंकुल कुमार, सुखपाल सिंह, संजय सिंह, ईदा, बेटे इसरार और शमशाद के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत, गाली-गलौज और धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। साइबर ठग लगातार लोगों के खातों में सेंध लगा रहे हैं। केवाईसी अपडेट और शेयर ट्रेडिंग पर मुनाफे का झांसा देकर सिंचाई विभाग के इंजीनियर व रेलवे ठेकेदार के खातों से 60.11 लाख रुपये उड़ा लिए। ठगी का एहसास होने पर पीड़ितों ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

विनीत खंड -6 निवासी सिंचाई विभाग के इंजीनियर राकेश कुमार का वेतन खाता आईडीबीआई बैंक बुलंदशहर में है। उन्होंने बताया कि 5 मई को व्हाट्सएप पर केवाईसी अपडेट का मैसेज आया। मैसेज में दिए गए लिंक पर राकेश ने क्लिक किया।

# रक्तदान एक अनमोल दान है जिससे आप किसी का जीवन बचाते हैं: मिशन निदेशक




- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उवप्रव के मुख्यालय में थेलेसीमिया से पीड़ित रोगियों, सिकल सेल अनीमिया, जननी सुरक्षा योजना एवं सड़क दुर्घटना के घायलों हेतु आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** 'रक्तदान महादान' को चरितार्थ करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ.प्र. के तत्वावधान में आज गुरूवार को राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई सभागार में थेलेसीमिया से पीड़ित रोगियों, सिकल सेल अनीमिया, जननी सुरक्षा योजना एवं सड़क दुर्घटना के घायलों हेतु स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने अपने कर कमलों से किया। रक्तदान शिविर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ.प्र. के अधिकारियों, कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और उत्साह पूर्वक रक्तदान किया और स्वंय को स्वैच्छिक रक्तदाता के रूप में पंजीकृत कराया। शिविर में रक्तदान करने वालों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ.प्र. डॉ. पिंकी जोवल ने कहा कि 'एक रक्तदान बचाये चार जान' रक्तदान एक अनमोल दान है जिससे आप किसी का जीवन बचाने के लिए अपना योगदान देते हैं, इसी कारण प्रत्येक रक्तदाता एक नायक के रूप में प्रतिष्ठित होता है। मिशन निदेशक ने बताया कि रक्त का कोई विकल्प नहीं होता है और रक्तदान आपातकाल के समय, जीवन रक्षक की भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य से जुड़े कई कार्यक्रमों जैसे मातृ स्वास्थ्य, संचारी रोग, ब्लड डिसआर्डर प्रबंधन आदि में आवश्यकता के समय रक्त एवं रक्त अवयव ही जीवनदायिनी साबित होता है। डॉ. सूर्यांशु ओझा, महाप्रबंधक /प्रभारी, स्टेट ब्लड सेल ने शिविर में बताया कि 'रक्तदान करके देखो अच्छा लगता है' रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बन सकता है और आवश्यकता के समय रक्त तब ही उपलब्ध हो पायेगा जब हम और आप बढ़-चढ़ कर रक्तदान करेंगे। आज के रक्तदान शिविर में लगभग 45 युनिट ब्लड एकत्र किया गया।

# डॉ. अम्मार रिजवी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर दी बधाई



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री और ऑल इंडिया माइनॉरिटीज फोरम फॉर डेमोक्रेसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अम्मार रिजवी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, गृह मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार को हार्दिक बधाई दी है।

डॉ. रिज़वी ने अपने संदेश में कहा कि इस सैन्य आपरेशन ने दुनिया भर के आतंकवादी संगठनों को एक कड़ा संदेश दिया है कि भारत ÷वसुधैव कुटुम्बकम÷ में दृढ़ विश्वास रखता है, लेकिन वह अपनी क्षेत्रीय अखंडता और समप्रभुता और अपने लोगों की सुरक्षा के साथ कभी समझौता नहीं करेगा। विश्व को यह जानना चाहिए कि हम शान्तिप्रिय और विनम्र हैं, लेकिन हम कमज़ोर नहीं हैं। हम सक्षम और मजबूत हैं और किसी भी चुनौती का सामना करने में स्वयं सक्षम हैं। अतीत में हमने हमेशा पाकिस्तान को कड़ा जवाब दिया है। यह दुखद है कि वास्तविक स्वतंत्रता और आजादी अभी भी पाकिस्तान से काफी दूर है और वहां पर लगातार सैन्य शासकों का नियंत्रण रहा है।लोकतांत्रिक ताकतों को हमेशा कई सेना प्रमुखों द्वारा नियंत्रित किया गया है।

मैं अपने सशस्त्र बलों को उनकी बहादुरी के लिए भी बधाई देता हूं। हमारी सेना किसी भी स्थिति का सामना करने में सक्षम है। भारत ने दुनिया को दिखा दिया है कि वह लोकतंत्र और संविधान के बैनर तले एक राष्ट्र, एक लोग और एक देश है। दुनिया की कोई भी ताकत हमारे बहादुर लोगों और हमारे सशस्त्र बलों को डरा नहीं सकती।

# आज इकाना स्टेडियम के पास बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

- एलएसजी और आरसीबी के बीच होगा मुकाबला

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी इकाना स्टेडियम में शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच आईपीएल मैच खेला जाएगा। इसे देखते हुए यातायात पुलिस ने शहीद पथ व आसपास के इलाके में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। यह निर्देश गुरुवार देर शाम डीसीपी यातायात कमलेश दीक्षित ने जारी किए। **रोडवेज बसें/निजी बसें व्यवसायिक वाहनः-** शहीद पथ पर मैच के दौरान रोडवेज व अन्य सभी बसें व व्यवसायिक वाहन (छोटे बड़े) प्रतिबंधित रहेगी। अन्य वैकल्पिक मार्ग खुले होंगे, जिनका प्रयोग कर सकेंगे । निजी वाहनों एवं किराये की टैक्सी/कार आदि पर रोक नहीं होगी।

सुलतानपुर रोड पर अमूल तिराहा से वाहन डायवर्ट होंगे। साथ ही अर्जुनगंज कैंट की तरफ से आ रहे वाहन कटाई पुल से।

रोजवेज की तरफ से डायवर्जन प्लान निजी बसें भी सख्ती से पालन करेंगे।

**सिटी बसेंः-** मैच के दौरान सिटी बसें चलेंगी, जो शहीद पथ पर हुसड़िया एवं सुशांत गोल्फ सिटी के बीच नहीं रुकेंगी। साथ ही सड़क की दाई तरफ चलेंगी।

**आटो/ई-रिक्शाः-** ई-रिक्शा शहीद पथ पर प्रतिबंधित है। ई-रिक्शा सर्विस रोड पर भी मैच के दिन प्रतिबंधित रहेगा।

इसी प्रकार आटो भी शहीद पथ पर प्रतिबंधित रहेंगे। अर्जुनगंज की तरफ से आने वाली ई-रिक्शा/आटों अहिमामऊ से बाएं मुड़कर पीएचक्यू, यूपी-112 , मातृत्व अस्पताल के पीछे वाली सड़क पर सवारी उतारेंगे व पीएचक्यू के सामने से होते हुए जी-20 तिराहें से गोमतीनगर की तरफ जाएंगे। सुलतानपुर रोड से आने वाले आटो/ई-रिक्शा बाएं मुड़कर लूलू माल की तरफ जाकर सवारी उतारेंगे।

किसी भी दशा में अहिमामऊ से 500 मीटर की परिधि में सवारी न उतारेंगे न बैठाएंगे।

**निजी वाहनः-** जिन वाहन स्वामियों के पास वाहन पास होगा वह अहिमामऊ से एचसीएल की तरफ जाकर वाटर टैंक तिराहा से प्लासियो होते हुए चिन्हित पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे।

जिन वाहन स्वामियों के पास वाहन पास उपलब्ध नहीं है वह भी अहिमामऊ से एचसीएल होकर जाएंगे। उनमें से पहले आने वाले वाहन स्वामियों को प्लासियो माल में पार्किंग दिया जाएगा। प्लासियो माल की पार्किंग भर जाने के बाद वाटर टैंक तिराहे से एचसीएल के बीच पार्किंग होगी।